
अधिकतम 20 डिग्री से.
डिग्री से. 06 न्यूनतम
सूर्यादय 7.18
सूर्यास्त 5.27
सोना 24 कैरेट: 1,38,700.00
चांदी (प्रति किलो): 2,23,000
सेंसेक्स : 85,524.84
अमेरिका : 89.61
कैनेडियन : 65.41
आस्ट्रेलिया : 60.01

दैनिक खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

# अर्थ प्रकाश

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित




वर्ष 40 | चंडीगढ़, बुधवार, 24 दिसंबर, 2025 | पौष शुक्ल पक्षः पंचमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 354 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12

## न्यूज ब्रीफ

### 15 दिन बंद रहेंगे स्कूल, एक जनवरी से पड़ेंगी सर्दी की छुट्टियां

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा सरकार ने एक जनवरी से प्रदेश के स्कूलों में सर्दी की छुट्टियों का ऐलान किया है। प्रदेश में एक जनवरी से सरकारी और निजी स्कूल 15 दिन के लिए बंद रहेंगे। प्रदेश सरकार ने एक से 15 जनवरी तक स्कूलों में सर्दी की छुट्टियां घोषित कर दी हैं। 16 जनवरी से सभी स्कूल नियमित रूप से खुलेंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने लगातार बढ़ती ठंड के मद्देनजर यह निर्णय लिया है। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों और खंड मौलिक शिक्षा अधिकारियों तथा स्कूल मुखियाओं को इस संबंध में निर्देश जारी कर किया गया है। शीतकालीन अवकाश के दौरान दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल के लिए पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार स्कूल में बुलाया जा सकेगा। सभी शिक्षा अधिकारियों को अपने अधीनस्थ विद्यालयों में आदेश का सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र 30 को

**चंडीगढ़, 23 दिसंबर (अप्रस)।** पंजाब के राज्यपाल द्वारा सोलहवीं पंजाब विधान सभा को इसके 11वें (विशेष) सत्र के लिए 30 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को प्रातः 11.00 बजे पंजाब विधान सभा हॉल, विधान भवन, चंडीगढ़ में एकत्र होने के लिए बुलाया गया है।

### कार सवार 3 दोस्तों की मौत, दो गंभीर

**नूंह (अप्रस)।** हरियाणा के नूंह में ट्रक व कार की टक्कर से कार सवार 3 दोस्तों की मौत हो गई जबकि 2 अन्य दोस्तों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि करीब 20-30 मीटर तक ट्रक कार को अपने साथ ही धकेलता हुआ ले गया। आसपास के लोगों ने कार की खिड़कियां काटकर घायलों को बाहर निकाला। दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक युवक की अस्पताल पहुंचते समय मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ड्राइवर सीट पर बैठे युवक की छाती और पेट में स्टीयरिंग घुस गया। सीटबैल्ट भी आगे बैठे युवकों से चिपकी हुई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं ड्राइवर ट्रक को मौके पर छोड़कर वहां से फरार हो गया।




# पंजाब के मेडिकल कॉलेजों की 68.98 करोड़ रुपए से होगी कायाकल्प

## मेडिकल शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की समीक्षा बैठक में सीएम भगवंत मान ने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने फंड तुरंत जारी करने के दिए आदेश

कहा- मेडिकल कॉलेजों के बुनियादी ढांचे में बड़े निवेश से पंजाब मेडिकल शिक्षा के विश्व स्तरीय केंद्र के तौर पर उभरेगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** मेडिकल कॉलेजों में लोगों को मानक उपचार एवं मेडिकल टेस्ट की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य के प्रमुख मेडिकल कॉलेजों का कायाकल्प करने के लिए 68.98 करोड़ रुपए के फंड तुरंत जारी करने के आदेश दिए हैं। यह आदेश मुख्यमंत्री ने मेडिकल शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के इन मेडिकल कॉलेजों में इन सुविधाओं का विस्तार करना समय की जरूरत थी ताकि लोगों को बेहतर इलाज के साथ-साथ मेडिकल टेस्ट की सुविधा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों को अति-आधुनिक एवं विश्व स्तरीय मशीनरी से लैस करना आवश्यक है ताकि ये मरीजों को बेहतर तरीके से सेवाएं दे सकें। भगवंत सिंह मान ने मेडिकल शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि इन मेडिकल कॉलेजों में सुविधाओं को अपग्रेड करने के लिए तुरंत 68.98 करोड़ रुपए जारी किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 26.53 करोड़ रुपए सरकारी मेडिकल कॉलेज अमृतसर, 28.51 करोड़ रुपए सरकारी मेडिकल कॉलेज पटियाला, 9.43 करोड़ रुपए डॉ. बी.आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एस.ए.एस. नगर (मोहाली) तथा 4.51 करोड़ रुपए पी.जी.आई. सैटेलाइट सेंटर, फिरोजपुर के लिए तुरंत दिए जाएं। उन्होंने कहा कि इन फंडों का उपयोग आधुनिक मशीनें एवं अन्य उपकरण खरीदने के साथ-साथ मेडिकल कॉलेजों में विकास कार्यों के लिए किया जाए। भगवंत सिंह मान ने दोहराया कि हमारी सरकार पंजाब को विश्व भर में मेडिकल शिक्षा का गढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इससे इलाज एवं मेडिकल टेस्ट की सुविधाओं को और बल मिलेगा।

### मेडिकल कॉलेजों में यह कार्य समय पर पूरा किया जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में यह कार्य समयबद्ध एवं उचित तरीके से पूरा किया जाए ताकि लोगों को इलाज की सुविधाएं किफायती दरों पर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि पंजाब का इतिहास रहा है कि इसने विश्व स्तरीय डॉक्टर पैदा किए हैं और आज भी राज्य में बड़ी संख्या में विद्यार्थी डॉक्टर बनने के लिए मेडिकल शिक्षा ले रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों में मानक शिक्षा देना राज्य सरकार का फर्ज है ताकि मेडिकल शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को बड़े स्तर पर लाभ मिले।

### राज्य सरकार जनकल्याणकारी कार्य के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों का कायाकल्प करने का एकमात्र उद्देश्य लोगों की मानक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इन प्रमुख कॉलेजों में मानक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने से आम आदमी की भलाई सुनिश्चित होगी। भगवंत सिंह मान ने दोहराया कि राज्य सरकार इस जनकल्याणकारी कार्य के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा, अतिरिक्त मुख्य सचिव अलोक शेखर, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य कुमार राहुल, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. रवि भगत तथा अन्य उपस्थित थे।

# अमित शाह आज पंचकूला में, सुरक्षा चाक चौबंद

पंचकूला में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 दिसंबर को पंचकूला आएंगे और कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। सुरक्षा व ट्रैफिक इंतजाम पंचकूला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है, करीब 2,700 से 2,750 पुलिस कर्मी तैनात किये हैं। अमित शाह के पंचकूला में कई कार्यक्रम है। गृहमंत्री मंत्री अमित शाह का बुधवार को पंचकूला दौरा साहिबजादों और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित होगा। अमित शाह सेक्टर एक स्थित अटल पार्क में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे तथा पंचकमल में उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। साथ ही एक मेगा रक्तदान शिविर का उद्घाटन कर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करेंगे। इस कार्यक्रम का समय, शाम 05.30 बजे, अटल पार्क, पंचकूला में रहेगा। अमित शाह सेक्टर 5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित 'साहिबजादों को नमन' कार्यक्रम में शामिल होने से पहले वीर बाल दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे। वीर बाल दिवस पर हरियाणा सरकार का राज्य स्तरीय कार्यक्रम का समय शाम 06.00 बजे इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, सेक्टर - 05, पंचकूला में रहेगा। इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में मेगा कोआपरेटिव कांफ्रेंस भी रखी गई है, जिसमें अमित शाह इंद्रधनुष ऑडिटोरियम (सेक्टर-5) में सहकारिता सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें रोल ऑफ को-ऑपरेटिव इन सस्टेनेबल एग्रीकल्चर्स जैसे विषय पर बोलेंगे। यह सम्मेलन दोपहर 03.15 बजे इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में रहेगा। हरियाणा पुलिस का दीक्षांत परेड समारोह शाम 04.15 बजे ताऊ देवीलाल स्टेडियम, पंचकूला में होगा। वे

### पंचकूला में ट्रैफिक प्लान जारी, कई मार्ग होंगे बंद

पंचकूला पुलिस ने 24 दिसंबर को ताऊ देवीलाल स्टेडियम, सेक्टर-3 में आयोजित केंद्रीय गृह मंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए विशेष ट्रैफिक प्लान और एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों और पार्किंग का पालन करें और प्रतिबंधित मार्गों से बचें। कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल और नूंह से आने वाले वाहन शाहबाद, साहा, शहजादपुर, बरवाला, रामगढ़ टी-पॉइंट, बंदर घाटी होते हुए डम्पिंग ग्राउंड गोल चौक, फिर घग्गर नदी पुल पार कर छठ पूजा घाट की पार्किंग में खड़े किए जाएंगे। यमुनानगर से आने वाले वाहन भी इसी मार्ग का पालन करेंगे।

**प्रतिबंधित मार्गः** पुलिस ने दोपहर 12.00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक कई मुख्य मार्गों पर वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी है। इनमें मनसा देवी स्थित सिंह द्वार लाइट से ओल्ड पंचकूला होते हुए ताऊ देवीलाल स्टेडियम तक का मार्ग, सेक्टर-6/7 लाइट से शालीमार चौक होते हुए सेक्टर 8/9-9/10, सिंह द्वार से कोहनी साहब गुरुद्वारा (वाया साई डेयरी) और डालफिन चौक से पंचकूला की ओर जाने वाला मार्ग शामिल हैं।

### चंडीगढ़ से आने वाले वाहन

चंडीगढ़ से पंचकूला आने वाले वाहन हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-17/18 के आंतरिक मार्ग का प्रयोग करें। वहीं, चंडीगढ़-पंचकूला (वाया सकेतड़ी) मार्ग बंद रहेगा।

**विशेष व्यवस्थाः** इंद्रधनुष ऑडिटोरियम कार्यक्रम में शामिल होने वाले वाहन सेक्टर-5 में निर्धारित पार्किंग में खड़े किए जाएंगे। ट्रैफिक पुलिस तैनात रहकर मार्गदर्शन करेगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। किसी आपात स्थिति में सहायता के लिए 112 या ट्रैफिक पुलिस पंचकूला से संपर्क किया जा सकता है।

### 5061 नव-प्रशिक्षित जवान शपथ लेकर बनेंगे हरियाणा पुलिस का हिस्सा

हरियाणा पुलिस के लिए 24 दिसंबर का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण होने जा रहा है। इस अवसर पर 5061 नव-प्रशिक्षित कांस्टेबल अनुशासन, निष्ठा और जनसेवा की शपथ लेकर औपचारिक रूप से हरियाणा पुलिस का हिस्सा बनेंगे। सेक्टर-03 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में रिक्रूट बेसिक कोर्स (आरबीसी) बैच-93 की भव्य पासिंग आउट परेड आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रशिक्षुओं द्वारा परेड, ड्रिल और अनुशासन का प्रभावशाली प्रदर्शन किया जाएगा। यह समारोह हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के तत्वावधान में आयोजित होगा।

# ओलम्पिक 2036 में हरियाणा के खिलाड़ी सबसे अधिक पदक जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेंगे मैदान में: सैनी

अर्थ प्रकाश/ अरविंद शर्मा, वालिया



**कुरुक्षेत्र, 23 दिसंबर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलम्पिक 2036 में भारत को खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इस आगामी ओलम्पिक 2036 में हरियाणा के खिलाड़ी सबसे अधिक पदक जीतने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरेंगे और इस प्रदेश के खिलाड़ी धाकड़ किसान, धाकड़ पहलवान की धरा के रूप में विश्व में बनी पहचान को ओर आगे लेकर जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर स्थित द्रोणाचार्य स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव 2025 के समापन अवसर पर बोल रहे थे।

इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल व पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सांसद खेल महोत्सव 2025 के विजेताओं को नकद राशि व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शूटर गुरजोत सिंह और पैरा एथलैटिक के खिलाड़ी दिलबाग सिंह हिसार को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस सफल आयोजन पर सांसद नवीन जिंदल और इनकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि इस सांसद खेल महोत्सव 2025 में सबसे ज्यादा एक लाख 10 हजार खिलाडियों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का जोहर दिखाया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में साल भर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए खेल कैलेण्डर भी तैयार किया जाता है। इसके अनुसार खेल महाकुम्भ, राज्यस्तरीय अखाड़ा दंगल, मुक्केबाजी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, तैराकी, बास्केटबॉल, हैंड बाल इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। हरियाणा में 11 साल पहले खेलों के लिए एक विजन विकसित किया था। वह विजन था हर बच्चे को खेल से जोड़ने का, हर गांव में खेल का मैदान बनाने का और हर उस युवा को अवसर देने का, जिसमें खेल के प्रति ललक है। इस विजन का लक्ष्य है कि हरियाणा को न केवल भारत की, बल्कि विश्व की खेल राजधानी बनाया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज हरियाणा को खेलों की नर्सरी कहा जाता है। हमारे खिलाडियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है।




मीटिंग — मुख्यमंत्री ने की इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, शिमला और निदेशालय चिकित्सा शिक्षा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक

# आईजीएमसी में हुई घटना की जांच आज पूरी कर कार्रवाई की जाएः सुक्खू

### कहा- सीनियर रजिडेंसी के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग की जाए आरम्भ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग, इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, शिमला और निदेशालय चिकित्सा शिक्षा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों और आई.जी.एम.सी. शिमला में 22 दिसम्बर को हुई घटना पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, आई.जी.एम.सी और निदेशालय चिकित्सा शिक्षा के अधिकारियों से इस घटना से जुड़े सभी तथ्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। सुक्खू ने कहा कि इस घटना की जांच 24 दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण कर अतिशीघ्र उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि हर संस्थान में पेशेवरों का व्यवहार सौम्य और शांत होना चाहिए। इससे व्यक्तित्व के साथ-साथ संस्थान की छवि भी झलकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आई.जी.एम.सी. से पढ़ाई करने के उपरान्त चिकित्सकों ने राज्य का नाम देश और विदेश में रौशन किया है। आई.जी.एम.सी. में हुई घटना निंदनीय है। किसी भी संस्थान में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सुक्खू ने निदेशालय चिकित्सा शिक्षा को सीनियर रेजिडेंसी करने के लिए चिकित्सा महाविद्यालय में आने वाले चिकित्सकों को इंडक्शन टेऊनिंग प्रदान करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सीनियर रेजिडेंसी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक महत्त्वाकांक्षी पहल की हैं। चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ को संस्थान और अस्पताल में बेहतर वातावरण प्रदान करने के लिए विश्व-स्तरीय मानकों को अपनाया जा रहा है। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को न केवल सुदृढ़ कर रही है बल्कि इस क्षेत्र में आदर्श राज्य बनने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास और विस्तार पर तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य संस्थानों में दो दशकों से इस्तेमाल हो रहे पुराने चिकित्सा उपकरणों को नए और अत्याधुनिक उपकरणों से बदला जा रहा है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने चिकित्सा शिक्षा से सम्बन्धित विभिन्न सुझाव दिए।

मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, सचिव स्वास्थ्य संदीप कदम, निदेशक, चिकित्सा शिक्षा डॉ. राकेश शर्मा, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. गोपाल बेरी, एम.एस. आई.जी.एम.सी डॉ.राहुल राव, अतिरिक्त निदेशक नीरज कुमार गुप्ता और वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 दौरान जी.एस.टी. प्राप्ति में 16 प्रतिशत की वृद्धि व आबकारी राजस्व 7,401 करोड़ रुपये तक पहुंचा: चीमा

- जीएसटी प्राप्ति में पिछले साल की तुलना में 2,467.30 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड वृद्धि
- वैट एवं सी.एस.टी. प्राप्ति 5,451.76 करोड़ रुपये रही; पिछले साल से 3.35 प्रतिशत की वृद्धि
- एकमुश्त निपटारा स्कीम-2025 के तहत 3,574 मामलों का निपटारा करके 52 करोड़ रुपये की वसूली
- टैक्स इंटेलिजेंस यूनिट एवं डाटा एनालिटिक्स के माध्यम से 344.06 करोड़ रुपये के टैक्स एवं जुर्माने वसूले

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी एवं कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां घोषणा की कि प्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एक बड़ी वित्तीय सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि नवंबर 2025 तक प्रदेश ने जी.एस.टी. प्राप्ति में 16.03% की वृद्धि दर्ज करते हुए 17,860.09 करोड़ रुपये प्राप्त किए, जबकि आबकारी राजस्व 7,401 करोड़ रुपये रहा। वित्त मंत्री ने इस सफलता का श्रेय विभाग की नवीनता एवं सतर्कता को देते हुए बताया कि आबकारी एवं कर विभाग ने न केवल पुराने रिकॉर्ड तोड़े हैं, बल्कि एकमुश्त निपटारा स्कीम-2025 एवं आधुनिक डाटा एनालिटिक्स के माध्यम से टैक्स चोरी को रोकने में भी बड़ी सफलता हासिल की है।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने विभिन्न क्षेत्रों की कार्यप्रदर्शन की समीक्षा करते हुए बताया कि जी.एस.टी. प्राप्ति में पिछले साल की तुलना में 2,467.30 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सितंबर 2025 में जी.एस.टी. दरों में हुई बदलावों (जिनमें आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया था) के बावजूद, विभाग की नीतियों के कारण टैक्स प्राप्ति स्थिर रही। इसके साथ ही वैट एवं सी.एस.टी. प्राप्ति 5,451.76 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल से 3.35 प्रतिशत अधिक है।

आबकारी विभाग के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि 'आबकारी नीति 2025-26' के तहत 11,020 करोड़ रुपये का वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में आबकारी राजस्व में रिकॉर्ड 16.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जहां राजस्व प्राप्ति 10,723 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी, वहीं इस साल नवंबर तक विभाग ने पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 8.64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। वित्त मंत्री ने बताया कि शराब की तस्करी एवं अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत इस साल 3,860 एफ.आई.आर. दर्ज की गई तथा 3,795 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

वित्त मंत्री ने आगे बताया कि एकमुश्त निपटारा स्कीम-2025 कर विभाग की एक बड़ी उपलब्धि रही है, जिसके तहत 18 दिसंबर 2025 तक 3,574 मामलों का निपटारा करके 52 करोड़ रुपये की वसूली की गई है तथा व्यापारियों को टैक्स में बड़ी राहत दी गई है।

उन्होंने कहा कि टैक्स इंटेलिजेंस यूनिट की मदद से 344.06 करोड़ रुपये का टैक्स एवं जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा, जी.एस.टी.आर-3बी रिटर्न न भरने वालों पर निगरानी रखकर 2,185.96 करोड़ रुपये जमा करवाए गए हैं।

### अप्रैल एवं नवंबर 2025 के बीच 618.53 करोड़ रुपये के जुर्माने वसूले गए

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने स्टेट इंटेलिजेंस एंड प्रीवेंटिव यूनिट्स (सिपू) की प्रशंसा करते हुए बताया कि अप्रैल एवं नवंबर 2025 के बीच 618.53 करोड़ रुपये के जुर्माने वसूले गए, जो पिछले साल की पूरी अवधि के दौरान 321.03 करोड़ रुपये थे। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए विभाग ने क्षमता निर्माण में भारी निवेश करते हुए एन.ए.सी.आई.एन. एवं जी.एस.टी.एन. जैसी राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से 144 विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से 5,111 अधिकारियों को ट्रेनिंग दी है। वित्त मंत्री ने कहा कि कर एवं आबकारी विभाग की इन एकीकृत रणनीतियों ने राजस्व सुरक्षा को मजबूत किया है तथा इस वित्तीय वर्ष के शेष समय के लिए निरंतर गति को सुनिश्चित बनाएंगी।

# भाजपा को साहिबजादों के शहीदी दिवस के दौरान सिख धर्म का अपमान करने के लिए तुरंत मांगनी चाहिए माफी: कंग

- आप सांसद ने भाजपा की सोशल मीडिया पोस्ट की कड़ी निंदा की
- एसजीपीसी को इस मुद्दे पर गंभीर और तुरंत नोटिस लेना चाहिए: कंग
- राजनीतिक और सोशल मीडिया लाभ के लिए सिख इतिहास और गुरु साहिब के परिवार की बेमिसाल कुर्बानियों को आम समझना असंवेदनशील और शर्मनाक: कंग



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद मलविंदर सिंह कंग ने भारतीय जनता पार्टी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि श्री गुरु साहिब और साहिबजादों को कार्टून के रूप में दर्शाती एक सोशल मीडिया पोस्ट प्रसारित करके भाजपा ने सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। कंग ने इसे शर्मनाक, असंवेदनशील और जानबूझकर किया गया कृत्य बताया। कंग ने कहा कि माता गुजरी जी और छोटे व बड़े साहिबजादों की शहादत के पवित्र दिनों के दौरान जब समूचा सिख समुदाय गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार की बेमिसाल कुर्बानियों को श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि दे रहा है, भाजपा का ऐसा व्यवहार अत्यंत आपत्तिजनक है।

उन्होंने कहा कि जब दुनियाभर के सिख इन पवित्र दिनों को श्रद्धा और गहरे सम्मान के साथ मना रहे हैं, भाजपा ने कार्टूनों के जरिए सिख इतिहास की सबसे पवित्र शख्सियतों का मजाक उड़ाकर एक बार फिर अपनी सिख विरोधी मानसिकता का पर्दाफाश किया है। यह सिर्फ असंवेदनशीलता नहीं है, बल्कि सिख धर्म का सीधा अपमान है।

कंग ने कहा कि ऐसी हरकतें साबित करती हैं कि भाजपा को धार्मिक भावनाओं का कोई बुनियादी सम्मान नहीं है और वह राजनीतिक या सोशल मीडिया फायदे के लिए सिख इतिहास का अपमान कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कार्रवाई निंदा की हकदार है और ऐसी हरकतों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए कंग ने भाजपा नेतृत्व से बिना शर्त सार्वजनिक माफी की मांग की।

उन्होंने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इसकी नाकामी गंभीर चिंताएं पैदा करती है। कंग ने कहा कि एसजीपीसी को इस मुद्दे पर गंभीरता से और तुरंत नोटिस लेना चाहिए। ऐसे गंभीर अपमान के सामने चुप रहना गलत संदेश देता है और असहज सवाल खड़े करता है।

कंग ने कहा कि साहिबजादों और माता गुजरी जी की शहादत हिम्मत, विश्वास और धार्मिकता का सबसे ऊंचा प्रतीक है। इसका मजाक उड़ाने की कोशिश सिख धर्म की आत्मा पर सीधा हमला है।

# भाजपा ने सिख मर्यादाओं का किया अपमान, गुरु साहिब और साहिबजादों के 'कार्टून' बनाकर पंजाबियों की भावनाओं को पहुंचाई ठेस: धालीवाल

- कहा-भाजपा की पंजाब और सिख विरोधी मानसिकता एक बार फिर उजागर, गुरु साहिबान का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे
- सिख भाईचारे से बिना शर्त माफी मांगे भाजपा की केंद्रीय व स्थानीय लीडरशिप



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पंजाब, पंजाबी कल्चर और यहाँ की महान विरासत के प्रति भाजपा की नफरत एक बार फिर सबके सामने आई है।

पार्टी दफ्तर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए धालीवाल ने कहा कि भाजपा समय-समय पर अपनी हरकतों से यह साबित करती रही है कि उसके मन में पंजाब की अस्मिता के प्रति रत्ती भर भी सम्मान नहीं है।

इस बार भाजपा ने नीचता की सारी हदें पार कर दी हैं। एक तरफ जहाँ पूरा विश्व 'शहीदी सप्ताह' के आध्यात्मिक माहौल में लीन है और साहिबजादों की लासानी शहादत को नमन कर रहा है, वहीं दूसरी ओर भाजपा ने गुरु साहिबान और साहिबजादों के 'कार्टून' बनाकर एक शर्मनाक पोस्टर जारी किया है। सिख धर्म की मर्यादा में गुरुओं का चित्रण या कार्टून बनाना पूरी तरह वर्जित है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की इस घटिया हरकत ने न केवल सिख सिद्धांतों का उल्लंघन किया है, बल्कि दुनिया भर के सिखों और पंजाबियों के दिलों को गहरी ठेस पहुंचाई है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद से ही हर पंजाबी के मन में भारी रोष और गुस्सा है। भाजपा ने जानबूझकर ऐसे पवित्र समय में यह विवाद खड़ा किया है ताकि पंजाब की शांति और भाईचारे को नुकसान पहुंचाया जा सके।

धालीवाल ने इस संवेदनशील मुद्दे पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एस.जी.पी.सी) और उनके अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी की चुप्पी पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और हैरान करने वाला है कि जिस समय भाजपा द्वारा यह अपमानजनक पोस्टर जारी किया गया, उसी वक्त एस.जी.पी.सी को इसका कड़ा विरोध करना चाहिए था, लेकिन राजनीतिक साठगांठ के चलते अभी तक उनकी ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

आम आदमी पार्टी भाजपा की इस शर्मनाक और निंदनीय हरकत की पुरजोर निंदा करती है। धालीवाल ने मांग की कि भाजपा की पूरी केंद्रीय और प्रांतीय लीडरशिप अपनी इस गलती के लिए तुरंत और बिना किसी शर्त के दुनिया भर के सिखों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।

उन्होंने अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार और एसजीपीसी से भी अपील की कि वे भाजपा की इस मर्यादा विरोधी हरकत का कड़ा संज्ञान लें। उन्होंने मांग की कि सिखों की सर्वोच्च संस्थाएं इस मामले में मूकदर्शक न बनी रहें और भाजपा के खिलाफ तुरंत सख्त धार्मिक एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में कोई भी हमारी धार्मिक भावनाओं के साथ खेलने की जुर्रत न कर सके।

# कैबिनेट मंत्री ने पंजाब में एचएमईएल की 2600 करोड़ की औद्योगिक विस्तार योजनाओं को किया उजागर

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** पंजाब सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली तथा एनआरआई मामलों के मंत्री संजीव अरोड़ा ने एच.पी.सी.एल.-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एच.एम.ई.एल.) के महत्वपूर्ण औद्योगिक योगदान तथा भविष्य की विस्तार योजनाओं को उजागर किया, ताकि राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी अगुआई के तहत राज्य सरकार की वचनबद्धता के अनुरूप बड़े स्तर पर निवेशों का समर्थन तथा पंजाब के औद्योगिक वातावरण को मजबूत बनाया जा सके।

एच.एम.ई.एल. के प्रबंध निदेशक एवं सी.ई.ओ. श्री प्रभ दास ने बताया कि हम बठिंडा में एक रिफाइनरी तथा पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में निवेश कर रहे हैं। हम पेट्रोल, डीज़ल, एलपीजी, एटीएफ जैसे ईंधनों के साथ-साथ पॉलीथिलीन तथा पॉलीप्रोपाइलीन सहित पॉलिमर भी उत्पादित करते हैं। इस विशाल कॉम्प्लेक्स के निर्माण तथा संचालन के दौरान हमें पंजाब के लोगों के साथ-साथ सरकार से पूरा समर्थन मिला। अब तक पिछले इतने वर्षों में एक दिन के लिए भी न तो निर्माण और न ही संचालन प्रभावित हुआ है। ऐसा सुखद माहौल मुख्य रूप से पंजाब सरकार की सक्रिय नीतियों तथा कारोबार करने में आसानी के कारण है। हम खुशकिस्मत हैं कि हमारे पास एक दूरदर्शी नेता संजीव अरोड़ा हैं, जो गतिशील, सुधार-केंद्रित तथा विकासशील सोच रखते हैं। उन्होंने कहा कि संजीव अरोड़ा की गतिशील अगुआई के तहत पंजाब का औद्योगिक विकास राज्य के उद्यमियों, उद्योगों तथा युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करेगा।

संजीव अरोड़ा ने कहा कि एच.एम.ई.एल. हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) - नव रत्न तथा फॉर्च्यून 500 पीएसयू - तथा मित्तल एनर्जी इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर (लक्ष्मी एन. मित्तल ग्रुप) के बीच एक ऐतिहासिक सार्वजनिक-निजी साझेदारी का केंद्र है तथा पंजाब की सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक सफलताओं में से एक के रूप में उभरा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कंपनी को पंजाब में अपने प्लांट के विस्तार के लिए पूरा सरकारी समर्थन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि एच.एम.ई.एल. की रिफाइनरी तथा एकीकृत पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, जो जिला बठिंडा की तहसील तलवंडी साबो के गांव फुल्लोखेड़ी में लगभग 2,000 एकड़ में फैला हुआ है, ने 2011 में रिफाइनरी का कार्य शुरू किया था। जबकि वर्ष 2023 में पेट्रोकेमिकल सुविधा के साथ राज्य में मूल्य वृद्धि तथा डाउनस्ट्रीम औद्योगिक गतिविधियों में काफी वृद्धि हुई है।

मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि वर्तमान समय में एच.एम.ई.एल. का लगभग 90,000 करोड़ रुपये वार्षिक कारोबार है तथा करों के रूप में सरकारी खजाने में वार्षिक लगभग 2,100 करोड़ रुपये का योगदान देता है, जो पंजाब की अर्थव्यवस्था में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। यह प्रोजेक्ट सीधे तथा परोक्ष रूप से लगभग 10,000 व्यक्तियों को रोजगार देता है, जिससे यह पंजाब के सबसे बड़े औद्योगिक रोजगार देने वालों में से एक है।

उन्होंने आगे बताया कि एच.एम.ई.एल. काफी मात्रा में एलपीजी, पेट्रोल तथा डीजल उत्पादित करता है, जो उत्तरी भारत की ईंधन आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा, एच.एम.ई.एल. भारत में पॉलिमर का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, जो देश की कुल पॉलिमर मांग का लगभग 14 प्रतिशत पूरा करता है।

हालिया विकास का हवाला देते हुए श्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि इसकी 100 प्रतिशत सहायक कंपनी एचएमईएल ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड (एचओपीएल) के द्वारा 2024 में मौजूदा रिफाइनरी के साथ लगते एक बायो-इथेनॉल प्लांट को चालू किया गया था। इस पर निर्माण करते हुए एचओपीएल ने विशेष रसायनों में एक अग्रणी एकीकरण प्रोजेक्ट का प्रस्ताव रखा है, जिसमें 2,600 करोड़ रुपये से अधिक का चरणबद्ध निवेश शामिल है।

प्रस्तावित विस्तार से लगभग 500 अतिरिक्त प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 2,400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वार्षिक टर्नओवर होगा तथा इसकी मजबूत निर्यात संभावना है, जिससे पंजाब को पेट्रोकेमिकल तथा मूल्य-वर्धित निर्माण के लिए एक हब के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा।

सरकार की उद्योग-पक्षीय दृष्टिकोण को दोहराते हुए श्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार प्रगतिशील नीतियों, समयबद्ध मंजूरियों तथा निवेशक-केंद्रित माहौल के माध्यम से ऐसे बड़े स्तर के निवेशों को सुविधाजनक बनाने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है, ताकि राज्य में निरंतर औद्योगिक विकास तथा रोजगार सृजन सुनिश्चित किया जा सके।

DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Draw Time: 08:00 PM ONWARDS DATE:23/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 BRONCO TUESDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs)
E 61652

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each)
59693 60255 62788 76521 92829

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each)
5769 7453

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each)
1379 3124 5033 6199 6785

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each)
0555 1413 2046 6574 9395

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)
1134 3921 3944 5718 8078

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.115/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0016 | 0018 | 0031 | 0043 | 0049 | 0062 | 0077 | 0080 | 0081 | 0090 |
| 0115 | 0128 | 0141 | 0148 | 0156 | 0162 | 0171 | 0192 | 0206 | 0235 |
| 0246 | 0296 | 0311 | 0317 | 0322 | 0331 | 0375 | 0401 | 0405 | 0412 |
| 0416 | 0447 | 0465 | 0490 | 0500 | 0507 | 0534 | 0550 | 0566 | 0576 |
| 0589 | 0591 | 0594 | 0638 | 0673 | 0674 | 0689 | 0708 | 0713 | 0720 |
| 0743 | 0766 | 0769 | 0775 | 0782 | 0807 | 0820 | 0828 | 0850 | 0853 |
| 0855 | 0864 | 0869 | 0901 | 0907 | 0909 | 0952 | 0968 | 0970 | 0976 |
| 0988 | 1002 | 1012 | 1031 | 1032 | 1039 | 1043 | 1053 | 1061 | 1064 |
| 1095 | 1110 | 1114 | 1115 | 1125 | 1127 | 1137 | 1153 | 1164 | 1170 |
| 1188 | 1197 | 1200 | 1204 | 1226 | 1227 | 1253 | 1257 | 1290 | 1326 |
| 1331 | 1347 | 1360 | 1405 | 1442 | 1450 | 1451 | 1458 | 1462 | 1468 |
| 1484 | 1503 | 1525 | 1537 | 1541 | 1543 | 1544 | 1589 | 1624 | 1678 |
| 1691 | 1692 | 1695 | 1701 | 1703 | 1707 | 1709 | 1738 | 1762 | 1769 |
| 1774 | 1801 | 1805 | 1825 | 1827 | 1831 | 1832 | 1845 | 1852 | 1855 |
| 1866 | 1868 | 1896 | 1899 | 1904 | 1908 | 1909 | 1935 | 1937 | 1953 |
| 1959 | 2007 | 2012 | 2015 | 2036 | 2041 | 2052 | 2075 | 2083 | 2107 |
| 2113 | 2137 | 2146 | 2165 | 2181 | 2185 | 2197 | 2240 | 2272 | 2278 |
| 2294 | 2302 | 2334 | 2339 | 2355 | 2388 | 2429 | 2450 | 2452 | 2459 |
| 2460 | 2461 | 2474 | 2500 | 2511 | 2532 | 2551 | 2554 | 2571 | 2582 |
| 2592 | 2594 | 2599 | 2610 | 2665 | 2677 | 2692 | 2721 | 2728 | 2730 |
| 2734 | 2769 | 2787 | 2795 | 2833 | 2841 | 2846 | 2849 | 2878 | 2883 |
| 2889 | 2899 | 2911 | 2915 | 2931 | 2939 | 2955 | 2956 | 2975 | 2980 |
| 3036 | 3055 | 3061 | 3079 | 3086 | 3093 | 3114 | 3137 | 3146 | 3154 |
| 3180 | 3188 | 3194 | 3226 | 3236 | 3242 | 3249 | 3263 | 3273 | 3284 |
| 3289 | 3318 | 3338 | 3341 | 3347 | 3367 | 3382 | 3394 | 3401 | 3406 |
| 3458 | 3468 | 3475 | 3487 | 3493 | 3500 | 3504 | 3506 | 3527 | 3555 |
| 3582 | 3609 | 3615 | 3616 | 3638 | 3652 | 3691 | 3700 | 3710 | 3731 |
| 3742 | 3764 | 3773 | 3799 | 3811 | 3816 | 3856 | 3860 | 3878 | 3881 |
| 3886 | 3901 | 3909 | 3916 | 3922 | 3928 | 3931 | 3968 | 3969 | 3989 |
| 4069 | 4075 | 4076 | 4078 | 4088 | 4104 | 4141 | 4150 | 4156 | 4172 |
| 4199 | 4227 | 4249 | 4262 | 4265 | 4272 | 4282 | 4295 | 4298 | 4317 |
| 4365 | 4366 | 4377 | 4379 | 4381 | 4399 | 4404 | 4465 | 4480 | 4485 |
| 4495 | 4503 | 4527 | 4548 | 4563 | 4566 | 4575 | 4596 | 4616 | 4623 |
| 4638 | 4641 | 4645 | 4646 | 4651 | 4679 | 4693 | 4698 | 4708 | 4714 |
| 4720 | 4731 | 4737 | 4742 | 4762 | 4764 | 4776 | 4785 | 4791 | 4792 |
| 4799 | 4808 | 4816 | 4840 | 4842 | 4846 | 4852 | 4866 | 4883 | 4901 |
| 4917 | 4925 | 4930 | 4962 | 4973 | 4997 | 5015 | 5029 | 5041 | 5055 |
| 5085 | 5120 | 5121 | 5122 | 5129 | 5130 | 5135 | 5139 | 5144 | 5155 |
| 5158 | 5161 | 5168 | 5180 | 5181 | 5230 | 5288 | 5295 | 5297 | 5299 |
| 5322 | 5330 | 5341 | 5348 | 5352 | 5355 | 5374 | 5385 | 5396 | 5399 |
| 5408 | 5420 | 5444 | 5459 | 5461 | 5471 | 5483 | 5487 | 5503 | 5510 |
| 5512 | 5521 | 5532 | 5534 | 5550 | 5556 | 5561 | 5565 | 5586 | 5588 |
| 5610 | 5615 | 5638 | 5640 | 5656 | 5709 | 5711 | 5714 | 5728 | 5739 |
| 5762 | 5764 | 5787 | 5802 | 5823 | 5826 | 5829 | 5833 | 5850 | 5857 |
| 5860 | 5898 | 5919 | 5920 | 5945 | 5951 | 5952 | 5993 | 6010 | 6021 |
| 6032 | 6033 | 6038 | 6052 | 6061 | 6071 | 6075 | 6091 | 6093 | 6109 |
| 6136 | 6142 | 6146 | 6158 | 6160 | 6188 | 6198 | 6222 | 6255 | 6257 |
| 6284 | 6295 | 6337 | 6385 | 6398 | 6420 | 6433 | 6442 | 6444 | 6475 |
| 6518 | 6521 | 6541 | 6551 | 6566 | 6610 | 6636 | 6644 | 6658 | 6659 |
| 6671 | 6680 | 6713 | 6740 | 6753 | 6813 | 6819 | 6831 | 6836 | 6876 |
| 6890 | 6893 | 6913 | 6915 | 6958 | 6970 | 6988 | 6998 | 7013 | 7019 |
| 7041 | 7058 | 7107 | 7125 | 7134 | 7142 | 7152 | 7170 | 7173 | 7192 |
| 7201 | 7205 | 7220 | 7226 | 7272 | 7274 | 7287 | 7298 | 7313 | 7345 |
| 7346 | 7357 | 7377 | 7402 | 7403 | 7408 | 7422 | 7427 | 7429 | 7435 |
| 7481 | 7495 | 7498 | 7516 | 7542 | 7545 | 7563 | 7581 | 7588 | 7592 |
| 7599 | 7606 | 7614 | 7623 | 7624 | 7629 | 7672 | 7696 | 7710 | 7740 |
| 7751 | 7757 | 7761 | 7778 | 7800 | 7819 | 7869 | 7870 | 7871 | 7885 |
| 7894 | 7935 | 7940 | 7955 | 7990 | 8023 | 8028 | 8031 | 8042 | 8058 |
| 8088 | 8095 | 8113 | 8132 | 8138 | 8155 | 8173 | 8191 | 8196 | 8215 |
| 8228 | 8233 | 8255 | 8257 | 8302 | 8315 | 8359 | 8374 | 8380 | 8391 |
| 8436 | 8455 | 8457 | 8467 | 8470 | 8482 | 8507 | 8518 | 8519 | 8533 |
| 8549 | 8582 | 8600 | 8602 | 8670 | 8673 | 8679 | 8690 | 8707 | 8713 |
| 8715 | 8719 | 8729 | 8735 | 8737 | 8759 | 8805 | 8826 | 8848 | 8861 |
| 8864 | 8888 | 8903 | 8932 | 8952 | 9000 | 9009 | 9062 | 9065 | 9084 |
| 9099 | 9103 | 9108 | 9120 | 9121 | 9161 | 9173 | 9174 | 9199 | 9258 |
| 9263 | 9267 | 9276 | 9324 | 9334 | 9374 | 9379 | 9382 | 9391 | 9410 |
| 9411 | 9417 | 9454 | 9464 | 9513 | 9522 | 9527 | 9537 | 9551 | 9553 |
| 9555 | 9559 | 9562 | 9579 | 9599 | 9621 | 9629 | 9635 | 9639 | 9644 |
| 9677 | 9687 | 9690 | 9747 | 9754 | 9771 | 9798 | 9812 | 9821 | 9830 |
| 9836 | 9854 | 9861 | 9907 | 9925 | 9933 | 9943 | 9989 | 9992 | 9993 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB
Kindly check the final result with Official Gazette Notification

# विधवा व आश्रित महिलाओं को अब तक 895 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता: डॉ. बलजीत कौर

- 6 लाख 75 हजार से अधिक लाभार्थी महिलाओं को मिल रहा नियमित वित्तीय सहारा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए पंजाब सरकार द्वारा विधवा और आश्रित महिलाओं को अब तक 895 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है। यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने दी। इस संबंध में और जानकारी देते हुए सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक राज्य की 6 लाख 75 हजार 857 पात्र लाभार्थी महिलाओं को यह वित्तीय सहायता नियमित रूप से प्रदान की जा रही है, जिससे लाखों परिवारों को आर्थिक सहारा मिल रहा है। डॉ. बलजीत कौर ने ज़ोर देकर कहा कि यह योजना केवल वित्तीय सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि विधवा और आश्रित महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा, आत्मसम्मान और आर्थिक मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त कदम है, ताकि वे अपने और अपने परिवारों के भविष्य को सुरक्षित कर सकें। कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि विधवा और आश्रित महिलाओं को वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए पंजाब सरकार द्वारा इस मद के अंतर्गत 1170 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, जिसका लाभ पारदर्शी और सरल प्रक्रिया के माध्यम से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है।



DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Draw Time: 07:00 PM ONWARDS DATE:23/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 20 MONTHLY LOTTERY

MRP Rs 20/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 11 Lakh (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs.12.25 Lakh)
A 20159

2nd Prize Amount (50) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, + Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 10,000/-Each)
38214 38842 46196 50236 60094 63028 72874 77398 83653 86475

3rd Prize Amount (40) Rs. 7,000/- (On 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs.700/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 7,800/- Each)
0937

4th Prize Amount (40) Rs. 5,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 5,550/- Each)
3050

5th Prize Amount (40) Rs. 3,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 300/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 3,350/- Each)
6752

6th Prize Amount (40) Rs. 1,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 30/-, Total Prize Amount Rs. 1,130/- Each)
9442

7th Prize Amount (20000) Rs. 50/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 5/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs. 60/- Each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0003 | 0014 | 0018 | 0026 | 0043 | 0069 | 0121 | 0123 | 0185 | 0208 |
| 0219 | 0264 | 0266 | 0270 | 0289 | 0298 | 0335 | 0361 | 0365 | 0384 |
| 0385 | 0407 | 0412 | 0414 | 0432 | 0444 | 0467 | 0471 | 0472 | 0487 |
| 0509 | 0523 | 0581 | 0607 | 0621 | 0626 | 0701 | 0739 | 0747 | 0767 |
| 0786 | 0861 | 0867 | 0879 | 0881 | 0902 | 0925 | 0953 | 0979 | 0987 |
| 0990 | 1000 | 1042 | 1047 | 1055 | 1062 | 1066 | 1077 | 1118 | 1133 |
| 1150 | 1164 | 1167 | 1202 | 1207 | 1249 | 1252 | 1256 | 1261 | 1291 |
| 1295 | 1312 | 1321 | 1369 | 1370 | 1378 | 1387 | 1440 | 1447 | 1480 |
| 1488 | 1498 | 1530 | 1534 | 1562 | 1607 | 1621 | 1644 | 1681 | 1719 |
| 1728 | 1778 | 1784 | 1810 | 1855 | 1868 | 1869 | 1929 | 1971 | 1976 |
| 1982 | 1994 | 2010 | 2016 | 2028 | 2053 | 2067 | 2094 | 2099 | 2105 |
| 2122 | 2129 | 2142 | 2147 | 2167 | 2187 | 2204 | 2250 | 2262 | 2291 |
| 2297 | 2312 | 2373 | 2399 | 2418 | 2420 | 2424 | 2497 | 2526 | 2534 |
| 2561 | 2564 | 2571 | 2584 | 2645 | 2709 | 2724 | 2755 | 2847 | 2926 |
| 2930 | 2942 | 2959 | 3008 | 3017 | 3059 | 3095 | 3098 | 3115 | 3118 |
| 3138 | 3247 | 3252 | 3274 | 3282 | 3310 | 3322 | 3359 | 3362 | 3396 |
| 3424 | 3438 | 3465 | 3484 | 3496 | 3538 | 3559 | 3605 | 3613 | 3622 |
| 3629 | 3664 | 3693 | 3721 | 3735 | 3739 | 3760 | 3782 | 3792 | 3816 |
| 3823 | 3827 | 3859 | 3861 | 3889 | 3934 | 3965 | 3969 | 4027 | 4050 |
| 4065 | 4068 | 4079 | 4080 | 4082 | 4093 | 4094 | 4123 | 4174 | 4235 |
| 4267 | 4318 | 4400 | 4420 | 4438 | 4450 | 4483 | 4487 | 4505 | 4521 |
| 4546 | 4554 | 4592 | 4596 | 4603 | 4604 | 4608 | 4642 | 4650 | 4656 |
| 4670 | 4696 | 4725 | 4726 | 4749 | 4771 | 4791 | 4795 | 4799 | 4829 |
| 4863 | 4880 | 4892 | 4902 | 4914 | 5026 | 5032 | 5055 | 5066 | 5075 |
| 5082 | 5096 | 5098 | 5108 | 5126 | 5161 | 5190 | 5209 | 5219 | 5251 |
| 5258 | 5293 | 5311 | 5314 | 5371 | 5379 | 5385 | 5391 | 5398 | 5401 |
| 5409 | 5413 | 5417 | 5426 | 5451 | 5460 | 5466 | 5468 | 5537 | 5547 |
| 5572 | 5591 | 5592 | 5610 | 5633 | 5654 | 5689 | 5693 | 5700 | 5712 |
| 5717 | 5724 | 5745 | 5753 | 5761 | 5768 | 5801 | 5813 | 5857 | 5888 |
| 5918 | 5921 | 5945 | 5947 | 5974 | 5988 | 6026 | 6046 | 6093 | 6107 |
| 6138 | 6141 | 6145 | 6146 | 6174 | 6178 | 6197 | 6219 | 6240 | 6244 |
| 6250 | 6253 | 6270 | 6294 | 6324 | 6351 | 6371 | 6372 | 6379 | 6381 |
| 6397 | 6419 | 6445 | 6460 | 6501 | 6522 | 6545 | 6561 | 6567 | 6594 |
| 6609 | 6610 | 6623 | 6638 | 6654 | 6681 | 6693 | 6698 | 6764 | 6803 |
| 6821 | 6843 | 6869 | 6953 | 6955 | 6957 | 6986 | 6990 | 7007 | 7014 |
| 7060 | 7070 | 7072 | 7092 | 7139 | 7187 | 7193 | 7221 | 7255 | 7295 |
| 7301 | 7338 | 7355 | 7367 | 7372 | 7384 | 7434 | 7439 | 7449 | 7453 |
| 7475 | 7482 | 7507 | 7533 | 7549 | 7550 | 7560 | 7590 | 7615 | 7622 |
| 7636 | 7637 | 7701 | 7714 | 7756 | 7775 | 7811 | 7812 | 7827 | 7844 |
| 7845 | 7865 | 7870 | 7915 | 7918 | 7919 | 7936 | 7965 | 7967 | 7986 |
| 7991 | 7995 | 7998 | 8006 | 8008 | 8064 | 8086 | 8130 | 8131 | 8170 |
| 8238 | 8274 | 8286 | 8297 | 8320 | 8327 | 8329 | 8355 | 8367 | 8375 |
| 8396 | 8416 | 8438 | 8441 | 8465 | 8489 | 8518 | 8570 | 8579 | 8594 |
| 8596 | 8619 | 8622 | 8655 | 8705 | 8770 | 8795 | 8801 | 8814 | 8862 |
| 8863 | 8900 | 8918 | 8929 | 8934 | 8949 | 8955 | 8961 | 8973 | 8982 |
| 8992 | 9002 | 9023 | 9037 | 9059 | 9096 | 9098 | 9143 | 9190 | 9231 |
| 9241 | 9260 | 9264 | 9267 | 9271 | 9295 | 9359 | 9365 | 9383 | 9386 |
| 9411 | 9434 | 9439 | 9481 | 9482 | 9489 | 9499 | 9521 | 9531 | 9534 |
| 9537 | 9538 | 9539 | 9568 | 9576 | 9605 | 9624 | 9628 | 9647 | 9651 |
| 9686 | 9767 | 9867 | 9889 | 9916 | 9927 | 9964 | 9972 | 9981 | 9998 |

DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB
Check the final result with Official Gazette Notification

# अमृतसर में ड्रोन के द्वारा भेजी गई 12 किलोग्राम हेरोइन की खेप बरामद

- हेरोइन की यह खेप गांव डालेके के निकट खेतों से बरामद की गई है: डीजीपी गौरव यादव
- उन व्यक्तियों को काबू करने के लिए छापेमारी की जा रही है, जिनके द्वारा संभावित रूप से यह खेप प्राप्त की जानी थी: गुरप्रीत सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर, 23 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को सुरक्षित बनाने के लिए चलाई गई मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए, एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बॉर्डर रेंज द्वारा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के तालमेल से गांव डालेके, लोपोके, अमृतसर के निकट से लगभग 12.050 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। यह जानकारी आज यहां डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। डीजीपी ने कहा कि पहचाने गए संवेदनशील स्थानों की नियमित गश्त के दौरान, डालेके गांव के क्षेत्र के निकट खेतों में ड्रोन की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, एसपी गुरप्रीत सिंह की निगरानी में एएनटीएफ की संयुक्त टीमों ने संदिग्ध स्थान की योजनाबद्ध तलाशी ली। उन्होंने बताया कि इस दौरान, गांव डालेके के निकट खेतों से हेरोइन की एक खेप बरामद की गई। बरामद नशीले पदार्थ का कुल वजन, जिसमें पैकेजिंग सामग्री भी शामिल है, 12.050 किलोग्राम पाया गया।

अधिक विवरण साझा करते हुए, एसपी एएनटीएफ गुरप्रीत सिंह ने बताया कि तकनीकी सबूतों और खुफिया मानवीय जानकारी के आधार पर इस मामले के आगे-पीछे के संबंधों का पता लगाने के लिए प्रारंभिक जांच जारी है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों, जिनके द्वारा संभावित रूप से यह खेप प्राप्त की जानी थी, की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। इस संबंध में एफआईआर नंबर 322 दिनांक 22/12/2025 को थाना एएनटीएफ में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(सी) और 29 के तहत दर्ज की गई है।

# किसान जब ऊर्जा का प्रवाह करता है तो धरती सोना उगलती है: मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान दिवस पर किसानों का उत्साह बढ़ाते हुए उनकी मेहनत को प्रणाम किया। मुख्यमंत्री ने किसान समृद्धि योजना के तहत ट्रैक्टर पाने वाले किसानों के चेहरे की चमक का जिक्र किया। बोले कि कोई किसान अपनी मां, तो कोई पत्नी को ट्रैक्टर में बिठाकर ले जा रहा है। यही किसान की ताकत होती है, सर्दी, गर्मी की परवाह किए बिना जब वह पसीना बहाता है और सर्दी को अपनी अस्थियों में समाहित कर ऊर्जा का प्रवाह धरती मां के साथ करता है तो खेती अन्न उत्पादन के रूप में सोना उगलती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर विधान भवन प्रांगण स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। सीएम ने 'किसान सम्मान दिवस' पर किसानों को ट्रैक्टर की चाबी दी। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह सीड पार्क अटारी लखनऊ के प्लॉट आवंटन प्रक्रिया का बटन दबाकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपनी मेहनत से किसानों ने प्रगति की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब पहली बार किसान भी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना। धरती हमारी मां और हम सभी इसके पुत्र हैं, इसलिए पुत्र का दायित्व है कि जब मां बीमार या संकट में हो तो पुत्र उसे संकट से उबारने में योगदान देता है। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड के माध्यम से पीएम मोदी ने 2014 में धरती मां की सेहत के बारे में हर किसी को जागरूक किया। अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना से जोड़ा, फिर एक-एक करके प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, एमएसपी की गारंटी हो या बीज से लेकर बाजार तक किसानों की सुविधाओं को बढ़ाया गया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' देकर किसानों का मान बढ़ाया। लघु व सीमांत किसानों के लिए कृषि ऋण मोचन कार्यक्रम लागू किया। पहले किसान शासन की किसी भी योजना का अंग नहीं था, लेकिन आज किसान को शासन की हर योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। आज बिचौलिया किसानों की फसल का दाम नहीं तय करता। यदि किसान को बाजार में फसल का अच्छा दाम मिला तो ठीक वरना सरकार उसे खरीदेगी। उत्तर प्रदेश के अंदर धान, गेहूं, चना, सरसो, बाजरा, मक्का आदि फसलों का उत्पादन




कई गुना बढ़ा है और लागत कम हुई है। यही किसानों की समृद्धि का आधार है।

मुख्यमंत्री योगी ने चौधरी चरण सिंह के वक्तव्य का जिक्र किया। वे हमेशा देश, गांव व किसान के हित में काम करते थे। वे कहते थे कि जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकता। ग्रामीण भारत ही असली भारत है। भारत की समृद्धि का मार्ग देश के खेत व खलिहान से होकर गुजरता है। जागरूक जनशक्ति ही सफल लोकतंत्र का आधार है। उत्तर प्रदेश सरकार में उन्हें जब मौका मिला तो भूमि सुधार कार्यक्रम लागू किया। जमींदारी उन्मूलन, भूमि सुधार अधिनियम के माध्यम से उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। बिचौलियों द्वारा किसानों का शोषण बंद करने के लिए मंडी अधिनियम पारित कराया। पटवारी व्यवस्था का भी उन्मूलन किया। लघु-सीमांत किसानों के साढ़े तीन एकड़ तक के भूखंड को भूराजस्व के भुगतान में छूट भी दिलाई। उर्वरकों को बिक्री कर से मुक्त कराया। काम के बदले अनाज कार्यक्रम की शुरूआत भी की। कृषि व ग्रामीण विकास योजना के लिए ऋण उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 1996 से 2017 (21-22 वर्ष) में किसानों को जितना गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं हुआ था, उससे लगभग 75 हजार करोड़ रुपये अधिक धनराशि 8 वर्ष में किसानों के खाते में डाली है। अभी हाल में ही गन्ना मूल्य का दाम बढ़ाया है। पेराई सत्र 2025-26 में अगेती गन्ना 400 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसान समृद्धि की तरफ अग्रसर हुआ है। किसानों ने नई तकनीक और अच्छी क्वालिटी के बीज पर ध्यान दिया तो कम लागत में अच्छा उत्पादन कर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 8 वर्ष में डबल इंजन सरकार ने भारत सरकार के सहयोग से 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किए हैं।उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या अब 89 हो गई है। 9 क्लाइमेटिक जोन में इतने कृषि विज्ञान केंद्र किसी राज्य में नहीं हैं। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जा रहे हैं। कृषि विभाग लगातार काम कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए लखनऊ में आधुनिक तकनीक पर आधारित सीड पार्क बन रहा है। उत्तम क्वालिटी का बीज किसानों को समय पर मिल जाए और वो समय पर खेती करें तो 30 फीसदी उत्पादन बढ़ सकता है। बाराबंकी में टिश्यू कल्चर की अत्याधुनिक लैब के लिए 31 एकड़ चिह्नित किया है, जो टिश्यू कल्चर (गन्ना, केले, आलू आदि फसलों) के क्षेत्र में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा। मुख्यमंत्री योगी ने पद्मश्री रामसरन वर्मा का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों ने जमीन के नीचे आलू व ऊपर टमाटर पैदा किया है। हर किसान को प्रशिक्षित भी करते हैं। इस बार किसान पाठशाला उनके गांव दौलतपुर में लगाई गई थी।

## योगी सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को दी मंजूरी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। हरित परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य में ग्रीन हाइड्रोजन अनुसंधान, तकनीकी विकास, मानव संसाधन सशक्तिकरण एवं औद्योगिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आईआईटी कानपुर द्वारा हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय , कानपुर के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। वहीं दूसरा सेंटर आईआईटी-बीएचयू द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के साथ संयुक्त रूप से स्थापित किया जाएगा। दोनों सेंटर साझेदार संस्थानों के परिसरों से संचालित होंगे। उत्तर प्रदेश नेडा के एमडी एंड डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इन सेंटरों में चलने वाली परियोजनाओं में दोनों संस्थान बारी-बारी से नेतृत्व करेंगे। यह सेंटर हब-एंड-स्पोक मॉडल पर कार्य करेगा, जिसके तहत प्रदेश के अन्य इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों को इससे जोड़ा जाएगा। सेंटर में बायोमास आधारित एवं इलेक्ट्रोलाइज़र आधारित ग्रीन हाइड्रोजन पर अनुसंधान और तकनीकी विकास किया जाएगा।

ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक इन्क्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से हर वर्ष 10 स्टार्टअप्स को और 5 वर्षों में कम से कम 50 स्टार्टअप्स को सहयोग और मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके लिए ?25 लाख प्रतिवर्ष (5 वर्षों तक) की सहायता का प्रावधान किया गया है। सेंटर प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों और पॉलीटेक्निक संस्थानों के लिए पाठ्यक्रम निर्माण, मेंटरिंग, तकनीकी प्रदर्शनियों और कॉन्फ्रेंसों के आयोजन में भी सहयोग करेगा। साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन, भंडारण, परिवहन और उपयोग से जुड़े विषयों पर राज्य सरकार को नीतिगत सुझाव भी देगा। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कम से कम 50 प्रतिशत औद्योगिक भागीदारी उत्तर प्रदेश से होगी, जिससे राज्य को ग्रीन हाइड्रोजन के औद्योगिक और व्यावसायिक उपयोग में अधिक लाभ मिल सके। हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए रेल मंत्रालय के सहयोग से ग्रीन हाइड्रोजन आधारित ट्रेनों तथा उत्तर प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के माध्यम से कानपुर-लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर रूट पर ग्रीन हाइड्रोजन बसें चलाने के प्रयास भी किए जाएंगे। ग्रीन हाइड्रोजन के लिए इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में एक प्रमुख नवाचार और औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अनुसंधान, स्टार्टअप्स और उद्योगों के सहयोग से यह पहल स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन कम करने, निवेश आकर्षित करने और राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित करने में सहायक होगी।

## वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, भारत माता के प्रति आस्था और संकल्प का उद्घोष है: केशव मौर्य

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं विधान परिषद में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने विधान परिषद में वंदे मातरम् राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि वर्ष 1875 में अक्षय नवमी के दिन बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम् आज भी भारत की शाश्वत चेतना का प्रतीक है। वर्ष 2025 में इस ऐतिहासिक राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होना देश के लिए गर्व का विषय है। मंगलवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति आस्था, समर्पण और संकल्प का उद्घोष है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत स्वतंत्रता सेनानियों के लिए आध्यात्मिक शक्ति बना और विदेशी शासन के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा का स्रोत रहा। यह गीत गहरी देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने पर देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया और हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से एक भारतङ्कश्रेष्ठ भारत की भावना को सुदृढ़ किया गया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती तथा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर नमन किया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य हमारे सामने है और सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।

## किरायेदारों की पुलिस वेरीफिकेशन नहीं करवाई तो कार्रवाई तय: एएसपी ग़ज़लप्रीत कौर

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। जीरकपुर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से कल से 'नौ यौर टेनेंट' अभियान की औपचारिक शुरुआत की जा रही है। इस अभियान को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सख्त रुख अपनाए हुए है।

इस संबंध में फिओ होम सोसाइटी में एक कार्यक्रम के दौरान एएसपी ग़ज़लप्रीत कौर ने आम जनता, विशेषकर मकान मालिकों, प्रॉपर्टी डीलरों, सोसायटी प्रबंधनों और आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से स्पष्ट शब्दों में अपील करते हुए कहा कि इस अभियान को किसी भी प्रकार से हल्के में न लिया जाए। उन्होंने कहा कि नौकर या किरायेदार का वैरीफिकेशन ना करवाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह क्षेत्र की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है।

एएसपी ग़ज़लप्रीत कौर ने कहा कि पुलिस द्वारा कई मामलों में यह सामने आया है कि बिना वैरीफिकेशन रह रहे लोगों के कारण चोरी, ठगी





और अन्य आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में वैरीफिकेशन अभियान को सार्वजनिक सुरक्षा से जोड़कर देखा जाना चाहिए। वहीं मोहाली की डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने इस मुहिम को लेकर आधिकारिक पत्र जारी करते हुए साफ निर्देश दिए हैं कि जो भी मकान मालिक, किरायेदार या घरेलू नौकर का वैरीफिकेशन नहीं करवाएगा, उसके विरुद्ध कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य कदम है। प्रशासन ने यह भी स्वीकार किया कि पूर्व में कई लोग वैरीफिकेशन इसलिए नहीं करवाते थे क्योंकि प्रक्रिया जटिल थी और बार-बार पुलिस थानों या कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन अब प्रशासन द्वारा इस समस्या का स्थायी समाधान कर दिया गया है। वैरीफिकेशन प्रक्रिया को सरल, सुगम और समयबद्ध बनाया गया है ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रशासन का कहना है कि वर्तमान में कई मकान मालिकों द्वारा अपने फ्लैट और मकान अज्ञात, संदिग्ध व्यक्तियों को किराये पर दिए गए हैं, जिनका कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में अपराधियों को पनपने का अवसर मिलता है, जिससे पूरे इलाके की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। पुलिस और जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने किरायेदारों, घरेलू सहायकों, ड्राइवरों और अन्य कामगारों का सत्यापन तुरंत करवाएं और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि जीरकपुर को सुरक्षित और अपराध मुक्त बनाया जा सके।

## 200 इंजीनियरिंग छात्रों ने हैकाथॉन 'फ्यूचर फ्यूज़न 2025' में भाग लिया



चंडीगढ़ (अप्रस)। अथर्व यूनिवर्सिटी द्वारा पहला 24-घंटे का हैकाथॉन 'फ्यूचर फ्यूज़न 20 सफलतापूर्वक आयोजित अथर्व यूनिवर्सिटी, मुंबई के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा विश्वविद्यालय का पहला 24-घंटे का हैकाथॉन 'फ्यूचर फ्यूज़न 2025' सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं कुलपति सुनील राणे के मार्गदर्शन में नवाचार-आधारित इंजीनियरिंग शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध हुआ। स्मार्ट दुनिया के लिए बुद्धिमान इंजीनियरिंग समाधान विषय पर आधारित इस हैकाथॉन में 200 से अधिक इंजीनियरिंग छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 30 से अधिक अंतःविषय टीमों का गठन किया गया, जिनमें प्रत्येक टीम में छह सदस्य एवं महिला सहभागिता अनिवार्य रखी गई। प्रतिभागियों ने 24 घंटों तक लगातार कार्य करते हुए 30 से अधिक वास्तविक जीवन की समस्याओं के लिए नवोन्मेषी समाधान विकसित किए। ये समाधान द्वश्रञ्ज एवं स्मार्ट सिस्टम्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग, ड्रोन एवं रोबोटिक्स, ब्लॉकचेन तथा साइबर सिक्योरिटी जैसे उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों पर आधारित थे।

## डॉ. प्रेम कुमार ने विनोद कुमार शुक्ल के निधन पर शोक व्यक्त किया

पटना, (अप्रस)। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार ने प्रख्यात साहित्यकार एवं ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ कथाकार विनोद कुमार शुक्ल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ. कुमार ने आज बयान जारी कर कहा कि विनोद कुमार शुक्ल अपनी अनूठी लेखन शैली के लिए जाने जाते थे। उनकी रचनाएं विशेष रूप से 'नौकर की कमीज' और 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' साहित्य जगत में बहुत प्रसिद्ध हैं । उन्हें उनके उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. कुमार ने कहा कि विनोद कुमार शुक्ल के निधन से हिन्दी साहित्य जगत में अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को परम शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों और प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

## रिहायशी एरिया में चल रहे स्कूल के खिलाफ लोगों ने कार्यकारी अधिकारी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। ढकोली के हिल व्यू एनक्लेव व एमएस एन्क्लेव की जॉइंट स्ट्रीट पर एक रिहायशी मकान में कथित रूप से अवैध रूप से संचालित प्री-स्कूल व डे-केयर को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। कॉलोनी वासियों ने नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। निवासियों का आरोप है कि हाउस नंबर 5ए, हिल व्यू एनक्लेव में पांच मरला से कम रिहायशी मकान में मोंटेसरी स्कूल चलाया जा रहा है, जो लैंड यूज नियमों का उल्लंघन है। स्कूल के कारण सुबह-शाम बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों से संकरी गली में भारी जाम लग जाता है। इससे न



केवल आम लोगों को परेशानी होती है, बल्कि आपातकालीन सेवाओं का रास्ता भी बाधित होता है। हाल ही में एक बुजुर्ग को मेडिकल इमरजेंसी में बाहर निकलने में दिक्कत आई।

निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि स्कूल संचालक द्वारा विरोध करने पर अभद्र व्यवहार किया जाता है। एक घटना में कॉलोनी वासियों द्वारा लगाए गए ताले को तोड़ने का भी आरोप लगाया गया है, जिसे उन्होंने तोड़फोड़ और डराने-धमकाने की कार्रवाई बताया। लोगों ने नगर परिषद से स्कूल की वैधता, फायर सेफ्टी, पार्किंग और रजिस्ट्रेशन की जांच कर रिहायशी क्षेत्र में चल रही इस व्यावसायिक गतिविधि को तुरंत बंद कराने की मांग की है। वहीं, नगर परिषद अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## भरोसे और विश्वास के साथ खुशियों की सौगात

## 'सबसे सुंदर उत्सव' के लकी ड्रा में तीन विजेताओं को मिली लक्ज़री कारें

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। त्योहारों की रौनक बढ़ानी हो या अपनों को अनमोल तोहफा देकर अपने प्यार का इज़हार करना हो—सुंदर ज्वैलर्स, सुंदर स्टर्लिंग और सुंदर एम्पोरियम वर्षों से ग्राहकों के जीवन के हर खास पल को यादगार बनाते आ रहे हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 'सबसे सुंदर उत्सव 2025' का भव्य समापन रविवार को किया गया, जिसमें लकी ड्रा के विजेताओं के नामों की घोषणा की गई। इस वर्ष लकी ड्रा में कुल तीन भाग्यशाली विजेताओं ने लक्ज़री कारें जीतकर अपने सपनों को साकार किया।

महिंद्रा एसयूवी की विजेता बनीं डॉ. स्वेथा (कूपन नं. 44424), निसान कार की विजेता आशा मौदगिल (कूपन नं. 57393),



निसान कार की तीसरी विजेता गनीव कौर (कूपन नं. 29812), विजेताओं ने खुशी-खुशी अपनी नई कारों की चाबियां ग्रहण कीं और सुंदर ग्रुप के प्रति आभार व्यक्त किया। इस लकी ड्रा में वही ग्राहक शामिल हुए, जिन्होंने सुंदर ज्वैलर्स से 10,000 या उससे अधिक तथा सुंदर स्टर्लिंग और सुंदर एम्पोरियम से 5,000 या उससे अधिक की खरीदारी की थी।

समापन समारोह को और भी यादगार बनाया ट्राइसिटी के प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति ने। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजीव कालरा, आईपीएस, स्पेशल डीजीपी-कम-कमांडेंट जनरल, पंजाब होम गार्ड्स एवं डायरेक्टर, सिविल डिफेंस, पंजाब उपस्थित रहे। सुभाष चावला (पूर्व मेयर, चंडीगढ़), अनुराग दारू, आईपीएस (एएसपी, साउथ-वेस्ट डिवीजन), जय प्रकाश (एरिया एसएचओ), एडवोकेट ए.एस. गुजराल (सीनियर वकील, चंडीगढ़ कोर्ट एवं महासचिव, चंडीगढ़ टेरिटोरियल कांग्रेस कमेटी), श्रीमती रविंदर कौर गुजराल (पूर्व पार्षद, नगर निगम चंडीगढ़), श्रीमती हरजिंदर कौर (पूर्व मेयर एवं पार्षद, पूर्व चेयरपर्सन, पंजाब आर्ट काउंसिल व चंडीगढ़ चाइल्ड लाइफ कमीशन, वर्तमान में एसजीपीसी अमृतसर की कार्यकारिणी सदस्य) मुख्य अतिथि की उपस्थिति में विजेताओं को कारों की चाबियां सौंपी गई और इस पल को हमेशा के लिए यादगार बनाया गया। सुंदर ग्रुप के निदेशक महेंद्र खुराना ने बताया कि नववर्ष 2026 में भी शादी के सीजन को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स और नए कलेक्शन पेश किए जाएंगे।

## पुरुष एवं महिला टूर्नामेंट्स के लिए आईसीसी की प्रीमियर पार्टनर बनी ह्युंडई मोटर

**चंडीगढ़।** ह्युंडई मोटर कंपनी ने आज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के साथ 2026 से 2027 तक होने वाले इसके प्रतिष्ठित टूर्नामेंट्स से प्रीमियम पार्टनर के रूप में जुड़ने के लिए हाथ मिलाया है। प्रीमियम पार्टनर के रूप में ह्युंडई मोटर ने आईसीसी के आगामी इंटरनेशनल क्रिकेट कैलेंडर के लिए एक्सक्लूसिव राइट्स ले लिए हैं। इन आयोजनों में 2027 में होने वाला मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप भी शामिल है। इनमें सिक्का उछालने (कॉइन टॉस) जैसे प्रमुख मैच-डे मूमेंट्स में हिस्सा लेने, स्टेडियम में प्रमुख जगहों पर ब्रांडिंग करने और प्रशंसकों को खास अनुभव देने जैसे राइट्स शामिल हैं। आईसीसी के मैचों में आने वाले प्रशंसक सीधे तौर पर इंटरैक्टिव फैन जोन, गाड़ियों के शोकेस और डिजिटल फैन एंगेजमेंट पहलों के जरिये ह्युंडई



मोटर के इनोवेटिव तरीके का अनुभव करेंगे, जिससे उनका आनंद बढ़ेगा। यह डील खेल के कई फॉर्मेट में प्रतिष्ठित आईसीसी टूर्नामेंट्स को कवर करती है, जिनका आयोजन कुछ सबसे जोशीले क्रिकेट खेलने वाले देशों में होगा।

ह्युंडई मोटर कंपनी के प्रेसिडेंट एवं सीईओ जोस मुनोज ने कहा, 'भारत जैसे प्रमुख बाजारों में, जहां क्रिकेट जिंदगी का हिस्सा है, यह साझेदारी हमें हर कदम पर प्रेरित करने वाले हमारे ग्राहकों एवं समुदायों के साथ हमारे रिश्ते को और मजबूत करेगी।

## आस्था अपार्टमेंट में अंधेरे का साया, कॉमन एरिया की बिजली कटने से 150 परिवार बेहाल

स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद जीरकपुर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। नाभा पभात रोड पर स्थित आस्था अपार्टमेंट सोसायटी में कामन एरिया की बिजली कटने से वहां रहने वाले सैकड़ों परिवारों की परेशानी बढ़ गई है। बिजली सप्लाई बंद होने के कारण पूरा अपार्टमेंट रात के समय अंधेरे में डूबा रहता है। सबसे ज्यादा परेशानी लिफ्ट बंद होने से हो रही है, जिससे ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले बुजुर्गों, बीमार लोगों और महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।निवासियों के अनुसार हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि छठी मंजिल तक रहने वाले कई बुजुर्ग और मरीज कई दिनों से अपने फ्लैटों में ही कैद होकर रह गए हैं। लिफ्ट बंद होने के







कारण न तो वे बाहर निकल पा रहे हैं और न ही जरूरत पड़ने पर डॉक्टर तक पहुंचना आसान रह गया है। कई परिवारों ने बताया कि बीमार सदस्यों को सीढ़ियों के सहारे नीचे उतारना पड़ा, जिससे हादसे का खतरा भी बना रहा।

सोसायटी निवासियों ने बताया कि नियमों के अनुसार कामन एरिया की बिजली का बिल बिल्डर को जमा करवाना था, लेकिन बिल्डर की ओर से करीब 4 लाख 22 हजार रुपये का बकाया बिल जमा नहीं किया गया। इसी के चलते बिजली विभाग ने बीते शुक्रवार को कॉमन एरिया की सप्लाई काट दी। इसका सीधा असर लिफ्ट, सीढ़ियों की लाइट, पार्किंग, कॉरिडोर और अन्य साझा सुविधाओं पर पड़ा है। निवासी पवन शर्मा, रमन राणा, दलजीत, विनय दत्त, अमित रावत, अमजद खान, बी.ए. शर्मा, सुरेंद्र कौर, कृष्णा रानी, रमेश रानी, वनिता चुघ, अरुण अग्रवाल, वरेन्द्रपाल सिंह और सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि अंधेरे के कारण बच्चों और बुजुर्गों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। रात के समय सीढ़ियों में रोशनी न होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का आरोप है कि यह समस्या अचानक नहीं आई, बल्कि बिल्डर की लगातार लापरवाही का नतीजा है।

निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार बिल्डर से बकाया बिल जमा करवाने और बिजली बहाल कराने की मांग की, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। महंगे फ्लैट खरीदने के बावजूद उन्हें बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। बिजली कटौती के चलते सोसायटी का माहौल भय और असुरक्षा में बदल गया है।

### बिल्डर का पक्ष

आस्था अपार्टमेंट के बिल्डर सुरेंद्र बंसल ने कहा कि सोसायटी का निर्माण कार्य वह वर्षों पहले पूरा कर चुके हैं और आरडब्ल्यूए को हैंडओवर करने के लिए तैयार हैं, लेकिन निवासियों की आपसी धड़ेबंदी के कारण अब तक एसोसिएशन का गठन नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देशानुसार हाल ही में नया ट्यूबवेल भी लगवाया गया है। बिल्डर के अनुसार, तीन महीने पहले ही निवासियों और प्रशासन को लिखित रूप से सूचित कर दिया गया था कि अब वह कामन एरिया का बिजली बिल जमा नहीं करेंगे। इसके बावजूद स्थिति नहीं संभाली गई, जिसके चलते यह संकट खड़ा हुआ।

# तकनीक-संचालित प्रसूति देखभाल का विस्तार करेगा पंजाब, प्रसूति मृत्यु दर को कम करने का लक्ष्य निर्धारित

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने 'प्रसव के दौरान माताओं की मृत्यु दर कम करने संबंधी तकनीकी हस्तक्षेप' विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया

राज्य स्तर पर प्रसव के दौरान माताओं की मृत्यु दर को कम करने के लिए जीवन-रक्षक उपचार की घोषणा




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की प्रतिबद्धता के अनुसार महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने आज राज्य में प्रसव के दौरान माताओं की मृत्यु दर (एम.एम.आर.) को कम करने के लिए सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं पर प्रमाणित तकनीक-आधारित हस्तक्षेप के राज्यव्यापी विस्तार की घोषणा की।

'मिशन तंदरुस्त पंजाब' के अंतर्गत पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय के सहयोग से 'प्रसव के दौरान माताओं की मृत्यु दर (एम.एम.आर.) कम करने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश द्वारा माताओं की मौत, विशेषकर पोस्ट-पार्टम हेमरेज (पी.पी.एच.) के कारण होने वाली मौतों को रोकने के लिए हर उपयुक्त तकनीकी समाधान अपनाया जाएगा। पंजाब में वर्तमान में प्रति एक लाख जीवित जन्मों में 95 एम.एम.आर. दर्ज है, जबकि राष्ट्रीय औसत 88 है।

डॉ. बलबीर सिंह ने स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों एवं कार्यक्रम अधिकारियों को मिलकर काम करने पर जोर देते हुए कहा, "मैं सभी मेडिकल अधिकारियों से सर्वोत्तम क्लीनिकल अभ्यास अपनाने की अपील करता हूं ताकि पंजाब एम.एम.आर. को 70 तक कम करने के सार्थक विकास लक्ष्य को प्राप्त कर सके।" उन्होंने आगे जोर दिया कि गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण संबंधी मार्गदर्शन के साथ-साथ उनकी स्वास्थ्य निगरानी को प्रारंभिक चरण में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

यह कार्यशाला पंजाब स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी (पी.एस.सी.एस.टी.) द्वारा एएमज बठिंडा एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंजाब के सहयोग से चंडीगढ़ में आयोजित की गई थी। इंजीनियर प्रितपाल सिंह, कार्यकारी निदेशक (पी.एस.सी.एस.टी.) ने इस बात पर प्रकाश डाला कि चरण 1 एवं 2 में पंजाब के 12 जिलों के डिलीवरी पॉइंट्स पर नॉन-न्यूमेटिक एंटी-शॉक गारमेंट्स (एन.ए.एस.जी.) एवं यूटराइन बैलून टैम्पोनेड (यू.बी.टी.) के पायलट कार्यान्वयन से गंभीर पी.पी.एच. स्थितियों से पीड़ित 300 से अधिक माताओं को बचाने में मदद मिली है, जिससे राज्य भर में इन प्रभावी मेडिकल उपकरणों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (परिवार कल्याण) पंजाब, डॉ. अदिति सलारिया ने खतरे के संकेतों की शीघ्र पहचान, मानक रेफरल प्रोटोकॉल एवं समय पर उपचार पर जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों, विशेषकर गायनेकोलॉजिस्टों एवं ए.एन.एम. पर जोर दिया कि वे इस पहल को और अधिक ध्यानपूर्वक आगे बढ़ाएं।

प्रोजेक्ट लीडर डॉ. लज्जिया देवी गोइल, डीन रिसर्च (एएमज बठिंडा) एवं डॉ. दपिंदर कौर बख्शी, संयुक्त निदेशक (पी.एस.सी. एस.टी.) ने जिला स्तरीय कार्यान्वयन, डिलीवरी पॉइंट्स पर जीवन-रक्षक यंत्रों की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों की व्यावहारिक प्रशिक्षण के बारे में जानकारी साझा की, जिससे माताओं की जटिलताओं में काफी कमी आई।

### कार्यशाला में प्रो. डॉ. परनीत कौर एवं डॉ. परवीन राजौरा ने अपने-अपने तजुर्बे साझा किए

कार्यशाला के दौरान डॉ. परनीत कौर, प्रोफेसर (जी.एम.सी. पटियाला) एवं डॉ. परवीन राजौरा, प्रोफेसर (जी.एम.सी. फरीदकोट) ने अपने-अपने जिलों में क्लीनिकल परिणामों एवं क्षेत्रीय स्तर के अनुभवों के बारे में अपने तजुर्बे साझा किए। इसके अलावा विशेषज्ञों ने कार्यशाला में उपस्थित स्वास्थ्य पेशेवरों को एन.ए.एस.जी. एवं यू.बी.टी. के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. जसविंदर सिंह, सिविल सर्जन (पटियाला) एवं डॉ. हरप्रीत कौर, सहायक निदेशक (डी.एच.एफ. एंड डब्ल्यू.) शामिल हैं। कार्यशाला में पंजाब के सभी 23 जिलों के डॉक्टरों, गायनेकोलॉजिस्टों, नर्सों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

भाई जैता जी की याद में राज्य स्तरीय समागम

# सरकारी आईटीआई बाबा बकाला साहिब का नाम भाई जैता जी के नाम पर रखा जाएगा: ईटीओ

पहली बार भाई जैता जी का राज्य स्तरीय समागम मनाया गया बाबा बकाला साहिब में: विधायक टौंग




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर 23 दिसंबर।** पंजाब सरकार द्वारा बाबा बकाला साहिब में शहीद बाबा जीवन सिंह जी (भाई जैता जी) की याद में आयोजित राज्य स्तरीय समागम के मुख्य मेहमान श्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. कैबिनेट मंत्री पंजाब ने संबोधन करते हुए कहा कि सरकारी आई.टी.आई. बाबा बकाला साहिब का नाम भाई जैता जी के नाम पर रखा जाएगा।

कैबिनेट मंत्री श्री ई.टी.ओ. ने समागम में बड़ी संख्या में आई संगतों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब श्री भगवंत सिंह मान की सरकार द्वारा पंजाब के इतिहास में पहली बार हुआ है कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के मौके श्री आनंदपुर साहिब में भाई जैता जी के स्मारक पर विधान सभा का सत्र हुआ है। उन्होंने कहा कि बड़े गौरव की बात है कि मान सरकार द्वारा 21 करोड़ रुपये की लागत से भाई जैता जी का स्मारक बनवाया गया है। उन्होंने कहा कि भाई जैता जी एकमात्र सिख थे जिनके दो नाम दो गुरु साहिब ने रखे, पहला नाम भाई जैता गुरु तेग बहादुर जी ने रखा और दूसरा नाम अमृत छकाने के बाद श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने भाई जीवन सिंह रखा।

श्री ई.टी.ओ. ने भाई जैता जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सन् 1675 ई. में नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत के बाद भाई जैता जी जब गुरु साहिब जी का शीश लेकर श्री कीरतपुर साहिब पहुंचे तो श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने भाई जैता को सीने से लगा कर 'रंगरेटा गुरु का बेटा' का खिताब दिया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार नौजवान पीढ़ी को सही रास्ता दिखाने के लिए गुरु साहिबानों द्वारा किए गए कार्यों से अवगत करवा रही है और इसके लिए राज्य भर में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित अनेकों समागम करवाए गए हैं ताकि हमारी नौजवान पीढ़ी अपने गुरु की कुर्बानी से अवगत हो सके। समागम से पहले श्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. कैबिनेट मंत्री पंजाब श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के गुरुद्वारे में नतमस्तक भी हुए।

समागम के अंत में क्षेत्र के विधायक दलबीर सिंह टौंग द्वारा कैबिनेट मंत्री ई.टी.ओ. को भाई जैता जी की तस्वीर देकर सम्मानित भी किया गया। समागम को संबोधित करते हुए क्षेत्र विधायक बाबा बकाला साहिब दलबीर सिंह टौंग ने मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने भाई जैता का राज्य स्तरीय समागम बाबा बकाला साहिब में मनवाया है। उन्होंने संगतों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे गुरुओं ने शहादत देकर धर्म की रक्षा की है। श्री टौंग ने कहा कि भाई जैता जी जैसी शहीदी इतिहास में कहीं भी नहीं मिल सकती। उन्होंने बताया कि भाई जैता जी बचपन से ही पढ़ाई में बहुत माहिर थे। उन्होंने फारसी, उर्दू और संस्कृत जैसी भाषाओं के विद्वान होने के साथ-साथ बहुत अच्छे कवि भी थे। इसके उपरांत विधायक टौंग को भी डिप्टी कमिश्नर अमृतसर द्वारा सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस मौके पर चेयरमैन एस.सी. लैंड कार्पोरेशन श्री रविंदर हंस, डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर मैडम अमनदीप कौर, एस.डी.एम. श्री अमनप्रीत सिंह, चेयरमैन रामगढ़िया वेलफेयर श्री सतपाल सोखी, मैडम सुहिंदर कौर, डॉ. इंदरपाल सिंह, सुखचैन सिंह, मैडम सुनैना रंधावा, कमांडेंट जसकरण सिंह, सतनाम सिंह मठारू के अलावा बड़ी संख्या में संगतें उपस्थित थीं।

# शहीदी सभा: फतेहगढ़ साहिब में नतमस्तक होने वाली संगतों की सुविधा के लिए 3400 पुलिस कर्मी, 22 पार्किंग स्थल, शटल बसें

स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला ने शहीदी सभा के मद्देनजर फतेहगढ़ साहिब में सुरक्षा प्रबंधों का लिया जायजा

ट्रैफिक और पार्किंग प्रबंधों की निगरानी के लिए किया जा रहा है ड्रोनों का प्रयोग: स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फतेहगढ़ साहिब, 23 दिसंबर।** शहीदी सभा के मद्देनजर पुलिस के विशेष डायरेक्टर जनरल (स्पेशल डीजीपी) कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने आज फतेहगढ़ साहिब का दौरा किया और सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया ताकि जिले में सुचारू और सुरक्षित ढंग से समागम सुनिश्चित किया जा सके। दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों - बाबा ज़ोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह, की अद्वितीय शहादत को श्रद्धांजलि देने के लिए तीन दिवसीय वार्षिक शहीदी सभा 25 दिसंबर से 27 दिसंबर, 2025 तक फतेहगढ़ साहिब में होगी। उल्लेखनीय है कि पूरे क्षेत्र को योजनाबद्ध ढंग से छह सेक्टरों में विभाजित किया गया है और दुनिया भर से आने वाली लाखों संगतों की सुरक्षा, सुचारू आवागमन तथा आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए छह एसपी रैंक के अधिकारियों एवं 24 डीएसपी रैंक के अधिकारियों की निगरानी में 3400 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली फोर्स तैनात की गई है।

विशेष डीजीपी अर्पित शुक्ला, जिनके साथ डीआईजी रोपड़ रेंज नानक सिंह तथा एसएसपी फतेहगढ़ साहिब शुभम अग्रवाल भी मौजूद थे, ने शहीदी सभा के पुख्ता सुरक्षा प्रबंधों को सुनिश्चित करने के लिए तैनात एसपी एवं डीएसपी रैंक के सभी अधिकारियों तथा पुलिस फोर्स को लगन से सेवा निभाने की हिदायत दी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को संगत के साथ बहुत विनम्रता एवं शालीनता से पेश आने तथा समागम को सफल बनाने के लिए पूरी श्रद्धा-भावना एवं दृढ़ता से कार्य करने के निर्देश दिए।

सभी सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इस साल शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से शहीदी सभा करवाने को सुनिश्चित करने के लिए फतेहगढ़ साहिब पुलिस द्वारा कई नई पहलकदमियां लागू की गई हैं ताकि श्रद्धालुओं को माथा टेकने में किसी भी प्रकार की मुश्किल का सामना न करना पड़े। विशेष डीजीपी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुल 22 पार्किंग स्लॉट रखे गए हैं तथा पार्किंग क्षेत्र से गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब के बीच शटल बस सेवा भी उपलब्ध रहेगी। निर्विघ्न ट्रैफिक प्रबंधन एवं संगतों की न्यूनतम असुविधा के लिए पुलिस ने गूगल के सहयोग से पार्किंगों के लिए रीयल-टाइम जियो-टैगिंग तथा श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन के लिए साइन बोर्ड लगाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि संगतों की सहायता के लिए छह हेल्प डेस्क, जिनमें एक पुलिस डेस्क, चिकित्सा सहायता एवं अग्निशमन यंत्र शामिल हैं, भी स्थापित किए गए हैं।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 297वें दिन 12.8 किलो हेरोइन सहित 97 नशा तस्कर काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** प्रदेश से नशों के पूर्ण खात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू किए गए ''युद्ध नशों विरुद्ध'' के 297वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 321 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके बाद पूरे प्रदेश में 74 एफआईआर दर्ज करके 97 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इससे 297 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 41,449 हो गई है। छापों के परिणामस्वरूप गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 12.8 किलोग्राम हेरोइन, 3667 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 30,080 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। जिक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों तथा एस.एस.पीज़ को पंजाब को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के आदेश दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी गठित की गई है। इस ऑपरेशन के दौरान 62 गजटिड अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से ज्यादा पुलिस टीमों ने राज्य भर में 321 स्थानों पर छापे मारे हैं। उन्होंने आगे बताया कि दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 315 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की है। बताने योग्य है कि पंजाब सरकार ने प्रदेश से नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन तथा प्रिवेंशन (ईडीपी) - लागू की गई है तथा पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के रूप में आज 45 व्यक्तियों को नशा छोड़ने तथा पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राजी किया है।

# चमकौर गढ़ी के शहीदों की शहादत को समर्पित नगर कीर्तन निकाला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 23 दिसंबर।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के बड़े बेटे बाबा अजीत सिंह जी, बाबा जुझार सिंह जी और चमकौर गढ़ी के दूसरे सिंह शहीदों की शहादत को समर्पित एक बड़ा नगर कीर्तन निकाला गया। यह नगर कीर्तन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया और पंज प्यारों के नेतृत्व में गांव छडबड़ के गुरुद्वारा शिरोमणि शहीद बाबा संगत सिंह जी से श्री चमकौर साहिब तक निकाला गया। यह नगर कीर्तन संत बाबा दिलबाग सिंह जी बागा के अरदास करने और पंज प्यारों को सिरोपा देने के बाद शुरू हुआ। इस अवसर पर संत बाबा प्रितपाल सिंह जी, मुख्य सेवादार गुरुद्वारा गुरसागर साहिब नजदीक झील चंडीगढ़, माता चरण कमल कौर, चेयरपर्सन करतार आसरा ट्रस्ट, संत बाबा गुरदेव सिंह जी, मुख्य जत्थेदार गुरुद्वारा अकालगढ़ साहिब मेमोरियल बाबा बंदा सिंह बहादुर बनूड़, जत्थेदार निरमैल सिंह जोला, मेंबर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और बाबा बलकार सिंह ढेलपुर ने नगर कीर्तन में शामिल संगत को अपने कथा कीर्तन और गुरमति विचारों से निहाल किया। इस नगर कीर्तन का गांव मठियाडा, धर्मगढ़, बनूड़ और मान मालवा प्रॉपर्टी देडी के मुख्य प्रबंधक ने नंबरदार कुलदीप सिंह मान के नेतृत्व में स्वागत किया। नगर कीर्तन में शामिल पंज प्यारों को सिरोपा से सम्मानित किया गया और शामिल संगत के लिए चाय, पकौड़े और रोटी का लंगर लगाया गया। नगर कीर्तन के चीफ मुख्य प्रबंधक भाई जगजीत सिंह छडबड और भाई सुखजीत सिंह गोल्डी ने संतों को सिरोपा डालकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाई जगजीत सिंह ने कहा कि सिख समुदाय के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले शहीदों का सम्मान करना हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी है। इस मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य चरणजीत सिंह कालेवाल, मार्केट कमेटी बनूड़ के चेयरमैन जसवीर सिंह चंदुआ, कराला के पूर्व सरपंच गुरदीप सिंह, नंबरदार उधम सिंह, बलजीत सिंह, साहिब सिंह माही, ज्ञानी गरीब सिंह, जगतार सिंह लखी नडियाली, सुखजिंदर सिंह सोनी और इलाके के अन्य लोग मौजूद थे।



# साहिबज़ादों की बेमिसाल शहादत को समर्पित, भाई रविंदर सिंह यूके (लीड्स) का गाया धार्मिक ट्रैक 'दादी कहिंदी लालां नू' रिलीज़ किया

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर, 23 दिसंबर।** म्यूज़िक बैनर नंगल ईशर ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की पूजनीय माता गुजर कौर जी, चारों साहिबज़ादों और सभी शहीदों की बेमिसाल शहादत को समर्पित, भाई रविंदर सिंह च (लीड्स) का गाया हुआ धार्मिक ट्रैक 'दादी कहिंदी लालां नू' भाई सुखवीर सिंह गढ़दीवाला, ज्ञानी हरजीत सिंह सोहलपुर ढाडी जत्था, सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों और म्यूज़िक कंपनी नंगल ईशर की पूरी टीम ने गुरुद्वारा सिंह सभा दक्षिण पट्टी गाँव नंगल ईशर में सफर-ए-शहादत को समर्पित गुरमत समागम के दौरान रिलीज़ किया। इस समय जानकारी देते हुए हरविंदर सिंह नंगल ईशर ने बताया कि इस धार्मिक ट्रैक का ऑडियो दुनिया भर की सभी ऑडियो साइट्स पर और वीडियो यूट्यूब चैनल ÷नंगल ईशर÷ पर रिलीज़ किया गया है। उन्होंने बताया कि भाई रविंदर सिंह च लीड्स का गाया हुआ धार्मिक ट्रैक ÷दादी कहिंदी लालां नू÷ म्यूजिक बैनर नंगल ईशर से जसपाल सिंह प्रीत नंगल ने लिखा और पेश किया है, इसकी प्रोड्यूसर श्रीमती राजविंदर कौर नीरू हैं, इसका म्यूजिक अमर (द म्यूजिक मिरर) है और वीडियो मंदीप के.बी. ने तैयार किया है और इसके प्रोजेक्ट मैनेजर मिस्टर नरेश एस. गर्ग हैं। समागम के दौरान, सभी संगतों द्वारा श्री रेहरास साहिब के पाठ के बाद, भाई सुखवीर सिंह गढ़दीवाला, ज्ञानी हरजीत सिंह सोहलपुर ढाडी जत्था, बीबी यादविंदर कौर, भाई हरविंदर सिंह नंगल ईशर ने कथा-कीर्तन के ज़रिए संगतों को गुरु चरणों से जोड़ा। इस मौके पर सभी गाँव निवासी और सभी युवा मौजूद थे। समागम के खत्म होने के बाद, गुरु का लंगर अतूट बांटा गया।



# स्पेशल बच्चों की भलाई में वर्धमान कंपनी ने हमेशा बड़ा रोल अदा किया: सचदेवा

## वर्धमान कंपनी ने आशा किरन स्कूल के लिए सौंपा 6.50 लाख का चैंक

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 23 दिसंबर।** स्पेशल बच्चों की भलाई के लिए वर्धमान यार्न थ्रैंड की तरफ से जे.एस.एस.आशा किरन स्पेशल स्कूल जहानखेला में लगातार मदद की जा रही है जिसके लिए आशादीप वैलफेयर सोसायटी कंपनी प्रबंधकों की आभारी है, यह प्रगटावा सोसायटी के पैटर्न परमजीत सिंह सचदेवा की तरफ से करते हुए बताया गया कि आज कंपनी की तरफ से 6.50 लाख रुपए का चैक सोसायटी को सौंपा गया है जिससे स्कूल में विकास कार्य करवाए जाएगे।

परमजीत सचदेवा और सोसायटी के प्रधान हरबंस सिंह ने कहा कि कंपनी की तरफ से सीआरएस के तहत स्कूल को दो बसें देने के अलावा पहले भी कई और विकास के कार्य स्कूल में करवाए जा चुके है जिनसे स्पेशल बच्चों को सहूलत मिलती है। उन्होंने बताया कि कंपनी की तरफ से स्कूल में फ्री मेडिकल कैंप भी लगाए जाते है। साढे 6 लाख रुपए का चैंक सोसायटी मैंबरों को सौंपते हुए क्रिसटोफर रैंडाल प्रधान थ्रैड गलोबल एलीवेट टैकसटाइल यू.एस.ए., संजीव नरूला मैनेजिंग डायरेक्टर वी.आई.टी.एल., इंदरमोहनजीत सिंह सिद्धू प्रधान और डायरेक्टर इंचार्ज वर्धमान, नीरज डायरेक्टर मैनूफैकचरिंग, तरुन चावला डायरेक्टर फाइनांस और प्रदीप डडवाल ने कहा कि आशा किरन स्कूल की तरफ से स्पेशल बच्चों को जिंदगी में आगे बढने के लिए जिस तरह तैयार किया जाता है वह सराहनीय है, इन्होंने कहा कि स्पेशल बच्चें को भी दूसरे बच्चों की तरह आगे बढने के मौके मिलने चाहिए।

बता दें कि कंपनी की तरफ से जे.एस.एस.आशा किरन टीचर्ज ट्रेंनिंग इंस्टीचयूट में डी.एड.की पढाई करने वाले छात्रों की फीस देकर भी मदद की जा रही है। इस मौके सोसायटी के सेक्रेटरी कर्नल गुरमीत सिंह, पेटर्न परमजीत सिंह सचदेवा, मलकीत सिंह महेड़ू, मस्तान सिंह ग्रेवाल, हरमेश तलवाड़ आदि समेत स्कूल का स्टाफ भी मौजूद था।

# अणुव्रत विश्व भारती समिति और अणुव्रत समिति समारोह का कार्यक्रम किया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 23 दिसंबर।** 22 दिसंबर प्रतिभा सम्मान समारोह अणुव्रत विश्व भारती समिति के निर्देशानुसार अणुव्रत समिति जगराओं द्वारा तेरापंथ भवन में समणी निर्देशिका संचित प्रज्ञा जी एवं हर्ष प्रज्ञा जी के सानिध्य में अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट 2025 (संविधान की धार मर्यादाओं का हो आधार) विषय पर आधारित राज्य स्तरीय विजेताओं को प्रतिभा पुरस्कार द्वारा पुरस्कृत किया गया। महिला मंडल की बहनों ने बदले युग की धारा गीत द्वारा मंगलाचरण किया। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष श्री राजपाल जी जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समणी श्री संचित प्रज्ञा जी ने अपने उद्बोधन के दौरान फरमाया कि अणुव्रत एक ऐसा मंच है जो किसी एक ही पंथ या जात-पात से नहीं जुड़ा हुआ है। अणुव्रत का उद्घोष है मानव मानव बने इंसान इंसान बने आज धोखाधड़ी मिलावट एवं रिश्वत से हर कार्य हो रहा है ऐसी स्थिति में जरूरत है बच्चों को अच्छे संस्कार दें अणुव्रत के नियम अपनाएं। अणुव्रत को भीतर से अपनाएँ। कार्यक्रम में पधारे पंजाब प्रभारी श्री राजन जी गोयल ने अपने विचारों के दौरान कहा कि जगराओं समिति एक्टिव है ,बाढ़ की स्थिति में भी जगराओं अणुव्रत समिति ने 8 स्कूलों में कॉन्टैक्ट करवाये । मैं पूरी समिति को बधाई देता हूं। अणुव्रत पब्लिक स्कूल, सर्वहितकारी विद्या मंदिर स्कूल, सन्मती विमल जैन स्कूल, लाजपत राय कन्या विद्यालय, आदर्श कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महाप्रज्ञ स्कूल, आदि स्कूलों के बच्चों को लेख प्रतियोगिता, सोलो सोंग प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता एवं सांत्वना पुरस्कार द्वारा राज्य स्तरीय करवाई गई प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाने वाले छात्र-- निबंध लेखन, ग्रुप-1 प्रिया, अणुव्रत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जगराओं,प्रथम, ग्रुप-2 लवजोत कौर, सर्वहितकारी विद्या मंदिर, प्रथम, इशिता, अणुव्रत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जगराओं, द्वितीय, और शाहीन प्रवीण, तृतीय स्थान पर रहे। एकल गायन प्रतियोगिता में महाप्रज्ञ स्कूल, जगराओं की रसलीन कौर, प्रथम रही। कविता उच्चारण में जाह्नवी, आदर्श कन्या विद्यालय हाई स्कूल, प्रथम और कृष, श्रीमती सतीश गुप्ता सर्वहितकारी विद्या मंदिर, द्वितीय स्थान पर रहा। भाषण प्रतियोगिता में ग्रुप-1 अणुव्रत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जगराओं, प्रथम रही। ग्रुप-2 में तमन्ना, सर्वहितकारी विद्या मंदिर ने प्रथम स्थान, खुशी कुमारी,लाजपतराय कन्या विद्यालय ने दूसरा स्थान और खुश्बू, अणुव्रत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल,जगराओं ने तृतीय प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में ग्रुप-1और ग्रुप-2 में सन्मति विमल जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अरुण सिंह और गुरनूर कौर प्रथम, द्वितीय स्थान पर महाप्रज्ञ स्कूल की मनप्रीत कौर और प्रभजोत कौर, सर्वहितकारी विद्या मंदिर रही एवं तृतीय स्थान पर कपिश, अणुव्रत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल और इरमनप्रीत कौर आदर्श कन्या विद्या मंदिर हाई स्कूल रहा। सन्मति विमल जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दो छात्राओं सुखमन कौर और गुरनिमरत कौर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। स्कूलों के प्रिंसिपल एवं कॉन्टेस्ट की संयोजिका एवं जज की भूमिका निभाने वाले श्रीमती रोजी गोयल राजेंद्र गोयल शशि भूषण जी जैन एवं हरदीप जस्सी कॉन्टेस्ट की सहसंयोजिका पूजा जैन आदि को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राजन कुमार जैन को शाल एवं साहित्य द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सीनियर सिटीजन सेक्रेटरी शशि भूषण जी जैन, ललित अग्रवाल, संदीप कमल जी, डॉक्टर कुलभूषण गुप्ता जी, अमृतलाल गोयल, रवनीत गुप्ता, कैप्टन प्रमोद बंसल जवाहरलाल वर्मा, पीसी गर्ग, जगमोहन मित्तल एवं समीति के सेक्रेटरी नवनीत गुप्ता, कैशियर सुरेश जैन, नवीन मित्तल एवं अन्य सदस्य भाजपा के प्रधान डॉक्टर राजेंद्र शर्मा एवं उनकी टीम तेरापंथ सभा के अध्यक्ष एवं अणुव्रत समिति के चेयरमैन प्रवीन, सेक्रेटरी ललित, महिला मंडल के अध्यक्ष प्रोमिला जैन, मंत्री पूजा जैन, प्रीति जैन, कविता जैन, मधु जैन, पुष्पा बंसल, सीमा गर्ग, कामिनी गर्ग आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सभा अध्यक्ष श्री परवीन जी जैन ने कुशलता से किया।

## पिरड़ी राफ्टिंग केंद्र में राष्ट्रीय एडवेंचर कोर्स

**कुल्लू 23 दिसंबर।** कुल्लू जिले के पिरड़ी स्थित राफ्टिंग केंद्र में चल रहे राष्ट्रीय एडवेंचर कोर्स के तीसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के 35 छात्रों को आपदा प्रबंधन एवं रेस्क्यू तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

राफ्टिंग केंद्र पिरड़ी के प्रभारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को आपदा के समय नदी में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रिवर क्रॉसिंग तकनीक का अभ्यास करवाया गया। बाहरी राज्यों से आए छात्रों ने रस्सी के सहारे कम समय में लोगों को रेस्क्यू करने और आपात स्थिति में रस्सी का पुल तैयार करने की तकनीक सीखी।

प्रशिक्षण के दौरान साथ आई महिला प्राध्यापकों ने भी बी-रिवर क्रॉसिंग तकनीक के माध्यम से नदी पार करने का अभ्यास किया। कोर्स प्रभारी ने बताया कि इस प्रकार की साहसिक गतिविधियों से छात्रों का शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है और उनमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

# समस्याओं का समय पर निवारण है प्राथमिकता : सुल्तानपुरी

## ग्राम पंचायत भोजनगर में 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निवारण करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। विनोद सुल्तानपुरी मंगलवार को सोलन उपमंडल की ग्राम पंचायत भोजनगर में 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।



विनोद सुल्तानपुर ने कहा कि यह अभियान सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनता को उनके द्वार पर पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी सेवाएं प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है और इसी दृष्टिकोण से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तड़ोल मार्ग के निर्माण के लिए 25 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए शीघ्र ही भोजनगर से इलेक्ट्रॉनिक मुद्रिका बस सेवा कार्यान्वित की जाएगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही नारायणी के पास पानी के बांध का निर्माण भी किया जाएगा।

विधायक ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे 'चिट्टा मुक्त प्रदेश अभियान' के तहत शपथ भी दिलाई। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह स्वयं नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहें तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि नशा आज समाज के लिए अत्यंत घातक समस्या बनकर उभरा है। प्रदेश सरकार नशे के खात्मे के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और इस कार्य में सभी की सहभागिता आवश्यक है।

विनोद सुल्तानपुरी ने विद्युत बोर्ड, जल शक्ति, लोक निर्माण, राजस्व विभाग व अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें सुनीं व सम्बन्धित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए।

उपमण्डलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य प्रशासन और आमजन के मध्य एक सेतु बनाना है। इससे जहां लोगों की समस्याओं का घर-द्वार पर निराकरण करना हो रहा है, वहीं लोगों की समय की भी बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में आज भोजनगर, बड़ोग व बोहली पटवार वृत्त के लोगों की समस्याएं सुनी गई।

कार्यक्रम में 48 इंतकाल तथा 42 विभिन्न प्रमाण पत्र बनाए गए।

इस अवसर पर 49 शिकायतें व मांगें प्राप्त हुई। इनमें से अधिकतर का मौका पर निपटारा किया गया तथा शेष मांगों को सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया गया।

ज़िला परिषद सदस्य राजेंद्र ठाकुर, ग्राम पंचायत भोजनगर के प्रधान मनोज शर्मा, ग्राम पंचायत काबा कलां की प्रधान यशोदा देवी, ग्राम पचांयत भोजनगर के उप प्रधान रणजीत वर्मा, ग्राम पंचायत भोजनगर के पूर्व उप प्रधान सुभाष शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी सोलन रमेश शर्मा, खण्ड चिकित्सा अधिकारी धर्मपुर डॉ. परविंदर सिंह सहित अन्य गणमान्य व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय गणित दिवस वैदिक गणित सत्र के साथ मनाया

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया, जिनके योगदान से आज भी कई पीढ़ियां प्रेरित होती हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के छात्रों में गणित के प्रति रुचि को एक रचनात्मक, तार्किक और समस्या-समाधान विषय के रूप में विकसित करने के लिए किया गया था। समारोह के अंतर्गत, ÷वैदिक गणित के माध्यम से संख्याओं के साथ खेलना÷ शीर्षक से एक शैक्षिक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें त्वरित, सहज और प्रभावी गणना तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शूलिनी विश्वविद्यालय के एप्टीट्यूड ट्रेनर आकाश पठानिया ने किया, जिन्होंने पूरे सत्र के दौरान सुचारू समन्वय और रुचिकर प्रवाह सुनिश्चित किया।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पंकज कुमार ने मुख्य व्याख्यान दिया। वैदिक गणित के माध्यम से संख्याओं के साथ खेलना विषय पर बोलते हुए, डॉ. कुमार ने वैदिक गणित के 16 सूत्रों की व्याख्या की और जटिल गणनाओं को सरल बनाने में उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग का प्रदर्शन किया। उनके व्याख्यान ने मानसिक गणित और वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की, जिससे यह सत्र छात्रों और संकाय सदस्यों दोनों के लिए अत्यधिक संवादात्मक और ज्ञानवर्धक रहा। वक्ता का औपचारिक परिचय शूलिनी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के एसोसिएट डीन प्रोफेसर नीरज गंडोत्रा ने दिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रोफेसर डॉ. साहिल कश्यप और सहायक प्रोफेसर डॉ. रविंदर कुमार ठाकुर ने दिया।

शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले, ÷गणित उदय÷ शीर्षक से एक गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 60 छात्रों ने भाग लिया।

# बूंद-बूंद बचाने के खोखले दावे, मलाहत में एक महीने से बह रहा पानी

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** यह कोई लापरवाही नहीं, बल्कि सरकारी सिस्टम की खुली पोल है। ऊना के मलाहत पीर निगाहा रेलवे क्रॉसिंग रोड के पास निर्माणाधीन अंडरपास के पास पिछले लगभग एक माह से टूटी पानी की पाइपलाइन से लाखों लीटर पानी रोज़ बहा रही है, और जिम्मेदार विभाग कुंभकरन की नींद सोया हुआ है। हैरानी यह नहीं कि पानी बह रहा है, हैरानी यह है कि आज तक किसी ने उसे रोकने की जरूरत ही नहीं समझी। प्रशासन हर गली, हर चौराहे पर महंगे बोर्ड ठोक-ठोक कर जनता को उपदेश दे रहा है– ÷पानी बचाओ, जीवन बचाओ÷। लेकिन जब उसी सरकार का आईपीएच विभाग हिमाचल प्रदेश एक महीने से अब तक आंखें मूंदे बैठा रहे, तो यह नारा संदेश नहीं, मज़ाक बन जाता है।



पीरनिगाह रोड पर बहता पानी रोज़ यह सवाल पूछ रहा है,

क्या सिंचाई एवं जल शक्ति विभाग को सच में पानी की कीमत पता है? या फिर बोर्ड लगाने का ठेका ही असली एजेंडा है?

अगर जल शक्ति विभाग इन नारों पर यकीन करती, तो आज हालात यह नहीं होते। साफ है कि या तो सरकार के आदेशों की कोई कीमत नहीं, या फिर आईपीएच विभाग सरकार को ठेंगा दिखा रहा है। दोनों ही सूरतों में नुकसान जनता का और देश के संसाधनों का है।

**कड़े सवाल, जिनसे अब बचना नामुमकिन**

एक महीने से बह रहे पानी का जिम्मेदार कौन? कितने लाख/करोड़ लीटर पानी अब तक बर्बाद हो चुका? संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं? क्या यह लापरवाही नहीं, बल्कि संरक्षित निकम्मापन है? जल शक्ति विभाग ऊना एस डी ओ शेरू राम ने कहां की मामला आपके द्वारा ध्यान में लाया गया है । मैं अभी अपने स्टाफ को वहां भेजता हु अभी ठीक करवाता हु।

## 1500 रुपये नहीं मिले, अब बस यात्रा की छूट भी छीनी : डेजी ठाकुर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** भाजपा महिला मोर्चा हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षा श्रीमती डेज़ी ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी महिला विरोधी नीतियाँ बनाने और लागू करने में सबसे आगे है। चुनावों से पहले महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह देने का झूठा वादा करने वाली कांग्रेस सरकार आज तक हिमाचल की महिलाओं को यह राशि नहीं दे पाई और अब एचआरटीसी बस सेवा में महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं को भी छीनने का काम कर रही है।



डेज़ी ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लगभग 28 लाख महिलाएँ हैं, जिन्हें भाजपा सरकार के कार्यकाल में सरकारी बसों में 50 प्रतिशत किराया छूट की सुविधा मिलती थी। लेकिन कांग्रेस सरकार ने अब इस छूट को एक नए ÷हिम बस कार्ड÷ से जोड़ दिया है, जिसके लिए महिलाओं को 200 रुपये (त्रस्ज्ञ सहित 236 रुपये) शुल्क देना पड़ रहा है। पहले यह व्यवस्था नहीं थी।

उन्होंने कहा कि अभी तक बहुत कम महिलाओं ने यह कार्ड बनवाया है और अब जब महिलाएँ बसों में सफर करेंगी तो कार्ड न होने की स्थिति में उन्हें छूट नहीं मिलेगी। इससे प्रदेश की महिलाओं, विशेषकर ग्रामीण, गरीब, कामकाजी और बुजुर्ग महिलाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस सरकार ने इस कार्ड को लागू कर महिलाओं पर अतिरिक्त आर्थिक और प्रशासनिक बोझ डाल दिया है।

डेज़ी ठाकुर ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक ओर देश के कई राज्य महिलाओं को पूरे वर्ष मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दे रहे हैं, वहीं हिमाचल की कांग्रेस सरकार महिलाओं से पहले से मिली रियायतें भी छीन रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में महिलाएँ डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा कर रही हैं। कर्नाटक (शक्ति योजना), तेलंगाना (महालक्ष्मी योजना), पंजाब, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश (स्त्री शक्ति योजना) जैसे राज्यों में महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा उपलब्ध है।

## बंजार घाटी के पेखड़ी में भीषण अग्निकांड, 5 मकान, चार गौ शालाएं जली, आग लगने से गांव में मची अफरा-तफरी

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**बंजार(कुल्लू)23 दिसंबर।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी में एक बार फिर भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई है। ग्राम पंचायत पेखड़ी के गांव पेखड़ी में सोमवार दोपहर बाद अचानक लगी आग से 5 रिहायशी मकान जलकर राख हो गए।

आग की चपेट में काष्ठकोणी शैली से बनी चार गौशालाएं भी आई। जिससे प्रभावित परिवारों और पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देवता मैदान के पास बने पढ़ाछे से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। रिहायशी मकानों के पास आग लगने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। पानी की भारी कमी के बावजूद ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से आग को फैलने से रोकने की कोशिश की।सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।



गुशेनीङ्कपेखड़ी सड़क मार्ग संकरा होने के कारण दमकल विभाग का छोटा वाहन ही घटनास्थल तक पहुंच सका, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां, बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी तथा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन ने बताया कि ग्राम पंचायत पेखड़ी में यह दूसरी बार आगजनी की घटना हुई है।

नुकसान का आकलन किया जा रहा है और प्रभावित परिवारों को नियमानुसार राहत प्रदान की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी तीर्थन घाटी के झनियार गांव में आगजनी की बड़ी घटना हो चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावितों को शीघ्र राहत देने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### पांगी क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री से भेंट



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से आज यहां पांगी क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने एपीएमसी चम्बा के अध्यक्ष ललित ठाकुर की अध्यक्षता भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए पांगी क्षेत्रवासियों और स्वयं सहायता समूहों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती पद्धति को प्रोत्साहित करने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। इस क्षेत्र में पांगी के किसान और बागवान उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने पांगी क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से उगाए जाने वाले जौ का समर्थन मूल्य भी निर्धारित किया है। श्री सुक्खू ने प्रतिनिधिमंडल की सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

## अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 5 आरोपी गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**मनाली(कुल्लू) 23 दिसंबर।** मनाली पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 4 पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। यह कार्रवाई 22 दिसंबर 2025 की मध्य रात्रि को गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार, छापेमारी के दौरान मौके से 2 पुरुष और 3 महिलाओं को अनैतिक देह व्यापार में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पुलिस थाना मनाली में अभियोग संख्या 209/2025, 22 दिसंबर 2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध धारा 4 व 5 अनैतिक देह व्यापार अधिनियम तथा धारा 143 बीएनएस 2023 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, रेस्क्यू की गई 4 पीड़ित महिलाओं को आवश्यक सहायता और परामर्श उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## चिंट्टी चोरों को बेनकाब जल्द करूंगा : रायजादा

**ऊना।** आज जिला मुख्यालय पर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवम पूर्व में रहे ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले दिनों ऊना सदर के विधायक द्वारा पत्रकार वार्ता कर जो आरोप मुझ पर लगाए गए थे, उस को लेकर हम ने इनको नोटिस भेजा था और आज उस नोटिस का जबाब उनकी तरफ से आया है। जिस में उंन्होने अपने जबाब में लिखा है कि मैने ऐसा कुछ नही बोला जिस से किसी के मान सम्मान को ठेस पहुचे। वही सतपाल रायजादा ने कहा की अब मै इस जबाब को लेकर माननीय अदालत का दरबाजा खटखटाऊ गा ओर में सबुतो के साथ वहा प्रूफ करूंगा कि विधायक मोहदय ने क्या बोला था और किस को लेकर बोला था। वही उंन्होने कहा कि बीजेपी के राज में किस बीजेपी नेता ने अपने चहेतों को दुकानें दिलाई ओर अपनी सरकार में अपनी सत्ता का दुरप्रयोग किया। ये सब जल्द सब के सामने रखूं गा, उंन्होने जिला प्रशासन से मांग की है कि हम ने आप से इन दुकानों की इन्क्वारी को लेकर लिखित में ज्ञापन दिया था। लेकिन आज तक उस का जबाब नही आया।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम एवं वीवीपैट भंडारण कक्ष का निरीक्षण



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**केलांग (कुल्लू)23 दिसंबर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भ?ाना ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल के भंडारण कक्ष का त्रैमासिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान उन्होंने मशीनों के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अग्निशमन उपकरणों और लॉगबुक संधारण जैसी व्यवस्थाओं की विस्तार से जांच की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का क?ाई से पालन किया जाए।

कार्यकारी निर्वाचन तहसीलदार विकास कुमार भी निरीक्षण के समय उपस्थित रहे और उन्होंने व्यवस्थाओं से जु?ी तकनीकी जानकारी प्रदान की और बताया कि सभी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सीलिंग और भंडारण नियमों के अनुरूप की गई है।

## एफसीए मामलों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

**बिलासपुर 23 दिसम्बर (अजय मल्होत्रा)।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के एफसीए मामलों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लंबित एफसीए मामलों की समीक्षा की गई तथा इस बारे संबंधित विभागीय अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश जारी किये गए।

उपायुक्त राहुल कुमार ने सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित एफसीए मामलों को जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश जारी किये ताकि लंबित विकास कार्यों को आगे ब?ाया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से विभिन्न स्तरों पर लंबित एफसीए मामलों की नियमित एवं समयबद्ध निगरानी सुनिश्चित करने को भी कहा ताकि अनावश्यक बिलंब से बचा जा सके और शीघ्र आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त की जा सकें।

उन्होंने कहा कि लोक निर्माण, जलशक्ति, शिक्षा, राजस्व, बिजली बोर्ड, सूचना एवं जन संपर्क, पुलिस सहित अन्य विभागों में एफसीए के मामले विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं जिन्हे जल्द हल करने की आवश्यकता है ताकि विकास योजनाओं एवं कार्यों को आगे ब?ाया जा सके।

## कुल्लू महाविद्यालय में करियर गाइडेंस पर सेमिनार, विद्यार्थियों को मिला सफलता का मंत्र

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 23 दिसंबर।** कुल्लू महाविद्यालय में ऋैक कार्उसिलिंग एंड गाइडेंस सैल तथा ऋैक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रेरणादायक करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ करियर गाइडेंस सेल के समन्वयक प्रो. राजेश कुमार ने मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के स्वागत के साथ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सपने वही पूरे होते हैं जिनके साथ सही दिशा और निरंतर प्रयास जुड़ा हो। पढ़ाई के साथ उचित मार्गदर्शन सफलता की कुंजी है।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. राकेश राणा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा, कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन यही सफलता का सबसे सटीक रास्ता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे करियर मार्गदर्शन से जुड़े प्रत्येक कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लें। साथ ही उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल सरकारी नौकरी के पीछे न भागकर स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में भी अवसर तलाशने चाहिए।

# स्वास्थ्य व्यवस्था की बेहतरी के लिए गंभीरता से काम करे सरकार : जयराम ठाकुर

## हिम केयर, आयुष्मान सहित केंद्र की स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी तरीके से मिले प्रदेशवासियों को लाभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार को स्वास्थ्य व्यवस्था की बेहतरी के लिए गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। सिर्फ जुबानी जमा खर्च से न प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था सुधरेगी और नहीं मरीजों का बेहतर इलाज हो पाएगा।



प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधारने की दिशा में सरकार को ईमानदारी से तुरंत काम करने की आवश्यकता है। आज हालात यह हैं कि पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और इसका सीधा खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेशवासियों को न तो केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य योजनाओं का समुचित लाभ मिल पा रहा है और न ही राज्य सरकार अपनी योजनाओं का ढंग से क्रियान्वयन कर पा रही है। कागजों में योजनाएं जरूर चल रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि मरीज इलाज के लिए भटकने को मजबूर हैं।

पूरा प्रदेश मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा है। डॉक्टरों, नर्सों, तकनीकी कर्मियों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों के पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार इन्हें भरने के बजाय केवल घोषणाओं और आंकड़ों का खेल खेल रही है। अस्पतालों में न पर्याप्त डॉक्टर हैं, न जरूरी उपकरण और न ही समय पर दवाइयां उपलब्ध हो पा रही हैं।

आईजीएमसी शिमला में बीते दिनों हुई मारपीट की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह घटना सरकार और स्वास्थ्य विभाग के लिए एक गंभीर चेतावनी है। अस्पतालों में अव्यवस्था, भीड़, सुरक्षा व्यवस्था की कमी, काम का अधिक दबाव और प्रशासनिक लापरवाही ऐसी घटनाओं को जन्म दे रही है। सरकार को इस घटना से सबक लेते हुए केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि ठोस कदम उठाने चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए तुरंत खाली पदों को भरना चाहिए, अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करनी चाहिए, दवाइयों और उपकरणों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए तथा केंद्र की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ईमानदारी से काम करना चाहिए। हिम केयर, आयुष्मान सहित केंद्र की स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी तरीके से मिले प्रदेश वासियों को लाभ जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेशवासियों को हिमकेयर, आयुष्मान भारत सहित केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्रभावी और निर्बाध रूप से मिलना चाहिए। ये योजनाएं गरीब, मध्यम वर्ग और जरूरतमंद परिवारों के लिए जीवन रक्षक हैं, लेकिन वर्तमान में इनके क्रियान्वयन में लापरवाही और अव्यवस्था के कारण आम जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है। छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए मरीज को अस्पतालों में भटकना पड़ता है और केंद्र द्वारा बजट दिए जाने के बाद भी बहुत सी दवाएं मरीजों को नहीं मिल पाती हैं।

# बड़खल झील विकास कार्य दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश

कृष्ण पाल गुर्जर की अध्यक्षता में दिशा बैठक, फरीदाबाद में 59 एजेंडों पर हुई विस्तार पूर्ण समीक्षा

जलभराव और सीवर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश, एफएमडीए अधिकारियों से कड़ी जवाबदेही तय

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ




**फरीदाबाद।** जिला फरीदाबाद में आज जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन लघु सचिवालय सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता फरीदाबाद लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने की। उनके साथ ब?खल विधायक धनेश अदलखा और नगर निगम मेयर परवीन जोशी भी मौजूद रही। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कुल 59 एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसमें योजनाओं के बजट व्यय, लाभार्थियों तक पहुंच, जमीनी प्रभाव और पारदर्शिता को प्रमुखता से लिया गया। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने जेसीबी चौक, वाईएमसीए, सीकरी, गुडइयर सहित शहर के प्रमुख जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी एवं सीवर समस्या के स्थायी समाधान को लेकर एफएमडीए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों से कड़ी जवाबदेही तय करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जलभराव की समस्या को किसी भी स्थिति में दोबारा उत्पन्न न होने दिया जाए। उन्होंने प्रमुख ड्रेनेज पॉइंट्स और नालों की समयबद्ध सफाई, पंपिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा जल निकासी तंत्र की पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने तथा पानी निकालने के लिए पंपों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों की गुणवत्ता की जांच हेतु वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और सैम्पलिंग करवाई जाए, ताकि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में पिछली दिशा बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इस दौरान गांव पाली एवं भाकरी में जलभराव एवं सड़कों की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया गया। एनएचएआई द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क मरम्मत कार्य प्रगति पर है, जिसे आगामी दो माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने उपायुक्त को एनएचएआई एवं संबंधित नगर निकाय के साथ संयुक्त बैठक कर जलभराव के स्थायी समाधान का खाका तैयार करने तथा अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, नवादाङ्कभाखरी सड़क एवं संबंधित नालों के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश ठेकेदार को दिए गए हैं।

बैठक में शहर की पेयजल आपूर्ति एवं जलभराव की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल ने निर्देश दिए गए कि एसटीपी प्लांट संबंधित विभाग भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्थायी समाधान की कार्ययोजना तैयार करें, जिसे अमृत योजना फेज-2 में शामिल किया जाए। साथ ही एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की समस्या को जून 2026 तक पूर्ण रूप से हल करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि एनआईटी क्षेत्र में वर्तमान में 11 बूस्टर एवं लगभग 300 ट्यूबवेल कार्यरत हैं, फिर भी 30-35 एमएलडी की कमी बनी हुई है। इस कमी को पूरा करने हेतु एफएमडीए द्वारा 12 नई परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जो वर्ष 2026 तक पूर्ण होंगी।

### सेक्टर-28 की स्मार्ट सिटी रोड के पास बनेगी तीन चाय चौपाल

सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल ने स्मार्ट सिटी रोड सेक्टर-28, फरीदाबाद के संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए। उन्होंने तिरंगा लाइट्स को पूर्ण रूप से क्रियाशील रखने, चाय चौपाल, रेलिंग एवं पौधारोपण कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा लिंक रोड के उचित रखरखाव के निर्देश दिए। साथ ही सेक्टर-28 की स्मार्ट सिटी रोड के आसपास तीन चाय चौपाल स्थापित करने तथा शहर की प्रमुख सड़कों पर तिरंगा लाइट्स लगाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी रोड सेक्टर-28 का सौंदर्यीकरण नई दिल्ली के कर्तव्य पथ की तर्ज पर किया जाए तथा संबंधित अधिकारी स्थल का निरीक्षण कर उसी अनुरूप कार्य योजना तैयार करें। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि बड़खल झील से संबंधित कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश कार्य दिसंबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा शेष लिफ्ट से संबंधित कार्य मार्च 2026 तक पूरा कर हैंडओवर कर दिया जाएगा। बैठक में स्मार्ट सिटी एवं सड़क निर्माण से संबंधित विभिन्न लंबित टेंडरों की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 12 से 18 फीट चौड़ाई की सड़कों, अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिफिकेशन, आरसीसी कार्य एवं मुख्य मार्गों के विकास से जुड़े लगभग 30ङ्क36 करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत हैं, जिनमें से कुछ कार्य लंबे समय से लंबित हैं। राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अंडरग्राउंड केबलिंग, सड़क निर्माण एवं अन्य अधोसंरचना कार्यों में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी एवं नक्शे प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## स्वदेशी महोत्सव में केंद्रीय संचार ब्यूरो की प्रदर्शनी का मंत्रियों ने किया अवलोकन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**पंचकूला, 23 दिसंबर।** स्वदेशी महोत्सव 2025 के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा आयोजित मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का आज हरियाणा मंत्रियों ने अवलोकन किया। इस अवसर पर श्याम सिंह राणा, कैबिनेट मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, और गौरव गौतम, मंत्री, खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी परेड ग्राउंड, सेक्टर-5, पंचकूला में आयोजित की गई, जिसमें केंद्र सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं और पिछले 11 वर्षों की उपलब्धियों को ÷विकसित भारत का अमृत काल ङ्क सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष÷ की थीम के तहत प्रदर्शित किया गया।

केंद्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारी मंजीत और दीपक दहिया (एफपीए) ने मंत्रियों और आम जनता को प्रदर्शनी की थीम, उद्देश्य और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं को डिजिटल डिस्प्ले, एलईडी स्क्रीन और दृश्य-श्रव्य माध्यमों के जरिए सरल और आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया।

मंत्री श्याम सिंह राणा ने कृषि और किसान कल्याण से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी किसानों और ग्रामीण जनता तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुँचाने में अत्यंत उपयोगी है। वहीं, गौरव गौतम ने युवाओं की भागीदारी बढ़ाने वाली गतिविधियों जैसे प्रश्नोत्तरी, चित्रकला प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटकों की प्रशंसा की।

केंद्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनी आम जनता में अत्यंत लोकप्रिय हो रही है और 26 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

## पलवल के बच्चों ने एक रन शिक्षा की ओर कार्यक्रम में किया सहभाग

**पलवल।** मास्टर्स स्पोर्ट्स क्लब, पलवल (पंजीकृत) के तत्वावधान में आयोजित ÷एक रन ङ्क शिक्षा की ओर÷ कार्यक्रम में पलवल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में भुमिक, जसवंत, दक्ष, लक्ष्मी, रिया, कुणाल, ऋषभ, ध्रुव, प्राची, डिंपल, अंशु, बरखा बेनीवाल एवं ललित बेनीवाल शामिल रहे।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के महत्व के साथ-साथ स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। पलवल के बच्चों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ दौड़ में भाग लेकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

क्लब पदाधिकारियों एवं स्थानीय लोगों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया

## बुधवार को भूलकर भी न करें ये काम, वरना रुष्ट हो सकते हैं बुध देव



ज्योतिष अमन राजन

**चंडीगढ़। पौष** माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि बुधवार को पड़ रही है। इस दिन सूर्य धनु राशि में और चंद्रमा शाम 7 बजकर 46 मिनट तक मकर राशि में रहेंगे। इसके बाद कुम्भ राशि में रहेंगे।

द्रिक पंचांग के अनुसार, बुधवार के दिन अभिजीत मुहूर्त नहीं है और राहुकाल का समय दोपहर 12 बजकर 21 मिनट से शुरू होकर 1 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इस तिथि को कोई विशेष पर्व नहीं है, अगर किसी जातक को बुध ग्रह से संबंधित दोष हैं, तो वे बुधवार की पूजा कर निवारण कर सकते हैं।

पौराणिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि बुधवार के दिन गजानन



महाराज की विशेष पूजा करने और व्रत रखने से बुद्धि, ज्ञान और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। अगर कोई भी जातक इस तिथि पर किसी कारणवश व्रत नहीं रख सकता है, तो वे मांस-मदिरा का सेवन, झूठ बोलना, किसी का अपमान करना, बाल या दाढ़ी कटवाना समेत कुछ चीजों से परहेज करें। वहीं, व्रत की शुरुआत करने के लिए आप किसी भी शुक्ल पक्ष के पहले बुधवार से कर सकते हैं और 12 बुधवार व्रत रखकर उद्यापन भी कर सकते हैं।

धर्म ग्रंथों में व्रत की विधि का उल्लेख मिलता है। इसमें बताया गया है कि इस तिथि पर व्रत करने के लिए ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें, फिर मंदिर या पूजा स्थल को साफ करें और गंगाजल छिड़ककर शुद्ध करें। एक चौकी पर कपड़ा बिछाकर पूजन सामग्री रखें, फिर ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा) की ओर मुख करके आसन पर बैठें।

इसके बाद श्री गणेश को दूर्वा और पीले पुष्प अर्पित करें, साथ ही बुध देव को हरे रंग के वस्त्र चढ़ाएं। पूजा के दौरान श्री गणेश और बुध देव के 'ॐ वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥' मंत्रों का जाप करें। फिर व्रत कथा सुनें और उनकी पूजा करें। अंत में, श्री गणेश को हलवे का भोग लगाएं और फिर श्री गणेश व बुध देव की आरती करें। उसके बाद आरती का आचमन करें।

## छात्र-छात्राओं ने लिया शपथ, हम कभी बाल विवाह नहीं करवाएंगे और न होने देंगे

डीसी आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में बाल विवाह के प्रति शपथ अभियान आयोजित

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आज सोमवार को उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी- 2, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसाना, राजकीय मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगांव सहित अन्य कई स्कूलों में बाल विवाह के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को यह शपथ भी दिलाई गयी कि वे किसी भी परिस्थिति में बाल विवाह नहीं करवाएंगे और न ही होने देंगे।

संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी हेमा कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध आमजन से जागरूक और सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह ऐसे मामलों को अनदेखा न करे और समय रहते हस्तक्षेप करे। हेमा कौशिक ने यह भी आश्वासन दिया कि बाल विवाह की सूचना देने वाले शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि लोग निर्भय होकर प्रशासन का सहयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रशासन बाल विवाह की रोकथाम के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और प्राप्त प्रत्येक सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन के उद्देश्य से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत लागू कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने स्पष्ट रूप से बताया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है तथा इसमें संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र, मोहल्ले या गांव में बाल विवाह होने की जानकारी मिलती है, तो संबंधित लोग तत्काल उसे रोकने का प्रयास करें और बिना किसी संकोच के निकटतम पुलिस थाना या पुलिस चौकी को इसकी सूचना दें।

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में 'स्वयं एवं एनपीटीईएल के माध्यम से लर्निंग को अनलॉक ' विषय पर कार्यशाला

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 24 दिसंबर।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक में विद्यार्थियों के कौशल विकास और डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'स्वयं एवं एनपीटीईएल के माध्यम से लर्निंग को अनलॉक करना' विषय पर कुलपति प्रो. बी. एम. यादव एवं रजिस्ट्रार डॉ विनोद कुमार के दिशानिर्देश पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला इंजीनियरिंग संकाय के कौशल विकास कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें लगभग 120 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. एम. यादव एवं रजिस्ट्रार प्रो. विनोद कुमार के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन डीन ऑफ इंजीनियरिंग प्रो. मुकेश सिंगला के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. नवीन कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीन भट्ट तथा स्वयं एवं एमओओसी सेल की नोडल अधिकारी प्रो. संगीता मलिक भी मंच पर मौजूद रहीं।

अपने संबोधन में प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि आज के समय में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि कौशल और व्यावहारिक ज्ञान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विस्तार से बताया कि किस प्रकार विद्यार्थी स्वयं और एनपीटीईएल जैसे राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से निःशुल्क पाठ्यक्रमों में नामांकन कर सकते हैं और आईआईटी द्वारा प्रमाणित सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वयं से अर्जित क्रेडिट विश्वविद्यालय की अकादमिक प्रणाली में सीधे स्थानांतरित हो जाते हैं, जिससे छात्रों को संबंधित विषय की विश्वविद्यालय परीक्षा पुनः देने की आवश्यकता नहीं रहती। प्रो. नवीन कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इन प्लेटफॉर्म्स का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने करियर को मजबूत बनाएं।

## व्हाट्सएप यूजर्स के लिए नया साइबर खतरा बिना ओटीपी अकाउंट हो सकता है हैक

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 23 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस ने आमजन को व्हाट्सएप पर सक्रिय एक नए और गंभीर साइबर फ्रॉड के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी द्वारा 'घोस्ट पेयरिंग' नामक एक खतरनाक हैकिंग कैंपेन को लेकर चेतावनी जारी की गई है, जिसमें साइबर अपराधी बिना पासवर्ड, ओटीपी या सिम स्वैप के ही व्हाट्सएप अकाउंट को अपने कब्जे में ले लेते हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस साइबर ठगी में अपराधी किसी परिचित कॉन्टैक्ट के नाम से व्हाट्सएप पर एक संदिग्ध लिंक भेजते हैं, जैसे ÷ाद्ध, ष्द्धद्गष्म ह्लद्धद्बह्य श्रद्धश्रह्लश्÷ या ÷देखो यह फोटो÷। जैसे ही यूजर इस लिंक पर क्लिक करता है, एक फर्जी फेसबुक या मीडिया व्यूअर पेज खुलता है, जो वेरिफिकेशन के बहाने मोबाइल नंबर डालने को कहता है। सिद्धांत जैन ने बताया कि इस तरीके से ठग बैकग्राउंड में छिपकर यूजर के पुराने मैसेज पढ़ सकते हैं, रीयल-टाइम चैट देख सकते हैं और यूजर की ओर से उसके कॉन्टैक्ट्स को फोटो, वीडियो या मैसेज भेज सकते हैं। इससे न केवल निजता भंग होती है, बल्कि ठगी का दायरा तेजी से फैलता है।

पुलिस अधीक्षक ने सलाह दी कि आमजन किसी भी अनजान या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और किसी बाहरी वेबसाइट पर अपना मोबाइल नंबर, ओटीपी या निजी जानकारी दर्ज न करें।

## कुकिंग प्रतियोगिता नेशनल कलिनरी चैलेंज सीजन 3 का पहला राउंड सफलतापूर्वक आयोजित

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** एनएफसीआई (नेशनल फिनिशिंग एंड कुकरी इंस्टिट्यूट) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित कुकिंग प्रतियोगिता एनसीसी ङ्क 2026 (नेशनल कलिनरी चैलेंज), सीजनङ्क3 का पहला राउंड कल सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की कुकिंग प्रतियोगिता में एनएफसीआई ग्रुप के देशभर से लगभग 1,300 छात्र भाग लेने जा रहे हैं। यह प्रतियोगिता देशभर के उभरते शेफ्स को अपनी कुकिंग प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मंच प्रदान करती है।

इस कुकिंग प्रतियोगिता का पहला राउंड एनएफसीआई के चंडीग? कैंपस में कल आयोजित किया गया, जिसमें चंडीग? के 73 विद्यार्थियों ने दूसरे राउंड में अपनी जगह बनाने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का थीम फ्लावर रिफाइंड की रेसिपी÷ रखा गया था। इस थीम के अंतर्गत प्रतिभागियों ने शुद्ध शाकाहारी भारतीय व्यंजन अपनी पारिवारिक रेसिपी के आधार पर तैयार किए, लेकिन उन्हें अपने अनोखे ट्विस्ट के साथ प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के इस राउंड में बने व्यंजनों का स्वाद और प्रस्तुति का मूल्यांकन शेफ रजनीश (एक्ज़ीक्यूटिव शेफ, विंधम, चंडीगढ़), शेफ दीपक कश्यप (एक्स-एक्ज़ीक्यूटिव शेफ, बेस्ट वेस्टर्न प्लस होटल), अदीस अबाबा, इथियोपिया (ओनर – बुरकिया कैफ़े, मोहाली) ने जज के रूप में किया। जजेस ने छात्रों की क्रिएटिविटी, स्वाद, प्रस्तुति और इनोवेशन की खूब सराहना की।

इसके साथ ही, चंडीगढ़ के प्रसिद्ध सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर – जसप्रीत सिंह , ने रील्स शूट कीं और प्रमोशनल आउटरीच के लिए लाइव अपडेट्स साझा किए। इस अवसर पर सेंटर मैनेजर श्रीमती अनु शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी जैसी प्रतियोगिताएँ छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें प्रोफेशनल इंडस्ट्री के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## जिले के 69 गांवों में एग्री स्टैक आईडी बनाने हेतु कैम्प का आयोजन

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 23 दिसंबर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी डिजिटल पहल एग्री स्टैक के अंतर्गत जिले के 69 गांवों में किसानों की एग्री स्टैक आईडी बनाने के लिए विशेष कैम्पों का आयोजन किया गया। इन कैम्पों का उद्देश्य किसानों को एग्री स्टैक से जोड?र उन्हें सरकारी योजनाओं, कृषि सेवाओं एवं बाजार संबंधी सुविधाओं का लाभ प्रदान करना है।

इसी क्रम में गांव मोहम्मदपुर रोही में आयोजित कैम्प में नायब तहसीलदार विकास, ट्रेनी तहसीलदार रजत वर्मा, खंड कृषि अधिकारी डॉ. जय कुमार भोरिया, कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों, पटवारी रामनिवास, फील्डमैन अनिल कुमार सहित गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को एग्री स्टैक के उद्देश्य, लाभ एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा मौके पर ही एग्री स्टैक आईडी बनाने की प्रक्रिया पूर्ण करवाई। अधिकारियों ने बताया कि जिले के सभी 69 गांवों में इसी प्रकार से कैम्पों का आयोजन किया गया है, जिनमें सेंकड़ों किसानों ने भाग लिया और इस डिजिटल पहल का लाभ उठाया।

एग्री स्टैक भारत सरकार द्वारा विकसित एक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर है, जो कृषि क्षेत्र के लिए एकीकृत डेटाबेस एवं सेवाओं का समूह है। इसके माध्यम से किसान की पहचान, भूमि रिकॉर्ड एवं अन्य महत्वपूर्ण आंकड़ों को डिजिटल रूप से जोड़ा जाता है। इससे किसानों को सटीक जानकारी प्राप्त होती है।

मांग | जिला परिषद चेयरमैन ने सीएम नायब सैनी के समक्ष उठाई महत्वपूर्ण मांग, सौंपा पत्र

## कृषि विश्वविद्यालय को स्वतंत्र दर्जा मिलने से मिलेगी नई पहचान : कर्मबीर

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**ढांड।** जिला परिषद कैथल के चेयरमैन एवं भाजपा के आमंत्रित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कर्मबीर सिंह कौल ने हरियाणा सरकार से जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के जन्मोत्सव पर उत्तर हरियाणा की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने का आग्रह किया है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र देकर कौल स्थित कृषि महाविद्यालय को स्वतंत्र कृषि विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करने और उसका नाम गुरु ब्रह्मानंद महाराज के नाम से करने की मांग की है। चेयरमैन कर्मबीर सिंह कौल ने पत्र में उल्लेख किया कि कैथल जिले के गांव कौल में सन 1972 से चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय संचालित है। वर्तमान में इस महाविद्यालय में कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनके आधार पर इसे विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाना पूर्णतः उचित है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में लगभग 200 एकड़ भूमि, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के लिए कृषि योग्य भूमि, प्रशासनिक भवन, 10 से अधिक प्रयोगशालाएं (कृषि एवं विज्ञान से संबंधित), भाषीय प्रयोगशाला, कंप्यूटर प्रयोगशाला, लड़कों व लड़कियों के लिए पृथक छात्रावास, पुस्तकालय (लगभग 20,000 पुस्तकों सहित), खेल मैदान, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, कबड्डी मैदान सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इसके अतिरिक्त यहां चावल अनुसंधान संस्थान भवन, चावल अनुसंधान हेतु कृषि योग्य भूमि, अनुसंधान प्रयोगशालाएं, अनाज-उपज-बीज भंडारण के लिए विशाल गोदाम, कृषि एवं शोध कार्य हेतु पर्याप्त यंत्र व मशीनरी, मौसम विज्ञान वेधशाला तथा प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त कृषि भूमि भी मौजूद है।

कर्मबीर कौल ने बताया कि प्रस्तावित कृषि विश्वविद्यालय में नर्सिंग स्कूल, डिस्पेंसरी (चिकित्सा सुविधाओं सहित), शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, विश्राम गृह, कर्मचारियों व उनके परिवारों के लिए लगभग 80 इकाइयों का आवास, विशाल सभागार, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समर्पित विभाग, पशुपालन डेयरी विभाग तथा 10 एकड़ में हरा भरा पार्क जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं।

## भूथन कलां में किसान वैज्ञानिक संवाद शिविर का आयोजन

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 23 दिसंबर।** फतेहाबाद उपमंडल के गांव भूथन कलां में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के गन्ना अनुभाग द्वारा किसान वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गन्ना विकास अधिकारी डॉ. रामेश्वर श्योकंद ने की।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को टीएमएस योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि विभाग द्वारा गन्ने की विश्वविद्यालय द्वारा सिफारिशशुदा किस्मों की बुवाई पर प्रोत्साहन स्वरूप 3000 रुपये प्रति एकड़ की दर से सहायता राशि प्रदान की जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए किसान का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है तथा इसके पश्चात कृषि विभाग के पोर्टल पर टीएमएस योजना के अंतर्गत आवेदन किया जा सकता है। योजना के अंतर्गत एक परिवार पहचान पत्र आईडी पर अधिकतम 2 हेक्टेयर तक लाभ दिया जा रहा है तथा यह योजना पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर लागू है। प्रशिक्षण सत्र में किसानों को गन्ने में लगने वाले कीट-पतंगों, रोगों एवं उनके नियंत्रण उपायों की जानकारी दी गई। किसानों को गन्ने की खड़ी फसल का भ्रमण भी करवाया गया। डॉ. ओपी नेहरा ने गन्ने की बुवाई से लेकर कटाई तक तकनीकी जानकारी प्रदान की। किसानों द्वारा अन्य रबी फसलों से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का वैज्ञानिकों ने मौके पर समाधान किया। इस अवसर पर डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. शमशेर सिंह, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, दलीप सिंह, रजत कुमार, जगदीश, कुलदीप, सुभाष आदि उपस्थित रहे।

# साहसिक फैसलों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रही सरकार
## देश का अग्रणी प्राकृतिक खेती राज्य बनकर उभरेगा हिमाचल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में ग्रामीण आबादी की निर्णायक भूमिका को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली से आगमन के उपरान्त कहा कि कृषि आज भी प्रदेश की जीवन रेखा है। राज्य की लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और लगभग 53.95 प्रतिशत लोग प्रत्यक्ष रूप से कृषि एवं इससे जुड़े कार्यों पर निर्भर हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण वर्तमान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसानों और ग्रामीण परिवारों की आर्थिक मजबूती के लिए दूरगामी और निर्णायक सुधार लागू किए गए हैं। प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था, बागवानों के हितों की रक्षा हेतु सेब के लिए यूनिवर्सल कार्टन को लागू करना, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लक्षित सब्सिडी योजनाएं तथा किसानों को अतिरिक्त आय उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से गोबर खरीद की अभिनव पहल जैसे कदम इस दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इन निर्णयों का उद्देश्य ग्रामीण आबादी को अधिकतम लाभ पहुंचाना और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है।

इसी क्रम में राज्य सरकार ने 9.61 लाख किसान परिवारों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव लाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि प्रदेश भर के किसानों के लिए स्थायी और सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस कदम भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बदलाव के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा किसान हितैषी योजनाओं का एक व्यापक ढांचा लागू किया गया है। इसके परिणामस्वरूप राज्य में लगभग 38,437 हेक्टेयर क्षेत्र में 2,22,893 किसान और बागवान पूरी तरह या आंशिक रूप से प्राकृतिक खेती अपना चुके हैं। उन्होंने कहा कि इससे खेती की लागत कम हो रही है, मिट्टी की उर्वरकता में भी सुधार हुआ है और किसानों की आय में आशातीत वृद्धि हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 15 अप्रैल 2025 को चंबा जिले की जनजातीय पांगी उप-मंडल को आधिकारिक रूप से प्राकृतिक खेती उप-मंडल घोषित किया है। यहां के किसान पारंपरिक फसलों के साथ-साथ प्राकृतिक पद्धति से विभिन्न प्रकार की औषधीय जड़ी-बूटियों की खेती कर रहे हैं, जो क्षेत्र की पर्यावरण-अनुकूल कृषि के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

श्री सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने प्राकृतिक खेती से उगाई गई फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। हजारी सरकार ने पहले प्राकृतिक रूप से तैयार की गई मक्का और गेहूं क्रमशः 30 और 40 रुपये प्रति किलो का समर्थन मूल्य निर्धारित किया जिसे इस वर्ष से बढ़ाकर क्रमशः 40 और 60 रुपये प्रति किलो किया गया है। कच्ची हल्दी पर 90 रुपये प्रति किलो और पांगी घाटी में उगाई गई जौ पर 60 रुपये प्रति किलो समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही फलों के समर्थन मूल्य में भी ऐतिहासिक बढ़ोतरी की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के बैंक खाते में सीधे लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और कार्यकुशलता सुनिश्चित हो रही है। गत वर्ष किसानों से 399 मीट्रिक टन प्राकृतिक मक्का की खरीद की गई जिसके लिए उनके बैंक खातों में 1 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए। इस वर्ष 14 नवम्बर से अब तक किसानों से 161.05 क्विंटल मक्का की खरीद गई है। इसके अलावा 2,123 क्विंटल गेहूं की खरीद के लिए 1.32 करोड़ रुपये और छह जिलों में 127 क्विंटल कच्ची हल्दी के लिए 11.44 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।

बाजार से पहचान मजबूत करने के लिए प्राकृतिक खेती के उत्पादों को एक विशेष ब्रांड के तहत लॉन्च किया गया है। मक्का का आटा 'हिम भोग हिम मक्की', गेहूं के उत्पाद 'हिम चक्की आटा' और 'हिम दलिया', तथा कच्ची हल्दी 'हिम हल्दी' के नाम से बेचे जा रहे हैं, जिससे हिमाचली उत्पादों को बेहतर बाजार पहुंच और पहचान मिल रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकार प्राकृतिक खेती के आदान तैयार करने के लिए प्रति ड्रम 750 रुपये की सब्सिडी दे रही है, जिसमें प्रति परिवार अधिकतम तीन ड्रम शामिल हैं। इसके अलावा गोशालाओं के सुधार के लिए प्रति किसान 8,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। देशी नस्ल की गाय खरीदने के लिए 25,000 रुपये तक की सब्सिडी भी उपलब्ध कराई जा रही है।

श्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिम उन्नति (हिम कृषि योजना) के अंतर्गत क्लस्टर आधार पर कृषि और कृषि से संबंधित गतिविधियों को चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया है और प्रदेश में 2600 क्लस्टर अंकित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत चंबा, लाहौल-स्पिति और किन्नौर जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्दी तथा कुछ क्षेत्रों में केसर की खेती को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के इन प्रयासों से राज्य आत्मनिर्भर और सबसे समृद्ध राज्य बनने की ओर अग्रसर होने के साथ-साथ देश का पहला प्राकृतिक राज्य बन कर उभरेगा।

## गरीबों के बच्चों का भविष्य कुचल रही है चण्डीगढ़ प्रशासन की संवेदनहीन नीति
### -रामदरबार कॉलोनी फेज-2 स्कूल में तीन महीने से प्रिंसिपल नहीं - यह प्रशासनिक नहीं, राजनीतिक अपराध है

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह/ चण्डीगढ़। आज कमलेश बनारसी दास, पूर्व मेयर चण्डीगढ़ ने रामदरबार कॉलोनी फेज-2 स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल का औचक दौरा किया। यह दौरा बच्चों और उनके अभिभावकों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद किया गया, जिनमें बताया गया था कि स्कूल में हर 4-5 महीनों में प्रिंसिपल बदले जाते हैं, जिससे पढ़ाई और स्कूल का पूरा माहौल खराब हो रहा है। दौरे के दौरान जो सच्चाई सामने आई, वह बेहद शर्मनाक है।स्कूल में पिछले लगभग तीन महीनों से न तो प्रिंसिपल तैनात है और न ही वाइस प्रिंसिपल। जिस अधिकारी को इस स्कूल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, वह अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल है।यह साफ़ दर्शाता है कि चण्डीगढ़ प्रशासन को कॉलोनी के बच्चों की कोई चिंता नहीं है। शहर के पॉश इलाकों के स्कूलों में तुरंत प्रिंसिपल तैनात कर दिए जाते हैं, लेकिन गरीब बस्तियों के स्कूल भगवान भरोसे छोड़ दिए जाते हैं।




कमलेश बनारसी दास ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अगर इस स्कूल का आने वाला रिज़ल्ट खराब आता है, अगर बच्चे फेल होते हैं, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी चण्डीगढ़ प्रशासन की होगी। बच्चों के भविष्य से हो रहा यह खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह सवाल उठता है कि क्या कॉलोनी के बच्चों को शिक्षा का अधिकार नहीं है? क्या इनके लिए स्थाई प्रिंसिपल लगाना प्रशासन को जरूरी नहीं लगता? क्या कॉलोनी के स्कूलों में पोस्टिंग अफसरों की 卐शान के खिलाफ卐 मानी जाती है?

अक्सर देखा गया है कि अधिकारी कॉलोनी के स्कूलों में पोस्टिंग से बचने के लिए जॉइन करने से पहले ही अपनी बदली शहर के स्कूलों में करवा लेते हैं और प्रशासन चुपचाप सब देखता रहता है। कमलेश बनारसी दास ने यह भी घोषणा की कि वे जल्द ही एजुकेशन सेक्रेटरी, श्रीमती प्रेरणा पुरी से मुलाकात करेंगे और इस स्कूल में तुरंत एक परमानेंट प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल की नियुक्ति की मांग करेंगे। यदि इसके बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, तो कॉलोनीवासी मजबूर होकर बड़ा जन आंदोलन करेंगे। गरीबों के बच्चों को दोयम दर्जे का नागरिक समझने की नीति अब नहीं चलेगी। बच्चों का भविष्य किसी अफसर की लापरवाही या प्रशासन की उदासीनता की भेंट नहीं चढ़ने देंगे।

## चंडीगढ़ में हेल्थ डिपार्टमेंट के सामने सामुदायिक डाग्ज़ के हक़ में बड़ा शांतिपूर्ण प्रदर्शन



अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह/चंडीगढ़। सामुदायिक डाग्ज़ के अधिकारों की रक्षा और उनके खिलाफ हो रही कथित कानूनी अनियमितताओं के विरोध में चंडीगढ़ में पशु कल्याण कार्यकर्ताओं और संवेदनशील नागरिकों द्वारा एक बड़ा शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में शामिल सभी प्रतिभागियों ने काले वस्त्र पहनकर नगर निगम चंडीगढ़ और प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में आकर्षक और प्रभावशाली प्लेकार्ड थामे हुए थे, जिनके माध्यम से सामुदायिक बेज़ुबान जानवरों के प्रति हो रहे अन्याय, पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियमों के उल्लंघन और सुप्रीम कोर्ट तथा पशु कल्याण बोर्ड के दिशा-निर्देशों की अनदेखी को उजागर किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सामुदायिक डाग्ज़ मूक प्राणी हैं और अपने अधिकारों के लिए आवाज़ नहीं उठा सकते। प्रदर्शन का नेतृत्व हर्ष, उपासना, रमनप्रीत और दीक्षा ने किया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सामुदायिक जानवरों के साथ हो रही क्रूरता पर तत्काल रोक लगाई जाए, अवैध रूप से कुत्तों को उठाने की कार्रवाई बंद हो और कानून के तहत मानवीय समाधान अपनाए जाएं। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वे केवल करुणा, संवैधानिक मूल्यों और कानून के पालन की मांग कर रहे हैं। चंडीगढ़ में हेल्थ डिपार्टमेंट के सामने सामुदायिक डाग्ज़ के हक़ में बड़ा शांतिपूर्ण प्रदर्शन चंडीगढ़- सामुदायिक डाग्ज़ के अधिकारों की रक्षा और उनके खिलाफ हो रही कथित कानूनी अनियमितताओं के विरोध में चंडीगढ़ में पशु कल्याण कार्यकर्ताओं और संवेदनशील नागरिकों द्वारा एक बड़ा शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में शामिल सभी प्रतिभागियों ने काले वस्त्र पहनकर नगर निगम चंडीगढ़ और प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में आकर्षक और प्रभावशाली प्लेकार्ड थामे हुए थे, जिनके माध्यम से सामुदायिक बेज़ुबान जानवरों के प्रति हो रहे अन्याय, पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियमों के उल्लंघन और सुप्रीम कोर्ट तथा पशु कल्याण बोर्ड के दिशा-निर्देशों की अनदेखी को उजागर किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सामुदायिक डाग्ज़ मूक प्राणी हैं और अपने अधिकारों के लिए आवाज़ नहीं उठा सकते। प्रदर्शन का नेतृत्व हर्ष, उपासना, रमनप्रीत और दीक्षा ने किया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सामुदायिक जानवरों के साथ हो रही क्रूरता पर तत्काल रोक लगाई जाए, अवैध रूप से कुत्तों को उठाने की कार्रवाई बंद हो और कानून के तहत मानवीय समाधान अपनाए जाएं। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वे केवल करुणा, संवैधानिक मूल्यों और कानून के पालन की मांग कर रहे हैं। चंडीगढ़ में हेल्थ डिपार्टमेंट के सामने सामुदायिक डाग्ज़ के हक़ में बड़ा शांतिपूर्ण प्रदर्शन चंडीगढ़- सामुदायिक डाग्ज़ के अधिकारों की रक्षा और उनके खिलाफ हो रही कथित कानूनी अनियमितताओं के विरोध में चंडीगढ़ में पशु कल्याण कार्यकर्ताओं और संवेदनशील नागरिकों द्वारा एक बड़ा शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में शामिल सभी प्रतिभागियों ने काले वस्त्र पहनकर नगर निगम चंडीगढ़ और प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में आकर्षक और प्रभावशाली प्लेकार्ड थामे हुए थे, जिनके माध्यम से सामुदायिक बेज़ुबान जानवरों के प्रति हो रहे अन्याय, पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियमों के उल्लंघन और सुप्रीम कोर्ट तथा पशु कल्याण बोर्ड के दिशा-निर्देशों की अनदेखी को उजागर किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सामुदायिक डाग्ज़ मूक प्राणी हैं और अपने अधिकारों के लिए आवाज़ नहीं उठा सकते। प्रदर्शन का नेतृत्व हर्ष, उपासना, रमनप्रीत और दीक्षा ने किया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सामुदायिक जानवरों के साथ हो रही क्रूरता पर तत्काल रोक लगाई जाए, अवैध रूप से कुत्तों को उठाने की कार्रवाई बंद हो और कानून के तहत मानवीय समाधान अपनाए जाएं। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वे केवल करुणा, संवैधानिक मूल्यों और कानून के पालन की मांग कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### समाज में उत्कृष्ट सेवा के लिए समाज सेविका व मशहूर फैशन मॉडल शालू गुप्ता को पंचकुला गौरव सम्मान से किया गया सम्मानित




अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ़ । वृध्दो और बेटियों को समर्पित समाज सेविका व मशहूर फैशन मॉडल शालू गुप्ता जो फाउंडर - एनजीओ प्रणाम इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक एवं प्रसिद्ध समाजसेविका को महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी रहने वाली को उल्लेखनीय कार्यों के लिए पंचकुला गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। प्रणाम इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक एवं प्रसिद्ध समाजसेविका शालू गुप्ता द्वारा महिला विकास, स्वरोजगार, डोनेशन कैंप, पर्यावरण संरक्षण ,बेटियों को शिक्षा तथा अन्य सामाजिक बुराइयों से बचने के अथियान सहित अनेक सामाजिक क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। शालू गुप्ता द्वारा स्वदेशी महोत्सव का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना तथा स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. राजेश गोयल एवं यश गर्ग की प्रमुख भूमिका रही। सम्मान प्राप्त करने के बाद शालू गुप्ता ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज के हित में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। वह हमेशा समाज की सेवा करने के लिये हमेशा तैयार रहती है । डॉ. राजेश गोयल एवं यश गर्ग द्वारा समाजसेविका शालू गुप्ता के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज को सशक्त दिशा प्रदान करते हैं । समाजसेविका शालू गुप्ता ने सम्मान प्राप्त करने के अवसर पर कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम और उन सभी महिलाओं की है, जिनके साथ मिलकर समाज सेवा का यह सफर आगे बढ़ रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले सिफी के चेयरमैन राजू वेगेसना, लखनऊ-नोएडा में 'ढ्ढ सिटीज' पर हुई अहम चर्चा

अर्थ प्रकाश/ लखनऊ, 23 दिसंबर। उत्तर प्रदेश को डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) के वैश्विक मानचित्र पर अग्रणी बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में सिफी टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर राजू वेगेसना ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भेंट कर प्रदेश में ढ्ढ आधारित डिजिटल परिवर्तन और लखनऊ व नोएडा में प्रस्तावित 'ढ्ढ सिटीज़' के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में शासन, उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है। उत्तर प्रदेश सरकार मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से ढ्ढ आधारित निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है।



#### 3 वर्षों में निवेश दोगुना करने की योजना

सिफी के चेयरमैन राजू वेगेसना ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बीते 5 वर्षों में सिफी ने उत्तर प्रदेश में लखनऊ और नोएडा में अत्याधुनिक डेटा सेंटर्स की स्थापना के लिए ?12,000 करोड़ से अधिक का निवेश किया है तथा अगले 3 वर्षों में इस निवेश को दोगुना करने की योजना है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में सिफी का ढ्ढ एज डेटा सेंटर शीघ्र ही पूरी तरह तैयार हो जाएगा, जबकि इसके समीप एक बड़े हाइपरस्केल ढ्ढ कैंपस की भी योजना है।

#### गूगल, मेटा और ओरेकल जैसे वैश्विक टेक दिग्गज रणनीतिक साझेदार

नोएडा में सिफी उत्तर भारत के सबसे बड़े ढ्ढ डेटा सेंटर कैंपस 'नोएडा-02' का संचालन कर रहा है, जिसके साथ एक अतिरिक्त ढ्ढ कैंपस विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही सिफी का पहला ग्रीन हाइपरस्केल डेटा सेंटर 'नोएडा-01' वर्तमान में 100 से अधिक एंटरप्राइज, सरकारी और हाइपरस्केल ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर रहा है। मुलाकात में यह भी बताया गया कि लखनऊ और नोएडा के दोनों ढ्ढ क्लस्टर्स को सिफी के राष्ट्रीय फाइबर नेटवर्क के माध्यम से जोड़ा जाएगा, जिससे हाई-स्पीड और लो-लेटेंसी ढ्ढ वर्कलोड्स को सुचारु रूप से संचालित किया जा सकेगा। राजू वेगेसना ने मुख्यमंत्री को यह भी जानकारी दी कि सिफी के डेटा सेंटर बिजनेस में गूगल, मेटा और ओरेकल जैसे वैश्विक टेक दिग्गज रणनीतिक साझेदार हैं, जो उत्तर प्रदेश की वैश्विक तकनीकी पहचान को और मजबूत करेंगे।

## पालमपुर में बच्चों की प्रतिभा का भव्य उत्सव

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

नई दिल्ली 'किड्स वर्सेटिला आइकन ऑफ इंडिया डांस एंड मॉडलिंग कॉम्पिटिशन' का शानदार आयोजन पालमपुर में 21 दिसंबर 2025 को वर्सेटाइल जैग्ज़ एंटरटेनमेंट के तत्वावधान में 'किड्स वर्सेटिला आइकन ऑफ इंडिया डांस एंड मॉडलिंग कॉम्पिटिशन' का भव्य आयोजन किया गया। यह शानदार प्रतियोगिता पालमपुर के प्रतिष्ठित गौरबिका पैलेस में संपन्न हुई, जहाँ भारत के विभिन्न हिस्सों से आए बच्चों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 400 से अधिक दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही, जिसने पूरे आयोजन को एक उत्सव का रूप दे दिया।



इस कार्यक्रम के शो ऑर्गनाइज़र जग्गी औलख रहे, जिनके कुशल नेतृत्व और मेहनत से यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा। प्रतियोगिता में 50 से अधिक बच्चों ने डांस और मॉडलिंग के विभिन्न वर्गों में भाग लेकर मंच पर आत्मविश्वास, रचनात्मकता और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही स्पेशल वॉक में 30 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।शो के केरोग्राफ़र एंड ग्रूमर अयांश शर्मा एंड अमनदीप शर्मा रहे ।

कार्यक्रम की ब्रांड एंबेसडर सोनाली शर्मा भी शो में विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने पूरे आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी मौजूदगी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और कार्यक्रम की गरिमा में चार चाँद लगा दिए। शो के दौरान विभिन्न कलाकारों और सहयोगियों को उनके योगदान के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मॉडलिंग प्रतियोगिता के विजेता
किड्स बॉय (3ङ्क6 वर्ष) वर्ग में
विजेताः विवान राणा
प्रथम रनर-अपः न्याव कोहली
द्वितीय रनर-अपः आकर्ष
तृतीय रनर-अपः श्रेयांश
किड्स गर्ल्स वर्ग में
विजेताः आश्वी
प्रथम रनर-अपः प्रियाना
जूनियर (7-14 वर्ष) गर्ल्स वर्ग में
विजेताः समायरा
प्रथम रनर-अपः धृति शर्मा
द्वितीय रनर-अपः अद्विका
तृतीय रनर-अपः नव्या
जूनियर बॉयज़ वर्ग में
विजेताः तेजस चोपड़ा
प्रथम रनर-अपः जतिन शर्मा
द्वितीय रनर-अपः आर्यन कटोच
डांस प्रतियोगिता के परिणाम
3ङ्क6 वर्ष आयु वर्ग में
विजेताः आरूही सोनी
द्वितीय स्थानः एवाक सूद
7-14 वर्ष आयु वर्ग में
विजेताः जतिन शर्मा
द्वितीय स्थानः धृति शर्मा और आरूही
तृतीय स्थानः दिव्यांश
चतुर्थ स्थानः प्रैसी
डुएट डांस में
विजेताः आरूही और दिव्यांश

कार्यक्रम में कई वीवीआईपी अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें रुमित सिंह ठाकुर, एस्ट्रो प्रो. बख्शीश सिंह बावा, गुरशरण सिंह, अमित डोगरा, मनीषा शर्मा, वरुण धीमान और शीला ,मीनाक्षी शर्मा ,दीपांशु प्रसार,राकेश सक्रोच ,भरत राज केवट ,पूजन भंडारी ,एंकर विजय कुमार ,राकेश कथूरिया शामिल थे।

मेकअप स्पॉन्सर टीम शिवली एंड अंशुल कोल्ही और रिशु रहे। एंकर की भूमिका बखूबी सेलिब्रिटी एंकर एलेक्स ने निभाई । क्राउन होल्डर का टैग अन्वेषा कंसल और संदली ठाकुर के नाम रहे ।

शो के जज डायमंड मयूरी और अलका श्रीवास्तव रहीं, जबकि सुपर जूरी की भूमिका पंकज जम्वाल ने निभाई।

इस आयोजन को सफल बनाने में इवेंट सपोर्टर और टीम मेंबर के रूप में मंजू बाला, विकास राणा, अर्पित सूद, पंकज पठानिया और सारिका का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

को-पार्टनर के रूप में टीम टैलेंट ऑफ हिमाचल ने सहयोग किया। साथ ही सेलिब्रिटी गेस्ट योर एचआर और किड्स स्टार एक्टर अन्वित की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।

कुल मिलाकर, ÷किड्स वर्सेटिला आइकन ऑफ इंडिया डांस एंड मॉडलिंग कॉम्पिटिशन÷ बच्चों की प्रतिभा को पहचान देने, उनका आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें एक राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करने की दिशा में एक यादगार और प्रेरणादायक आयोजन साबित हुआ।

## आईजीएमसी घटना की जांच 24 दिसंबर तक पूरी कर कार्रवाई के निर्देश, मुख्यमंत्री सुक्खू सख्त

**सीनियर रेजिडेंसी के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग शुरू करने के आदेश, चिकित्सा संस्थानों में अनुशासन पर जोर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय (आईजीएमसी) शिमला में 22 दिसंबर को हुई घटना की जांच 24 दिसंबर 2025 तक पूरी कर शीघ्र उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी भी संस्थान में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पेशेवर व्यवहार में सौम्यता व संयम अनिवार्य है।

आज यहां स्वास्थ्य विभाग, आईजीएमसी शिमला और निदेशालय चिकित्सा शिक्षा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने चिकित्सा शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों और आईजीएमसी में हुई घटना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से घटना से जुड़े सभी तथ्यों की विस्तृत जानकारी ली और निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर संस्थान में कार्यरत पेशेवरों का व्यवहार शांत और मर्यादित होना चाहिए, क्योंकि इससे न केवल उनके व्यक्तित्व बल्कि पूरे संस्थान की छवि झलकती है। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी से पढ़ाई करने वाले चिकित्सकों ने देश और विदेश में प्रदेश का नाम रोशन किया है, ऐसे में इस तरह की घटनाएं निंदनीय हैं। श्री सुक्खू ने निदेशालय चिकित्सा शिक्षा को निर्देश दिए कि सीनियर रेजिडेंसी के लिए चिकित्सा महाविद्यालयों में आने वाले चिकित्सकों को अनिवार्य रूप से इंडक्शन ट्रेनिंग प्रदान की जाए। उन्होंने सीनियर रेजिडेंसी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले तीन वर्षों में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कई महत्वाकांक्षी पहल की हैं। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए विश्वस्तरीय मानकों को अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने के साथ-साथ इसे आदर्श बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास व विस्तार के लिए 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत स्वास्थ्य संस्थानों में दो दशकों से इस्तेमाल हो रहे पुराने चिकित्सा उपकरणों को चरणबद्ध तरीके से अत्याधुनिक उपकरणों से बदला जा रहा है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने चिकित्सा शिक्षा से संबंधित विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए।

## आर्टेमिस हॉस्पिटल्स में दो सफल लंग ट्रांसप्लांट, मरीजों को मिली नई जिंदगी

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

**गुरुग्राम, 23 दिसंबर।** आर्टेमिस हॉस्पिटल्स ने दो जटिल और लाइफ-सेविंग लंग ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक कर मेडिकल के क्षेत्र में एक अहम उपलब्धि हासिल की है। इनमें एक विदेशी और एक भारतीय मरीज शामिल हैं, जिन्हें इस प्रक्रिया से नया जीवन मिला। यह उपलब्धि लंग ट्रांसप्लांटेशन में अस्पताल की विशेषज्ञता और उन्नत सुविधाओं को दर्शाती है।

इन ट्रांसप्लांट्स का उद्देश्य उत्तर भारत के मरीजों के लिए फेफड़ा प्रत्यारोपण को अधिक सुलभ बनाना है, ताकि उन्हें इलाज के लिए दूर दक्षिण भारत न जाना पड़े। इससे मरीजों और उनके परिवारों पर पड़ने वाला शारीरिक, मानसिक और आर्थिक बोझ भी कम होता है।

आर्टेमिस हॉस्पिटल्स ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. देवलीना चक्रवर्ती ने कहा, 'अंग प्रत्यारोपण सिर्फ एक मेडिकल प्रक्रिया नहीं, बल्कि जीवन को दोबारा शुरू करने का अवसर है। ये दोनों सफल मामले हमारी टीम की प्रतिबद्धता और अनुभव को दर्शाते हैं।'

विदेशी मरीज त्रिनिदाद एंड टोबैगो के 54 वर्षीय जॉन एंड्र्यू मोलेंथियल गंभीर फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित थे और उन्हें लगातार अधिक ऑक्सीजन की जरूरत पड़ रही थी। उनकी स्थिति जटिल थी, क्योंकि शरीर द्वारा नए अंग को अस्वीकार किए जाने का खतरा अधिक था। मेडिकल टीम ने इम्यून मॉड्यूलेटिंग थेरेपी और फिजियोथेरेपी के जरिए उन्हें सर्जरी के लिए तैयार किया। जालंधर से डोनर लंग मिलने के बाद ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से अंग को गुरुग्राम लाया गया और 3 दिसंबर को सफल ट्रांसप्लांट किया गया। कुछ ही हफ्तों में वह खुद चलने-फिरने लगे।

दूसरा ट्रांसप्लांट उत्तर प्रदेश के आईटी एक्जीक्यूटिव पुष्पेंद्र कुमार का किया गया, जो एडवांस्ड इंटरस्टिशियल लंग डिजीज से पीड़ित थे। सितंबर में आर्टेमिस आने के बाद उनका इलाज और शारीरिक क्षमता सुधारने पर ध्यान दिया गया। नवंबर में उनका सफल ट्रांसप्लांट किया गया और अब वह बिना परेशानी सांस ले पा रहे हैं तथा अपने रोजमर्रा के काम कर पा रहे हैं।

इस पूरी प्रक्रिया में डॉ. संदीप . अट्टावर, डॉ. बिस्वरूप पुरकायस्थ, डॉ. श्वेता बंसल और डॉ. कुलदीप सिंह सहित विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम शामिल रही। डॉक्टरों ने बताया कि एंड-स्टेज लंग डिजीज से जूझ रहे मरीजों के लिए लंग ट्रांसप्लांट जीवन रक्षक साबित हो सकता है, बशर्ते सही मूल्यांकन, उपयुक्त डोनर और परिवार का सहयोग मिले।

इन सफल ट्रांसप्लांट्स ने न केवल दो लोगों की जान बचाई, बल्कि यह भी साबित किया कि अंगदान के माध्यम से कई जिंदगियों को नई उम्मीद दी जा सकती है।



# दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज हुई कैबिनेट मीटिंग पर जानकारी देते हुए कहा

अर्थ प्रकाश/अनिल गुप्ता

**नई दिल्ली।** आज कैबिनेट में कुछ अहम फैसले हुए जिससे आने वाले समय में प्रदूषण पर मार होगी पहला, कई बसें DEMS से खत्म कर के 100% DTC शुरू करेगी. हमारे ड्राइवर और कंडक्टर्स को इससे काम मिलेगा दूसरा, होंडाबी कला में श्व वेस्ट पार्क का टेंडर दिया जाएगा दिल्ली में पहला ऐसा प्लांट होगा. यह 100% नॉर्म्स को फॉलो करेगा जिसमें न वाटर पॉल्यूशन न और पॉल्यूशन होगा. पोल्यूशन के मापदंड लागू होंगे दिल्ली के अंदर तकरीबन एक हजार से ज्यादा ऐसी वाटर बॉडीज हैं जिनको जिंदा करना है उसमें से दिल्ली सरकार के पास 134 हैं, कुल 160 हैं स्व्ष्ठ मिला कर यह प्रदूषण रोकथाम में सार्थक कदम है. दिल्ली में ग्रेप 4 के साथ नो PUC NO स्न्श्वरु चल रहा था। उसको ग्रेप 4 हटने पर भी लागू किया जाएगा अभी तक हमें 12 ऐसे PUC सेंटर मिले जिनके मापदंड ठीक नहीं थे उन्हें नोटिस भेज दिया गया है और ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है. इनकी जगह नए आएंगे जो गड़बड़ पाई गई उसमें सख्त कार्रवाई होगी इस कदम में कोई किसी तरह की बेइमानी करता है तो वह अपराध है 4 नए ऑटोमैटिक टेस्टिंग स्टेशन को भी मुख्यमंत्री द्वारा हरि झंडी दी गई है दिल्ली में जो हाई राइज बिल्डिंग पर ऑप्शन दिया गया है कि MIST जो हमारा कामयाब कॉन्सेप्ट है उसको इन बिल्डिंग के पास लाया जा सकता है क्योंकि यह डस्ट मिटिगेशन के लिए कारगर कदम है. 411 अब तक डीपीसीसी और 400 MCD ने पॉल्यूशन इंडस्ट्री को सील किया गया. हम जो कदम उठाए जा सकते हैं वो उठा रहे हैं आज मौसम खराब रहने की आशंका है. हम और भी कदम उठाने की कोशिश कर रहे हैं जो प्रदूषण रोकथाम में कारगर है।




## कांस्टेबल की बहादुरी से हादसा बड़ा टला




अर्थ प्रकाश/ अनिल गुप्ता अर्थ प्रकाश दिल्ली / नई दिल्ली जलता हुआ सिलिंडर एक अच्छे खासे बम की तरह होता है द्ध आज मोहन गार्डन में , एक चार मंजिला इमारत में सिलेंडर विस्फोट की खबर मिली थी। हमेशा की तरह सबसे पहले पहुंची दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल अनिल ने देखा की गैस सिलिंडर मे आग लगी हुई है और कई परिवार फसें हुई है अनिल मे अपनी जान की परवाह ना करते हुई अपनी बहादुरी और तेजी से कार्रवाई करके जलते सिलेंडर को बाहर निकला और एक बड़ी दुर्घटना को रोक दिया। मैं कांस्टेबल अनिल की बहादुरी को सलाम करता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे आगे भी इसी तरह की बहादुरी और सेवा भावना के साथ अपना काम करते रहेंगे। जय हिन्द जय भारत.

## इंद्रपुरी-नारायणा रेलवे पुल पर लंबे समय से रुके निर्माण कार्य का अब विधिवत शुभारंभ



अर्थ प्रकाश/ अनिल गुप्ता अर्थ प्रकाश दिल्ली / नई दिल्ली इंद्रपुरी–नारायणा रेलवे पुल पर लंबे समय से रुके निर्माण कार्य का अब विधिवत शुभारंभ हो गया है। पूर्व में संबंधित विभागों के साथ की गई बैठक और दिए गए निर्देशों के पश्चात आज स्थल पर पहुँचकर निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया गया। इस पुल के निर्माण से इंद्रपुरी और नारायणा के नागरिकों को आवागमन में हो रही असुविधा से स्थायी राहत मिलेगी। नया और सुव्यवस्थित पुल क्षेत्र के लोगों के लिए सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक संपर्क मार्ग प्रदान करेगा। राजेंद्र नगर विधानसभा के लिए यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कर नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए संबंधित विभागों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखा जा रहा है।

## रानी हो की प्रतिमा कोरिया पार्क (अयोध्या) में होगी स्थापित

अर्थ प्रकाश/ अर्थ प्रकाश हनुमान शरण पांडे/ अयोध्या। भारत दक्षिण कोरिया के सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊंचाई देने के उद्देश्यसे कोरिया की महारानी क्वीन हो की भव्य प्रतिमा अयोध्या में आ गई है इस प्रतिमा को सरजू नदी से सटे कोरिया पार्क में स्थापित होगी। अनावरण की समस्त तैयारी पूरी हो गई है। 24 दिसंबर को 10 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण होगा इस अवसर पर कोरिया से आए प्रतिनिधि मंडल की मौजूदगी समारोह को अंतरराष्ट्रीय गरिमा प्रदान करेगी समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम ऑन के साथ–साथ भारत पूजा के ऐतिहासिक और भावनात्मक संबंधों में भी रेखांकित किया जाएगा। अयोध्या राजकुमारी क्वीन हो ने दक्षिणकोरिया में जाकर वहां के राजा से विवाह किया था जिससे व दक्षिणी कोरिया के हजारों बर्फ पुरानी संबंधों की नई पड़ी है इसी स्मृति को जीवंत रखने के लिए अयोध्या में स्थित कोरिया पार्क में यह प्रतिमा स्थापित की जा रही है। सरजू नदी के तट पर स्थित कोरिया पर की स्थापना वर्ष 2000 में की गई थी 2021 में करीब 22 करोड़ की लागत से कोरिया पार्क का विस्तार किया गया। दक्षिण कोरिया की रानी सुरी रत्ना अयोध्या की राजकुमारी अयोध्या और दक्षिण कोरिया का प्राचीन संबंध है। दक्षिण कोरिया की रानी परी रत्न अयोध्या की राजकुमारी थी उन्होंने 2000 वर्ष पहले जल मार्ग से कोरिया की यात्रा की थी उन्होंने वहां के नरेश किमसूरो से विवाह कर लिया था इसके बाद उनका नाम रानी हो हो गया वर्तमान में क्यों वंश के लोगों की आबादी करीब 60 लाख है यह दक्षिण कोरिया की कुल आबादी का 10प्र. है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री और पायलट में हुई हाथापाई, पायलट पर एफआईआर दर्ज

अर्थ प्रकाश/ नई दिल्ली । दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल–1 पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट द्वारा एक यात्री पर हमला करने के तीन दिन बाद, दिल्ली पुलिस को दोनों की शिकायतें मिलीं। पुलिस ने यात्री अंकित दीवान की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। अंकित दीवान ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार को एयरपोर्ट के टर्मिनल–1 पर ऑफ–ड्यूटी पायलट ने उन पर हमला किया। अंकित दीवान ने घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दीवान ने बताया कि विवाद तब शुरू हुआ जब उन्होंने कुछ स्टाफ सदस्यों के सिक्योरिटी चेकपॉइंट पर लाइन तोड़ने पर चिंता जताई। इसके बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पायलट को सस्पेंड कर दिया है। पहले बयान जारी करते हुए एयरलाइन ने कहा कि घटना के समय पायलट ऑफ–ड्यूटी था और एक यात्री के तौर पर यात्रा कर रहा था। बयान में यह भी कहा गया है कि यह पूरी तरह से दो यात्रियों के बीच का निजी मामला था और इसका उसके प्रोफेशनल रोल या एयरलाइन से कोई लेना–देना नहीं था। एयरलाइन ने कहा कि वह अगले हफ्ते घटना के सभी पहलुओं की जांच के लिए एक आंतरिक जांच करेगी। सूत्रों ने पहले बताया था कि घटना के बाद ऑफ–ड्यूटी पायलट बाद में बेंगलुरु के लिए इंडिगो की फ्लाइट में सवार हो गया था। कैप्टन सेजवाल ने अंकित दीवान पर बहस में जाति–आधारित टिप्पणी करने और उनके परिवार की महिला सदस्यों, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है, को धमकी देने का आरोप लगाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### गाँव-गाँव पहुँचा जनजागरूकता अभियान एनसीसी कैडेट बने स्वच्छता केसंदेशवाहक



अर्थ प्रकाश/ अर्थ प्रकाश पांडे शरण पांडे/ अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के आवासीय परिसर में संचालित 10/65 कंपनी एनसीसी द्वारा व्यापक स्वच्छता एवं जन–जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह के विशेष निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स ने चाँदपुर हरबंस, घोसियाना, पूरे हुसैन सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय सहभागिता के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान कैडेट्स ने ग्रामीणों को स्वच्छता के सामाजिक, स्वास्थ्यगत एवं पर्यावरणीय महत्व के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में दी गई। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, जन–धन योजना, आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना तथा एक जनपद–एक उत्पाद योजना की पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और विकास के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। ग्रामीणों ने एनसीसी कैडेट्स के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे अभियानों की अपेक्षा व्यक्त की। अभियान में डॉ. प्रतिभा, डॉ. श्याम बहादुर, डॉ. रविन्द्र भारद्वाज, सीनियर अंडर ऑफिसर प्रसिद्ध यादव, अंडर ऑफिसर सुनैना यादव, अंडर ऑफिसर लक्ष्मी चौधरी सहित लगभग 65 एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की।

### दिल्ली में सिख दंगा पीड़ितों के 36 परिवारों को मिलेगी सरकारी नौकरी दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने सौंपा नियुक्ति पत्र



अर्थ प्रकाश / अनिल गुप्ता अर्थ प्रकाश दिल्ली / नई दिल्ली: दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 1984 सिख दंगा पीड़ितों के 36 परिवारों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए उन्होंने कहा कि नियमों को सरल बनाकर पीड़ितों के दु:ख को कम करने का प्रयास किया गया है कई वर्षों से आस लगाए बैठे परिवारों को अब राहत मिली है ।सीएम रेखा गुप्ता ने कहा है कि वर्षों से मन मे आस लगाए बैठे परिवारों को पिछली सरकारों की दरवाजों पर धक्के खाते रहे है अपनी तकलीफ बताते रहे मुझे खुशी है कि गुरु साहिब ने ये सेवा हमें दी है बाकी जो सूची बचीं है उसके तहत भी जल्द ही लोगों को नियुक्त पत्र दिए जाएंगे और उम्र, शिक्षा की बंदिशों को हटा दी गई है क्योंकि सरलीकरण किया गया ताकि सच में उन्हें राहत मिल सके . 1984 सिख दंगा हमारे इतिहास का दर्दनाक अध्याय है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे पीड़ित परिवार को न्याय और सम्मान दिलाने के निरंतर प्रयास किया गया है उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए हमारी सरकार प्रभावित परिवारों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए ठोस कदम उठा रही है . यह मदद नहीं जिम्मेदारी है यह औपचारिकता नहीं सम्मान है और यह अतीत को याद रखते हुए भविष्य को सुरक्षित करने का एक सच्चा प्रयास है इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे

### गंगा लिंक एक्सप्रेसवे को मिली रफ्तार, निर्माण के लिए 1246 करोड़ रुपये का प्रावधान

अर्थ प्रकाश / नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुपूरक बजट में नोएडा और आस–पास के क्षेत्रों के विकास को बड़ी सौगात दी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए ग्रीनफील्ड गंगा लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है, जिसके लिए 1246 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक विकास और बेहतर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार गंगा एक्सप्रेसवे को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए 74 किलोमीटर लंबे नए लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण करेगी। यह ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बुलंदशहर के स्याना से शुरू होकर यमुना सिटी में फिल्म सिटी के पास यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा ।इस 74 किलोमीटर लंबे लिंक एक्सप्रेसवे का करीब 21 किलोमीटर हिस्सा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यमुना अथॉरिटी) क्षेत्र में आएगा। इसमें से लगभग 9 किलोमीटर का हिस्सा एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के रूप में बनाया जाएगा। इसके अलावा यमुना सिटी के सेक्टर क्षेत्र में 24 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय आवागमन को सुविधा मिलेगी।यमुना अथॉरिटी अपने क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अगले महीने से शुरू करेगी।

## जिला स्तरीय दूसरा गतका टूर्नामेंट 25 दिसंबर को मोहाली में

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 23 दिसंबर 2025।** गतका एसोसिएशन जिला एस.ए.एस. नगर द्वारा दूसरा जिला स्तरीय गतका टूर्नामेंट का आयोजन गुरुवार, 25 दिसंबर को सेक्टर-91 स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार के निकट किया जा रहा है। यह आयोजन गतका एसोसिएशन ऑफ पंजाब के तत्वावधान में होगा जो नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एन.जी.ए.आई.) से संबद्ध है।



यह जानकारी देते हुए वर्ल्ड गतका फेडरेशन के अंतरराष्ट्रीय मामलों के निदेशालय के चेयरमैन फूल राज सिंह ने बताया कि जिले भर से लगभग दस गतका टीमें प्रतियोगिता में भाग लेंगी। यह टीमें पारंपरिक सिख जंगजू कला के प्रदर्शन के साथ-साथ प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबलों में भी अपनी प्रतिभा दिखाएँगी। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य उभरते खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करना और जिला स्तर पर गतका की जमीनी संरचना को मजबूत करना है।

फूल राज सिंह ने आगे कहा कि यह प्रतियोगिता गतका को केवल एक सांस्कृतिक विरासत के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक सुव्यवस्थित और विनियमित खेल के रूप में स्थापित करने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

गतका एसोसिएशन ऑफ पंजाब के कोऑर्डिनेटर हरसिमरन सिंह और शैरी सिंह ने कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताएँ प्रतिभा की पहचान, युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि इस आयोजन से आसपास के क्षेत्रों से दर्शकों के आने की भी उम्मीद है जिससे शहरी पंजाब में गतका की बढ़ती पहचान को और बल मिलेगा।

## नरदेव सिंह कंवर ने नई दिल्ली में संयुक्त सचिव से भेंट की

- मनरेगा राशि केंद्र शासित प्रदेशों की तर्ज पर व्यय करने की मांग
- पात्र श्रमिकों की फिजिकल वेरीफिकेशन करवा रहा बोर्ड
- पात्र परिवारों को घर निर्माण के लिए प्रदान किए जा रहे 3-3 लाख रुपये
- प्रशासनिक व्यय को बढ़ाने का भी किया आग्रह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने आज नई दिल्ली में संयुक्त सचिव श्रम एवं रोजगार आशुतोष ए.टी. पेडणेकर से भेंट कर लेबर चौक, मनरेगा श्रमिक, सेस पोर्टल व प्रशासनिक व्यय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। संयुक्त सचिव ने कहा कि प्रदेश कामगार कल्याण बोर्ड को लेबर चौक व सेस पोर्टल से संबंधित पूरी सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही बोर्ड को एक एक विशेषज्ञ टीम भी उपलब्ध करवाई जाएगी। मनरेगा के अंतर्गत नए कानून में जो राशि 90:10 के अनुपात से व्यय होनी है, उसे केंद्र शासित प्रदेशों की तर्ज पर करने पर विचार किया जाएगा।

नरदेव कंवर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश हर वर्ष आपदा से जूझ रहा है जिससे जानमाल का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश को केंद्र शासित प्रदेशों की तर्ज पर केंद्रीय लाभ प्रदान किए जाएं।

संयुक्त सचिव ने सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। नरदेव सिंह कंवर ने वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार प्रशासनिक व्यय को बढ़ाने का भी आग्रह किया। इस पर संयुक्त सचिव से अलग से प्रस्ताव भेजने और उसके मुताबिक राशि बढ़ाने का भरोसा दिलाया।



नरदेव सिंह कंवर ने संयुक्त सचिव को बोर्ड की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया की बोर्ड में व्यापक सुधार करते हुए पात्र श्रमिकों की फिजिकल वेरीफिकेशन की जा रही है तथा उसके बाद ही लाभ जारी किए जा रहे है। संयुक्त सचिव ने इस कदम की प्रशंसा करते हुए कहा की बोर्ड की बेहतरी के लिए यह कदम दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसका लाभ श्रमिकों को मिल रहा है। अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने अवगत करवाया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू द्वारा विधवा, एकल, दिव्यांग व निराश्रित श्रमिक वर्ग की महिलाओं को योजना के तहत घर निर्माण के लिए 3-3 लाख रुपये प्रदान किए जा रहे है, जिस पर आशुतोष ए.टी. पेडणेकर ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## प्रशिक्षण, प्रशिक्षा, प्रमाणन: एन.जी.ए.आई. द्वारा गतका ऑफिशिएटिंग नए युग में प्रवेश

- गतका कोचिंग व जजमेंट पेशेवर ढांचे की अगली अवस्था में पहुँचा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एन.जी.ए.आई.) द्वारा पिछले दिनों चंडीगढ़ के सेक्टर-53 स्थित गुरुद्वारा बाबे के में आयोजित तीसरे राष्ट्रीय गतका रिफ्रेशर कोर्स के दौरान तीन दिनों तक गतका ऑफिशिएटिंग का प्रशिक्षण, प्रशिक्षा, प्रमाणन हुआ। यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम किसी सामान्य प्रशिक्षण शिविर से कहीं आगे था जिसमें गहन सैद्धांतिक अध्ययन, व्यवहारिक प्रशिक्षण और औपचारिक मूल्यांकन की एक सुदृढ़ प्रक्रिया शामिल रही।

देश के विभिन्न राज्यों से आए गतका रेफरी, जज, तकनीकी अधिकारीयों (ऑफिशियलज) ने इस कोर्स में भाग लिया जिसे तकनीकी दक्षता को मजबूत करने, नियमों का एकरूप अनुपालन सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की बढ़ती आवश्यकताओं के अनुरूप रेफरी और जजों को तैयार करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। इस शिविर का संचालन इंटरनेशनल सिख मार्शल आर्ट काउंसिल के उप चेयरमैन सुखचैन सिंह कलसानी के मार्गदर्शन में किया गया। हरसिमरन सिंह, शैरी सिंह व नरिंदरपाल सिंह ने कैंप कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभाई जबकि अन्य इंतज़ाम की ज़िम्मेदारी व बलजीत सिंह सैनी ने निभाई। इस कार्यक्रम की समग्र देखरेख एन.जी.ए.आई. के अध्यक्ष एडवोकेट हरजीत सिंह ग्रेवाल द्वारा की गई।

### तकनीकी आधार का निर्माण

पहले दिन आयोजित कक्षा सत्र में एडवोकेट हरजीत सिंह ग्रेवाल ने प्रतिभागियों को गतका और सिख मार्शल आर्ट की बुनियादी अवधारणाओं के अलावा आधुनिक खेल गतका को उसके ऐतिहासिक और तकनीकी संदर्भ में अवगत कराया। इसके बाद माहिर रेफरीज ने सैद्धांतिक कक्षाओं में गतका उपकरण, फाउल और उनका वर्गीकरण, मैदान चिह्नांकन, टीम पंजीकरण प्रक्रियाएं और ड्रॉ तैयार करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

गतका ऑफिशियलज की भूमिकाओं और दायित्वों पर केंद्रित एक विशेष सत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि मुकाबलों के दौरान निष्पक्षता और अनुशासन बनाए रखना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी है। शाम को विस्तारित व्यवहारिक सत्र में वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने अभ्यास ड्रिल्स और नकली मुकाबला स्थितियों के माध्यम से सैद्धांतिक ज्ञान को मैदान पर लागू किया।

### प्रतियोगिता योजना और नियमों की व्याख्या

दूसरे दिन सुबह व्यवहारिक प्रशिक्षण में ऑफिशिएटिंग, पोजिशनिंग और आपसी समन्वय को मजबूत किया गया। दिन भर में सैद्धांतिक सत्रों में अद्यतन अंतरराष्ट्रीय नियमों, टूर्नामेंट योजना, अंक निर्धारण प्रणाली और विवाद निपटाने में जूरी की भूमिका पर चर्चा हुई।

गतका खेल के भविष्य को लेकर विचार-विमर्श, ओवरऑल चैंपियन तय करने की प्रक्रिया और रिकॉर्ड संधारण जैसे विषयों ने यह स्पष्ट किया कि यह पारंपरिक खेल अब पेशेवर इवेंट प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। शाम की व्यवहारिक कक्षाएं में अधिकारियों को वास्तविक टूर्नामेंट दबाव की तरह तैयार किए गए नकली मुकाबलों में निर्णय लेने की क्षमता परखने का अवसर मिला।

### निर्णय-निर्माण और प्रमाणन

तीसरे और अंतिम दिन का फोकस ऑफिशिएटिंग के सबसे संवेदनशील पहलुओं पर रहा। सैद्धांतिक कक्षाओं में वॉकओवर निर्णय, टाई-ब्रेकर्स, गोल्डन प्वाइंट और जजमेंट डेस्क व तकनीकी टेबल की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। एक सामान्य चर्चा और फीडबैक सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी शंकाएं रखीं, अनुभव साझा किए और प्रतियोगिताओं के दौरान सामने आने वाली जटिल परिस्थितियों पर स्पष्टता प्राप्त की।

अंतिम दिन का प्रमुख आकर्षण एन.जी.ए.आई. द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा रही। इस परीक्षा में गतका ऑफिशियलज का मूल्यांकन नियमों, स्कोरिंग प्रणाली, फाउल प्रबंधन, सुरक्षा प्रोटोकॉल और प्रतियोगिता प्रक्रियाओं की समझ के आधार पर किया गया। इस मूल्यांकन के आधार पर अधिकारियों की ग्रेडिंग और प्रमाणन किया जाएगा जो आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उनकी ऑफिशिएटिंग पात्रता तय करेगा। एडवोकेट हरजीत सिंह ग्रेवाल के अनुसार इस परीक्षा और प्रमाणन प्रक्रिया का उद्देश्य जवाबदेही बढ़ाना, ऑफिशिएटिंग में निरंतरता सुनिश्चित करना और तकनीकी अधिकारियों की गरिमा को बनाए रखना है।

### कोर्स पर प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया

प्रतिभागियों ने इस रिफ्रेशर कोर्स को अब तक आयोजित सबसे चुनौतीपूर्ण और परिवर्तनकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम बताया। छत्तीसगढ़ के अमन सिंह ने कहा कि संरचित सैद्धांतिक सत्रों और व्यवहारिक प्रशिक्षण के संयोजन से उन्हें ऑफिशिएटिंग की समग्र जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली।

महाराष्ट्र के पांडुरंग अंभूरे ने कहा कि नियमों की स्पष्ट व्याख्या और स्कोरिंग पर दिया गया विशेष जोर प्रतियोगिताओं के दौरान विवादों को कम करने में सहायक सिद्ध होगा। वहीं पंजाब के गुरविंदर सिंह घनौली और हरियाणा के हरनाम सिंह ने कहा कि इस कोर्स ने उन्हें ÷वास्तविक मैच परिस्थितियों की गहरी समझ÷ दी जो सामान्य टूर्नामेंट अनुभव से संभव नहीं होती।



### भविष्य की ओर बढ़ता रोडमैप

कोर्स के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते हुए एन.जी.ए.आई. अध्यक्ष एडवोकेट हरजीत सिंह ग्रेवाल ने कहा कि यह रिफ्रेशर कार्यक्रम और प्रमाणन परीक्षा गतका ऑफिशिएटिंग को अंतरराष्ट्रीय मानकों तक पहुँचाने की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने घोषणा की कि अगला राष्ट्रीय गतका रिफ्रेशर कोर्स छत्तीसगढ़ के भिलाई में न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सहयोग से आयोजित किया जाएगा जबकि देश के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वर्ल्ड गतका फेडरेशन की अंतरराष्ट्रीय नियमावली का संशोधित पाँचवाँ संस्करण शीघ्र ही प्रकाशित किया जाएगा जिसमें विभिन्न स्तरों की प्रतियोगिताओं से प्राप्त हालिया सुधारों और व्यवहारिक अनुभवों को शामिल किया जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों में एन.जी.ए.आई. महासचिव हरजिंदर कुमार और गतका एसोसिएशन ऑफ पंजाब के संयुक्त सचिव बलजीत सिंह ने इस बात पर बल दिया कि गतका के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विस्तार के साथ कदम मिलाने के लिए निरंतर क्षमता-विकास अत्यंत आवश्यक है। निस्संदेह, इस रिफ्रेशर कोर्स ने गतका में एक नया मानक स्थापित किया है और यह सुनिश्चित किया है कि गतका खेल अब संरचित शासन, पेशेवर दृष्टिकोण, जवाबदेही, पारदर्शिता और वैश्विक रूप से समन्वित ऑफिशिएटिंग मानकों की दिशा में निर्णायक रूप से आगे बढ़ चुका है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की गांव चुहड़माजरा का नाम बदलकर ब्रह्मानंद माजरा करने की घोषणा

## गुरु ब्रह्मानंद जन्मस्थली में आयोजित गुरु ब्रह्मानंद जयंती के राज्य स्तरीय समारोह में सीएम ने खोला सौगातों का पिटारा

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने 31 लाख रुपये सहित हरियाणा के चार मंत्रियों, सांसद जिंदल व जिप चेयरमैन कर्मवीर ने भी 21-21 लाख की ग्रांट देने की घोषणा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 23 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि जगद् गुरु ब्रह्मानंद सरस्वती जी संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे। उनका पूरा जीवन मानव सेवा, धर्म, त्याग और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा। वे ऐसे प्रकाशस्तंभ थे, जिनके ज्ञान की किरणें आज भी हमारे विचारों, हमारी संस्कृति और समाज को दिशा प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए गांव चुहड़ माजरा का नाम बदलकर ब्रह्मानंद माजरा करने की आधिकारिक घोषणा की। साथ ही उन्होंने बड़ी विकास परियोजनाओं की घोषणा कर विकास का पिटारा खोल दिया। सीएम नायब सिंह सैनी मंगलवार को कैथल जिले के गांव चुहड़ माजरा में हरियाणा सरकार द्वारा जगत गुरु ब्रह्मानंद जी जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने की। सीएम नायब सैनी ने गांव चुहड़ माजरा में पहुंचने पर सबसे पहले गांव में गुरु ब्रह्मानंद मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से गुरु ब्रह्मानंद जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन डा. राजेश चौहान, बीरेंद्र चौहान, प्रिंसिपल ऋषिपाल के साथ किया। सीएम सैनी ने अपने संदेश में ब्रह्मानंद जी को नमन करते हुए कहा कि सादा जीवन उच्च विचार उनके मुख्य संस्कार थे। समारोह को हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, सांसद नवीन जिंदल, विधायक सतपाल जांबा ने भी संबोधित किया। साध्वी अभिलाषा ने समारोह के अंत में गुरु ब्रह्मानंद आश्रम की ओर से सभी का आभार जताया। इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा, विधायक योगेंद्र राणा, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, भगवान दास कबीर पंथी, रोड महासभा के प्रधान चौ. बलकार सिंह, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व विधायक लीला राम, कुलवंत बाजीगर, रणधीर गोलन, मक्खन सिंह, तेजवीर सिंह, सुल्तान सिंह जडौला, सुरेश रोड, कलीराम पटवारी, जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल, विरेंद्र मराठा, सरपंच कविता देवी, देवेंद्र कल्याण, पूज्यनीय साध्वी दर्शना देवी, साध्वी देव अभिलाषा, हरियाणा सरकार में शहीद स्मारक अंबाला के निदेशक डा. कुलदीप सैनी, डीसी अपराजिता, एसपी उपासना आदि मौजूद रहे।

### घोषणाएं कर खोला विकास का पिटारा

उन्होंने गांव चुहड़ माजरा का नाम बदलकर ब्रह्मानंद माजरा करने, गांव के लिंक मार्ग पर गुरु ब्रह्मानंद के नाम से भव्य स्वागत द्वार बनाने के लिए 21 लाख रुपये देने, गांव में बच्चों के लिए लाइब्रेरी बनाए जाने, ढांड से पूंडरी तक जाने वाली मुख्य सड? का नामकरण गुरु ब्रह्मानंद मार्ग किए जाने, 51 लाख रुपये की ग्रांट दिए जाने, पानीपत के गांव अहर को सब तहसील बनाने की प्रक्रिया को मानकों (नॉर्म्स) के अनुसार जल्द ही पूरा किए जाने व इसी गांव में गुरु ब्रह्मानंद के नाम से चौक बनाने व गुरुग्राम में बच्चों की पढ़ाई के लिए आवश्यक जगह देने की घोषणा की। साथ ही करनाल में अंजनथली गुरुकुल व सेक्टर 32 में कोचिंग सेंटर के लिए 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की।

### गुरुओं की शिक्षाओं को जीवन में उतारें- स्पीकर

समारोह को संबोधित करते हुए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि गुरु ब्रह्मानंद जी ने सेवा को ही साधना और मानवता को सबसे बड़ा गुण बताया था। हमें आज संकल्प लेना चाहिए कि गुरु जी की शिक्षाओं को जीवन में उतारेंगे और उनकी शिक्षाओं को आगे बढ़ाएंगे। महापुरुष किसी एक जाति व समाज के नहीं होते, सभी के साझे होते हैं। उन्होंने गुरु ब्रह्मानंद जी के जन्मोत्सव को सरकार द्वारा राज्य स्तर पर मनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया।

### मंत्रियों, सांसद व जिप चेयरमैन ने भी दिखाई दरियादिली-

उन्होंने गांव के विकास के लिए स्वयं की ओर से 31 लाख रुपये की ग्रांट देने सहित हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा, जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, सांसद नवीन जिंदल की सहमति से 21-21 लाख रुपये की ग्रांट व जिला परिषद चेयरमैन कर्मवीर कौल की सहमति से जिला परिषद कैथल की ओर से 21 लाख रुपये ग्रांट देने की घोषणा की। जिसका उपस्थित लोगों ने जमकर स्वागत किया।

## चौ. चरण सिंह थे किसानों के सच्चे हितैषीः रामचंद्र जडौला

**कैथल (अप्रस)।** हैफेड के पूर्व डायरैक्टर एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गांवों की पहचान किसान से होती है। किसान न केवल अन्नदाता है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, संस्कृति और सामाजिक संतुलन का मजबूत स्तंभ भी है। अपने जीवन की परवाह किए बिना, कठिन परिश्रम और त्याग से किसान देश को जीवन्त बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की खुशहाली ही देश की वास्तविक प्रगति का मापदंड है। खेतों में पसीना बहाकर किसान हर घर तक भोजन पहुंचाता है, तभी देश आगे बढ़ता है। नई अनाज मंडी ढांड में समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने आज किसान दिवस के अवसर देश भर में करोड़ों किसान बहन-भाइयों और खेत मजदूरों को बधाई देकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि यह दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की जयंती के रूप में मनाया जाता है। चौ. चरण सिंह किसानों के सच्चे हितैषी और ग्रामीण भारत की आवाज थे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीडीपीओ अरविन्दर कौर ने सुनीं जनसमस्याएं



**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। इस समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती के मार्गदर्शन में सीडीपीओ अरविन्दर कौर ने आमजन की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके शीघ्र निवारण के लिए आवश्यक आदेश दिए। सीडीपीओ अरविन्दर कौर ने कहा कि सुशासन सप्ताह का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे, इसके लिए ऐसे समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।ह्व उन्होंने समाधान शिविर में अपने भाग से संबंधित जानकारी दी। समाधान शिविर के दौरान रायपुर विरान के निर्मल सिंह ने कहा की इनकी दुकान को नगरपालिका नारायणगढ़ आनलाईन रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए। गांव कुल्लडपुर की सत्या देवी ने अपनी विधवा पेंशन व बी.पी.एल राशन कार्ड कटने से संबंधित समस्या रखी। गांव फिरोजपुर काठ के जरनैल सिंह ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने बारे समस्या रखी, गांव हुसैनी के राजेन्द्र सिंह ने परिवार पहचान पत्र में किसी दूसरे की गाड़ी दर्ज है उसे हटवाने से संबंधित समस्या रखी, गांव संगरानी के बरकत अली ने परिवार पहचान पत्र में जाति से सम्बंधित त्रुटि ठीक करने की मांग रखी। इस अवसर पर खंड कृषि अधिकारी डॉक्टर कुलदीप, एस. डी. एम. रीडर नवीन सैनी, बिजली, क्रीड व अन्य विभागों केकर्मचारी मौजूद रहे।

### बुजुर्गों को सर्दी से बचाने के लिए कंवल वितरण किया



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट करनाल की महिला शक्ति शाखा द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों को सर्दियों से से बचाव के लिए उच्च कोटि के कुल 95 कंबल वितरित किए। प्रकल्प के आरम्भ में कैथल रोड करनाल स्थित सुभद्रा वृद्ध आश्रम के 30 आश्रितों को कम्बल प्रदान किये गए व उन्हें स्वादिष्ट भोजन प्रसाद भी अर्पित किया गया। तत्पश्चात सदस्यों ने घोघडीपुर स्थित कुष्ठ आश्रम के आश्रितों को व सैकटर 8 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन के समस्त कर्मचारियों को भी कम्बल भेंट किए गए। वृद्ध आश्रम की संचालिका नीलू सैनी,कुष्ठ आश्रम के आश्रितों व अग्रसेन भवन के कर्मचारीयों ने महिला शक्ति समूह के इस परोपकारी कार्य के लिए साधुवाद किया। प्रकल्प में समूह प्रधान श्रीमति अंजलि बंसल व ममता गोयल,संगीता गुप्ता,ममता गुप्ता,मीनाक्षी जैन,नीलम गोयल और सुमन गुप्ता उपस्थित रहीं।

## नगर पालिका प्रधान रजत मलिक ने नारियल फोड़कर वार्ड-4 की नई गली का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक



**मुलाना, 23 दिसंबर।** नगर पालिका बराड़ा के प्रधान रजत मलिक ने वार्ड नंबर 4 में विकास कार्यों को गति देते हुए मोनू कपूर के घर से लेकर मनोज कुमार के घर तक नवनिर्मित गली का विधिवत उद्घाटन किया। प्रधान रजत मलिक ने नारियल फोड़कर इस मार्ग को वार्ड वासियों के आवागमन के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर वार्ड नंबर 4 के पार्षद प्रवेश मेंहदीरत्ता और पूर्व पार्षद संदीप अरोड़ा मोंटी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बीते दिनों वार्ड पार्षद प्रवेश मेंहदीरत्ता के नेतृत्व में वार्ड वासी नगर पालिका कार्यालय में प्रधान रजत मलिक से मिले थे। स्थानीय निवासियों ने व्यथा सुनाई थी कि पूर्व के कार्यकाल में इस क्षेत्र के साथ भेदभाव किया गया, जिससे उन्हें 'नरकीय जीवन' जीने को मजबूर होना पड़ रहा था। समस्या की गंभीरता को देखते हुए प्रधान रजत मलिक ने तुरंत स्टाफ को मुआयना करने और निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए थे। रिकॉर्ड समय में गली बनकर तैयार होने पर वार्ड वासियों ने खुशी जाहिर की है।

'बराड़ा की जनता ने हमें सेवा का अवसर दिया है और हम जनता के प्रति पूरी तरह जवाबदेह हैं। सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य बराड़ा को समस्याओं से मुक्त कर एक आदर्श नगर पालिका बनाना है।'

वार्ड वासियों ने त्वरित कार्रवाई और गली के निर्माण के लिए प्रधान रजत मलिक और पार्षद प्रवेश मेंहदीरत्ता का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोग व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस मौके पर ललित गेरा,मखन सिंह लबाना, मोनू कपूर, मनोज कुमार, मोहनजीत, सोनू, अनुराग अग्रवाल, संजय थम्बड़,धीर सिंह राणा, बाबा जी,संदीप अरोड़ा , सहित अन्य वार्ड वासी मोजूद रहे।

## सम्पत्ति कर डिफाल्टरों पर नगर निगम ने की औचक कार्रवाई, 4 सम्पत्तियां की सील, 3 बकायादारों ने जमा करवाए 223311 रुपये

प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों पर जारी रहेगी अटैचमेंट कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 23 दिसंबर।** सम्पत्ति कर वसूली को लेकर नगर निगम करनाल एक्शन मोड में कार्य कर रहा है। नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम ने डिफाल्टरों के विरूद्ध एक ओर औचक कार्रवाई को अंजाम दिया। मंगलवार को शहर की 7 वाणिज्यिक सम्पत्तियों पर अटैचमेंट की कार्रवाई के लिए प्रवर्तन दल पहुंचा। इस दौरान बकाया सम्पत्ति कर न भरने के चलते 4 सम्पत्तियों को सील किया गया, जबकि 3 सम्पत्ति मालिकों की ओर से मौके पर ही 223311 रुपये अदा कर अटैचमेंट की कार्रवाई से बच गए। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। यह सम्पत्तियां की गई सील- सम्पत्ति कर न भरने के चलते मॉडल टाऊन छोटी मार्केट स्थित दुकान नम्बर 19 व 20, सम्पत्ति कर 52957 रुपये, दुकान नम्बर 15, सम्पत्ति कर 48705 रुपये, फर्नीचर मार्केट स्थित ग्रोवर फनीर्चर, सम्पत्ति कर 123298 रुपये तथा मच्छी मार्केट स्थित मानसरोवर होटल, सम्पत्ति कर 2 लाख 90 हजार रुपये न भरने के कारण इन्हें अटैचमेंट कार्रवाई के तहत सील कर दिया गया। यह कार्रवाई हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 130 के तहत की गई। इन सम्पत्ति मालिकों ने मौके पर दिया सम्पत्ति कर- अटैचमेंट कार्रवाई के दौरान 3 सम्पत्ति मालिकों ने मौके पर सम्पत्ति कर जमा करवा दिया। इनमें फर्नीचर मार्केट स्थित करनाल वुड डेकोर, सम्पत्ति कर 32289 रुपये, मीरा घाटी स्थित चौधरी इलैक्ट्रोनिक्स 83104 रुपये तथा रेलवे रोड़ स्थित होटल इम्पीरियल, सम्पत्ति कर 107918 रुपये प्रवर्तन दल को अदा कर दिए। नोटिस के बावजूद भी नहीं करते गौर- निगमायुक्त ने बताया कि सम्पत्ति कर एकत्र करने को लेकर उपरोक्त सभी सम्पत्ति मालिकों को कई बार नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद इन्हें व्यक्तिगत तौर पर जाकर अटैचमेंट का नोटिस भी जारी किया गया था, परंतु सम्पत्ति मालिकों के द्वारा इसे गम्भीरता से नहीं लिया गया, जिसके चलते उक्त सम्पत्तियों को अटैचमेंट करने के लिए कार्रवाई की गई। कार्रवाई को अंजाम देने के लिए उप निगम आयुक्त अभय सिंह को ड्यूटि मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। टीम में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, कर अधीक्षक महावीर मलिक, एक्सपर्ट करण शर्मा, निगम स्टाफ तथा पुलिस फोर्स मौजूद रही।

## बराड़ा में गरजा प्रशासन का पीला पंजा, सियासी रसूख भी नहीं बचा सका अवैध निर्माण

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड



**बराडा, 23 दिसंबर।** बराड़ा कस्बे में मंगलवार को जिला नगर योजनाकार विभाग की कार्रवाई ने अवैध कॉलोनाइजरों की नींद उड़ा दी। बिना अनुमति पनप रही अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए दो जेसीबी मशीनों के साथ सीधा प्रहार किया। इस अप्रत्याशित कार्रवाई से भू-माफियाओं के बीच अफरातफरी का माहौल बन गया।

मौके पर जैसे ही मशीनों की गड़गड़ाहट गूंजी, निर्माणाधीन इमारतें और चारदीवारियां देखते ही देखते मलबे में तब्दील हो गई। इस कार्रवाई की सबसे अहम बात यह रही कि रसूखदारों के फोन और सियासी सिफारिशें भी प्रशासनिक अमले को डिगा नहीं सकीं। मौके पर मौजूद स्थिति बता रही थी कि प्रशासन पूरी तैयारी के साथ आया था। कार्रवाई शुरू होते ही कई कॉलोनाइजर वहां जमा हो गए और अपने 'राजनैतिक आकाओं' के जरिए डीटीपी पर दबाव बनाने की जुगत भिड़ाने लगे, लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि नियम तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।यह कार्रवाई केवल अवैध ढांचे गिराने तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह उस संगठित सिंडिकेट पर सीधी चोट थी, जो आम जनता की गाढ़ी कमाई को अवैध जमीनों में फंसा रहा है। बराड़ा के कई वार्डों में सुनियोजित तरीके से विकसित की जा रही इन अवैध कॉलोनियों में भोले-भाले निवेशकों को लुभावने सपने दिखाकर ठगा जा रहा था। मौके पर मौजूद डीटीपी रोहित चौहान ने स्पष्ट किया कि बिना चेंज ऑफ लैंड यूज और आवश्यक अनुमति के पनप रही कॉलोनियों पर यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता को आगाह किया कि वे सस्ते प्लॉट के लालच में न आएं और अपनी जमापूंजी निवेश करने से पहले जमीन की वैधता की जांच अवश्य कर लें।

## जगतगुरु ब्रह्मानंद का जीवन त्याग, तपस्या और सेवा का प्रतीकः ईशम साकरा

**कैथल (अप्रस)।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं ढांड मार्कीट कमेटी के पूर्व चेयरमैन ईशम सिंह साकरा ने कहा कि जगतगुरु ब्रह्मानंद जी ने अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण, समाज सुधार और जनसेवा को समर्पित कर दिया। जगतगुरु ब्रह्मानन्द जी का जीवन त्याग, तपस्या और सेवा का प्रतीक रहा। उन्होंने न केवल उपदेश दिए, बल्कि स्वयं अपने कर्मों से समस्त समाज को नई राह दिखाई। जगतगुरु ब्रह्मानन्द जन्मोत्सव की सभी को बधाई देते हुए पूर्व चेयरमैन ईशम सिंह साकरा ने कहा कि नारी शिक्षा और सशक्तिकरण में जगतगुरु ब्रह्मानन्द जी अहम भूमिका निभाई। जगत गुरु ब्रह्मानंद ने सामाजिक बुराइयों को दूर करने में अहम भूमिका निभाते हुए समाज में जागरूकता की अलख जगाई थी।

## कैरोके गायकों ने सदा बहार गीतों को गा कर सुर उत्सव का आगाज किया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 23 दिसंबर।** करनाल क्लब में आयोजित एक सदावहार गीतों के कर्यक्रम में करनाल के जानेमाने कैरोके सिंगर अवतार सिंह तारी ने संमा बांधा। उनका साथ उनकी पत्नी उर्मिल मक्कड़ ने दिया। उन्होंने मनोज कुमार की फिल्म क्रांति का गीत जिंदगी की टूटे ना लड़ी प्यार कर ले घड़ी दो घड़ी गा कर लोगों को प्रभावित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन चाहत कराओके अकादमी द्वारा करनाल कल्ब में सुर उत्सव मेगा कराओके इंवेंट के रूप में किया गया। जिसमें शहर के गायकों ने गायकों द्वारा कराओके ट्रेक पर अपनी प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र डेवलपमेंट बोर्ड के अध्यक्ष संजय बठला एवं डायमंड रक्तदाता पर्यावरण प्रहरी, राष्ट्रीय पदक विजेता, नशा मुक्ति अभियान के सजग संचालक अशोक वर्मा, समाजसेवी सावी चौधरी, श्रीमति पूनम राजेश ग्रोवर, सरदार जरनैल सिंह,प्रदीप त्यागी पंकज गर्ग, संजीव गोस्वामी, स्व कला फाउंडेशन के अशोक राणा व कुलदीप मलिक रहे। इस कराओके मेगा इंवेंट में चंडीगढ़, जालंधर, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल शहरों से आए हुए अनेकों सुरीले गायकों ने मंच की शोभा को बढ़ाया। इस प्रोग्राम को साकार करने का विशेष श्रेय टीम मैनेजर किरण चड्ढा का रहा। उन्होंने इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने का श्रेय रंजना भसीन, सुमित मिगलानी, श्रवण बठला, डॉक्टर अशोक कुमार, डा अमित कुमार, प्रकाश कश्यप, ओम शर्मा, राज कुमार भाटिया, लक्की किशोर, विदुर जी का रहा। प्रोग्राम के दौरान स्वर्गीय विनोद वर्मा जी चाहत कराओके अकादमी के संचालक को विशेष रूप से याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## घटिया सड़क निर्माण करने वाली एजेंसियों को किया जाए ब्लैकलिस्ट : सांसद नवीन जिंदल

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा




**कुरुक्षेत्र, 23 दिसंबर।** सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में देरी करने या घटिया सामग्री का प्रयोग करने वाली एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के शहर कुरुक्षेत्र की सड़कों को बेहतर बनाने के लिए पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से कार्य करें। अधिकारी ÷काम ही पूजा÷ के ध्येय के साथ नियमित निरीक्षण करें और तय समय में कार्य पूरा कराएं।

सांसद मंगलवार को लघु सचिवालय में दिशा की 5वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में लोक निर्माण विभाग, मार्केटिंग बोर्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग, सिंचाई, जनस्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद ने पीपीटी के माध्यम से कई सड़कों की स्थिति दिखाते हुए उनके शीघ्र सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अच्छी कार्यप्रणाली वाली एजेंसियों को ही टेंडर दिए जाएं। सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने और द्रोणाचार्य स्टेडियम सहित शहर की प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के आदेश भी दिए। मारकंडा नदी के आसपास बाढ़ राहत कार्य समय पर पूरे करने और किसानों की फसलों को सुरक्षित रखने के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा।

सांसद ने बताया कि एमपी लैंड के तहत 153 विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 149 पूरे हो चुके हैं और शेष पर कार्य जारी है। इन पर लगभग 14 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। उन्होंने सौर ऊर्जा योजना में बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला प्रशासन की सराहना की।

स्ट्रे डॉग की समस्या पर नगर परिषद द्वारा नसबंदी के लिए अस्थायी शेल्टर होम की जानकारी दी गई। सांसद ने जनवरी में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने की बात कही। उन्होंने कुरुक्षेत्र के खराब ख्द्ध पर चिंता जताते हुए लोगों को जागरूक करने, आगजनी रोकने और अधिक पौधारोपण पर जोर दिया।

## राक्सेड़ा गांव की 10 बेटियों की निजी खर्चे से शादी व 10 परिवारों के निजी खर्चे से बनवाएंगे पक्के मकान : विधायक

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 23 दिसंबर।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र की व्यस्तता के कारण सोमवार कों लगने वाला जनसंवाद कार्यक्रम मंगलवार हल्के के गांव राक्सेड़ा में सरपंच रामधन सैनी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। विधायक भड़ाना ने जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कार्यक्रम में पहुँचे लोगों की समस्या जानी। इस दौरान कड़ाके की ठंड के बीच सैकड़ों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें से दर्जनों शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम में ग्रामीणों के मनोरजन के लिए देश भक्ति रागनीया व रंगारंग कार्यक्रम रखे गए थे। वहीं मशहूर हास्य कलाकार झंडू के चुटकलों पर ग्रामीणों नें खूब हसीं के ठहाके लगाए। कार्यक्रम में विधायक समालखा एवं प्रभारी पुनहाना विधानसभा मनमोहन भड़ाना के पहुंचने पर सरपंच रामधन सैनी सहित पूर्व अध्यक्ष प्रेम सैनी, सीएम विंडो एमिनेटप्रसन राकेश सैनी, चुलकाना मंडल अध्यक्ष कुलदीप व ग्राम वासियों ने ढोल नगाड़ों के साथ व फूलमालाओ से पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत किया।

इसी दौरान राक्सेड़ा सरपंच रामधन सैनी नें अपनी 15 मागो का शपथ पत्र विधायक कों सौपा। जिसमें गांव की अलग-अलग समस्याएं से अवगत कराया गया। चारों जोहडों की खुदाई व चार दीवारी करवाई जाए। सैनी चौपाल, बड़ वाली चौपाल व कश्यप चौपाल का निर्माण करवाया जाए। गाँव की फिरनी से लेकर यमुना बाँध तक दो रास्ते जाते हैं जोकि 6 क्रम के हैं इन रास्तों को पक्का करवाया जाए। गाँव की फिरनी व नाले रिपेयर करवाए जाए। दोनो कब्रिस्तानों में बड़ी स्टेडियम लाइट लगवाई जाए। गाँव के अंदर जमीन रिक्वायरमेन्ट करके बच्चों के लिए खेलने का स्टेडियम बनवाया जाए। गाँव के अंदर लाइब्रेरी, जिम्म व पार्क बनवाया जाए। रामलीला ग्राऊंड में शैड व गेट लगवाया जाए। हमारे गाँव में ही सोसायटी चालू करवाई जाए। गाँव की साफ-सफाई के लिए छोटा ट्रैक्टर व ट्राली दी जाए। अम्बेडकर भवन की चार दीवारी व गेट बनवाया जाए। गाँव के हर चौक पर कैमरे लगवाए जाए। सिम्बलगढ़ रोड़ से लेकर बुढ़नपुर तक रास्ता पक्का करवाया जाए। हमारे गाँव के अंदर 10 बैंड का हॉस्पिटल बनवाया जाए। गाँव के अंदर बैंक खुलवाया जाए।

विधायक मनमोहन भड़ाना ने राक्सेड़ा गांव वासियों को मंच के माध्यम से कहा कि सरपंच रामधन सैनी के द्वारा दी गई सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। वहीं उन्होंने कहा कि आने वाले 6 महीने में सभी काम धरातल पर दिखाई देंगे। साथियों उन्होंने राक्सेड़ा गांव में 10 जरूरतमंद परिवारों के मकान पक्के बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गांव की 10 बेटियों की शादी निजी खर्चे से कराई जाएगी। आने वाले समय में से आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

इस मौके पर एसडीएम अमित कुमार, समालखा थाना प्रभारी गुलशन रावल, समालखा चौकी प्रभारी अनिल, हथवाला चौकी प्रभारी बालेश, बापौली थाना प्रभारी वीरेंद्र, नायब तहसीलदार, बीडीपीओ शक्ति सिंह, हथवाला सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण, नप पार्षद अजय शर्मा, कारकोली सरपंच प्रतिनिधि रामसिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी व ग्रामीण भी मौजूद रहे। इसके साथ कई सरपंचों व आमजन ने बीजेपी पार्टी को भी ज्वाइन किया। विधायक ने सरपंचों का पटका पहनाकर बीजेपी पार्टी में स्वागत किया गया।

# पंजाब सरकार द्वारा धान छोड़कर खरीफ की मक्की बीजने वाले प्रगतिशील किसानों का सम्मान

गुरमीत सिंह खुड्डियां ने खरीफ की मक्की की ओर रुख करने वाले किसानों का बदलाव के झंडाबरदार कहकर सम्मानित किया

कृषि मंत्री द्वारा कीमती जल स्रोतों को बचाने के लिए खरीफ की मक्की के अंतर्गत क्षेत्र बढ़ाने की घोषणा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** प्रदेश में खरीफ की मक्की के पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के मद्देनज़र मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने आज उन प्रगतिशील मक्की काश्तकारों का सम्मान किया, जिन्होंने पानी की अधिक खपत वाली धान की फसल की जगह खरीफ की मक्की की खेती की ओर रुख किया।

पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने प्रगतिशील मक्की किसानों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे अन्य किसानों को भी खरीफ की मक्की की खेती के लिए जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि खरीफ की मक्की पायलट प्रोजेक्ट, जिसका उद्देश्य फसली विविधता, भूमिगत जल के गिरते स्तर को रोकना, मिट्टी की सेहत में सुधार करना और किसानों की आय बढ़ाना है, के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सरकार अगले सीजन के लिए इस कार्यक्रम के विस्तार पर विचार कर रही है ताकि अधिक किसानों को पानी की अधिक खपत वाली धान की फसल से हटाकर मक्की की खेती की ओर प्रोत्साहित किया जा सके।

मक्की की खेती को एक टिकाऊ विकल्प और धान की तुलना में बहुत कम पानी की आवश्यकता वाली फसल के रूप में प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब कृषि यूनिवर्सिटी और उद्योग जगत के साझेदारों से सलाह-मशवरा करके रणनीतिक नीति तैयार की जा रही है, जिसका उद्देश्य पंजाब को मक्की के उत्पादन में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करना है।

कृषि मंत्री ने बताया कि इस पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत इस साल बठिंडा, संगरूर, गुरदासपुर, जालंधर, कपूरथला और पठानकोट जिलों में मक्की को धान के लाभदायक एवं टिकाऊ विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया। 3,708 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने इस पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत 11,326 एकड़ क्षेत्र को धान से हटाकर मक्की की खेती के अंतर्गत सफलतापूर्वक लाया गया।

यह पहल दशकों से चले आ रहे रुझान को समाप्त करने के लिए एक रणनीतिक कदम की निशानदेही करती है। उन्होंने कहा कि 1970 के दशक में पंजाब में 5.5 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में मक्की की खेती की जाती थी, लेकिन वर्तमान समय में पंजाब में पानी की अधिक खपत वाले धान का रुझान है, जिस कारण मक्की के अंतर्गत क्षेत्र मात्र एक लाख हेक्टेयर रह गया।

खरीफ की मक्की की खेती करने वाले प्रगतिशील किसानों का बदलाव के झंडाबरदार के रूप में प्रशंसा करते हुए स. खुड्डियां ने कहा, ''आज, हम सिर्फ एक सफल फसल का जश्न नहीं मना रहे हैं। हम पंजाब में बोए जा रहे नए एवं टिकाऊ खेती अभ्यासों का जश्न मना रहे हैं। हमारे किसानों ने साबित कर दिया है कि सही सहायता से हम अपने कीमती पानी, मिट्टी और आर्थिक खुशहाली को सुरक्षित कर सकते हैं। उनकी हिम्मत वह नींव है, जिस पर हम एक विविधता वाली कृषि अर्थव्यवस्था को फिर से बनाएंगे।''

स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि खरीफ की मक्की पायलट प्रोजेक्ट एक मजबूत पांच-स्तंभ वाली प्रणाली द्वारा सफल किया गया। इसमें 200 प्रशिक्षित ''किसान मित्रों'' द्वारा जमीनी स्तर पर किसानों की तकनीकी सहायता शामिल है, फसलों के विकल्प की लागतों को पूरा करने के लिए प्रति हेक्टेयर 17,500 रुपये के सीधे वित्तीय प्रोत्साहन के अलावा न्यूमैटिक प्लांटरों जैसी उन्नत मशीनरी पर 50 प्रतिशत तक सब्सिडी भी दी गई। इसके अलावा, पीएयू के विशेषज्ञों ने अति-आधुनिक तकनीकी मार्गदर्शन के साथ वैज्ञानिक सहायता भी प्रदान की, जबकि मार्कफेड द्वारा किसानों के लिए मक्की की लाभदायक कीमतें सुनिश्चित करने के लिए विपणन का आश्वासन भी दिया गया।


## समाहरणालय, जहानाबाद
(जिला विधि शाखा)

### अल्पकालीन सूचना

**बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित, 2018) के अन्तर्गत जप्त वाहनों के मालिकों के लिए नोटिश:–**

एतद द्वारा निम्नलिखित वाहनों के मालिक को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिशेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018 एवं 2022) के अन्तर्गत शराब के परिवहन के आरोप में जप्त वाहनो के मालिक को इस नोटिस के द्वारा संबंधित वाहन के मालिक/हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिशेध एवं उत्पाद (संशोधित) नियमावली, 2023 (क) नियम 12 (क) के उप नियम (2) का वाद में निहित उपबंधों के आलोक में प्रपत्र–4 में अपना आवेदन बीमाकृत मूल्य के 10% से कम और 05 (पाँच) लाख रूपये से अधिक नहीं होगी। शास्ति (Penalty) की राशि एवं जुर्माने की राशि का 3% की अतिरिक्त राशि BSBCL के खाते में जमा कराकर वाहन को छोड़ाने हेतु (यदि आप वाहन छोड़ाना चाहते हों तो) सुनवाई की निर्धारित तिथि कंडिका–07 एवं 08 के अंदर अपना आवेदन अपने न्यायालय प्रभारी पदाधिकारी, जिला विधि शाखा–सह–प्राधिकृत पदाधिकारी (मद्यनिशेध राजसात) जहानाबाद में प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र० सं० | वाहन का पंजीयन संख्या | वाहन/परिवहन का प्रकार | संबंधित थाना का नाम | थाना कांड संख्या | वाहन स्वामी का नाम/पता | सुनवाई की प्रथम तिथि | सुनवाई की द्वितीय तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | PB08AW-4990 | होण्डई सेन्ट्रो कार | [illegible] थाना | 904/2023 | श्रीमति प्रिति पति श्री लोकानन्द हाउस नं० 1921, वार्ड नं०–08, [illegible] आदमपुर, थाना जालंधर, राज्य पंजाब | 05.01.2026 | 19.01.2026 |

निर्धारित अवधि तक कोई दावा/पक्ष व कागजात प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि वाहन से आपका कोई सरोकार नहीं, तदनुसार उक्त जप्त वाहन को बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2018 (समय–समय पर यथा संशोधित) के प्रावधानों के अधीन नियमानुसार अधिहरित कर नीलाम कर दिया जायेगा। समय सीमा के बाद कोई सुनवाई मान्य नहीं होगी।

जिला दण्डाधिकारी–सह–समाहर्त्ता,
जहानाबाद

PR- 020203 ( District ) 2025-26

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

AP-6436


## नशा मुक्ति की तो जागरूकता, साथ में फैली गंदगी स्वच्छता अभियान में पंचायत की लापरवाही

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**कचरे के लिए शैड बन गए और नाले व कूड़े की सफाई कल से:** –गांव के सरपंच प्रतिनिध सुखबीर ने बताया कि कचरा डालने के शैड बनए गए है,कूड़े की सफाई करवा दी जाएगी, नाला पीडब्ल्यूडी का है, फिर भी पंचायत कल से उसकी की भी सफाई करवा देगी। अब देखना यह होगा कि ग्राम पंचायत अपने वादों पर कितनी अमल करती है।

**नाला सफाई का काम पंचायत का:** पीडब्ल्यूडी के एसडीओ अनिल चहल ने बताया कि गांव के पास नाला पीडब्ल्यूडी बनाता है लेकिन उसकी साफ– सफाई की जिम्मेदारी पंचायत की होती है। पंचायत ही नाले को साफ करवाएगी।

**सोनीपत।** गांव -बड़ौत में बांय ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली चर्चा का विषय बनी हुई है। पंचायत की ओर से गांव में नशा मुक्त अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जगह-जगह संदेश लिखे बोर्ड लगाया गया हैं, लेकिन हकीकत यह है कि बोर्ड के आसपास फैली गंदगी पंचायत की स्वच्छता के प्रति उदासीनता को उजागर कर रही है। नशा मुक्त गांव का संदेश देने वाले बोर्ड के पास कूड़े-कचरे का ढेर, प्लास्टिक की थैलियां और बिना सफाई के नाले में फैली गंदगी सवाल खड़ा कर रही है कि जब पंचायत खुद स्वच्छता पर ध्यान नहीं दे पा रही है तो ग्रामीणों को स्वच्छ रहने का संदेश कैसे प्रभावी होगा। ग्रामीणों का कहना है कि खासकर सूचना व जागरूकता बोर्ड के आसपास गंदगी का होना पंचायत की लापरवाही को दर्शाता है। ग्रामीणों का मानना है कि अगर पंचायत स्वयं उदाहरण पेश करे, तभी लोग स्वच्छता को लेकर जागरूक होंगे।पंचायत द्वारा केवल बोर्ड लगाने से ही नशा मुक्ति और स्वच्छता का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। इसके लिए नियमित सफाई, कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था और लोगों को व्यवहारिक रूप से जागरूक करना जरूरी है। अगर पंचायत स्वयं स्वच्छता के प्रति गंभीरता नहीं दिखाएगी तो गांव को साफ और स्वस्थ बनाना मुश्किल हो जाएगा।

## भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना सुबनसिरी लोअर की यूनिट-2 का वाणिज्यिक प्रचालन शुरू



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदाबाद, 23 दिसंबर।** 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की प्रथम इकाई (250 मेगावाट, इकाई संख्या-2) के वाणिज्यिक प्रचालन की घोषणा के अवसर पर माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल। इस अवसर पर सचिव (विद्युत) श्री पंकज अग्रवाल; संयुक्त सचिव (हाइड्रो) श्री मोहम्मद अफजल; एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भूपेन्द्र गुप्ता; निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल; निदेशक (परियोजनाएं) श्री संजय कुमार सिंह; निदेशक (तकनीकी) श्री सुप्रकाश अधिकारी; निदेशक (वित्त) श्री महेश कुमार शर्मा तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री संतोष कुमार उपस्थित थे।

भारत के स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित करते हुए, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन ÷नवरत्न÷ उद्यम, एनएचपीसी लिमिटेड ने अरुणाचल प्रदेश/असम सीमा पर स्थित 2000 मेगावाट (8 × 250 मेगावाट) सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की पहली यूनिट (250 मेगावाट की यूनिट सं. 2) के वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि (सीओडी) घोषित की है। भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना को चालू करने में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, 23 दिसंबर, 2025 को इस यूनिट का वाणिज्यिक प्रचालन सफलतापूर्वक शुरू किया गया है।

माननीय केंद्रीय विद्युत, आवासन और शहरी कार्य मंत्री, श्री मनोहर लाल ने 23 दिसंबर 2025 को वर्चुअल मोड के माध्यम से 2000 मेगावाट (8म250 मेगावाट) सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की यूनिट-2 (250 मेगावाट) के वाणिज्यिक प्रचालन का शुभारंभ किया, जो परियोजना की प्रगति में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। माननीय मंत्री महोदय ने एनएचपीसी की विकास यात्रा में अर्जित इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस यूनिट का चालू होना ÷न केवल एक तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और टीम वर्क का प्रमाण है।÷ उन्होंने प्रमुखता से कहा कि सुबनसिरी परियोजना स्वच्छ और संधारणीय ऊर्जा के लिए भारत की प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में पूर्वोत्तर भारत के विकास में सहायता व राष्ट्रीय ग्रिड को सुदृढ़ता प्रदान करेगी।


## उत्तर रेलवे
### ई–निविदा सूचना

| क्र सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने कि तिथि समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रूपये | कार्य पूरा करने कि अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी-31/ 2025-26 | काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्टनन्स कान्ट्रैक्ट फॉर इलेक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग सिस्टम ऑफ एम/एस मेधा मैक एट 10 स्टेशन ऑफ अंबाला डिवीजन फॉर पीरीयड ऑफ थ्री एयर्स | 19.01.2026 at 15.00 hrs | Rs. 25100548.80/- | Rs. 275500/- | 36 महीने |
| 2 | ओटी-32/ 2025-26 | काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्टनन्स कान्ट्रैक्ट फॉर जी.जी ट्रॉनिक्स मैक डिजिटल ऐक्सल काउन्टरस ओवर अंबाला डिविजन फॉर थ्री एयर्स | 19.01.2026 at 15.00 hrs | Rs. 34861412.88/- | Rs. 324300/- | 36 महीने |
| 3 | ओटी-33/ 2025-26 | काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्टनन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ एलडाइन मैक (मल्टी सेक्शन डिजिटल ऐक्सल काउन्टर) एम एस डी ए सी ओवर अंबाला डिवीजन फॉर थ्री एयर्स। | 19.01.2026 at 15.00 hrs | Rs. 7881442.56/- | Rs. 157600/- | 36 महीने |
| 4 | ओटी-34/ 2025-26 | रिलायबिलिटी इंप्रूवमेंट वर्क इन कनेक्शन विद इंप्रूवमेंट एण्ड स्ट्रेंग्थेनिंग ऑफ अर्थिंग एण्ड सर्ज प्रोटेक्शन सिस्टम्स फॉर सिगनलिंग इंस्टॉलेशन ओवर अंबाला डिवीजन। | 19.01.2026 at 15.00 hrs | Rs. 25108507.45/- | Rs. 275600/- | 180 दिन |

नोट:–
वरि. मंडल सिग० एवं टैली० इंजी०/उ०रे० डी०आर०एम ऑफिस रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारो के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करे।
1 टैन्डर डाकूमैन्ट व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वैबसाइट www.ireps.gov.in पर लाग आन करें
2 निविदाकारो को ई–टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टैन्डर डाकूमैन्टस में दी गई हिदायतो/शर्तो इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भाती भाती पढ़ ले।
संख्या एस डब्लू/सिग/अंबाला/एन आई टी–13/2025–26 दिनांक 23.11.2025

3980/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6445



## उत्तर रेलवे
### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है:

| क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | UMB-Prkg-25-25 | खन्ना रेलवे स्टेशन पर 528.06 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले चार पहिया वाहन पार्किंग स्थल का आवंटन। | 29.12.2025, 12.00.00 |
| 2 | | अंबाला डिवीजन के अंतर्गत घग्घर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 410 वर्ग मीटर का पार्किंग स्थल, दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग। | |
| 3 | | बरवाला रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 300.3 वर्ग मीटर का व्यापक पार्किंग स्थल। | |
| 4 | | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 2384.74 वर्ग मीटर के पार्किंग क्षेत्र में सभी वाहनों (गैर–वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार ''पिकअप / ड्रॉप'' लेन (प्रवेश से निकास तक) का आवंटन। | |
| 5 | UMB-Prkg-26-25 | मालेरकोटला रेलवे स्टेशन के परिसंचार क्षेत्र में 1757.128 वर्ग मीटर (साइट प्लान के अनुसार) के कुल क्षेत्रफल में फैले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। | 30.12.2025, 12.00.00 |
| 6 | UMB-Prkg-27-25 | अंबाला डिवीजन के कालका रेलवे स्टेशन पर स्थित सामान्य पार्किंग क्षेत्र के साथ–साथ सभी वाहनों (गैर–वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए ''पिकअप/ड्रॉप'' लेन (प्रवेश से निकास तक) के लिए ''पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार'' अनुबंध पांच (5) वर्ष की अवधि के लिए। | 01.01.2026, 12.00.00 |

3982/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6444



## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित मामला संपत्तियां/आर्टिकल्स (साईकल/रेहड़ियां) एक विचारणीय अवधि के लिए पुलिस स्टेशन, सेक्टर-11, यूटी., चंडीगढ़ के मालखाना पर रखे गए हैं और अबतक उनके संबंधित स्वामियों द्वारा कोई दावा अथवा मुक्त नहीं कराया गया है। इन वाहनों के स्वामियों को सार्वजनिक सूचना प्रकाशन की तिथि से 01 माह के भीतर अपने वाहनों अर्थात साईकल/रेहड़ियों को मुक्त कराने का निवेदन किया जाता है, अन्यथा कथित मामला संपत्तियों/आर्टिकल्स (साईकल/रेहड़ियों) को चंडीगढ़ प्रशासन की नियम एवं शर्तों के अनुसार नीलामी किया जाएगा।

**कुल 58 साईकल/रेहड़ियों की सूची**
**साईकल और रिक्शा रेहडी**

| Sr. No | FIR /date & U/S | Description Of Case Property |
|---|---|---|
| 1. | 71/03.03.2006 U/S 279,304A IPC | One Hero jet Cycle No 49112 |
| 2. | 78/14.04.06 U/S 380 IPC | One Rickshaw |
| 3. | 289/10.09.07 U/S 279,337 IPC | One Cycle Make Avon Black Color |
| 4. | 334/06.10.07 U/S 279,337 IPC | One Cycle Make Atlas Accidental |
| 5. | 427/30.12.07 U/S 279,337 IPC | One Rickshaw Accidental (Broken Condition) |
| 6. | 02/01.01.08 U/S 279,337 IPC | One Cycle Hero Red Color Accidental |
| 7. | 68/05.03.08 U/S 279,337 IPC | One Ladies Cycle Accidental |
| 8. | 152/25.05.08 U/S 279,337 IPC | One Cycle Accidental |
| 9. | 176/16.06.08 U/S 379,411 IPC | Two Rickshaw And Two Iron Angle And 04 Pieces Of Iron Pipes. |
| 10. | 188/28.06.08 U/S 279,337 IPC | One Accidental Cycle Make Hero |
| 11. | 135/08.06.09 U/S 356, 379,411 IPC | One Old Type Cycle Blue Color |
| 12. | 184/02.08.09 U/S 279 337 IPC | One Cycle Make Hero Accidental |
| 13. | 319/15.12.09 U/S 279,337 IPC | One Cycle Make Atlas Accidental |
| 14. | 16/30.01.10 U/S 379,411 IPC | One Cycle |
| 15. | 42/22.02.10 U/S 279,304A IPC | One Accidental Cycle Make Hero |
| 16. | 54/06.03.10 U/S 279,337 IPC | One Accidental Cycle |
| 17. | 102/19.04.10 U/S 379,411 IPC | One Cycle Make Hero Jet Red Color |
| 18. | 106/22.04.10 U/S 279,337 IPC | One Accidental Cycle Make Hero Jet |
| 19. | 131/19.05.10 U/S 279,337 IPC | One Cycle Make A One Accidental |
| 20. | 355/16.12.10 U/S 279,337 IPC | One Accidental Cycle Blue Color |
| 21. | 84/02.04.11 U/S 279,337 IPC | One Cycle Make Hero Accidental |
| 22. | 202/16.07.11 U/S 279,337 IPC | One Cycle Accidental |
| 23. | 33/ 07.02.2012 U/S 302,34 IPC | One Cycle No- 43377379 HC Bird Shanti Black Color |
| 24. | 76/08.03.12 U/S 279,337 IPC | One Accidental Cycle |
| 25. | 223/27.06.12 U/S 279,337 IPC | One Cycle Accidental |
| 26. | 294/16.08.12 U/S 279,337 IPC | One Accidental Cycle |
| 27. | 504/ 14.12.12 U/S 279,337 IPC | One Accidental Cycle Make Hero |
| 28. | 76/21.02.13 U/S 279,337 IPC | One Cycle Make Neelam |
| 29. | 104/16.03.13 U/S 279,337 IPC | One Cycle Make Hero |
| 30. | 226/14.06.13 U/S 279,337 IPC | One Cycle Make Hero Color Black |
| 31. | 282/20.07.13 U/S 279,337 IPC | One Accidental Atlas Cycle No 18932 Colour Black |
| 32. | 381/01.10.13 U/S 279, 337 IPC | One Rickshaw Make Neelam |
| 33. | 394/12.10.13 U/S 379,411 IPC | One Cycle Make Hero Jet Black Color |
| 34. | 483/08.12.13 U/S 379,411 IPC | One Rickshaw Rehri |
| 35. | 49/02.02.14 U/S 279,337 IPC | One Accidental Cycle Rickshaw |
| 36. | 153/26.03.14 U/S 279,337 IPC | One Rickshaw Rehri |
| 37. | 215/ 13.05.14 U/S 279,337 IPC | One Accidental Cycle Make Herojet |
| 38. | 234/03.06.14 U/S 279,337,304A IPC | One Cycle Make Hercules Black Color |
| 39. | 420/15/.10.14 U/S 279,337 IPC | One Cycle Make Atlas |
| 40. | 153/11.04.15 U/S 279,337 IPC | One Accidental Rickshaw Cycle |
| 41. | 157/24.04.15 U/S 279,337,304A IPC | One Accidental Hero jet Cycle |
| 42. | 488/03.12.15 U/S 279,337,304A IPC | 1. One Accidental Hero jet Cycle Colour Black |
| 43. | 34/29.02.16 U/S 279,337 IPC | One Accidental Cycle Color Red 7 Black |
| 44. | 53/25.03.16 U/S 279,337 IPC | One Accidental Cycle |
| 45. | 59/07.04.16 U/S 279,337,304A IPC | One Black Accidental Cycle |
| 46. | 95/17.06.16 U/S 279,337 IPC | One Accidental Cycle Make Atlas Color Black |
| 47. | 109/ 12.07.16 U/S 279,337 IPC | One Accidental Cycle Make Atlas Black Color |
| 48. | 162/09.09.16 U/S 279,337,338 IPC | One Accidental Rickshaw Rehri Make Neelam |
| 49. | 71/09.03.18 U/S 379,411 IPC | One Cycle |
| 50. | 173/03.06.18 U/S 379,411 IPC | One Cycle Make Avon Black Color |
| 51. | 182/14.06.18 U/S 379,411 IPC | One Cycle Make Hero Clues DTS Color Black |
| 52. | 307/13.10.18 U/S 279,337 IPC | One Accidental By Cycle |
| 53. | 180/16.09.19 U/S 283 IPC | One Rickshaw Rehri |
| 54. | 223/13.11.19 U/S 279,337,338 IPC | One Accidental Cycle |
| 55. | 239/12.12.19 U/S 279,304A IPC | One Accidental Blue Color Cycle Frame No 46401 |
| 56. | 144/12.12.20 u/s 279,337 IPC | One Accidental Cycle |
| 57. | 80/ 11.06.21 U/S 380,411 IPC | One By Cycle Make Ranger Have Veel |
| 58. | 84/18/06/21 U/S 380,411 IPC | One Cycle Rickshaw Rehri |

जारीकर्ता
चंडीगढ़ पुलिस



## न्यायालय अपर समाहर्त्ता, (लो०शि०नि०) गोपालगंज सदर
### आम–सूचना
पत्रांक 27

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित कॉलम–08/09/10 में अंकित बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद अधिनियम के तहत जप्त वाहन के अधिग्रहण की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में चल रही है लेकिन कुछ वाहन मालिक का नाम, पता प्राप्त नहीं हो सका है एवं कुछ संबंधित वाहन मालिक अबतक इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत नहीं किये है।

| Sl no | Case no | DM CASE NO | THANA | LTR NO | NAME & ADDRESS | THANA CASE NO | VEHICLE REGISTRAION NO | VEHICLE CHECIS NO | VEHICLE ENGINE NO | VEHICLE TYPE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 33/2025 | 1364/25 | श्रीपुर | 2245/विधि, दिनांक 13.10.2025 | अज्ञात | श्रीपुर थाना कांड सं०–149/25 दिनांक 19.06.2025 | HR26T6295 | 03K09C01732 | 03K08M02299 | मोटरसाईकिल |

अतः समाचार पत्र के माध्यम से उक्त जप्त वाहन मालिक को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से कारण बतावें कि क्यों नहीं कॉलम–08/09/10 में अंकित जप्त वाहन को राजसात कर लिया जाय। निर्धारित तिथि 15.01.2026 तक पक्ष प्रस्तुत नहीं करने पर यह माना जायेगा कि संबंधित मालिक को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और तदनुसार अभिलेख में उपलब्ध कागज के आधार पर आदेश पारित किया जायेगा।

यदि सूची में उल्लेखित वाहन पर किसी अन्य व्यक्ति का दावा बनता हो तो वैसे व्यक्ति भी निर्धारित ससमय न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपना पक्ष रख सकते है।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अपर समाहर्त्ता, (लो०शि०नि०)
गोपालगंज

PR. No.020273 (District) 2025-26 सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

AP-6433



## बिहार सरकार
### न्यायालय अपर समाहर्त्ता, (लो०शि०नि०) गोपालगंज सदर
### आम–सूचना
पत्रांक 26

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित कॉलम–08/09/10 में अंकित बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद अधिनियम के तहत जप्त वाहन के अधिग्रहण की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में चल रही है लेकिन कुछ वाहन मालिक का नाम, पता प्राप्त नहीं हो सका है एवं कुछ संबंधित वाहन मालिक अबतक इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत नहीं किये है।

| Sl no | Case no | DM CASE NO | THANA | LTR NO | NAME & ADDRESS | THANA CASE NO | VEHICLE REGISTRAION NO | VEHICLE CHECIS NO | VEHICLE ENGINE NO | VEHICLE TYPE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 21/2025 | 624/25 | उचकागाँव | अपर समाहर्त्ता, आपदा का पत्रांक 157/न्यायालय, दिनांक 20.09.27 | नंदलाल चौहान, पिता–लक्ष्मण चौहान, ग्राम–इंद्रानगर फगवारा, कपुरथाला, राज्य–पंजाब, पिन कोड– 144601 | उचकागाँव थाना कांड सं० 384/25, दिनांक | PB36C5573 | DUFBLES8428 | DUMBLE38770 | मोटर साईकिल |

अतः समाचार पत्र के माध्यम से उक्त जप्त वाहन मालिक को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से कारण बतावें कि क्यों नहीं कॉलम–08/09/10 में अंकित जप्त वाहन को राजसात कर लिया जाय। निर्धारित तिथि 15.01.2026 तक पक्ष प्रस्तुत नहीं करने पर यह माना जायेगा कि संबंधित मालिक को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और तदनुसार अभिलेख में उपलब्ध कागज के आधार पर आदेश पारित किया जायेगा।

यदि सूची में उल्लेखित वाहन पर किसी अन्य व्यक्ति का दावा बनता हो तो वैसे व्यक्ति भी निर्धारित ससमय न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपना पक्ष रख सकते है।

अपर समाहर्त्ता, (लो०शि०नि०)
गोपालगंज।

PR- 020263 ( District ) 2025-26 नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

AP-6432



## पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड

कार्यालय: अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता, डीएस मंडल, पोहिर रोड, अहमदगढ़
दूरभाष:01675-240493 मोबाईल: +91-96461-14099 ई-मेल: xenahmedgarh@gmail.com
पंजीकृत कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल, पटियाला-147001 वेबसाईट: www.pspcl.in
कारपोरेट पहचान संख्या: U40109PB2010SGC033813

**निविदा पूछताछ सं. 02/मंडल अहमदगढ़, 2025-26 दिनांक: 19.12.2025**

अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता, पीएसपीसीएल, अहमदगढ़ द्वारा सहायक अभियंता, उप-मंडल सियाड के उपयोग के लिए एक वर्ष हेतु 01 संख्या एकल केबिन आउटसोर्स वाहन (महिंद्रा बोलेरो/जीनियस/टाटा 207/408 या समकक्ष) को एक वर्ष हेतु किराए पर लेने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। (वाहन 4 वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए)।

अंतिम तिथि एवं समय:-

| | | |
|---|---|---|
| (ए) | निविदा दस्तावेज प्राप्त करने की तिथि | 26.12.2025, प्रात: 11:00 बजे |
| (बी) | निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि और समय | 01.01.2026 को अप. 01:30 बजे तक |
| (सी) | निविदा जमा करने की तिथि | 07.01.2026, को अप. 01:30 बजे |
| (डी) | निविदा खुलने की तिथि | 11.01.2026, अप. 03:00 बजे तक |
| (डी) | निविदा दस्तावेज का मूल्य- | 1180/-रुपये प्रति निविदा पूछताछ (1000 रुपये +189 रुपये जीएसटी) |

टिप्पणी:-निविदा विनिर्देशन और शर्तों हेतु कृपया वितरण मंडल पीएसपीसीएल, अहमदगढ़ के कार्यालय के साथ दिनांक 26.12.2025 (प्रात: 11.00 बजे) से संपर्क किया जा सकता है।

टिप्पणी:-किसी भी प्रकार के संशोधन, यदि कोई हुए, केवल मंडल अहमदगढ़ द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा।

सी 896/25



## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे अंबाला कैंट, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र पर खुली निविदाएं आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर संख्या | एलपी–मेड–03–यूएमबी–2025 |
| 2 | कार्य का नाम | मंडल रेलवे अस्पताल अम्बाला छावनी मे दवाइयां, की दैनिक स्थानीय खरीद के लिए रिटेल सप्लायर्स का दो वर्ष के लिए दरअनुबंध मे प्रवेश करने के लिए आवेदन। |
| 3 | धरोहर राशि | रु 2,27,100/–मेडिसिन के लिए IREPS Portal पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतानके माध्यम से |
| 4 | कार्य अवधि | दो साल |
| 5 | टेंडर डालने व खोलने का अन्तिम तिथि व समय | टेंडर डालने का समय दिनांक 07.01.2026 को 15.00 बजे तक है तथा टेंडर दिनांक 07.01.2026 को 15.10 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर रेलवे अम्बाला छावनी के कार्यालय मे खोला जायेगा। |
| 6 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | https://ireps.gov.in निविदाकार दिनांक 22.12.2025 से अपने स्वयं के जोखिम पर बोली शुरू कर सकते है। |

न. एलपी–मेड–03–यूएमबी–2025 दिनांक 22.12.2025

3969/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6443



## पूर्व रेलवे
### ई–नीलामी आमंत्रण सूचना

सं. सीओएम/पार्सल/लीजिंग/लॉग टर्म ई–ऑक/एचडब्ल्यूएच/2024/पार्ट–III, दिनांक 22.12.2025, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, पहली मंजिल, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल–711101 द्वारा दो चरणों में हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 21 यात्रीवाही ट्रेनों के 23 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट और 02 यात्रीवाही ट्रेनों के 04 अदद आरटीवीपी की पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई–ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न अहस्तांतरणीय नीलामी सूची www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। वर्तमान ई–नीलामी के लिए बोली www.ireps.gov.in पर ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से जमा की जाएगी। ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट www.ireps.gov.in में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास–III का डिजिटल हस्ताक्षर लेने की भी आवश्यकता पड़ेगी। (1) **ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–26–1ए। कम्पार्टमेंट** : 17 यात्रीवाही ट्रेनों के 18 अदद एसएलआर। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 02.01.2026 को 13.30 बजे। (2) **कैटलॉग सं.: पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–26–1बी। कम्पार्टमेंट** : 04 यात्रीवाही ट्रेनों के 05 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट और 02 यात्रीवाही ट्रेनों के 04 अदद आरटीवीपी। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 05.01.2026 को 13.30 बजे।

HWH-481/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

AP-6446

प्रशासन और नगर निगम की नाकामी से चंडीगढ़ बना अव्यवस्था का शिकार

# अवैध पार्किंग बनी सिरदर्द, लोगों को पार्किंग की सुविधा नहीं

विभिन्न सैक्टरों, मार्केट, अस्पतालों, सरकारी दफ्तरों, फुटपाथों,शिक्षण संस्थानों और ग्रीन बेल्ट पर अवैध पार्किंग आम

सेक्टर 17, 22,35,43 जैसे व्यस्त इलाकों में स्थिति बहुत ही बदतर, अवैध पार्किंग से रूक जाता है पूरा ट्रैफिक



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** देश का सबसे सुनियोजित शहर कहलाने वाला चंडीगढ़ आज प्रशासनिक लापरवाही और नगर निगम की विफल नीतियों के कारण अव्यवस्था का प्रतीक बनता जा रहा है। पिछले तीन से चार वर्षों से चंडीगढ़ गंभीर पार्किंग संकट से जूझ रहा है। इसने शहर की यातायात व्यवस्था को भी पूरी तरह चरमरा दिया है। शहर में वाहनों की संख्या तो लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन पार्किंग सुविधाओं के विस्तार को लेकर न तो ठोस योजना बनाई गई और न ही ज़मीनी स्तर पर कोई प्रभावी काम हुआ। नतीजा यह है कि शहर के प्रमुख बाज़ारों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और सरकारी दफ्तरों के आसपास सडक़ों, फुटपाथों और ग्रीन बेल्ट पर अवैध पार्किंग आम हो चुकी है। सेक्टर-17, 22, 35, 43 जैसे व्यस्त इलाकों में स्थिति इतनी बदतर है कि पीक आवर्स के दौरान अवैध पार्किंग की वजह से ट्रैफिक पूरी तरह ठप हो जाता है। आम नागरिकों के साथ-साथ एंबुलेंस और दमकल जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी जाम में फँसना पड़ता है, जो सीधे तौर पर प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है।

नगर निगम और यूटी प्रशासन द्वारा वर्षों से मल्टी-लेवल पार्किंग के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन ज़्यादातर परियोजनाएं या तो कागज़ों तक सीमित हैं या फिर धीमी गति से चल रही हैं। योजनाओं की घोषणाएं तो होती हैं, लेकिन क्रियान्वयन के स्तर पर गंभीरता का पूरी तरह अभाव दिखाई देता है। ट्रैफिक पुलिस अवैध पार्किंग को लेकर अक्सर चालान काटने की मुहिम में जुट जाती है। शहरवासियों की दलील है कि बिना वैकल्पिक पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराए सख्ती करना जनता पर बोझ डालने जैसा है। नागरिकों का कहना है कि यह नीति समस्या का समाधान नहीं, बल्कि प्रशासनिक असफलता को छिपाने का प्रयास है। विशेषज्ञों का मानना है कि सार्वजनिक परिवहन को मज़बूत करने, साइकिल ट्रैक और पैदल यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने में भी प्रशासन पूरी तरह विफल रहा है। इसी कारण लोग मजबूरी में निजी वाहनों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे पार्किंग संकट और गहराता जा रहा है। आज हालात यह हैं कि चंडीगढ़ की पहचान एक सुव्यवस्थित शहर के बजाय ट्रैफिक जाम और पार्कि ग अव्यवस्था से होने लगी है। यदि प्रशासन और नगर निगम ने जल्द ही ठोस और ईमानदार कदम नहीं उठाए, तो आने वाले वर्षों में यह संकट और भयावह रूप ले सकता है। पहले भी स्मार्ट पार्कि ग प्रोजेक्ट की आर.एफ.पी तैयार करने और सामुदायिक स्तर पर नीति-परिवर्तन के सुझाव दिए जा चुके हैं लेकिन इसे लागू करने में देरी और विवाद का सामना करना पड़ा है। नगर निगम ने मनीमाजरा पेड पार्किंग में नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया, और कई वाहन जब्त किये। नागरिक लगातार पार्किंग की खराब व्यवस्था, अनधिकृत पार्किंग और यातायात में अवरोध से निराश। शिकायतें सोशल प्लेटफॉर्म पर भी साझा की जा रही हैं कि ट्रैफिक पुलिस/नगर निगम पक्ष कुछ इलाकों में पर्याप्त नियंत्रण नहीं रख पा रहे। (लोकल अनुभव/ शिकायतें)। यूटी प्रशासन ने एलांते माल में अवैध संरचनाएँ हटाई (जिनका संभवतः पार्किंग स्थान से संबंध था और भ्रष्टाचार/अनुमोदन के उल्लंघन के कारण कार्रवाई हुई)।

### शहर में पार्किंग और ट्रैफिक की समस्या अभी भी जारी

पिछले कुछ महीनों में शहर में पार्किंग एजेंसी ना होने के कारण नगर निगम स्वयं पार्कि ग संचालन कर रहा है, लेकिन कम स्टाफ और प्रबंध की कमी के चलते मुख्य बाज़ारों और सडक़ों पर वाहन अव्यवस्थित रूप से खड़े हैं। निगम को राजस्व भी कम मिल रहा है। अनधिकृत पार्किंग और ट्रैफिक ब्लॉकेज आम समस्या बनी हुई है।

### जल्द लागू होगा वन सिटी-वन पार्किंग पास सिस्टम

नगर निगम ने एक ही पार्किंग पास की मंजूरी दी, जिसके तहत पूरा शहर के सभी पेड पार्किंगों के लिए एक मासिक पास लागू करने का प्रस्ताव पारित हुआ है। चंडीगढ़ नगर निगम ने घोषणा की है कि 15 जनवरी 2026 से वन सिटी-वन पार्किंग सिस्टम लागू होगा। इसका मतलब है कि अब एक ही मासिक पास से आप शहर की किसी भी निगम पार्किंग में अपना वाहन खड़ा कर सकते हैं। अलग-अलग पास लेने की ज़रूरत नहीं रहेगी। दुपहिया वाहन के लिए 250 रुपये प्रति माह और चारपहिया वाहन के लिए 500 रुपये प्रतिमाह पास निर्धारित किया गया है। यह योजना शहर के करीब 89 पार्किंग स्थलों में लागू होगी, जिनमें से अभी 73 पेड पार्किंग ज़ोन हैं। यह एडवांस्ड सिस्टम भविष्य में स्मार्ट टेक्नोलॉजी (मोबाइल एप, रियल-टाइम स्लॉट जानकारी, वैलेट आदि) से और बेहतर होगा। इसका उद्देश्य है कि पार्किंग को रोजमर्रा के लिए आसान बनाया जाए और ड्राइवर्स को बार-बार अलग-अलग पास के झंझट से बचाया जाए। नगर निगम चंडीगढ़ ने घोषणा की है कि 31 जनवरी तक 89 पार्किंग स्थल को ई-स्मार्ट बनाया जाएगा। इसका मतलब है कि इन पार्कि गों में सेंसर / तकनीक के ज़रिये वास्तविक-समय उपलब्धता और प्रबंधन आसान होगा। इसका उद्देश्य नगर में पार्कि ग व्यवस्था को आधुनिक बनाना और भीड़ कम करना है।



**मेयर हरप्रीत कौर बबला:** नये साल में शहर के लोगों को पार्किंग की सुविधा मिल जाएगी। मासिक पास सिस्टम लागू किया जा रहा है। उम्मीद है कि लोगों को इस सिस्टम से सहूलियत मिलेगी।



**नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार:** मासिक पास सिस्टम जल्द लागू करने की दिशा में काम हो रहा है। यह वन सिटी-वन पार्किंग सिस्टम पर होगा। इसकी दरें तय की जा रही हैं। शहर के 89 पार्किंग स्थलों में से 73 पार्किंग जोन हैं जहां योजना शुरू की जाएगी।

# सेक्टर-17 में बनेगा अत्याधुनिक एकीकृत उपायुक्त कार्यालय परिसर

एक ही छत के नीचे मिलेंगी नागरिक सेवाएं

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** सेक्टर-17, चंडीगढ़ में प्रस्तावित एकीकृत उपायुक्त कार्यालय परिसर की प्रगति और योजना की समीक्षा को लेकर मंगलवार को उपायुक्त, चंडीगढ़ की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना एवं अभियांत्रिकी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि चंडीगढ़ प्रशासन ने प्लॉट नंबर-16, जन मार्ग, सेक्टर-17 स्थित उपायुक्त कार्यालय भवन के विस्तृत कार्यात्मक लेआउट और वर्टिकल ज़ोनिंग प्लान को अंतिम रूप दे दिया है। इस परियोजना का उद्देश्य एक आधुनिक, एकीकृत और नागरिक-केंद्रित प्रशासनिक परिसर विकसित करना है, जहां नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाएं एक ही स्थान पर सुचारु और प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराई जा सकें।

प्रशासन के अनुसार भवन की योजना इस प्रकार तैयार की गई है कि इसमें प्रमुख विभागों और अधिक जन-संपर्क वाले कार्यालयों को समुचित रूप से समाहित किया जा सके। सार्वजनिक संपर्क क्षेत्र, मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, अभिलेख कक्ष और तकनीकी सेवाओं के लिए स्पष्ट और व्यवस्थित विभाजन किया गया है, जिससे कार्यप्रवाह सुगम हो, सुरक्षा बढ़े और नागरिकों की पहुंच आसान बने।



### तीन बेसमेंट पार्किंग और सेवाओं के लिए

भवन में बेसमेंट-1, बेसमेंट-2 और बेसमेंट-3 को पार्किंग और आवश्यक भवन सेवाओं के लिए निर्धारित किया गया है। इनमें रैंप, वेंटिलेशन सिस्टम, विद्युत एवं अग्नि-सुरक्षा प्रतिष्ठान, प्रेशराइज्ड सीढ़ियां और लिफ्ट लॉबी होंगी, जिससे सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित होगा।

### भूतल पर सार्वजनिक संपर्क केंद्र

भूतल को नागरिक सुविधा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां रिसेप्शन, सार्वजनिक प्रतीक्षालय, आरएलए कार्यालय, जन-संपर्क काउंटर, कैफेटेरिया और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस व्यवस्था से आम नागरिकों को सामान्य सेवाओं के लिए ऊपरी मंज़िलों पर जाने की आवश्यकता कम होगी।

### प्रथम और द्वितीय तल पर जनसेवा व राजस्व कार्य

प्रथम तल पर आरएलए शाखाएं, एसडीएम कार्यालय, जन-संपर्क काउंटर और अभिलेख कक्ष होंगे। वहीं द्वितीय तल पर तहसीलदार (राजस्व), भूमि अधिग्रहण अधिकारी, न्यायालय कक्ष और संबंधित सहायक सुविधाएं स्थापित की जाएंग।

### तृतीय तल पर उपायुक्त कार्यालय

तृतीय तल पर उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, लेखा शाखा, एनआईसी सहायता केंद्र तथा सम्मेलन कक्ष होंगे। इस तल तक पहुंच नियंत्रित रखी जाएगी, ताकि प्रशासनिक कार्यों की सुरक्षा और दक्षता बनी रहे।

### ऊपरी तल तकनीकी सेवाओं के लिए

चतुर्थ तल विभागीय कार्यालयों के लिए तथा पंचम और षष्ठम तल तकनीकी और सहायक सेवाओं—जैसे एनआईसी, एचवीएसी प्लांट रूम और विद्युत सेवाओं—के लिए आरक्षित रहेंगे। भवन में आधुनिक अग्नि-सुरक्षा, आपातकालीन निकासी और उच्च स्तरीय सुरक्षा प्रणालियां स्थापित की जाएंगी। उपायुक्त, चंडीगढ़ ने कहा कि यह एकीकृत परिसर सेवा वितरण, पारदर्शिता और अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत करेगा। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक वैधानिक अनुमोदनों की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए, ताकि परियोजना समयबद्ध तरीके से पूरी हो और चंडीगढ़ के नागरिकों को शीघ्र इसका लाभ मिल सके।

## जीरकपुर में निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से चोरी, तीन आरोपी काबू

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 23 दिसंबर।** भबात स्थित जिमीदारा एन्क्लेव में निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से लोहे की प्लेटें चोरी करने के मामले में जीरकपुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता प्रमोद सिंह, निवासी दादोपुर जिला कुशीनगर (उत्तर प्रदेश), ने बताया कि वह इम्पल्स इंडिया कंपनी में ठेकेदारी कार्य की देखरेख करता है। कंपनी द्वारा भबात में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है, जहां बीते कई दिनों से रात के समय लोहे की स्ट्रिंग वाली प्लेटें चोरी हो रही थीं। लगातार हो रही चोरी को लेकर प्रमोद सिंह स्वयं निगरानी कर रहा था। बीती रात करीब चार बजे दो युवक चोरी की नीयत से मौके पर पहुंचे, जिन्हें उसने अपने साथी की मदद से पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान बन्नी सिंह निवासी विक्टोरिया सिटी भबात रोड और रविंदर कुमार निवासी भबात जीरकपुर के रूप में हुई। भागने के प्रयास में बन्नी सिंह गिर गया, जिससे उसे चोट लग गई। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि चोरी की प्लेटें वे पटियाला रोड स्थित कबाड़ी मोहम्मद बसीम को बेचते थे। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चंडीगढ़ एस्टेट ऑफिस में फाइल से छेड़छाड़ का मामला, दो कर्मियों पर मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** सेक्टर-17 स्थित एस्टेट ऑफिस, चंडीगढ़ में सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में सेक्टर-17 थाना पुलिस ने सहायक एस्टेट अधिकारी नवीन दानिक्स की शिकायत पर दो कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों की पहचान ललित मोहन (क्लर्क, सामान्य कैडर) और ललित (एमटीएस/चपरासी) के रूप में हुई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 61(2), 238(बी), 316(5), 318(4), 336(3) और 340(2) के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, एस्टेट ऑफिस सेक्टर-17 में रखी सरकारी फाइल नंबर एम-21 (1055/42बी) के महत्वपूर्ण दस्तावेजों से जानबूझकर छेड़छाड़ की गई। दस्तावेजों में हेरफेर की आशंका सामने आने के बाद विभागीय स्तर पर जांच की गई, जिसमें अनियमितताएं पाई गईं। इसके बाद सहायक एस्टेट अधिकारी ने पुलिस को लिखित शिकायत दी, जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सरकारी रिकॉर्ड से जुड़ा मामला होने के कारण इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। जांच के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि छेड़छाड़ किस उद्देश्य से की गई और इसमें किसी अन्य की संलिप्तता है या नहीं। फिलहाल पुलिस ने फाइल व संबंधित रिकॉर्ड कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## जीरकपुर पुलिस की होटलों और स्पा सेंटर्स पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

11 लड़कियों को छुड़ाया गया,होटल के संचालक और मैनेजर समेत चार लोगों को किया गया गिरफ्तार

ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में दो होटलों और एक स्पा सेंटर्स को किया गया सील



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 23 दिसंबर।** जीरकपुर पुलिस लगातार प्रॉस्टिट्यूशन के धंधे में शामिल होटलों और स्पा सेंटर्स पर कार्रवाई कर रही है। मंगलवार को एएसपी गजलप्रीत कौर की लीडरशिप में जीरकपुर पुलिस ने बलटाना में दो होटलों और एक स्पा सेंटर पर रेड मारकर 11 लड़कियों को छुड़ाया। इस मौके पर होटल के संचालक और मैनेजर समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ इम्मोरल ट्रैफिकिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। इस बीच, ड्यूटी मजिस्ट्रेट को मौके पर बुलाया गया और उनकी देखरेख में दोनों होटलों और स्पा सेंटर्स को सील कर दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए एएसपी गजल प्रीत कौर ने बताया कि होटलों और स्पा सेंटर्स की आड़ में चल रहे प्रॉस्टिट्यूशन के धंधे को रोकने के लिए आज बलटाना इलाके में मौजूद होटल संगम, होटल गिन्नी और ए वन स्पा सेंटर पर रेड की गई। उन्होंने कहा कि इन होटलों और स्पा सेंटरों में प्रॉस्टिट्यूशन चलाया जा रहा था। रेड के दौरान पुलिस ने मौके से 11 लड़कियों को बचाया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मौके पर मौजूद होटल संचालक और होटल मैनेजर समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस मौके पर उन्होंने किराएदारों से कहा कि वे संबंधित पुलिस स्टेशन या चौकी से अपना वेरिफिकेशन करवा लें। उन्होंने कहा कि वे किराएदारों के वेरिफिकेशन को लेकर एक नया प्रोग्राम भी ला रहे हैं, जिसकी जानकारी जल्द ही शेयर की जाएगी। होटल और स्पा सेंटर के मालिकों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई एक-दो दिन की नहीं है, बल्कि यह लगातार जारी रहेगी। इसलिए उनकी बातों को हल्के में न लिया जाए। उन्होंने कहा कि लोग हम पर भरोसा करते हैं और हमें इस बारे में बताते हैं, इसलिए हम लोगों का भरोसा बिल्कुल नहीं टूटने देंगे और भविष्य में भी यह कार्रवाई जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर कोई होटल या स्पा सेंटर दोबारा इस धंधे में शामिल पाया गया तो उनकी प्रॉपर्टी भी सील कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वे जीरकपुर से प्रॉस्टिट्यूशन के धंधे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

# सभी आवश्यक और व्यापक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने का आदेश

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** चंडीगढ़ में गणतंत्र दिवस-2026 के आयोजन को भव्य, गरिमापूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) सहित सभी संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष (एचओडी) उपस्थित रहे।

बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि समारोह के सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक और व्यापक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं।

गणतंत्र दिवस परेड के लिए स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रिहर्सल करवाई जाएगी। सभी विभागों को अपनी योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को दर्शाने वाली झांकियां तैयार करने के निर्देश दिए गए। परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों को रिहर्सल के दौरान तथा मुख्य समारोह के दिन जलपान उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

परिवहन विभाग को रिहर्सल एवं मुख्य कार्यक्रम के दिन विद्यार्थियों की आवाजाही के लिए पर्याप्त बसों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। वहीं इंजीनियरिंग विभाग को कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों एवं वीआईपी के लिए बैठने की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, मंच निर्माण, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग को रिहर्सल के दौरान और मुख्य समारोह के दिन एंबुलेंस व चिकित्सा टीमों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। बैठक में युद्ध वीरों एवं युद्ध विधवाओं के सम्मान और उनके लिए उचित प्रोटोकॉल बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा सौंपे गए दायित्वों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि चंडीगढ़ में गणतंत्र दिवस समारोह अनुशासित, शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से संपन्न हो सके।

# सुप्रीम आदेश के बाद खस्ताहाल वेंडिंग जोन्स की नगर निगम ने ली सुध

निर्धारित वेंडिंग जोन्स में लगे थे बड़ी-बड़ी घासों के जंगल

बदहाल वेंडिंग जोन्स को चमकाने का काम किया नगर निगम ने



अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम आदेश के बाद अब वेंडिंग जोन को ठीक करने के लिए नगर निगम की टीम ने आनन-फानन में काम करना शुरू कर दिया है। नगर निगम ने वेंडर लाइसेंस जारी करने के बाद वेंडिंग जोन भी अलग-अलग एरिया में बना रखे थे। परंतु इनमें वेंडर्स शिफ्ट नहीं हुए। इसके बाद वेंडिंग जोन की किसी ने सुध नहीं ली। इन उक्त जोन्स में बड़ी-बड़ी घास के जंगल भी पनप गये थे। इसके बाद इन स्थलों पर कचरा भी गिराया जाने लगा था। किंतु सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के असर से नगर निगम की संबंधित टीमें बदहाल वेंडिंग जोन को चमकाने में जुट गयीं हैं।

सेक्टर 49 के वेंडिंग जोन में इतनी ज्यादा घास थी कि अंदर जाना मुश्किल था। परंतु गत दिनों एमसी की टीम ने वेंडिंग जोन को पूर्ण रूप से साफ कर दिया। अब इसकी हालत ऐसी हो गई है कि यहां वेंडर आराम से बैठ सकते हैं। इसी प्रकार सेक्टर 7, 20, 48, 47, 32, 31 सहित कई सेक्टरों में बने वेंडिंगे जोन की हालत भी अब ठीक होने लगी है।

### जनसुविधाओं की कमी

इतना सब कुछ होने के बावाजूद इन स्थलों पर जन सुविधाओं की अभी भी कमी नजर आ रही है। यहां शौचालय और पेयजल उपलब्ध नहीं है, इनके बगैर यहां अपना काम करने वाले वेंडरों को कठिन समस्या से गुजरना पड़ेगा। कई जगहों पर तो हालात बेहद खराब हैं। इसके अलावा एंट्री एग्जिट और पार्किंग जैसी अन्य कई समस्याएं भी यहां मुंह बाए खड़ी हैं।

### वेंडिंग जोन में ही वेंडरों को बैठना होगा

नगर निगम अब सभी गैर पंजीकृत और अनधिकृत वेंडर्स को शहर से उठा रहा है। जो पंजीकृत (रजिस्टर्ड) वेंडर्स हैं, उन्हें वेंडिंग जोन में बैठकर ही काम करना होगा। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक सप्ताह का समय निर्धारित किया है। तत्पश्चात इन स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम के लिए अनिवार्य हो जायेगा। निगम को वेंडर्स हटाना नहीं है। पंजीकृत को वेंडिंग जोन में बैठाकर पूरे कार्य की रिपोर्ट दो सप्ताह के भीतर कोर्ट में दाखिल करनी पड़ेगी। इसके चलते यह सारा कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। दोबारा वेंडर व बैठें और अतिक्रमण रोकने के लिए तीन फ्लाइंग टीमें भी गठित की गई हैं। सेक्टर 15 सहित कई वेंडिंग जोन पहले फेज में रखे गये हैं। इनमें सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करायी जाने की प्लानिंग है। हालांकि नगर निगम की सदन बैठकों में भी वेंडर्स जोन को लेकर कुछ पार्षदों की तरफ से सवाल खड़े किये जाते रहे हैं। इनमें अधिकांश पार्षदों को इधर-उधर नाजायज कब्जों की शिकायतें थीं। कुछ की अपने-अपने लोगों को एडजस्ट करने की बातें भी प्रत्यक्ष रूप से की जा रही थीं। किंतु मौजूदा हालात से शायद अब सभी समस्याओं का समाधान भी हो जायेगा।

### 29 दिसंबर को शहर में धरना प्रदर्शन कर जतायेंगे रोष: राम मिलन

चंडीगढ़ फुटपाथ वर्कर यूनियन, एवं चंडीगढ़ वेंडर्स एसोसियेशन के प्रधान राम मिलन गौड ने बताया कि चंडीगढ़ वेंडर्स को कोई सुविधा न देकर नगर निगम चंडीगढ़ और प्रशासन दोनों मूर्ख बना रहे हैं। उनका कहना है कि आगामी 29 दिसंबर दिन सोमवार को चंडीगढ़ और मोहाली के सभी वेंडरों की पहले बैठक करें, बाद में रैली, धरना और प्रदर्शन कर इसका विरोध दर्ज करायेंगे।

## जॉयलैंड मोंटेसरी स्कूल ने शानदार सालाना फंक्शन यह गुलिस्तान हमारा कार्यक्रम आयोजित

बच्चों की शानदार परफॉर्मेंस को देखकर गूंजा हाल

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** सैक्टर 38 स्थित जॉयलैंड मोंटेसरी स्कूल ने गर्व के साथ अपना सालाना फंक्शन यह गुलिस्तान हमारा कार्यक्रम सैक्टर 38 स्थित महिला भवन में आयोजित किया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोनिका बी सूद ने शिरकत की।वही स्कूल के चेयरमैन एमएल सैनी, प्रिंसिपल कमल चंदोलिया और डॉयरेक्टर अमनीश सैनी भी उपस्थित थे।जिसमें विविधता में एकता की भावना और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया गया।इस कार्यक्रम में सभी सेक्शन के छात्रों ने जोश के साथ हिस्सा लिया और शानदार परफॉर्मेंस, देशभक्ति की भावना देखने को मिली।इस कार्यक्रम की शुरुआत अच्छी तरह से कोरियोग्राफ किए गए डांस,मधुर गाने,अर्थपूर्ण नाटक और म्यूजिकल प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला के साथ हुई। जिसमें भारत को एक ऐसे बगीचे के रूप में खूबसूरती से दिखाया गया जहाँ अलग-अलग संस्कृतियाँ, परंपराएँ और मूल्य सद्भाव से एक साथ बढ़ते हैं। अपनी आत्मविश्वास भरी स्टेज परफॉर्मेंस और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने राष्ट्रीय गौरव, शांति और एकजुटता का संदेश दिया। इस फंक्शन में सम्मानित मेहमान, स्कूल मैनेजमेंट के सदस्य, शिक्षक और माता-पिता शामिल हुए।जिनकी उपस्थिति ने इस अवसर की गरिमा बढ़ाई। मेहमानों ने छात्रों की रचनात्मकता,अनुशासन और समर्पण की सराहना की। और उन्हें गाइड करने में शिक्षकों के प्रयासों की भी तारीफ की।सालाना फंक्शन ÷यह गुलिस्तान हमारा÷ एक प्रेरणादायक संदेश के साथ समाप्त हुआ।यह कार्यक्रम शिक्षा में उत्कृष्टता और अपने छात्रों के समग्र विकास के प्रति जॉयलैंड मोंटेसरी स्कूल की प्रतिबद्धता का प्रमाण था।स्कूल के चेयरमैन एमएल सैनी,प्रिंसिपल कमल चंदोलिया और डॉयरेक्टर अमनीश सैनी बच्चों की परफॉर्मेंस की सराहना कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

सम्पादकीय

# शीत सत्र में नायब सरकार ने दिया दृढ़ सेवा भाव का परिचय

हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र कामकाज के लिहाज से जहां सफल रहा, वहीं विपक्ष की ओर से चर्चा में हिस्सा न लेकर वॉकआउट करने और कार्यवाही में व्यवधान डालने जैसे आरोपों ने यह साबित कर दिया कि मौजूदा परिस्थितियों में विपक्ष गहरी हताशा में है और उसे रचनात्मक आलोचना के बजाय लक्षित आलोचना करना ज्यादा रास आ रहा है। जबकि यह सच है कि जनता के समक्ष सबकुछ खुली किताब की भांति है और वह यह देख और समझ पा रही है कि आखिर किस प्रकार राजनीति करके जहां विधानसभा का अमूल्य समय बर्बाद करने की कोशिश की गई, वहीं जनता को भी व्यर्थ के मुद्दों के जरिये गुमराह किया गया। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि बगैर किन्हीं ठोस कारणों के बहुमत की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया और उस अविश्वास प्रस्ताव पर कथित रूप से नेता विपक्ष के हस्ताक्षर ही नहीं थे। वहीं जब चर्चा हो रही थी तो कांग्रेस के सभी विधायक वॉकआउट कर गए। वहीं चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान भी कांग्रेस विधायक वॉकआउट कर गए। प्रश्न यही है कि जो अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए, क्या उन्हें अपनी बात रखने के बाद सरकार का जवाब नहीं सुनना चाहिए था। वहीं देश में इस समय कांग्रेस का सबसे पसंदीदा विषय चुनाव सुधार हैं। पार्टी लगातार देश में कथित वोट चोरी का आरोप लगाकर प्रदर्शन, जुलूस और रैलियां कर रही है, लेकिन शीत सत्र के अंतिम दिन जब चुनाव सुधारों पर चर्चा हो रही थी तो कांग्रेस विधायक फिर वॉकआउट कर गए।

**गौरतलब है कि सदन में चुनाव सुधारों पर चर्चा का प्रस्ताव लाया गया था। लेकिन इस चर्चा में कांग्रेस विधायकों ने हिस्सा लेना ही उचित नहीं समझा और बहस से भागते रहे। क्या संसदीय प्रणाली में यह रवैया उचित कहा जा सकता है। लोकतंत्र का सार यही तो है कि चर्चा, विमर्श से जनमत तैयार किया जाए। लेकिन कांग्रेस के केंद्रीय नेता चुनाव आयोग, मतदान और वोट को लेकर आरोप लगाते आ रहे हैं, लेकिन हैरानी इसकी है कि बगैर ठोस प्रमाण के वे अपनी बात मनवाने में लगे हैं। इसके लिए रैलियां की जा रही हैं, धरने और प्रदर्शन किए जा रहे हैं, लेकिन सबसे उपयुक्त जगह संसद और विधानसभा में चर्चा के वक्त कांग्रेस सांसद और विधायक सदन से बाहर चले जाते हैं। क्या इस बर्ताव को उचित ठहराया जा सकता है।**

गौरतलब है कि सदन में चुनाव सुधारों पर चर्चा का प्रस्ताव लाया गया था। लेकिन इस चर्चा में कांग्रेस विधायकों ने हिस्सा लेना ही उचित नहीं समझा और बहस से भागते रहे। क्या संसदीय प्रणाली में यह रवैया उचित कहा जा सकता है। लोकतंत्र का सार यही तो है कि चर्चा, विमर्श से जनमत तैयार किया जाए। लेकिन कांग्रेस के केंद्रीय नेता चुनाव आयोग, मतदान और वोट को लेकर आरोप लगाते आ रहे हैं, लेकिन हैरानी इसकी है कि बगैर ठोस प्रमाण के वे अपनी बात मनवाने में लगे हैं। इसके लिए रैलियां की जा रही हैं, धरने और प्रदर्शन किए जा रहे हैं, लेकिन सबसे उपयुक्त जगह संसद और विधानसभा में चर्चा के वक्त कांग्रेस सांसद और विधायक सदन से बाहर चले जाते हैं। क्या इस बर्ताव को उचित ठहराया जा सकता है। दरअसल, हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस विधायकों के चर्चा से भागने की वजह से ही निंदा प्रस्ताव पारित किया गया तो यह पार्टी की अपनी मनोदशा और परिस्थिति को दर्शाता है। वरना यह भी हो सकता था कि कांग्रेस विधायक पूर्णकाल तक सदन में डटे रहकर चर्चा में हिस्सा लेते और धीर-गंभीर चर्चा का माहौल बनाते।

कांग्रेस विधायक एवं नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सदन में आरोप लगाया कि विपक्ष को शीत सत्र के दौरान बोलने का मौका नहीं दिया गया। कांग्रेस का एक भी स्थगन प्रस्ताव, काम रोको प्रस्ताव या अल्पकालिक चर्चा प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया गया। बेशक, यह सभी प्रस्ताव विपक्ष के सरकार के खिलाफ हथियार होते हैं, जिनका प्रयोग करके विपक्ष अपनी बात सरकार एवं प्रदेश की जनता के सम्मुख रखता है। लेकिन यह भी तो समझने योग्य है कि विपक्ष बगैर किसी गंभीर औचित्य के अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया और स्पीकर की ओर से इसे स्वीकार कर चर्चा करवाई गई। और इस चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विपक्ष के हर उस आरोप का जवाब दिया, जिसे इन विभिन्न प्रस्तावों के दौरान रखे जाने की विपक्ष की योजना थी। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि स्पीकर ने विचार कर जो फैसला लिया, वह उचित था।

शीत सत्र के दौरान विपक्ष के सहयोग न करने के बावजूद सरकार की ओर से तमाम ऐसे विधेयक पारित करवाए गए, जिनका फायदा प्रदेश की जनता को अभी और भविष्य में मिलने वाला है। एक बात गौर करने लायक यह भी है कि सदन में इस बार पहली बार चुनकर आए विधायकों की संख्या सर्वाधिक है, निश्चित रूप से ऐसे विधायकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम जरूरी है। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव जोकि खुद पहली बार सदन का हिस्सा बनी हैं, ने इस बात को नोटिस किया कि किस प्रकार वरिष्ठ विधायकों के द्वारा भी प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा। ऐसे में अब विधायकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। वास्तव में सुधार की यह प्रक्रिया प्रत्येक क्षेत्र में है और सत्तापक्ष एवं विपक्ष के पास यह जिम्मेदारी है कि वे प्रदेश को विकास की दिशा में लेकर जाएं। हालांकि मौजूदा दौर में राजनीति बहुत हावी हो गई है और मसलों को उठाना और उनके समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास की बजाय अब कमियां निकाल कर आरोपों की बारिश ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। बावजूद इसके मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सफलतापूर्वक इस सत्र का सामना करके प्रदेश की जनता के प्रति अपने दृढ़ सेवा भाव का परिचय दिया है।

# भारत के नए मुक्त व्यापार समझौते से खेत से लेकर कारखाने तक रोजगार और समृद्धि बढ़ेगी

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम को प्रतिबिंबित करता है - यह रोजगार सृजन को तेज करता है, निवेश को बढ़ावा देता है और भारत के छोटे व्यवसायों, छात्रों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए परिवर्तनकारी अवसरों के द्वार खोलता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री महामहिम क्रिस्टोफर लक्सन द्वारा संयुक्त रूप से घोषित यह समझौता, मोदी सरकार किया गया सातवां एफटीएहै और 2025 का तीसरा प्रमुख व्यापार समझौता है, जो ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए ऐतिहासिक, लाभकारी समझौतों के बाद हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सभी एफटीए विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति आय भारत से काफी अधिक है। यह एफटीए वैश्विक व्यापार वार्ताओं में भारत की बढ़ती शक्ति और विश्वसनीयता को रेखांकित करता है। प्रत्येक समझौते पर सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद वार्ता की गई है, जिससे संतुलित परिणाम सामने आये हैं और विकसित दुनिया के साथ वास्तविक लाभकारी सहभागिता सुनिश्चित हुई है।


**रोजगार, विकास और बाजार पहुंच:** इस एफटीए का एक केंद्रीय स्तंभ रोजगार सृजन है। न्यूजीलैंड भारतीय निर्यात की शत-प्रतिशत पहुंच के लिए शून्य-शुल्क की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे भारत के श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र, चमड़ा, परिधान, जूते, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प और इंजीनियरिंग वस्तुओं को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा। इसका सीधा लाभ भारतीय श्रमिकों, कारीगरों, महिला उद्यमियों, युवाओं और एमएसएमई क्षेत्र को मिलेगा।

भारत ने अपनी बाजार पहुंच और सेवाओं की पेशकश को भी सुरक्षित किया है, जिसमें दूरसंचार, निर्माण, आईटी, वित्तीय सेवाएं, यात्रा और पर्यटन समेत 118 सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। यह विस्तारित पहुंच, भारतीय पेशेवरों और व्यवसायों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और विकास के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

**पेशेवरों, छात्रों और युवाओं के लिए अवसर:** इस समझौते में भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए प्रवेश और रहने के बेहतर प्रावधान हैं। यह समझौता अध्ययन के दौरान काम करने के अवसर, अध्ययन के बाद रोजगारऔर एक सुव्यवस्थित कार्य-अवकाश (वर्किंग-हॉलिडे) वीज़ा व्यवस्था को सक्षम बनाता है।

एसटीईएम स्नातक और परास्नातक अब तीन वर्षों तक काम कर सकते हैं, जबकि डॉक्टरेट शोधकर्ता चार वर्षों तक काम कर सकते हैं, जिससे भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व वैश्विक अनुभव और कैरियर के मार्ग खुलते हैं। एक नया अस्थायी रोजगार प्रवेश वीज़ा उन कुशल भारतीय पेशेवरों का समर्थन करता है, जो अंतरराष्ट्रीय अवसरों की तलाश में हैं।

**किसानों की तरक्की:** प्रधानमंत्री मोदी का विजन स्पष्ट है- भारतीय किसानों को वैश्विक मंच पर सार्थक भूमिका निभानी चाहिए। एफटीएइस प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। इस समझौते के तहत सेब, कीवी और शहद को शामिल करते हुए एक कृषि उत्पादन साझेदारी स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य घरेलू उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना है। न्यूजीलैंड ने बासमती चावल के लिए



जीआई स्तर सुरक्षा देने की भी प्रतिबद्धता जताई है, जिससे भारतीय चावल किसानों को मजबूत समर्थन मिलेगा।

महत्वपूर्ण रूप से, भारत ने सुनिश्चित किया है कि चावल, डेयरी, गेहूं, सोया और अन्य प्रमुख कृषि उत्पाद जैसे संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित रहेंऔर किसी भी बाज़ार के खुलने से घरेलू आजीविका को कोई नुकसान ना पहुंचे।

**अभिनव एफटीए और निवेश प्रतिबद्धताएं:** भारत के एफटीए आज सिर्फ शुल्क-कटौती से कहीं आगे बढ़ गये हैं। ये एफटीए किसान, एमएसएमई, महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसर खोलने के उपाय हैं, साथ ही ये राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा भी करते हैं।

विभिन्न व्यापार समझौतों से भारतीय निर्यात तत्काल या तेज शुल्क उन्मूलन के जरिये लाभान्वित होता है, जबकि भारत के अपने बाजार का खुलना सोच-समझकर और धीरे-धीरे हो रहा है। न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में 20 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, जो भारत के ईएफटीए देशों - स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टाइन - के साथ हुए एफटीए के निवेश से जुड़े अभिनव प्रावधानों को दर्शाता है।

न्यूजीलैंड के लिए, यह भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में एक बड़े छलांग का प्रतीक है। पिछले 25 वर्षों में, न्यूजीलैंड ने भारत में लगभग 643 करोड़ रुपये का निवेश किया है। नई प्रतिबद्धता - अगले 15 वर्षों में लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये - एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें निवेश लक्ष्यों को पूरा न करने पर दुबारा पूरा करने की व्यवस्था का प्रावधान है।

इस निवेश का अधिकांश हिस्सा कृषि, डेयरी, एमएसएमई, शिक्षा, खेल और युवाओं के विकास का समर्थन करेगा, जिससे व्यापक और समावेशी विकास सुनिश्चित होगा।

**भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफटीए:** यह समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि है- यह भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफटीएहै। वार्ता करने वाली पूरी टीम के सदस्यों में - मुख्य वार्ताकार और उपमुख्य वार्ताकार से लेकर वस्तु, सेवा, निवेश की प्रतिनिधि और न्यूजीलैंड में हमारी राजदूत तक-अधिकाँश महिलायें थीं। हमारी सक्षम महिलाएं प्रधानमंत्री के विकास एजेंडा में नेतृत्व भूमिका निभाने लगी हैं।

**भारत की एफटीएरणनीति:** भारत-न्यूजीलैंड एफटीएभारत की स्पष्ट रणनीति का उदाहरण है- विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ साझेदारी करना, जो भारतीय उत्पादों के साथ अनुचित प्रतिस्पर्धा किए बिना भारत के श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए अपने बाजार खोलती हैं।

मोदी सरकार के तहत हुए व्यापार समझौते मात्र लेन-देन नहीं हैं—ये अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और भारतीयों, विशेषकर सबसे गरीब लोगों, के जीवन को बेहतर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा हैं। इस रणनीति ने भारत के 2014के 'कमजोर पांच' में से एक होने की स्थिति को बदल दिया है, अब देश वैश्विक विकास का इंजन और वैश्विक स्तर पर व्यापार और निवेश का पसंदीदा साझेदार बन गया है।

आज भारत आत्मविश्वास और ताकत के साथ वार्ता करता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि कृषि, डेयरी और अन्य संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित रहें और समझौते केवल तभी किए जाएं, जब वे पारस्परिक लाभ प्रदान करते हों।

**व्यापार शासन में ताजगी भरा बदलाव:** भारत का वर्तमान दृष्टिकोण अतीत की तुलना में बहुत अलग है। पहले की व्यापारिक नीतियां अक्सर पर्याप्त परामर्श के बिना, भारतीय बाजारों को सस्ते आयात के जोखिम में डाल देती थीं तथा छोटे व्यवसायों और नौकरियों को खतरे में डालती थीं। प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा, विश्वसनीयता और वार्ता शक्ति को बहाल किया है।

भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), जिसे भारतीय उद्योग जगत में सराहना मिली है, 2014 के बाद शासन में हुए इस ताजगी भरे बदलाव का परिणाम है। वस्तु, सेवा, निवेश और गतिशीलता को एकीकृत करके और राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा करते हुए, यह समझौता भारत की आधुनिक, समावेशी और संतुलित व्यापार कूटनीति को प्रतिबिंबित करता है। जैसे-जैसे भारत और न्यूजीलैंड आर्थिक एकीकरण को मजबूत कर रहे हैं, यह एफटीए दिखाता है कि व्यापार कैसे बाजार को खोल सकता है और सीमाओं के पार मानव-केंद्रित विकास और साझा समृद्धि प्रदान कर सकता है।

**लेखक- पीयूष गोयल**
(केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं)

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## चीन द्वारा पाकिस्तान को हल्की मिसाईलें देना जारी

**वाशिंगटन:** अमेरिका के सुरक्षा अधिकारियों ने चीन को अमेरिकी हथियारों की सप्लाई के लिए आलोचना की। उनका कहना था कि चीन मिसाइलों को पाकिस्तान को हस्ताक्षरण करके भेज रहा है। अमेरिका के एक प्रमुख समाचार पत्र का कहना है कि परमाणु हथियार नियंत्रण्सा के निदेशक ने इस बात को दोहराया है कि अमेरिका प्रशसन के इस प्रस्ताव से अमेरिका की हथियार नियंत्रण की नीति को अवहेलना होगी। इस बात को भी स्पष्ट किया है कि अमेरिकी गुप्तचर विभाग ने उन जहाजों का भी पता लगाया है जो पाकिस्तान के लिए मध्यम दर्जे की मिसाइलें व अन्य हथियार ले जा रहे थे।

## शोर-शराबा बनाम विधानसभा अधिवेशन

हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन अधिवेशन जो 21 दिसंबर को प्रारंभ हुआ था, वह रंगत और दिलचस्पी नहीं ले पाया जो प्राय पूर्व अधिकारी में रही है। सत्र की कार्यवाही में तीखी नोक-झोंक जरूर हुई है लेकिन किसी मुद्दे विशेष को लेकर नहीं। बहस या आलोचना सिर्फ इसलिए की जाए कि सत्तादल के अतिरिक्त वहां विरोध पक्ष मौजूद है, यह भी कोई तर्कयुक्त यही चलता। किसी भी राज्य विधानसभा की कार्यवाही में राज्य के लोगों के हितों की रक्षा और उनकी बेहतरी के लिए उठाए जा रहे विभिन्न कदमों की रूपरेखा का निर्माण और कार्यावचन होना चाहिए। हरियाणा एक प्रगतिशील राज्य है और इसने अपने अस्तित्व के अल्पकाल में ही समास देश में अपनी हीनहारिता का मिसाल कायम कर दी है। ऐसे में विधानसभा का अल्पकाल का अधिवेशन यदि बिना किसी महत्वपूर्ण कार गुजारी के खत्म हो जाता है तो उसे कौन अच्छा मानेगा? क्या विधानसभा सदस्यों की भूमिका जन प्रतिनधियों पर हो हुल्लड़ मचाना और किसी कार्यवाही के संचालन में बाधा डालना है। हरियाणा विधानसभा में दो दिन तक निरंतर भारी शोर शराबा और हंगामें जैसा माहौल रहा जिसके कारण अध्यक्ष श्री ईश्वर सिंह को व्यवस्था स्थापित करने में काफी कठिनाई आई।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1524 - पुर्तगाली नाविक और खोजकर्ता वास्को डि गामा का कोच्चि में निधन हुआ।
1715- स्वीडन की सेना ने नार्वे पर कब्जा किया।
1726- मोंटेवीडियो शहर की स्थापना स्पेनियों द्वारा की गयी।
1777- कैप्टन जेम्स कुक ने किरिटीमाटी (क्रिसमस द्वीप) की खोज की।
1798- रूस और ब्रिटेन द्वितीय विरोधी फ्रांसीसी गठबंधन पर हस्ताक्षर किये गए।
1865- अमेरिकी गृहयुद्ध के छह कंफेडरेट दिग्गजों ने कू क्लक्स क्लान की स्थापना की, जो बाद में एक सफेद वर्चस्ववादी समूह बन जाएगा।
1913- अमेरिका के मिशिगन के कैलमेट में एक भीड़ भरी क्रिसमस पार्टी में भगदड़ मचाने के बाद भगदड़ मचने से सत्तर लोगों की मौत हो गई।
1914- ब्रिटिश और जर्मन सैनिकों ने क्रिसमस मनाने के लिए प्रथम विश्व युद्ध को बाधित किया, जिससे क्रिसमस की शुरुआत हुई।
1921 रविन्द्रनाथ टैगोर ने शांति निकेतन में विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना की।
1924- लंदन के क्रॉयडन एयर फील्ड में एक विमान दुर्घटना में 8 लोग मारे गए।
1936- पहली बार जॉन लॉरेन्स ने रेडियोएक्टिव आईसोटोप दवाई का प्रयोग मरीज पर किया।
1954- लाओस को फ्रांस ने आजाद किया।
1964- साइगॉन में ब्रिन्ड्स होटल में बमबारी हुई।
1966- जॉयफुल शोर 12 प्रदर्शनों के बाद मार्क हेलिंगर थिएटर न्यूयॉर्क सिटी में बंद हो गया।
1973- मोहम्मद मोहम्मदुल्ला बांग्लादेश के कार्यवाहक अध्यक्ष बने।
1979- पहला यूरोपीय एरियन रॉकेट लॉन्च किया गया।
1979- सोवियत संघ ने अफगानिस्तान पर आक्रमण किया। यह हमला 1978 के सोवियत अफगान मैत्री संधि के बहाने किया गया था।
1990 - एक सैन्य तख्तापलट द्वारा रामसेवक शंकर को सूरीनाम के राष्ट्रपति के रूप में हटा दिया गया।
2011- क्यूबा की सरकार ने 2900 कैदियों को रिहा करने की घोषणा की।
2011- दुनिया के सबसे पुराने कलाकार, डच अभिनेता और गायक जोहानस हेस्टर की 108 वर्ष की आयु में मृत्यु हो जाती है।
2012 - पाकिस्तान की सरकार ने घोषणा की कि वह कोसोवो गणराज्य को मान्यता प्रदान करेगी।
2013 - ओबामेकर दंड से बचने के लिए, आज आखिरी दिन है जब अमेरिका में रोगी रोगी संरक्षण और सस्ती देखभाल अधिनियम के लिए साइन अप कर सकते हैं।
2014- एक जीवित इबोला नमूना गलती से एक यू.एस. सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल प्रयोगशाला को भेजा जाता है जो वायरस से निपटने के लिए सुरक्षा और सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करता है; संभावित जोखिम के कारण 21 दिनों के लिए एक प्रयोगशाला कार्यकर्ता की निगरानी की जा रही है।

## बोल ब्यूटीफुल

**कंवल सिब्बल:** यह कूटनीतिक दृष्टि से अस्वाभाविक है कि बांग्लादेश स्थित अमेरिका, यूरोपीय समुदाय, जर्मनी और फ्रांसीसी राजनयिक उस्मान हादी जैसे एक ऐसे छात्र नेता की हत्या को इतनी प्रमुखता दे रहे है, जिसकी द्विपक्षीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई महत्ता नहीं।



**प्रद्योत त्रिपुरा:** कुछ भारतीय बुद्धिजीवियों द्वारा शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंपने का सुझाव दिया जाना स्तब्ध करता है। क्या वे दलाई लामा को चीन के हवाले करने की भी सलाह देंगे? एक भारतीय के रूप में हमारी नीति यही है और होनी भी चाहिए कि हम अपने मित्रों के साथ अडिग रूप से खड़े रहे।

**अभिषेक सिंघवी:** अरावली पर्वत उत्तर भारत की पर्यावरणीय ढाल है। उसे नुकसान पहुंचाने का मतलब है दिल्ली में गर्म हवाओं, वायु प्रदूषण और जल संकट को आमंत्रण देना। जलवायु परिवर्तन कोई कपोल कल्पना नहीं, बल्कि नीतिगत चुप्पी और पारिस्थितिकीय बर्बादी का ही परिणाम है। अरावली की उपेक्षा की कीमत दिल्ली चुकाती रहेगी।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस : जागो, सवाल करो, बदलाव लाओ

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

24 दिसंबर भारतीय लोकतंत्र के सामाजिक इतिहास में वह निर्णायक तिथि है, जब 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम ने आम नागरिक को बाजार की मनमानी के विरुद्ध एक सशक्त कवच प्रदान किया। यह दिन मात्र किसी कानून की याद नहीं, बल्कि उस मानसिक क्रांति का प्रतीक है, जिसने उपभोक्ता को शोषण का मूक पात्र नहीं, बल्कि अधिकारों से लैस निर्णायक शक्ति बनाया। वर्षों से ठगे जा रहे, गलत तौल, नकली वस्तुओं और भ्रामक वादों का शिकार होते लोग पहली बार कानून की भाषा में अपने पक्ष को दर्ज कराने लगे। यही वह क्षण था, जब बाजार की सत्ता को जवाबदेह बनाने की यात्रा शुरू हुई और उपभोक्ता आत्मसम्मान के साथ खड़ा हुआ। इसी चेतना का विस्तार आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 2025 की थीम ÷स्थायी जीवनशैली की ओर एक न्यायसंगत परिवर्तन÷ में दिखाई देता है, जो उपभोक्ता शक्ति को सामाजिक और पर्यावरणीय बदलाव का केंद्र मानती है।

ग्रामीण भारत की महिलाएं इस परिवर्तन की सबसे जीवंत मिसाल हैं। घरेलू जरूरतों के लिए खरीदे गए नकली सौंदर्य उत्पाद, घटिया उपकरण या मिलावटी खाद्य पदार्थ वर्षों तक उनकी चुप्पी का कारण बने रहे। लेकिन 1986 के अधिनियम और 2019 के संशोधित कानून ने उन्हें बिना वकील, बिना भय, सीधे शिकायत दर्ज करने का अधिकार दिया। आज उपभोक्ता फोरमों में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय है, जो यह दर्शाती है कि आर्थिक निर्णयों में उनकी भूमिका सशक्त हुई है। यह केवल उपभोक्ता अधिकार नहीं, बल्कि जेंडर समानता की वह शांत क्रांति है, जो घर की देहरी से निकलकर समाज की दिशा बदल रही है।

डिजिटल युग में उपभोक्ता के सामने चुनौतियों का स्वरूप बदला है। अब खतरा खुली धोखाधड़ी से अधिक 'डार्क पैटर्न्स' का है—छिपे शुल्क, फर्जी छूट और भ्रमित करने वाले विकल्प। 2019 के अधिनियम ने ई-कॉमर्स को उत्पाद दायित्व के दायरे में लाकर कंपनियों को सीधे जिम्मेदार बनाया। नकली सामान, गलत विवरण या डेटा दुरुपयोग पर अब कठोर कार्रवाई संभव है। ऑनलाइन खरीदारी में किया गया हर क्लिक उपभोक्ता अधिकारों से जुड़ा है, जहां डेटा गोपनीयता और पारदर्शिता मिलकर बाजार में विश्वास की नई नींव रख रहे हैं।

उपभोक्ता अधिकार अब केवल व्यक्तिगत हित तक सीमित नहीं रहे, वे पर्यावरण न्याय का भी प्रभावी माध्यम बन चुके हैं। 'ग्रीनवॉशिंग' के नाम पर किए जाने वाले झूठे इको-फ्रेंडली दावों को उपभोक्ता फोरम में चुनौती दी जा सकती है। 2025 की सस्टेनेबल जीवनशैली की वैश्विक चेतना के साथ भारतीय उपभोक्ता प्लास्टिक-प्रदूषक और पर्यावरण-विरोधी उत्पादों को नकार रहे हैं। हर खरीदारी अब केवल सुविधा नहीं, बल्कि पृथ्वी की रक्षा का निर्णय बन रही है। यह वह अदृश्य संघर्ष है, जहां उपभोक्ता की पसंद जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एक शांत लेकिन निर्णायक हथियार बनती है।

विज्ञापनों की चमक-दमक के पीछे न्यूरोमार्केटिंग का सूक्ष्म खेल चलता है। रंग, ध्वनि, सीमित समय के ऑफर और फोमो (फियर ऑफ मिसिंग आउट) जैसी तकनीकें उपभोक्ता के मन को नियंत्रित



कर अनावश्यक खरीदारी कराती हैं। शोध बताते हैं कि बड़ी आबादी ऐसे प्रभावों में निर्णय लेती है। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस हमें केवल जानकारी पाने का नहीं, बल्कि विज्ञापन के मनोविज्ञान को समझने का अधिकार भी सिखाता है। जागरूक उपभोक्ता अब सवाल करता है, तुलना करता है और इन अदृश्य जालों को पहचानकर तोड़ने का साहस दिखाता है।

उपभोक्तावाद और मानसिक स्वास्थ्य के बीच का संबंध अक्सर अनदेखा रह जाता है। अनियंत्रित खरीदारी, एकतरफा अनुबंध और कर्ज का बोझ तनाव व अवसाद को जन्म देता है। उपभोक्ता कानून इन अदृश्य दबावों के विरुद्ध एक ढाल बनकर खड़ा होता है, जो अनुचित शर्तों को चुनौती देने और न्याय पाने का आत्मबल देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग धोखाधड़ी या घटिया बीजों से प्रभावित किसान अब मुआवजे की मांग कर रहे हैं। यह 'साइलेंट इंपावरमेंट' केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन की भी गारंटी बनकर उभर रहा है।

तकनीक ने इस न्याय यात्रा को अभूतपूर्व गति और पारदर्शिता प्रदान की है। 2025 में AI-पावर्ड नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन 2.0, जागो ग्राहक जागो ऐप और वर्चुअल सुनवाई जैसी पहलें शिकायत निवारण को तेज, सरल और भरोसेमंद बना रही हैं। ब्लॉकचेन आधारित ट्रेसेबिलिटी से उत्पाद की पूरी यात्रा को स्कैन कर सत्यापित करना संभव हो गया है, जिससे धोखाधड़ी की गुंजाइश सिमटती जा रही है। ई-दाखिल और डिजिटल प्लेटफॉर्म न्याय को घर की चौखट तक पहुंचा रहे हैं। यह किसी दूर के भविष्य की कल्पना नहीं, बल्कि वर्तमान की वह जीवंत क्रांति है, जो उपभोक्ता को सचेत नागरिक से डिजिटल योद्धा में रूपांतरित कर रही है।


इस अधिनियम ने छोटे व्यवसायों की कार्यसंस्कृति को भी गहराई से रूपांतरित किया है। अब ईमानदारी कोई विकल्प नहीं, बल्कि अस्तित्व की शर्त बन चुकी है। पारदर्शी मूल्य निर्धारण, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और स्पष्ट शर्तें अपनाकर छोटे उद्यम न केवल अधिक विश्वसनीय बने हैं, बल्कि प्रतिस्पर्धा में भी सशक्त होकर उभरे हैं। इसका सकारात्मक असर पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ा है, जहां विश्वास विकास की नई पूंजी बन रहा है। परंतु निर्णायक शक्ति आज भी उपभोक्ता के हाथ में है—सस्टेनेबल, नैतिक और जिम्मेदार विकल्प चुनने की शक्ति। हर खरीदारी अब साधारण सौदा नहीं, बल्कि बाजार को दिशा देने वाला सामाजिक वक्तव्य बन चुकी है, जो परिवर्तन की धारा तय करती है।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस एक तारीख भर नहीं, बल्कि निरंतर कॉल टू एक्शन है। अधिकार जानो, सवाल करो, शिकायत दर्ज कराओ और बाजार को जवाबदेह बनाओ। उपभोक्ता केवल खरीदार नहीं, बल्कि समाज की अर्थव्यवस्था और नैतिकता का चालक है। एक न्यायपूर्ण, सस्टेनेबल और मजबूत भारत का निर्माण हमारी जागरूकता और कर्म से संभव है। यह दिवस हमें सिखाता है कि सच्ची शक्ति कानून की धाराओं में नहीं, बल्कि जागरूकता और साहसिक एक्शन में निहित है। यही इस दिवस का सार है—जागो, समझो और बदलाव का हिस्सा बनो। जय उपभोक्ता, जय भारत।

### साहसिक फैसलों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रही सरकार

# देश का अग्रणी प्राकृतिक खेती राज्य बनेगा हिमाचल : सुक्खू

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में ग्रामीण आबादी की निर्णायक भूमिका को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृ? कर रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली से आगमन के उपरान्त कहा कि कृषि आज भी प्रदेश की जीवन रेखा है। राज्य की लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और लगभग 53.95 प्रतिशत लोग प्रत्यक्ष रूप से कृषि एवं इससे जु? कार्यों पर निर्भर हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृ?ीकरण वर्तमान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसानों और ग्रामीण परिवारों की आर्थिक मजबूती के लिए दूरगामी और निर्णायक सुधार लागू किए गए हैं। प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था, बागवानों के हितों की रक्षा हेतु सेब के लिए यूनिवर्सल कार्टन को लागू करना, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लक्षित सब्सिडी योजनाएं तथा किसानों को अतिरिक्त आय उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से गोबर खरीद की अभिनव पहल जैसे कदम इस दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इन निर्णयों का उद्देश्य ग्रामीण आबादी को अधिकतम लाभ पहुंचाना और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है।

इसी क्रम में राज्य सरकार ने 9.61 लाख किसान परिवारों को प्राकृतिक खेती से जो?ने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव लाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि प्रदेश भर के किसानों के लिए स्थायी और सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस कदम भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बदलाव के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा किसान हितैषी योजनाओं का एक व्यापक ढांचा लागू किया गया है। इसके परिणामस्वरूप राज्य में लगभग 38,437 हेक्टेयर क्षेत्र में 2,22,893 किसान और बागवान पूरी तरह या आंशिक रूप से प्राकृतिक खेती अपना चुके हैं। उन्होंने कहा कि इससे खेती की लागत कम हो रही है, मिट्टी की उर्वरकता में भी सुधार हुआ है और किसानों की आय में आशातीत वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 15 अप्रैल 2025 को चंबा जिले की जनजातीय पांगी उप-मंडल को आधिकारिक रूप से प्राकृतिक खेती उप-मंडल घोषित किया है। यहां के किसान पारंपरिक फसलों के साथ-साथ प्राकृतिक पद्धति से विभिन्न प्रकार की औषधीय ज?ी-बूटियों की खेती कर रहे हैं, जो क्षेत्र की पर्यावरण-अनुकूल कृषि के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने प्राकृतिक खेती से उगाई गई फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। हजारी सरकार ने पहले प्राकृतिक रूप से तैयार की गई मक्का और गेहूं क्रमशः 30 और 40 रुपये प्रति किलो का समर्थन मूल्य निर्धारित किया जिसे इस वर्ष से ब?ाकर क्रमशः 40 और 60 रुपये प्रति किलो किया गया है। कच्ची हल्दी पर 90 रुपये प्रति किलो और पांगी घाटी में उगाई गई जौ पर 60 रुपये प्रति किलो समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही फलों के समर्थन मूल्य में भी ऐतिहासिक बढ़ोतरी की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकार प्राकृतिक खेती के आदान तैयार करने के लिए प्रति ड्रम 750 रुपये की सब्सिडी दे रही है, जिसमें प्रति परिवार अधिकतम तीन ड्रम शामिल हैं। इसके अलावा गोशालाओं के सुधार के लिए प्रति किसान 8,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। देशी नस्ल की गाय खरीदने के लिए 25,000 रुपये तक की सब्सिडी भी उपलब्ध कराई जा रही है। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिम उन्नति (हिम कृषि योजना) के अंतर्गत क्लस्टर आधार पर कृषि और कृषि से संबंधित गतिविधियों को चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया है और प्रदेश में 2600 क्लस्टर अंकित किए जा रहे है।

#### किसानों को डीबीटी के माध्यम से हो रहा भुगतान

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के बैंक खाते में सीधे लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और कार्यकुशलता सुनिश्चित हो रही है। गत वर्ष किसानों से 399 मीट्रिक टन प्राकृतिक मक्का की खरीद की गई जिसके लिए उनके बैंक खातों में 1 करो? रुपये हस्तांतरित किए गए। इस वर्ष 14 नवम्बर से अब तक किसानों से 161.05 क्विंटल मक्का की खरीद गई है। इसके अलावा 2,123 क्विंटल गेहूं की खरीद के लिए 1.32 करो? रुपये और छह जिलों में 127 क्विंटल कच्ची हल्दी के लिए 11.44 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। बाजार से पहचान मजबूत करने के लिए प्राकृतिक खेती के उत्पादों को एक विशेष ब्रांड के तहत लॉन्च किया गया है। मक्का का आटा 'हिम भोग हिम मक्की', गेहूं के उत्पाद 'हिम चक्की आटा' और 'हिम दलिया', तथा कच्ची हल्दी 'हिम हल्दी' के नाम से बेचे जा रहे हैं, जिससे हिमाचली उत्पादों को बेहतर बाजार पहुंच और पहचान मिल रही है।



## देश नवाचार स्टार्टअप के विस्तार में भी अग्रणी बनकर उभर रहा : राज्यपाल

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज भारतीय अर्थशास्त्र संघ के 108वें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन नीति संवाद और राष्ट्र निर्माण के लिए एक महत्त्वपूर्ण मंच है।

उन्होंने सम्मेलन की थीम का 'इंडियाज पर्स्पेक्टिवः विकसित भारत 2047' का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक वृद्धि तक सीमित न होकर समावेशी विकास, सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी आत्मनिर्भता और मानवीय मूल्यों का संवर्धन भी है।

शुक्ल ने कहा कि देश आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ-साथ डिजिटल अवसंरचना, नवाचार स्टार्टअप और बुनियादी ढांचे के विस्तार में भी अग्रणी बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का दृष्टिकोण केवल आंक?ों तक सीमित नहीं है, बल्कि हर नागरिक के लिए सम्मान, अवसर और संतुलित विकास सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने अर्थशास्त्रियों से उनके विचारों को समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नीतियां बनाने में उपयोग करने का आहवान किया।

## अधीक्षक ग्रेड-।। के पदों को समाप्त करने से परिचालन गतिविधियों में आएगी गिरावट : तारा

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश लिपिक वर्गीय संगठन लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष तारा सिंह ने राज्य लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य से आग्रह किया है कि निर्माण विभाग में अधीक्षक ग्रेड-।। के 56 पदों को समाप्त करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है, अन्यायपूर्ण है। विभाग पहले से ही सीमित कर्मचारियों के साथ काम कर रहा है और इन पदों को समाप्त करने से इसके दैनिक कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। विभाग में अधीक्षक ग्रेड-।। के ये पद बहुत समय पहले सृजित किए गए हैं और कई वर्षों से स्वीकृत कैडर का हिस्सा हैं। यही पद वरिष्ठ सहायकों के लिए पदोन्नति का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

उन्होंने कहा है कि विभाग पर कार्यभार काफी अधिक है, और परिचालन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मौजूदा कर्मचारियों की संख्या अनिवार्य रूप से आवश्यक है। पदों में किसी भी प्रकार की कमी से कार्य में देरी होगी, शेष कर्मचारियों पर काम का बोझ ब?ेगा और कार्यकुशलता में गिरावट आएगी। इसके अलावा इस प्रस्ताव ने योग्य वरिष्ठ सहायकों के बीच भी गंभीर चिंता और आशंका पैदा कर दी है। वर्तमान में, ब?ी संख्या में वरिष्ठ सहायक इन पदों पर पदोन्नति के लिए पूरी तरह से पात्र हैं, लेकिन विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक आयोजित नहीं की गई है, परिणामस्वरूप गतिरोध की स्थिति बन रही है। यदि डीपीसी से पहले इन पदों को समाप्त कर दिया जाता है, तो इससे योग्य वरिष्ठ सहायकों की पदोन्नति की संभावनाओं पर गंभीर रूप से असर प?ेगा और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा। कई कर्मचारी अपनी सेवा के अंतिम चरण में हैं और बेहतर वेतन, पेंशन लाभ और करियर में प्रगति के लिए पूरी तरह से इस पदोन्नति पर निर्भर हैं।

## कुल्लू में 22 पंचायतें हुई टीवी मुक्त

**कुल्लू 23 दिसंबर (अशेष शर्मा)।** स्वास्थ्य विभाग कुल्लू द्वारा 22 टीबी मुक्त पंचायतों को सम्मानित किया। एक समारोह में इन पंचायतों को मुख्यातिथि एडीसी कुल्लू अश्वनी कुमार के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडीसी ने स्वास्थ्य विभाग की सराहना करते हुए कहा कि विभाग ने जनसहभागिता से यह संभव किया है और वह दिन दूर नहीं जब पूरा कुल्लू जिला टीबी मुक्त होगा। इस अवसर पर 17 पंचायतों को ब्राउन्ज मैडल और पांच पंचायतों को सिल्वर मैडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएमओ कुल्लू रंजीत ठाकुर ने कहा कि जो पंचायतें पहली बार टीबी मुक्त हुई है उन्हें ब्राउन्ज मैडल व जो दूसरी बार टीबी मुक्त रही उन्हें सिल्वर मैडल से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जिस भी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी हो रही हो उसे नजदीकी अस्पताल में जाकर बलगम का टैस्ट करना चाहिए।

## भविष्य के मद्देनजर क्षेत्र का योजनाबद्ध विकास किया जा रहा : अग्निहोत्री

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र आज निर्णायक विकास की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ भविष्य और आने वाली पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र का योजनाबद्ध और संतुलित विकास किया जा रहा है।

वे मंगलवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पालकवाह के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम पालकवाह स्थित स्किल डेवलपमेंट सेंटर के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने अकादमिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

उपमुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए 31 हजार रुपये प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने स्कूल स्टेज एवं शेड निर्माण की मांग पर संबंधित विभाग को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश देते हुए आश्वस्त किया कि इसके लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। एक समय शिक्षा के लिहाज से पिछड़ा माना जाने वाला यह क्षेत्र आज शैक्षणिक उत्कृष्टता का उदाहरण बन चुका है। उन्होंने कहा कि जिन घरों में कभी निरक्षरता थी, आज वहीं की बेटियां डॉक्टर, वकील, न्यायाधीश और प्रशासनिक सेवाओं में अपनी सेवाएं दे रही हैं। बढ़ेड़ा लॉ कॉलेज से निकले विद्यार्थी सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचे हैं, जबकि नर्सिंग संस्थानों की छात्राएं देश के नामी अस्पतालों में सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने बताया कि 150 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित आईआईआईटी आज एक प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में उभर चुका है, जहां देशभर से विद्यार्थी अध्ययन के लिए आ रहे हैं।

सलोह स्थित केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रतिस्पर्धा रहती है। पंडोगा और पूबोवाल में आईटीआई, हरोली, खड्ड और बीटन में कॉलेजों की स्थापना के साथ-साथ आधुनिक ऑडिटोरियम एवं खेल परिसरों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि अब विधानसभा क्षेत्र में आयुर्वेदिक कॉलेज खोलने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

#### हरोली के लिए 100 करोड़ की नई पेयजल योजना

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि एमसीएडी कंपोनेंट के तहत हरोली विधानसभा क्षेत्र के लिए 100 करोड़ रुपये की नई पेयजल एवं सिंचाई योजना स्वीकृत की गई है। इसके तहत क्षेत्र को टाहलीवाल, हरोली और खड्ड, तीन क्लस्टरों में विभाजित कर आधुनिक तकनीक के माध्यम से जल प्रबंधन को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध प्रयासों के परिणामस्वरूप हरोली का बीत क्षेत्र, जो कभी जल संकट से जूझता था, आज पेयजल एवं सिंचाई दोनों सुविधाओं से संपन्न होकर नकदी फसलों का प्रमुख केंद्र बन चुका है। उन्होंने बताया कि पोलियां में 50 लाख लीटर तथा दुलैहड़ में 25 लाख लीटर क्षमता के जल भंडारण टैंक तैयार किए गए हैं। अमराली में 25 मीटर ऊंचाई पर 25 लाख लीटर क्षमता का टैंक निर्माणाधीन है, जिसके नीचे कॉफी हाउस जैसी सुविधा विकसित की जाएगी। यह 24 करोड़ रुपये की परियोजना है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली क्षेत्र में कनेक्टिविटी के शेष मिसिंग लिंक को जोड़ने के लिए 11 पुलों के निर्माण के लिए 132 करोड़ रुपये के काम किए जा रहे हैं। इनमें 1.74 करोड़ रुपये की लागत से चंदपुर पुल, 1-1 करोड़ रुपये से ईसपुर-डेरा बाबा भर्तृहरि दमामियां खड्ड पुल, 1.60 करोड़ रुपये से गोंदपुर जयचंद खड्ड पुल, 3.82 करोड़ रुपये से चंदपुर खड्ड पुल, 4.64 करोड़ रुपये से हरोली खड्ड पुल, 8.74 करोड़ रुपये से बढ़ेड़ा खड्ड पुल, 15.04 करोड़ रुपये से कांगड़ खड्ड पुल तथा 6.24 करोड़ रुपये से पालकवाह खड्ड पुल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त झलेड़ा-घालूवाल पुल को डबल लेन करने के लिए 37 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे, जबकि 50 करोड़ रुपये की लागत से पंडोगा-त्यूड़ी पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि जेजों मोड़ से टाहलीवाल चौक वाया भाई का मोड़ लिंक रोड के स्तरोन्नयन के लिए 48.69 करोड़ रुपये की स्वीकृति केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के तहत मिली है।

### न्यूज ब्रीफ

#### भाजपा नेता कमल सैनी को पितृ शोक

**ऊना (रोहित शर्मा)।** हरोली भाजपा नेता व प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा के सचिव कमल सैनी को पितृ शोक हुआ हैं. उनके पिता सुखदेव लाल सैनी अपनी संसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु चरणों में बिलिंग हों गए हैं ।सोमवार 22 दिसंबर को उन्होंने शाम के समय अंतिम सांस ली. कमल सैनी के पिता ?ी के देहांत पर पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व विधायक बलबीर चौधरी, पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो, पूर्व विधायक चेतन्य शर्मा, हरोली भाजपा नेता प्रो राम कुमार, जिला भाजपा अध्यक्ष शाम मिन्हास, जिला महामंत्री लखबीर लक्खी , पहुलाल भारद्वाज, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम लोक धनौटिया, भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष मीनाक्षी राणा, एसटी मोर्चा के मिडिया प्रभारी पवन बीटन, औद्योगिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक अजय जोशी, जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र राणा, जिला भाजयुमो अध्यक्ष रजत राणा, एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरि बाबा, जिला परिषद अध्यक्ष नींलम देवी, उपाध्यक्ष ओंकार नाथ कसाना, हरोली बीडीसी की अध्यक्ष रजनी बाला, उपाध्यक्ष सतीश राणा, सहित अन्य जिला परिषद सदस्यों सहित भाजपा नेताओं ने शोक व्यक्त किया है व कहा की भगवान दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें व परिवार को इस दुख को सहने की ताकत दें।

## मनरेगा राशि केंद्र शासित प्रदेशों की तर्ज पर व्यय करने की मांग

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने आज नई दिल्ली में संयुक्त सचिव श्रम एवं रोजगार आशुतोष ए.टी. पेडणेकर से भेंट कर लेबर चौक, मनरेगा श्रमिक, सेस पोर्टल व प्रशासनिक व्यय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। संयुक्त सचिव ने कहा कि प्रदेश कामगार कल्याण बोर्ड को लेबर चौक व सेस पोर्टल से संबंधित पूरी सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही बोर्ड को एक एक विशेषज्ञ टीम भी उपलब्ध करवाई जाएगी। मनरेगा के अंतर्गत नए कानून में जो राशि 90:10 के अनुपात से व्यय होनी है, उसे केंद्र शासित प्रदेशों की तर्ज पर करने पर विचार किया जाएगा।

नरदेव कंवर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश हर वर्ष आपदा से जूझ रहा है जिससे जानमाल का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश को केंद्र शासित प्रदेशों की तर्ज पर केंद्रीय लाभ प्रदान किए जाएं। संयुक्त सचिव ने सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। नरदेव सिंह कंवर ने वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार प्रशासनिक व्यय को ब?ाने का भी आग्रह किया। इस पर संयुक्त सचिव से अलग से प्रस्ताव भेजने और उसके मुताबिक राशि ब?ाने का भरोसा दिलाया।

नरदेव सिंह कंवर ने संयुक्त सचिव को बोर्ड की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया की बोर्ड में व्यापक सुधार करते हुए पात्र श्रमिकों की फिजिकल वेरीफिकेशन की जा रही है तथा उसके बाद ही लाभ जारी किए जा रहे है। संयुक्त सचिव ने इस कदम की प्रशंसा करते हुए कहा की बोर्ड की बेहतरी के लिए यह कदम दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसका लाभ श्रमिकों को मिल रहा है।

अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने अवगत करवाया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू द्वारा विधवा, एकल, दिव्यांग व निराश्रित श्रमिक वर्ग की महिलाओं को योजना के तहत घर निर्माण के लिए 3-3 लाख रुपये प्रदान किए जा रहे है, जिस पर आशुतोष ए.टी. पेडणेकर ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## राजनीतिक दबाव में काम कर रही है पुलिस, नशे के खिलाफ कार्रवाई में दिख रही है दोहरी नीति : इंद्रदत्त

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने विश्राम गृह बिझड़ी में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश में चिट्टे के मामलों को लेकर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। विधायक लखनपाल ने कहा कि प्रदेश में नशे के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर राजनीतिक दबाव में चुनिंदा व्यक्तियों को निशाना बनाया जा रहा है, जिससे उन्हें अनावश्यक रूप से राजनीतिक ठेस पहुँचाई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि यही रवैया रहा तो वे हमीरपुर पुलिस प्रमुख को कटघरे में खड़ा करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि आज प्रदेश में स्थिति यह बन गई है कि नशे के व्यापारियों की सूचना देने वाले लोगों पर ही पुलिस द्वारा मामले दर्ज किए जा रहे हैं, जो कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। विधायक लखनपाल ने कहा कि जब उनके एक रिश्तेदार से 1.7 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया, तो एसपी हमीरपुर द्वारा इस मामले को बढ़ा-चढ़ाकर मीडिया में प्रस्तुत किया गया, जिससे उनकी राजनीतिक छवि को जानबूझकर धूमिल करने का प्रयास किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि कल हमीरपुर के अमरोह क्षेत्र में 6.83 ग्राम चिट्टा पकड़ा गया, लेकिन इस मामले में न तो कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई और न ही उतनी ही प्रमुखता से जानकारी सार्वजनिक की गई। विधायक ने कहा कि यदि पारदर्शिता है तो सभी मामलों में एक समान प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए और नाम भी सार्वजनिक किए जाने चाहिए।


**HIMACHAL PRADESH**

**JAL SHAKTI VIBHAG, SHORT NOTICE INVITING E-TENDER**

Online bids on items rate basis are invited by the Executive Engineer, Jal Shakti Division, Nahan on behalf of Governor of Himachal Pradesh, in electronic tendering system in two covers for the under mentioned work from the contractors/firms of appropriate class enlisted with Himachal Pradesh Jal Shakti Vibhag.

| Sr. | Description | E/ Cost | E/Money | Time | Cost of Form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Providing and installation of 100 Nos. handpump in Nahan Constituency in Tehsil Nahan Distt. Sirmour HP (SH:- Supplying and installation of Solar Pumping Machinery and Solar pump complete and Providing, Laying and jointing GMS pipes in distribution system). | 1,97,04,247/- | 2,72,500/- | 3 Months | 5000/- |
| 2. | C/o Multipurpose low height Dam at Patahar Khad near village Khatana in Tehsil Nahan Distt. Sirmour HP (SH:- C/O 1 No RCC Irrigation collection tank 120000 ltrs capacity, wire crate, 17 Nos RCC pillar for Nallah crossing, 1 No Low Height Dam at Patahar Khad, 10 Nos RCC outlets chamber, L/J/Testing HDPE pipeline of various dia in distribution system and Providing and fixing spillway gates for Low Height Dam). | 94,29,671/- | 1,26,797/- | 6 Months | 2000/- |
| 3. | Restoration of rain damages to LWSS Barman Dathnog under GP Nehli Dheera in Tehsil Nahan Distt. Sirmour HP (SH:- Laying/jointing and testing of GMS pipe heavy pipes of 40mm dia in rising main and S/E of submersible pumping machinery 5 HP). | 3,68,435/- | 7,369/- | 3 Months | 500/- |
| 4. | Restoration of rain damages of various LWSS/LIS schemes under Jal Shakti Division Nahan Tehsil Nahan Distt. Sirmour HP (SH:- C/O RCC sumpwell 20000 ltrs capacity for LIS Burmapapri). | 1,89,005/- | 3,780/- | 3 Months | 500/- |
| 5. | Water Quality Monitoring and Surveillance under JJM Programme under Distt. Sirmour HP (SH:- Providing and Supplying of various Lab. Material for district water testing Lab. in Nahan ) Job No. 1. | 1,46,104/- | 3,000/- | 1 Month | 500/- |
| 6. | Water Quality Monitoring and Surveillance under JJM Programme under Distt. Sirmour HP (SH:- Providing and Supplying of various Lab. Material for district water testing Lab. in Nahan ) Job No. 2. | 1,54,500/- | 3,100/- | 1 Month | 500/- |

1. Tender documents and other instructions can be downloaded or viewed online from the portal http://hptenders.gov.in by the firms/individual registered on the website which is free of cost.
2. As the bids are to be submitted online are required to be encrypted and digitally signed, the bidders are advised to obtain Digital Signature Certificate (DSC) from suitable venders or from any authorized agency at the earliest.
3. Key dates will be as under:-

| | |
|---|---|
| Date of Online publication | 22/12/2025 AT 5:00 PM |
| Downloading of e-tender Documents | From 22/12/2025 at 5:00 PM up to 9:00 AM on 01/01/2026 |
| Date of submission of e-tendering | From 26/12/2025 at 9:00 AM up to 11:00 AM on 01/01/2026 |
| Physical submission of earnest money deposit and cost of tender documents | Up-to 11:00 AM on 01/01/2026 |
| Date of opening of Cover-1 (Eligibility criteria) and Cover-2 (Technical bid) | 01/01/2026 at 11:30 AM |
| Date of Opening of Financial Bids Cover-2 | Shall be intimated separately. |

Note:- Other Tender information may be checked online portal website: www.hpetender.com

RO No. 5218_2025-2026   Executive Engineer, Jal Shakti Division Nahan

AP No. 6476   HIM SUCHANA AVAN JAN SAMPARK


## शिक्षा और खेल के समन्वय पर जोर, अनुराग सिंह ने डीएवी गुब्बर को दी कई सौगातें

डीएवी पब्लिक स्कूल गुब्बर के वार्षिक समारोह में शामिल हुए अनुराग सिंह ठाकुर, मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर जिला की सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डीएवी पब्लिक स्कूल, गुब्बर के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया और विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों को संबोधित किया।

अनुराग सिंह ठाकुर ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए सोनल (98त्न), श्रेया कुमारी (96त्न), कृतिका (88त्न) और अरमान (87त्न) को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। ऐसे होनहार विद्यार्थी भविष्य में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इसी सोच के तहत उन्होंने विद्यालय को इनडोर एवं आउटडोर खेलों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध करवाने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय के बाहरी गतिविधि क्षेत्र में रेन शेड निर्माण को भी स्वीकृति दी, ताकि वर्षा के दौरान भी छात्रों की गतिविधियां बाधित न हों।

अनुराग सिंह ठाकुर ने आगे घोषणा करते हुए कहा कि वे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क शैक्षणिक भ्रमण प्रायोजित करेंगे। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्रपति भवन, संसद, प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं संसद संग्रहालय सहित देश की राजधानी के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को देखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने पहले भी शिक्षा और खेल के क्षेत्र में मेधावी विद्यार्थियों के लिए 'भारत भ्रमण कार्यक्रम' की शुरुआत की थी, जिससे सैकड़ों विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर का अनुभव मिला और यह उनके जीवन की एक अविस्मरणीय उपलब्धि बनी। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनमें राष्ट्र के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं।

## मशरूम एक पौष्टिक आहार थीम पर किसान दिवस मनाया

**सोलन।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के एकमात्र खुंब अनुसंधान निदेशालय सोलन में मंगलवार को मशरूम एक पौष्टिक आहार के रूप में थीम पर किसान दिवस - मशरूम दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम मशरूम के पोषण और औषधीय महत्व और आजीविका के एक स्थायी स्रोत के रूप में उनकी क्षमता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित किया गया।

मशरूम की खेती में रुचि रखने वाले आस-पास के गांवों के लगभग 100 किसानों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। किसानों को भारत सरकार की जी-राम-जी (जी राम) योजना के बारे में जागरूक किया गया। इसमें कृषि और संबद्ध गतिविधियों, जिसमें मशरूम की खेती भी शामिल है, के लिए उपलब्ध लाभों और समर्थन पर जोर दिया गया। तकनीकी सत्रों में मशरूम को पौष्टिक आहार और मशरूम की खेती को पर्यावरण के अनुकूल, आय पैदा करने वाले उद्यम के रूप में उजागर किया गया।

### 31,000 से अधिक उच्च-प्रभाव शोध प्रकाशनों के अपने रिकॉर्ड को और मजबूत किया

# पंजाब विश्वविद्यालय ने 2025 में हासिल किए गौरवपूर्ण मुकाम

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** पंजाब विश्वविद्यालय ने वर्ष 2025 में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। विश्वविद्यालय ने इस साल लगभग 2,400 शोध पत्र प्रकाशित किए और कुल 31,000 से अधिक उच्च-प्रभाव शोध प्रकाशनों के अपने रिकॉर्ड को और मजबूत किया। विश्वविद्यालय का कुल एच-इंडेक्स 272 पहुंच गया है।

**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में मजबूती :** विश्वविद्यालय ने इस वर्ष नैक ए ++ का उच्चतम मूल्यांकन प्राप्त किया, जिसमें 3.68/4 अंक प्राप्त हुए। यूजीसी ने पंजाब विश्वविद्यालय को श्रेणी-1 का दर्जा दिया।

क्यूएस विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग 2026ः एशिया में 276वाँ, वैश्विक रैंक 901-950

टाइम्स हायर एजूकेशन 2026ः वैश्विक 601-800, एशिया में 201-250, और अंत विषय रैंकिंग में 174वाँ।

एनआईआरएफ 2025ः विश्वविद्यालय श्रेणी में 35वाँ, राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान। सीडब्लयूयूआर 2025ः वैश्विक शीर्ष 3.9 प्रतिशत में, भारत में 12वाँ स्थान। यू.एस. न्यूज़ 2025-26ः भारत में 13वाँ, वैश्विक स्तर पर 775वाँ स्थान।

**अनुसंधान और नवाचार में उपलब्धियाँ :** इस वर्ष 209 अनुसंधान परियोजनाएँ और 66 परामर्श परियोजनाएँ पूरी की गई।

कुल 200 से अधिक पेटेंट प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें 2025 में 7 पेटेंट प्रकाशित, 10 अनुमोदित और 4 फाइल किए गए।

51 विश्वविद्यालय के शिक्षक और शोधकर्ता स्टैनफोर्ड-एल्सेवियर वैश्विक शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिक सूची 2025 में शामिल हुए।

आईसीएमआर ने पीसीओएस और नैनोपार्टिकल आधारित चिकित्साशास्त्र पर 1 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग और कार्यक्रम :** विश्वविद्यालय ने 225 समझौता ज्ञापन (एमओयू) किए, जिनमें 2024-25 में 21 और 2025-26 में 15 शामिल हैं।

अंतरराष्ट्रीय विज्ञान सप्ताहः लगभग 1,000 प्रतिभागी और 20 अंतरराष्ट्रीय वक्ता।

चैसकॉन 2025 : लगभग 1,200 प्रतिनिधि।

**सुविधाएं और अवसंरचना**

देवी अहिल्याबाई हॉल (छात्रा हॉस्टल नं. 11) का उद्घाटन सेक्टर 25 परिसर में हुआ।

एसएआईएफ/सीआईएल में उन्नत रमन स्पेक्ट्रोफोटोमीटर और एक्स-रे फोटोइलेक्ट्रॉन स्पेक्ट्रोस्कोपी सुविधाएँ स्थापित की गईं।

क्यूआर कोड स्टिकर प्रणाली शुरू की गई ताकि वाहनों का प्रवेश नियंत्रित किया जा सके।

नए बसों और सुरक्षा उपकरणों के माध्यम से कैंपस की सुविधा और सुरक्षा बढ़ाई गई।

**छात्र कल्याण और साइबर सुरक्षा**

पीयू साइबर वेलनेस क्लिनिक आईएसएसी और कॉप कनेक्ट के सहयोग से,जेडएस कालर सीएसआर सहायता के साथ लॉन्च किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार विदेशी छात्रों के लिए सीटें 25 फीसदी बढ़ाई गईं।

विश्वविद्यालय ने इस वर्ष दो दीक्षांत समारोह आयोजित किए, मार्च और 13 दिसंबर को।

उद्योग और उद्यमिता में योगदान

पांच पूर्व-इनक्यूबेशन केन्द्र स्थापित किए गए।

पीयू-आईआईटी रोपड़ क्षेत्रीय त्वरक (पीआई-राही) का संचालन पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 36 महीने के लिए 10.35 करोड़ रुपये स्वीकृत हैं।

पंजाब विश्वविद्यालय ने 2025 में न केवल शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में खुद को मजबूत किया बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है।

# गांव भडोंजिया में हुए दिनदिहाड़े कत्ल का अरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** मोहाली के मुल्लापुर गरीबदास में युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मरने वाले की पहचान 40 साल के हरविंदर सिंह के तौर पर हुई है। वह पांच साल पहले दुबई से अपने गांव लौटा था और वापस दुबई नहीं गया था। वह यहां छोटे-मोटे काम करके गुजारा कर रहा था। चश्मदीद बलजिन्दर सिंह पुत्र संत सिंह उम्र 35 साल निवासी गांव भदौरिया थाना मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ जिला मोहाली ने पुलिस को ब्यान दिये तथा बताया कि ब्यानो पर बताया कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं और अपना निजी टैक्सी का काम करता हूं।

हम तीन बहन भाई हैं, सबसे बड़ी मेरी बहन सुखविंदर कौर पत्नी गुरदीप सिंह है जो गांव सोहाना में शादीशुदा है और छोटा मेरा भाई हरविंदर सिंह उर्फ बिंदा उम्र लगभग 40 साल है और सबसे छोटा मैं हूं। मेरा भाई हरविंदर सिंह उर्फ बिंदा हमारे साथ हमारे गांव भडोंजिया में रहता है । वह अक्सर गांव मुल्लापुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ में पम्मा टैक्सी स्टैंड से आता-जाता था और अक्सर वहां बैठा था। आज मैं अपने घर गांव भडोंजिया में था, दोपहर के करीब 12ः30 बजे थे, लेकिन मुझे सूचना मिली कि मेरा भाई हरविंदर सिंह उर्फ बिंदा आज पम्मा टैक्सी स्टैंड, गांव मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ पर मौजूद था, और किसी नौजवान ने उसके पेट में किसी नुकीली चीज से वार किया। जिससे वह काफी घायल हो गया और टैक्सी स्टैंड पर मौजूद कुछ लोग उसे इलाज के लिए सेक्टर 16 अस्पताल, चंडीगढ़ ले गए। जिस पर मैं तुरंत अपनी कार से सेक्टर 16 अस्पताल, चंडीगढ़ पहुंचा जहां मैंने देखा कि मेरे भाई हरविंदर सिंह उर्फ बिंदा की मौत हो चुकी थी।

जिसके बाद मैंने अपने स्तर पर पूछताछ की तो पता चला कि आज मनजोत सिंह पुत्र रूपिंदर सिंह उर्फ रूपी निवासी गांव भडोंजिया, थाना मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ ने मेरे भाई हरविंदर सिंह उर्फ बिंदा के पेट/छाती में किसी नुकीली चीज/हथियार से वार किया था। जिससे उसकी मौत हो गई।

# एमसी ने बापू धाम कॉलोनी में नहर के पानी की सप्लाई का प्रोजेक्ट शुरू किया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** नगर निगम चंडीगढ़ ने सेक्टर 26 की बापू धाम कॉलोनी में पानी की सप्लाई के इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने के लिए नहर के पानी की सप्लाई का प्रोजेक्ट शुरू किया है।

वार्ड नंबर 3 के एरिया काउंसलर श्री दलीप शर्मा ने संबंधित एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, नगर निगम चंडीगढ़ के अधिकारियों और कॉलोनी के निवासियों के साथ मिलकर आज वाटर वर्क्स, सेक्टर 26 से बापू धाम कॉलोनी तक नहर के पानी की पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया।

इस मौके पर निवासियों को संबोधित करते हुए श्री दलीप शर्मा ने इलाके की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मौजूदा पानी की सप्लाई सिस्टम को अपग्रेड करने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि फिलहाल, बापू धाम कॉलोनी में पानी की सप्लाई सिर्फ़ तीन ट्यूबवेल बूस्टर पंप पर निर्भर है, जो बढ़ती आबादी के लिए नाकाफी हैं। भरोसेमंद और लगातार पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए, एक नई 200 द्वद्व डायमीटर की डक्टाइल आयरन नहर के पानी की पाइपलाइन बिछाई जा रही है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रोजेक्ट पूरा होने पर, कॉलोनी को रोज़ाना लगभग आठ घंटे तक पूरी तरह से क्लोरिनेटेड और प्रेशर वाला नहर का पानी मिलेगा, जिससे निवासियों के लिए पीने के पानी की उपलब्धता और क्वालिटी दोनों में काफी सुधार होगा। यह प्रोजेक्ट भारत सरकार की अमृत योजना के तहत मंज़ूर किया गया है और इसे ?94 लाख की अनुमानित लागत से पूरा किया जा रहा है। उम्मीद है कि यह प्रोजेक्ट पर्याप्त और भरोसेमंद नहर के पानी की सप्लाई सुनिश्चित करके निवासियों को लंबे समय तक राहत देगा।

# संडे कार बाज़ार में अवैध पार्किंग पर कार्रवाई, 13 गाड़ियों जब्त कीं

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** चंडीगढ़ नगर निगम ने आज मनीमाजरा संडे कार बाज़ार में कार डीलरों द्वारा तय समय के बाद गाड़ियों की अवैध पार्किंग को रोकने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। मौजूदा नियमों के अनुसार, मनीमाजरा कार बाज़ार में गाड़ियों की पार्किंग और डिस्प्ले सिर्फ़ रविवार को ही करने की इजाज़त है। हालांकि, आज के इंस्पेक्शन के दौरान, कई कार डीलर तय दिन के अलावा दूसरे दिन भी अपनी गाड़ियां पार्क करके नियमों का उल्लंघन करते पाए गए।

इस अभियान के दौरान, नगर निगम ने नियम तोड़ने वाले कार डीलरों की पहचान की और अवैध रूप से पार्क की गई 13 गाड़ियों को ज़ब्त कर लिया। नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, नियम तोड़ने वालों का चालान भी किया गया।

MC श्री अमित कुमार, IAS ने इन उल्लंघनों को गंभीरता से लेते हुए सभी कार डीलरों को कड़ी चेतावनी दी कि वे यह सुनिश्चित करें कि संडे कार बाज़ार खत्म होने के तुरंत बाद गाड़ियां हटा ली जाएं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि तय दिन के अलावा किसी भी दिन गाड़ियों की पार्किंग या डिस्प्ले की इजाज़त नहीं होगी, और आगे कोई भी उल्लंघन करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें ज़्यादा जुर्माना और गाड़ियों को जब्त करना शामिल है।

# विदेशी गाड़ियों में घूमने वाले व आई फोन प्रयोग करने वाले स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने की बात करते हैं : ओपी सिहाग

अर्थ प्रकाश/ सुनील सिंघई



**पंचकूला, 23 दिसंबर।** हम सभी पंचकूला के निवासी पिछले 10- 12 दिनों से देख रहे हैं कि स्वदेशी उत्पाद को बढावा देने के नाम पर पूरे शहर एवं जिले को सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े लोगों के फोटो लगाकर ÷स्वदेशी महोत्सव ÷नाम के होर्डिंगज एवं बोर्डो से पूरी तरह पाट दिया है। इस बारे चर्चा करते हुए जजपा जिला पंचकूला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने कहा कि लाखो रुपये खर्च करके लगभग 3000 से ज्यादा छोटे बड़े होर्डिंगज , बोर्ड्स पंचकूला शहर एवं आसपास के क्षेत्रों की हर सड़क, चौराहे एवं मार्केटो में बिना नगर निगम के परमिशन एवं विज्ञापन फीस दिए लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि किन नियमों के अंतर्गत आयोजकों ने नगर निगम से बिना परमिशन एवं बिना फीस भरे ये अवैध होडिंगज लगाए हैं? क्या ये कोई सरकारी कार्यक्रम है?

जजपा जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने कहा कि आयोजकों द्वारा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के नाम पर पंचकूला सेक्टर 5 परेड ग्राउंड में ये मेला लगाया है परंतु प्राप्त जानकारी अनुसार इस मेले के बहुत सारे स्टालों में चाइना, वियतनाम तथा अन्य देशों से निर्मित सामान बिकने की खबरे भी आ रही है। इससे स्वदेशी सामान की बिक्री को बढ़ावा देने की बात बेमानी हो गई है।

ओपी सिहाग ने कहा कि इस पूरे मामले में कहीं न कहीं कोई भारी गडबङ है जिसकी जांच होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि इस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन कर रहा है या कोई अन्य सरकारी विभाग या कोई प्राइवेट एजेंसी। क्योंकि इस आयोजन में स्थानीय प्रशासन की ज्यादा सक्रियता कुछ भ्रम की स्थिति पैदा करती है। सिहाग ने कहा कि अपना उत्पाद बेचने के लिए स्टॉल लगाने वाले जो लोग पूरे प्रदेश तथा देश भर से आए हैं उन लोगों को स्टाल लगाने की फीस या किराये के रूप में भारी किराया देना पड़ रहा है , बताया जाए कि सेंकड़ों स्टालों के किराये के ये लाखों रुपये किसके खाते में जा रहे हैं ? यह बड़ा सवाल है।

इसके अलावा क्या आयोजकों ने परेड ग्राउंड की कोई निर्धारित फीस या किराया हरियाणा शहरी प्राधिकरण को दिया है या नहीं? ओ पी सिहाग ने कहा कि स्वदेशी उत्पाद को बढावा देना बहुत अच्छी बात है परंतु क्या जो आयोजक हैं वो खुद स्वदेशी चीजों का इस्तेमाल कर रहे हैं या नहीं? इस मेले के आयोजक एवं जो बड़े बड़े पदों पर आसीन लोग इस स्वदेशी मेले में अतिथि के रूप में आकर स्वदेशी सामान प्रयोग करने की आम लोगों को प्रयोग करने की सलाह दे रहे हैं वो खुद विदेशी कम्पनियों के मोबाइल एवं गाड़ियों का प्रयोग करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ


### फायर स्टेशन ने विद्यार्थियों को दिया अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण



**चंडीगढ़।** महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, एमडीएवी भवन, दरिया, चंडीगढ़ में फायर डिपार्टमेंट के फायर स्टेशन इंडस्ट्रियल एरिया फेस-1 द्वारा विद्यार्थियों को आग से बचाव और सुरक्षा उपायों को लेकर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर फायर विभाग की ओर से देवेंद्र सिवाच एवं राजिंदर प्रसाद ने छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को अग्निकांड से बचाव के आवश्यक उपायों की विस्तृत जानकारी दी। फायर डिपार्टमेंट से देवेंद्र सिवाच ने बताया कि आग लगने की स्थिति में तुरंत फायर ब्रिगेड के साथ-साथ एंबुलेंस को भी सूचना देनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति आग से झुलस जाए तो उसे शीघ्र एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आग से बचाव के तरीकों की जानकारी पहले से होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी इमारत में आग लगने पर लिफ्ट का प्रयोग नहीं करना चाहिए, बल्कि सीढ़ियों के माध्यम से नीचे उतरना चाहिए और आसपास के लोगों को कम शब्दों में आग की सूचना देनी चाहिए। साथ ही घरों और कार्यालयों में अग्निशामक यंत्र लगाना अनिवार्य है तथा उसके सही उपयोग का प्रशिक्षण भी जरूरी है। अग्निशामक यंत्र की एक्सपायरी डेट और उसमें मौजूद पाउडर की नियमित जांच करते रहना चाहिए। गर्मी के मौसम में आग लगने की संभावनाएं अधिक होती हैं। इसलिए गैस सिलेंडर का स्विच हमेशा बंद रखना चाहिए। गैस लीकेज की स्थिति में तुरंत घर की खिड़कियां खोल देनी चाहिए और ज्वलनशील पदार्थों को आग से दूर हटाना चाहिए। विद्यालय प्रबंधन ने फायर विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और जीवनरक्षक सिद्ध होते हैं। स्कूल के फाउंडर डायरेक्टर डॉ. विनोद शर्मा ने देवेंद्र सिवाच एवं राजिंदर प्रसाद को स्कूल का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस का विरोध

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री हरमोहिंदर सिंह लक्की ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों को लेकर कड़ी चिंता जताई है।



उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ हो रही घटनाएं मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। लक्की ने केंद्र सरकार से इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि भारत को बांग्लादेश सरकार पर कूटनीतिक दबाव बनाना चाहिए ताकि वहां रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को तुरंत नहीं रोका गया, तो कांग्रेस पार्टी देशभर में आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से भी इस मामले में हस्तक्षेप की अपील की। लक्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की पक्षधर रही है और वह हर मंच पर पीड़ितों की आवाज़ उठाती रहेगी।

# दो दिवसीय वार्षिक समारोह 'सतलुज प्राइड 2025' का शुभारंभ

ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन, अल्बा स्मेरिलियो ने की समारोह में शिरकत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** सतलुज पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4, पंचकूला में स्कूल के दो दिवसीय वार्षिक समारोह 'सतलुज प्राइड' के 49वें संस्करण के पहले दिन का भव्य शुभारंभ हुआ। इस वर्ष समारोह की थीम 'राइजिंग नेशन ड्ड द वर्ल्ड वेक्स अप टू द ग्लोरी ऑफ इंडिया' रखी गई है।

उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि अल्बा स्मेरिलियो, डिप्टी हाई कमिश्नर, ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन, चंडीगढ़ रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक अनुशासनशीलता, रचनात्मकता और आत्मविश्वास की सराहना की। स्कूल प्रबंधन सदस्यों–को-चैयरमैन/डायरेक्टर- प्रिंसीपल कृत सराय, सतलुज पब्लिक स्कूल, पंचकूला एवं सतलुज ग्रुप ऑफ स्कूल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर रिकृत सराय, को-प्रिंसीपल मधुरिमा सराय तथा राधिका पणिक्कर सराय –ने अभिभावकों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'गेम चेंजर्सः द वूमन हू मेड इंडिया प्राउड' से हुई, जिसमें देश का नाम रोशन करने वाली प्रेरणादायी महिलाओं की उपलब्धियों को दर्शाया गया। इसके बाद कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने 'बॉर्डर्स एंड ब्रदरहुडः डिवाइडेड बाय पॉलिटिक्स, यूनाइटेड बाय लव' प्रस्तुति के माध्यम से सौहार्द और साझा मानवता का सशक्त संदेश दिया। वहीं, कक्षा 8 के विद्यार्थियों द्वारा मंचित 'महाकुंभः मिथ, बिलीफ, रियलिटी' ने भारत की आध्यात्मिक विरासत का भावपूर्ण चित्रण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रबंधन ने अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों के सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को भी बताया गया। सत्र 2024-25 के सीबीएसई टॉपर्स को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# पंचकूला बार परिसर में लंगर लगा साहिबजादों को किया याद

अर्थ प्रकाश/सोनू



**पंचकूला।** साहिबजादों के शहीदी दिवस पर जिला बार एसोसिएशन की तरफ से जिला बार परिसर में लंगर का आयोजन करते हुए साहिबजादों के दिए हुए बलिदान को याद किया गया। जिला बार एसोसिएशन पंचकुला के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा ने कहा कि साहिबजादों की शहादत न सिर्फ सिख समुदाय के लिए प्रेरणादायक है बल्कि उनकी प्रेरणा हर समुदाय के लिए उपयोगी है।

गुरू गोबिंद सिंह साहिब ने इंसानियत को बचाने के लिए खुद का बलिदान दे दिया था और उसके बाद माता गुजरी ने भी उसी बलिदान की राह में पर चलते हुए दो छोटे-छोटे बच्चों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को शहादत के लिए कुर्बान कर दिया था। वह शहादत इंसानियत को बचाने के लिए हुई थी। ऐसे में जरूरी है कि सभी उनके बारे हर कोई जाने। शर्मा ने कहा कि साहिबजादों की शहादत न सिर्फ सिख समुदाय के लिए प्रेरणादायक है बल्कि उनकी प्रेरणा हर समुदाय के लिए उपयोगी है। गुरू गोबिंद सिंह साहिब ने इंसानियत को बचाने के लिए खुद का बलिदान दे दिया था और उसके बाद माता गुजरी ने भी उसी बलिदान की राह में पर चलते हुए दो छोटे-छोटे बच्चों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को शहादत के लिए कुर्बान कर दिया था। वह शहादत इंसानियत को बचाने के लिए हुई थी। ऐसे में जरूरी है कि सभी उनके बारे हर कोई जाने।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वंचित स्कूली बच्चों हेतु सामाजिक सरोकार कार्यक्रम



**चंडीगढ़।** अपने 115वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ अंचल द्वारा वृद्धि स्कूल, जगतपुरा, मोहाली में कमजोर वर्गों से संबंधित वंचित स्कूली बच्चों के लिए एक सामाजिक सरोकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती प्रणिता बिस्वास, वृद्धि स्कूल की दूरदर्शी संस्थापक, के स्वागत उद्बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने समावेशी शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता की सराहना की।

इस अवसर पर अरविंद कुमार, अंचल प्रमुख, चंडीगढ़, ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 115 गर्म स्वेटर, स्कूल बैग, कॉपियां एवं स्टेशनरी सामग्री बच्चों को वितरित की। अपने संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से बाल मन का सशक्तिकरण राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

# स्वदेशी महोत्सव में विदेशी वस्तुओं के त्याग की दी आहुतियां

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, एचएमटी टाउनशिप, पिंजौर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस ) तथा स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों ने स्वदेशी जागरण मंच, पंचकूला द्वारा यहाँ आयोजित पंचकूला के सेक्टर 5, स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य स्वदेशी महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित 51 कुंडीय हवन यज्ञ में सराहनीय सेवा प्रदान की।

इस आयोजन में विद्यालय के एनएसएस के 50 छात्र एवं स्काउट एंड गाइड के 30 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सेवा कार्य किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित अनेक गणमान्य पार्षद उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने छात्रों द्वारा किए गए अनुशासित एवं समर्पित सेवा कार्यो की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

हवन यज्ञ के दौरान छात्रों ने पांच विदेशी वस्तुओं के त्याग का संकल्प लिया, जिससे स्वदेशी अपनाने का सशक्त संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक सतीश कुमार एवं कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा विद्यालय प्रबंधन को छात्रों के स्वदेशी एवं समाज सेवा के प्रति जागृत करने के लिए आभार व्यक्त किया। महायज्ञ के उपरांत छात्रों ने अपने सहयोगी अध्यापकों के साथ स्वदेशी मेले एवं झूलों का भरपूर आनंद लेते हुए स्वदेशी वस्तुओं की ख़रीदारी की एवं स्वदेशी महोत्सव को सही अर्थो में सार्थक बनाया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ पीयूष पुंज द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समय-समय पर ऐसे अवसर प्रदान करता है, जिनसे वे न केवल समाजसेवा से जुड़ते हैं बल्कि पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त करने का भी अवसर पाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों में सहभागिता से एक ओर जहाँ स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा मिलता है, वहीं दूसरी ओर छात्रों को देश में निर्मित उत्पादों को जानने और अपनाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। विद्यालय परिवार को अपने विद्यार्थियों की इस सक्रिय सहभागिता पर गर्व है।

# 28 को खरखौदा की नई अनाज मंडी में होगी जनसभा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे शिरकत



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। खरखौदा की नई अनाज मंडी में 28 दिसंबर को आयोजित होने वाली जनसभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। जनसभा को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से विधायक पवन खरखौदा व उपायुक्त सुशील सारवान ने मंगलवार को नई अनाज मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंच, पंडाल, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बिजली तथा साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समयबद्ध और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण की जाएं।इसके उपरांत उपायुक्त सुशील सारवान ने एसडीएम कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जनसभा की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने, स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस व चिकित्सा टीम तैनात रखने, नगर परिषद को साफ-सफाई व पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा बिजली विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की जनसभा को लेकर आमजन की सुविधा सर्वोपरि है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

## सार्वजनिक सूचना

इस सूचना के माध्यम से आम और खास जनता को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में संतोष, नरिन्द्र कुमार, मीनू, जया रानी, रेनू मदान, ज्योति निवासी मकान नंबर 2, राम नगर ने प्रॉपर्टी टैक्स I.D. न. 1EQYTN22 के तहत अपना नाम रजिस्टर करवाने के लिए आवेदन किया है। प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड के अनुसार, उपरोक्त प्रॉपर्टी टैक्स I.D. न. 1EQYTN22 बिना नाम के है और श्री प्रकाश की मृत्यु 25.09.1994 को हो गई है। अब आवेदकों ने अपना नाम बदलने के लिए 09.12.2025 की तारीख को एफिडेविट की कॉपी इस कार्यालय में जमा की है। यदि किसी व्यक्ति को प्रॉपर्टी टैक्स I.D. न. 1EQYTN22 में संतोष, नरिन्द्र कुमार, मीनू, जया रानी, रेनू मदान, ज्योति निवासी मकान न. 2, राम नगर, करनाल के नाम पर नाम बदलने पर कोई आपत्ति है। वह इस कार्यालय में नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अन्यथा, समय अवधि के बाद, यह माना जाएगा कि उपरोक्त ट्रांसफर के संबंध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। परिणामस्वरूप, यूनिक प्रॉपर्टी टैक्स I.D. न. 1EQYTN22 में आवेदक का नाम दर्ज/बदल दिया जाएगा। समय अवधि के बाद कोई दावा मान्य नहीं होगा। क्षेत्रिय कराधान अधिकारी, नगर निगम, करनाल।

AP-6431

## सार्वजनिक सूचना

**श्री नवीन दानिक्स के समक्ष सहायक एस्टेट अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़**



**विषयः-** आवासीय साइट नंबर 3072, सेक्टर 20-डी, चंडीगढ़ (RPL 18280) में 33.33 प्रतिशत हिस्सेदारी का मालिकाना हक ट्रांसफर करना, स्व. बलविंदर सिंह की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर।

आम जनता और सभी संबंधित लोगों की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि इस ऑफिस के रिकॉर्ड के अनुसार, श्री बलविंदर सिंह चंडीगढ़, प्लॉट नंबर 3072, सेक्टर 20-डी, के रेजिडेंशियल साइट के 33.33 प्रतिशत हिस्से के मालिक/पट्टेदार हैं।

सरबजीत कौर ने बताया है कि श्री बलविंदर सिंह का निधन 22.01.2018 को हो गया था और उन्होंने मृतक मालिक/पट्टेदार के निम्नलिखित कानूनी वारिसों को भी सूचित कर दिया है:-

| क्र.सं. | कानूनी वारिस का नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1 | सुरजीत कौर बराड़ | पत्नी |
| 2 | सुखजीत कौर बराड़ | बेटी |
| 3 | गुरमुख सिंह | बेटा (मृतक) |
| 4 | सरबजीत कौर | बेटी |

अब, सरबजीत कौर ने स्वर्गीय बलविंदर सिंह के 33.33 प्रतिशत हिस्से के लिए, जो उनके नाम पर था, आवासीय साइट नंबर 3072, सेक्टर 20-डी, चंडीगढ़ के मालिकाना हक के ट्रांसफर के लिए बिना वसीयत के मौत के आधार पर आवेदन किया है। अगर किसी के पास ऊपर बताए गए लोगों के अलावा मृतक के किसी अन्य कानूनी वारिस के बारे में कोई जानकारी है, तो उसकी सूचना तुरंत एस्टेट ऑफिसर, यूटी चंडीगढ़ को दी जाए। अगर किसी को ऊपर बताए गए आवेदकों के पक्ष में उक्त प्रॉपर्टी में उक्त हिस्से के म्यूटेशन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के पब्लिकेशन की तारीख से 30 दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी के ऑफिस में लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/ नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित हलफनामे के साथ) अपनी आपत्ति दे सकता है, ऐसा न करने पर उक्त प्रॉपर्टी में उक्त हिस्सा ऊपर बताए गए लाभार्थी/लाभार्थियों के नाम पर म्यूटेट कर दिया जाएगा और बाद में किसी भी स्तर पर कोई और दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**नवीन दानिक्स , असिस्टेंट एस्टेट ऑफिसर, एस्टेट ऑफिसर की शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यू.टी. चंडीगढ़।**

AP-6416

## सार्वजनिक नोटिस

सार्वधारण को सूचित किया जाता है अतिरिक्त उपायुक्त महोदय अम्बाला के माध्यम से कार्यकारी अभियंता पं. राज अम्बाला को डी. प्लान स्कीम में प्राप्त राशि से सब डीविजन नारायणगढ़ के विभिन्न कार्य करवाए जाने है जिसके लिए लेबर की आवश्यकता है। इच्छुक लेबर सोसाईटी, ठेकेदार, फर्म को सूचित किया जाता है कि यदि वह विभिन्न कार्य जिनकी सूची सब डिविजन कार्यालय को नोटिस बोर्ड पर लगी हुई है। किसी भी कार्य दिवस को उक्त कार्य को करने के लिए अपने लेबर देने की इच्छुक है तो अपने लेबर रेट व कूटेशन बंद लिफाफे में जी.एस.टी. नंबर सहित 3 दिन के अंदर-अंदर निम्नाहस्ताक्षरी के कार्यालय में भेज सकते है लेबर की डीएनटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगी हुई है। संबंधित जानकारी के लिए किसी कार्य दिवस सुबह 9.00 बजे से 5.00 बजे तक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**उपमण्डल अधिकारी**
**पंचायत राज, नारायणगढ़**

AP-6430

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अकबरपुर, खंड नारायणगढ़ , जिला अम्बाला की पंचायती भूमि में खड़े 846 पेड़ सफेदा की नीलामी दिनांक 31-12-2025 को ग्राम पंचायत अकबरपुर के कम्युनिटी हॉल में प्रातः 11 बजे की जाएगी। बोली देने वाले इच्छुक व्यक्ति को 2 लाख रुपए अमानत के तौर पर बतौर डिमांड ड्राफ्ट जमा करवाना होगा। बोली की शेष शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

**अब्दुल खालिद**
**ग्राम सचिव, अकबरपुर**
**मो. 70273-48786**
**निर्मला देवी, सरपंच**
**ग्राम पंचायत, अकबरपुर**
**मो.96710-23042**

AP-6441

## OFFICE OF THE PRINCIPAL GOVT. COLLEGE, MATANHAIL (JHAJJAR)
### TENDER NOTICE

Tender is hereby invited for cleaning of permises, housekeeping etc. Service in Government College Matanhail, Jhajjar (Haryana) from the interested and eligible Tenderer's / Service Agencies / Societies (approved by Govt. of Haryana) having at-least three years experience in similar services in prescribed form. Interested Tenderer's / Service Agencies / Societies can collect tender form from the office of The Principal, Government College, Matanhail, Jhajjar (Haryana) by paying Rs. 500 (payable through demand draft / banker cheque of any nationalized bank / college receipt drawn in favour of the Government College, Matanhail (Jhajjar). All terms and conditions will be attached with the form.

**Last date of receipt of sealed tender document:- 05.01.2026 (upto 1:00 pm).**
**Date of opening of Technical / Financial Bid of Tender:- 05.01.2026 (02:00 pm).**

**Principal**
**Govt. College, Matanhail, Jhajjar (Haryana)**

AP-6425

## पंजाब सरकार
### फाइनेंस डिपार्टमेंट
### डायरेक्टरेट ऑफ लॉटरिज
### फाइनेंस एंड प्लानिंग बिल्डिंग, प्लॉट नंबर 2-बी, सेक्टर 33-ए, चंडीगढ़

**विषय** - Punjab State Dear 200 monthly Lottery Schemes Draw Date : 06/12/2025 (दिन शनिवार) लॉटरी स्कीम के नतीजों के बारे में सुधार जारी करने के संबंध में।

पंजाब राज्य लाटरी विभाग की तरफ से दिनाक 06 .12 .2025 को Punjab State Dear 200 Monthly Lottery Schemes Draw Date: 06/12/2025 लाटरी का ड्रा निकाला गया। इस ड्रा की पब्लिकेशन में कुछ त्रुटियाँ जैसे की रिजल्ट में पहले इनाम के निचे ब्रैकेट में लिखा जाने वाला फॉर्मेट ( Seller Prize Amount Rs . 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs . 50,000 /- , Total Prize Amount Rs. 10 .50 ) गलत लिखा गया था , सुधार की जानकारी इस प्रकार है:-

| लाटरी का नाम | Punjab State Dear 200 monthly Lottery Schemes Draw Date : 06/12/2025 (दिन शनिवार) | |
|---|---|---|
| **जानकारी** | **पब्लिकेशन में दिखाई गयी गलती** | **सुधार** |
| 1st Prize | ( Seller Prize Amount Rs . 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs . 50 ,000 /-, Total Prize Amount Rs . 10 .50 ) | (Seller Prize Amount Rs . 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs . 50 ,000 /- Total Prize Amount Rs . 11 .50 ) |


डायरेक्टर

## खोया और पाया

मैं सत्यवीर सिंह, पुत्र श्री प्रहलाद सिंह, Mobile No 9041821500 R/o # 1 Back Side PS- 26 Chandigarh, ने अपनी sale deed No.1139, दिनांक 05.08.1998, # 193, सेक्टर 19, पंचकुला, के कुछ असल दस्तावेज जो सेक्टर 7, चंडीगढ़ में कहीं खो गए है और मैंने उक्त दस्तावेज के गुम होने की डीडीआर (विक्रय विलेख) दर्ज कराई है। यदि किसी को यह दस्तावेज मिले, तो कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

AP-6412

## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)



ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਲਾਭਪਾਤਰੀ


[illegible] 462307 [illegible] 04-11-2025 [illegible] 552, ਸੈਕਟਰ 53, ਫੇਸ- 3-ਏ ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Dashoda Devi W/o Parkash Chander R/o HOUSE NO 1482 A, SECTOR 61, CHANDIGARH [illegible] 12-09-2025 [illegible] 552, ਸੈਕਟਰ 53, ਫੇਸ-3-ਏ ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ [illegible] 02-05-2022 [illegible] RAMESH KUMAR S/o PARKASH CHANDER ਅਤੇ ਆਪਣੀ ਨੂੰਹ DIVYA BHARGAV W/o RAMESH KUMAR [illegible] 217 [illegible] 02-05-2022 [illegible]

ਇਸ [illegible] RAMESH KUMAR S/O PARKASH CHANDER ਅਤੇ ਆਪਣੀ ਨੂੰਹ DIVYA BHARGAV W/O RAMESH KUMAR R/O HOUSE NO 1482 A, SECTOR 61, CHANDIGARH [illegible] 552, ਸੈਕਟਰ 53, ਫੇਸ-3-ਏ ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ [illegible] 15 [illegible]

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ

AP-6413

## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ। ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 330, ਫੇਸ 1, ਸੈਕਟਰ 55, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ, ਦੇ 1/2 ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Sh. Vinay Kumar S/o Ruldu Ram [illegible] 26.02.2023 [illegible] Gurmit Kaur, Municipal Councilor, Ward No. 50, SAS Nagar [illegible] Sh. Vinay Kumar S/o Ruldu Ram [illegible] Sh. Vinay Kumar S/o Ruldu Ram [illegible]

1. DEVAM SON
2. ANJU SHARMA WIFE
3. SANTOSH KUMARI Mother
4. SHIVAM Son

[illegible] 330, ਫੇਸ 1, ਸੈਕਟਰ 55, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ, ਦੇ 1/2 [illegible] 15 [illegible] 330, ਫੇਸ 1, ਸੈਕਟਰ 55, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 1/2 [illegible] Gurmit Kaur, Municipal Councilor, Ward No. 50, SAS Nagar [illegible]

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ

AP-6414

## सेतु का कार्य

ई-निविदा सूचना संख्या. DCBL/18/2025/MLG तारीख: 17-12-2025। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया है। क्रमिक संख्या. 1। निविदा संख्या. [illegible] ₹32,40,33,327.31/-। बोली सुरक्षा जमा: ₹17,70,200/-। क्रमिक संख्या. 2। [illegible] ₹40,36,71,871.72/-। बोली सुरक्षा जमा: ₹21,68,400/-। क्रमिक संख्या. 3। [illegible] ₹11,15,13,889.72/-। बोली सुरक्षा जमा: ₹7,07,600/-। क्रमिक संख्या. 4। [illegible] ₹21,68,66,487.86/-। बोली सुरक्षा जमा: ₹12,34,300/-। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 09-01-2026 तारीख के 15.00 बजे। [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

AP-6422

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** बलदेव राज पुत्र श्री सुमेर चन्द निवासी ग्राम- आम्बवाला, डाकखाना- व्यासपुर, तहसील- व्यासपुर, जिला यमुनानगर 135102, ब्यान करता हूं मैंने अपना नाम बलदेव सिंह से बदलकर बलदेव राज रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**मैं,** मुस्कान पाल पत्नी श्री डिम्पल कुमार निवासी ग्राम- डाडूवाला, पोस्ट ऑफिस- बिक्रम बाग, तहसील नाहन, जिला सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) 173001, ब्यान करती हूं मैंने अपना नाम मुस्कान से बदलकर मुस्कान पाल रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।
एपी-6411

**मैं,** Sarbjit Kaur पत्नी जसवीर सिंह निवासी गांव और पोस्ट ऑफिस- बारवा , तहसील आनंदपुर साहिब जिला रूपनगर ने अपना नाम Sarbjit Kaur से बदलकर Sarabjit Kaur रख लिया है।

**मैं,** रिंकू राणा उर्फ संजीव कुमार पुत्र जगदीश निवासी वार्ड नं1 04 , काना पट्टी , कलायत तहसील तहसील जिला कलायत, कैथल ने अपना नाम बदलकर संजीव कुमार रख लिया है।
एपी-6415

I, Amit Kumar S/o Som Nath resident of 422, Manali House, Ambala City, Haryana, have changed my minor daughter's name from Taisha to Taisha Vasan.
एपी-6416

I SALAJA D/o JAGDISH resident of 857 VILLAGE BHATTU KALAN TEHSIL AND DISTRICT FATEHABAD STATE HARYANA 125053 have changed my name From SALAJA to SHELJA
एपी-6417

I, Ajai Krishan Sharma Son of Late Pt. Ram Krishan R/o Flat No. 319, RCS Society, Sector 48-A, Chandigarh have changed my name from Ajai Krishan Sharma to Ajay Krishan. Ajay Krishan and Ajai Krishan Sharma is one and same person.
एपी-6418

**मैं,** कमलाश कौर, पत्नी श्री दर्शन सिंह, निवासी गांव भैरों माजरा, डाकखाना भैरों माजरा, रूपनगर, पंजाब - 140111, यह घोषणा करती हूँ कि आधार काड (597428714617) और पैन कार्ड (BBBPK8329K) के अनुसार बयानकर्ता का वास्तविक और सही नाम कमलाश कौर है, जबकि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सोलन की एफडीआर (FDRs) में बयानकर्ता का नाम गीता देवी लिखा गया है। गीता देवी और कमलाश कौर एक ही व्यक्ति है।
एपी-6419

**मैं,** Pradeep Singh Kapur पुत्र श्री साधु सिंह कपूर निवासी मकान नं. 2506, सैक्टर - 38 /सी चंडीगढ़ ने अपना नाम Pradeep Singh Kapur से बदलकर Pardeep Singh Kapoor रख लिया है।
एपी-6420

**मैं,** हरि सिंह सुपुत्र नर सिंह, गांव नौगांव, डाकघर नयाल, भनौली, नौगांव, जलना, अल्मोड़ा, उत्तराखंड 263625 अपना नाम बदलकर हरीश सिंह रख लिया है।
एपी-6421

**मैं,** सुधीर कुमार शर्मा पुत्र सुखपाल शर्मा निवासी फ्लैट नंबर 309, पाइन होम्स, ढकोली जीरकपुर ने अपना नाम सुधीर कुमार शर्मा से बदलकर सुधीर कुमार कर लिया है।

**मैं,** सुशील कुमार जैन पुत्र प्यारे लाल जैन निवासी 180, वार्ड नंबर 3, पुरानी अनाज मंडी, गोहाना, सोनीपत ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम सुशील कुमार से बदलकर सुशील कुमार जैन कर लिया है।

**मैं,** बेयंत सिंह पुत्र श्री भाग सिंह निवासी मकान नंबर 22, सेक्टर-18 पंचकुला, मैंने अपने पुत्र मनप्रीत सिंह और उसकी पत्नी रवनीत कौर को अपनी संपत्तियों से बेदखल किया था। अब वह मेरी देखरेख और नियंत्रण में है, इसलिए मैं उनके खिलाफ प्रकाशित बेदखली 2019 की सार्वजनिक सूचना वापस लेता हूं ।

I, Rinki Devi is Legally Spouse of No.JC-573960K, NB/Sub Name: Anil Kumar Resident of Khand 2, Vivek Bihar Colony, Etawah, U.P-206001, have changed my name from Pinki to Rinki Devi, vide Affidavit Dated 23.12.2025 before Notary Public District Court Panchkula.
एपी-6414

**मैं,** नवीन पुत्र चैन सिंह वर्मा वासी मकान नं. 0722 बी/9, ब्लॉक-डी, दशमेश नगर, नया गांव, एस ए एस नगर, मोहाली ने अपना नाम बदलकर नवीन कुमार वर्मा रखा है।

**मैं,** चैन सिंह पुत्र तेज राम वासी मकान नं. 0722 बी/9, ब्लॉक-डी, दशमेश नगर, नया गांव, एस ए एस नगर, मोहाली ने अपना नाम बदलकर चैन सिंह वर्मा रखा है।

**मैं,** Shatrughan पुत्र सुरेश ठाकुर वासी मकान नं. 565, सैक्टर-19, पंचकूला ने अपना नाम बदलकर Shatrughan ठाकुर रखा है।

**मैं,** चमन लाल पुत्र अमर नाथ वासी नजदीक एस बी आई बैंक, प्रेम नगर, लालडू मंडी, लालडू, एस ए एस नगर मोहाली, पंजाब ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर चमन शर्मा से चमन लाल रखा है।

**मैं,** अनिल कुमार पुत्र शम्बू राम वासी मकान नं 1509, सैक्टर 13, अर्बन एस्टेट, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर अनिल Raheja से अनिल कुमार रखा है।

**मैं,** रीना वर्मा पत्नी हर्ष वर्मा वासी प्लाट नं- 33 हॉस्पिटल एरिया नीलोखेड़ी करनाल ने अपना नाम बदलकर रीना से रीना वर्मा रखा है।

**मैं,** कमल जीत पुत्र Puran राम वासी गांव सुखमनपुर, रतिया, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर कमल जीत से कमलजीत सिंह रखा है।

**मैं,** हिमांशी नागपाल पत्नी अभिनव सिंगला वासी मकान नं. 97, सैक्टर-6, पंचकूला ने अपना नाम बदलकर हिमांशी सिंगला रखा है।
एपी-6424

**मैं,** सैन्य संख्या- 6396738W, रैंक- हवलदार, नाम दिनेश कुमार उपाध्याय, वर्तमान में यूनिट 603 एएससी बटालियन (एएम), मुख्यालय 'एन' क्षेत्र, चंडीगढ़- 160003 में तैनात है घोषणा करता हूं कि मेरी माता प्रेमा देवी की जन्मतिथि 01/07/1944 से 01/01/1937 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या 11एए 219814, दिनांक 23/12/2025

**मैं,** रागिला श्रीबेश आरपी, सैन्य संख्या 14852853K, रैंक- हवलदार/क्लर्क, नाम- श्रीबेश आरपी की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 603 एएससी बटालियन (एएम), पिन- 905603, पता- 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- मालियेक्कल, वेट्टेककोड, एरनहीमंगड, अकम्पदम, मलप्पुरम, केरल-679329, यह घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम रागिला श्रीबेश आरपी से बदलकर रागिला एम कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219821, दिनांक- 23/12/2025

**मैं,** सिंधुबाई शिवाजी जाधव, सैन्य क्रमांक 15706409W, रैंक- हवलदार, नाम- जाधव आनंद शिवाजी की माता हूं व्यवसाय- सेना, निवासी- ग्राम-पटोदा, डाकघर- पटोदा, तहसील पटोदा, जिला-बीड़, राज्य- महाराष्ट्र, पिन कोड 414204, घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम सिंध वी जाधव से बदलकर सिंधुबाई शिवाजी जाधव कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 01/07/1961 से बदलकर 01/01/1950 कर ली है।

**मैं,** सैन्य संख्या- जेसी-777074एफ, रैंक- सूबेदार, नाम- कुम्भार प्रकाश बाबन, क्वार्टर क्रमांक 462/सी, श्री स्टेशन मुख्यालय, चंडीमंदिर मिलिट्री स्टेशन, सी/ओ 56 एपीओ का निवासी हूं घोषणा करता हूँ कि मेरे सैन्य रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम गलती से 'दीपाली कुम्भार' लिखा गया है, जबकि नागरिक/सरकारी दस्तावेजों में मेरी पत्नी का सही नाम कुम्भार दीपाली प्रकाश है और मेरी बेटी का नाम भी गलती से 'पूर्वा' लिखा गया है, जबकि नागरिक/सरकारी दस्तावेजों के अनुसार बेटी का सही नाम पूर्वा प्रकाश कुम्भार है। मेरी बेटी की सही जन्मतिथि 14.05.2012 है।

**मैं,** शकीना खातून, सैन्य संख्या जेसी 355003एम, रैंक-सूबेदार नाम- शमशाद खान की पुत्री हुं जो वर्तमान में यूनिट- 105 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- जंगल रसूलपुर नंबर 2, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश - 273203 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम शकीना खातून से बदलकर शकीना खान कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 17/04/2003 से 17/05/2004 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219849, दिनांक- 23/12/2025

I, RAJULAMMA am Mother of Service No JC313778W Rank SUB Name RAMESH BABU AMPOLU, presently residing at 164 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from RAJULAMMA and D.O.B 01 JUL 1954 to AMPOLU RAJULAMMA and D.O.B 01 JAN 1952.

I, SRI RAMULU am Father of Service No JC313778W Rank SUB Name RAMESH BABU AMPOLU, presently residing at 164 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from SRI RAMULU and D.O.B 01 JUL 1948 to AMPOLU SREERAMULU and D.O.B 01 JAN 1942.

I, VANITA VINAYAK SAWANT am Mother of Army No: 2809180H Rank: Hav Name: Chandrakant Vinayak Sawant Permanent Address: 406, Kalambist, Ganshelwadi Sawantwadi, Kalambist Kalambist Kalmist Sawantwadi Sindhudurg, Maharashtra 416531 declare that I have Correct my Date of birth from 21/02/1967 to 01/01/1963. Vide Affidavit No: 11AA 219822, Dated: 23/12/2025

I, PRIYANKA am legally Wedded Spouse of Army No: 2809180H Rank: Hav Name: Chandrakant Vinayak Sawant Permanent Address: 406, Kalambist, Ganshelwadi Sawantwadi, Kalambist Kalambist Kalmist Sawantwadi Sindhudurg, Maharashtra 416531 declare that I have changed My Name from PRIYANKA to PRIYANKA CHANDRAKANT SAWANT. Vide Affidavit No: 11AA 219823, Dated: 23/12/2025

I, SHIVALINGAVVA is Mother of Army No: 16114223A Rank Hav Name: Fakeerappa Chavadappanavar Present Posted at UNIT: 11 Engr Regt C/o 56 APO Permanent Address: # 752, Janata plot. Tq Savadatti, Aladakatti K M, Aladakatti K.M, Belgaum, Karnataka-591117 declare that I have changed my name from SHIVALINGAVVA to SHIVALINGAVVA NAGAPPA CHAVADAPPANAVAR. Vide Affidavit No: 11AA 219815, Dated: 23/12/2025

I, SHIVALINGAVVA NAGAPPA CHAVADAPPANAVAR is Mother of Army No: 16114223A Rank Hav Name: Fakeerappa Chavadappanavar Present Posted at UNIT: 11 Engr Regt C/o 56 APO Permanent Address: # 752, Janata plot. Tq Savadatti, Aladakatti K M, Aladakatti K.M, Belgaum, Karnataka-591117 declare that I have Correct my Date of birth from 01/07/1961 to 01/06/1965. Vide Affidavit No: 11AA 219816, Dated: 23/12/2025

I, NAGAPPA am Father of Army No: 16114223A Rank Hav Name: Fakeerappa Chavadappanavar Present Posted at UNIT: 11 Engr Regt C/o 56 APO Permanent Address: # 752, Janata plot. Tq Savadatti, Aladakatti K M, Aladakatti K.M, Belgaum, Karnataka-591117 declare that I have changed My Name from NAGAPPA to NAGAPPA CHAVADAPPA CHAVADAPPANAVAR. Vide Affidavit No: 11AA 219817, Dated: 23/12/2025

I, NAGAPPA CHAVADAPPA CHAVADAPPANAVAR am Father of Army No: 16114223A Rank HAV NAME: FAKEERAPPA CHAVADAPPANAVAR Present Posted at UNIT: 11 Engr Regt C/o 56 APO Permanent Address: # 752, Janata plot. Tq Savadatti, Aladakatti K M, Aladakatti K.M, Belgaum, Karnataka-591117 declare that I have Correct my Date of birth from 01/07/1953 to 01/06/1955. Vide Affidavit No: 11AA 219818, Dated: 23/12/2025

I, SUNITA CHAVADAPPANAVAR am legally Wedded Spouse of Army No: 16114223A Rank Hav Name: Fakeerappa Chavadappanavar Present Posted at UNIT: 11 Engr Regt C/o 56 APO Permanent Address: # 752, Janata plot. Tq Savadatti, Aladakatti K M, Aladakatti K.M, Belgaum, Karnataka-591117 declare that I have changed My Name from SUNITA CHAVADAPPANAVAR to SUNITA FAKEERAPPA CHAVADAPPANAVR. Vide Affidavit No: 11AA 219819, Dated: 23/12/2025

I, Army No: 16114223A Rank Hav Name: Fakeerappa Chavadappanavar Present Posted at UNIT: 11 Engr Regt C/o 56 APO Permanent Address: # 752, Janata plot. Tq Savadatti, Aladakatti K M, Aladakatti K.M, Belgaum, Karnataka-591117 declare that I have changed my Son's Name from AMOGHVARSH to AMOGHVARSH FAKEERAPPA CHAVADAPPANAVAR. Vide Affidavit No: 11AA 219819, Dated: 23/12/2025

I, DANABAI am Mother of Army No: JC 462921W Rank: NB SUB Name: Jambhale Suhas Rohidas Permanent Address: Dharmnath nagar, Dudhodi, Ahmadnagar, Maharashtra, 414403 declare that I have changed my name from DANABAI to DHANYABAI ROHIDAS JAMBHALE and Also Correct my Date of birth from 01/02/1958 to 01/01/1957. Vide Affidavit No: 11AA 219850, Dated: 23/12/2025

I, ROHIDAS am Father of Army No: JC 462921W Rank: NB SUB Name: Jambhale Suhas Rohidas Permanent Address: Dharmnath nagar, Dudhodi, Ahmadnagar, Maharashtra, 414403 declare that I have changed my name from ROHIDAS to ROHIDAS NIVRUTTI JAMBHALE and Also Correct my Date of birth from 01/02/1953 to 01/01/1949. Vide Affidavit No: 11AA 219851, Dated: 23/12/2025

I, MIRABAI am Legally Wedded Spouse of Army No: JC 462921W Rank: NB SUB Name: Jambhale Suhas Rohidas Permanent Address: Dharmnath nagar, Dudhodi, Ahmadnagar, Maharashtra, 414403 declare that I have changed my name from MIRABAI to JAMBHALE MIRABAI SUHAS and Also Correct my Date of birth from 30/03/1992 to 30/03/1994. Vide Affidavit No: 11AA 219864, Dated: 23/12/2025
एपी-6427

**मैं,** जितेंद्र पुत्र सुखवंत सिंह निवासी मकान नम्बर 2331/5, छोटा बाजार, राम गली, थानेसर, पोस्ट ऑफिस कुरुक्षेत्र, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा - 136118 ब्यान करता हूँ कि मैने अपना नाम जितेंद्र से बदलकर जितेंद्र सिंह रख लिया है।
एपी-6428

**मैं,** Navnit Kaur Sodhi पुत्री Tarsem Singh Sodhi #22/20-A, Chandigarh ने अपना नाम Navnit Kaur Sodhi से बदलकर Navnit Kaur रख लिया है।
एपी-6429

**मैं,** Jagtar Singh पुत्र Sh. Gurjang Singh निवासी 79 गोबिंदपुरा, मनीमाजरा, चंडीगढ़, मैंने अपना नाम Jagtar Singh Dhillon से बदलकर Jagtar Singh रख लिया है।

**मैं,** Sarbjeet Kaur पत्नी Sh. Jagtar Singh निवासी 79 गोबिंदपुरा, मनीमाजरा, चंडीगढ़, मैंने अपना नाम Sarbjeet Kaur Dhillon से बदलकर Sarbjeet Kaur रख लिया है।
एपी-6434

I, SERVICE No. 8038499P RANK L/NK (GD) NAME SAHDEV SINGH S/O Sh. INDERJEET SINGH R/o VILLAGE DAHIRPUR RAJAKPUR PO CHHAJJUPUR TEHSILDHOALANA DISTT. HAPUR STATE UTTAR PRADESH PIN 245101, THAT MY SON NAME WRONGLY MENTION IN ARMY RECORD IS PARTH GUJJAR BUT MY SON CORRECT NAME IS PARTH PEELWAN
एपी-6435

**मैं,** प्रेरणा चोपड़ा पुत्री संदीप चोपड़ा, जो 268/A हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कालका, जिला - पंचकूला HR (133302) में रहती हूँ, मैंने अपना नाम बदल लिया है और अब से मुझे प्रेरणा शर्मा के नाम से जाना जाएगा।
एपी-जग्गी

**मैं,** ऐश्वर्या गुप्ता पत्नी रजत गर्ग निवासी मकान नंबर 33 हुडा आर-3 चीका, कैथल, ने अपना नाम ऐश्वर्या गुप्ता से बदलकर ऐश्वर्या रख लिया है।
एपी-6438

**मैं,** बलविंदर पुत्री सोम नाथ और पत्नी प्रमोद कुमार निवासी मकान नंबर 2108, सेक्टर 37-सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बलविंदर से बदलकर बलविंदर कौर कर लिया है।
एपी-6440

**मैं,** कुसुम रानी पत्नी श्री. धर्मपाल निवासी मकान नंबर 291/1, बाबैन रोड, लाडवा, तहसील लाडवा, जिला कुरूक्षेत्र, ने अपना नाम कुसुम रानी से बदलकर कुसुम रख लिया है।
एपी-6442

**मैं,** राजेश कुमार सपुत्र श्री सुभाष चन्द, निवासी मकान नंबर 512, जैन मंदिर के पास, कालका, तहसील कालका, जिला पंचकुला, हरियाणा133302, यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम राजेश कुमार से बदलकर राजेश कौशिक रख लिया है।
एपी-6447

## बेदखली सूचना

I, Kanta Jain W/o Late Sh. Davinder Jain R/o House No. 900, Sector 45-A, Burain, Chandigarh. declare that my daughters Shivani Jain and Anamika Jain are out of my control. So I disown them from my movable and immovable properties. If anyone deals with them, he/they will do so at their own risk & costs.
एपी-6423

हम, शमशेर पुत्र श्योराण सिंह व ओमी पत्नी शमशेर, मकान नंबर 288/13 सोमनाथ मंदिर सैनीपुरा मोहल्ला जीन्द तहसील व जिला जीन्द के स्थाई निवासी हैं और अपने हल्फ से ब्यान करते हैं कि हमारा पुत्र सन्नी हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए हम इसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में इसके साथ लेन-देन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे बाकी परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-6439

**मैं,** कृष्णा देवी पत्नी जसमेर सिंह निवासी #114 गाँव हरयौली उप तहसील साहा जिला अम्बाला कि मेरा लड़का राजेश कुमार और उसकी बलजिन्द्र दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है मै इन्हे अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बे-दखल करती हूँ इनसे लेन-देन करने वाला नुकसान का खुद जिमेवार होगा मै या मेरा परिवार जिम्मेवार नही होगा। नोट करे।
एपी-6441

अर्थ प्रकाश समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# जांच कमेटी की रिपोर्ट में आदेशों की अवहेलना करने वाले खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर को किया सस्पेंड: राजेश नागर

अर्थ प्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 23 दिसंबर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने जांच कमेटी की रिपोर्ट में आदेशों की अवहेलना करने वाले खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर नवीन को सस्पेंड करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर सहित तीन मामलों में केस दर्ज करने के भी निर्देश दिए हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर को जांच अधिकारी एसडीएम लाडवा अनुभव मेहता ने बताया कि विभाग के नियमानुसार मामले में गलत कार्रवाई करना पाया गया। इसके साथ ही गांवों की सप्लाई को दूर के गांवों के साथ जोड़ा जाना पाया गया। वहीं एक अन्य शिकायत में डिपो होल्डर के पिता ने लिखित में बताया कि अधिकारियों ने ही उससे गलत लिखवाया था। मंत्री राजेश नागर ने रिपोर्ट के आधार पर खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर नवीन को सस्पेंड करने और इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर मंगलवार को नई लघु सचिवालय बिल्डिंग के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, विधायक थानेसर अशोक अरोड़ा, विधायक शाहाबाद रामकरण काला, जिला अध्यक्ष सरदार तिजेंदर सिंह गोल्डी भी मौजूद रहे। जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवासी समिति की बैठक में 15 शिकायतों में से 9 शिकायतों का समाधान किया गया। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर का उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने स्वागत किया।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने गांव कतलाडी निवासी सिमरन की शिकायत पर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता के अनुसूचित जाति व इनकम संबंधी कागजात की जांच करते हुए फीस को माफ किया जाए। इसी तरह हाई कोर्ट के एडवोकेट अमरजीत सिंह विर्क की शिकायत पर नगर पालिका शाहाबाद को निर्देश दिए कि वो निशानदेही करके शिकायतकर्ता की जमीन को छोड़कर रास्ते का निर्माण किया जाए।

### जबरदस्ती कब्जा करने वाले के खिलाफ किया जाए केस दर्ज

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने विष्णु कॉलोनी निवासी सोम प्रकाश व गगनदीप की शिकायत और जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद प्रशासन व पुलिस को निर्देश दिए कि उनके द्वारा खरीद गई जमीन पर कब्जा दिलाया जाए और जबरदस्ती कब्जा करने वाले के खिलाफ केस दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने मकान लेने के बाद कब्जा ले लिया था। कुछ दिनों के बाद उनके मकान पर जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास करते हुए परेशान करने लगे।

### दुकान गिराने वाला रिपेयर ना करे तो केस दर्ज करें

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने छोटा बाजार निवासी भीमसेन चावला की शिकायत पर उसकी दुकान को गिराने वाले को रिपेयर करवाने के निर्देश दिए। ऐसा ना करने पर पुलिस प्रशासन को उसके खिलाफ केस दर्ज किया जाए। छोटा बाजार निवासी भीमसेन चावला ने बताया कि कुछ लोगों ने उसकी दुकान को गिराकर उसके साथ बदतमीजी की है। इसके साथ ही उसकी दुकान पर कब्जा करने का प्रयास किया। इसी तरह गांव बोडी निवासी बाला देवी की शिकायत पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### पुलिया बंद करने वाले किसान पर कार्रवाई के दिए निर्देश

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने गांव खेड़ा निवासी सचिन कुमार व सुल्तान सिंह की शिकायत पर खुद के खेत मे मिट्टी डालकर सड़क पर पानी क्रॉसिंग के लिए बनाई गई सरकारी पुलिया को बंद करने वाले किसान के खिलाफ कार्रवाई करने और पीडब्ल्यूडी विभाग को पुलिया खोलने के लिए निर्देश दिए। शिकायतकर्ताओं ने शिकायत में बताया था कि पुलिया बंद होने के कारण खेतों में बने मकान व डेरों में पानी चला जाता है।

# एसडीएम ने राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ा खेमावती हुए विकास कार्यों का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/दीवान



**सफीदों, 23 दिसंबर।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ा खेमावती में शौचालय निर्माण एवं कंप्यूटर प्रयोगशाला के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक वातावरण मिल सके।

एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि स्कूल से ही हमारी धरा मजबूत होती है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता, तकनीकी संसाधन और आधारभूत ढांचा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। शौचालय निर्माण से स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा, वहीं कंप्यूटर प्रयोगशाला के नवीनीकरण से विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा और तकनीकी दक्षता का लाभ मिलेगा।

उन्होंने जनमानस की भलाई में शिक्षण संस्थानों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज के निर्माण में स्कूलों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सीएसआर योजना के तहत निजी संस्थाओं द्वारा शिक्षण संस्थानों को लाभ पहुंचाना एक सराहनीय कदम है, जिससे संसाधनों की उपलब्धता बढ़ती है और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होता है।

इस मौके पर विद्यालय प्रशासन तथा उज्जीवन बैंक प्रबंधको ने एसडीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और शिक्षण गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी।

गौरतलब है कि उज्जीवन बैंक द्वारा राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ा खेमावती में कंप्यूटर प्रयोगशाला का नवीनीकरण एवं शौचालयों का निर्माण सी आर एस योजना के तहत करवाया गया। इन विकास कार्यों का उद्घाटन एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने किया। एसडीएम ने सीएसआर योजना के अंतर्गत शिक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे बैंक के प्रयासों की सराहना की और इसे विद्यार्थियों के भविष्य के लिए उपयोगी बताया।

इस अवसर पर उनके साथ लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अजय कटारिया, स्कूल के प्रधानाचार्य , स्टाफ व उज्जीवन बैंक के सी एस आर प्रबंधक मनोज गुप्ता, नरेश कुमार, साहिल भाटिया, अनीश कुमार, एस एम सी प्रधान शमशेर, पवन कुमार तथा गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बीकन ऑफ वैल्यूज विषय पर नैतिक मूल्यों की महत्ता का भावपूर्ण संदेश



**पानीपत (अप्रस/मनदीप कुमार)।** डीपीएस पानीपत सिटी जूनियर में कक्षा एक और दो के होनहार विद्यार्थियों द्वारा बीकन ऑफ वैल्यूज विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी कमांडेंट एवम् सीआर पी एफ में सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ समरजीत सिंह एवं राजेंद्र छौक्कर, सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर, एमईएस के कर कमलो द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों जैसे ईमानदारी, अनुशासन, सम्मान, करुणा एवं जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना था। विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन अमित राणा ने अपने संबोधन में कहा कि ये मूल्य ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। सभी को अपने व्यवहार और जीवन में सकारात्मक मूल्यों को अपनाना चाहिए।विद्यालय की मुख्याध्यापिका सरिता विज ने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मूल्यवान सोच ही सच्ची सफलता की पहचान है।

### स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस मनाया



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के आर्य समाज मंदिर में मंगलवार को स्वामी श्रद्धादानंद का बलिदान दिवस मनाया गया। उनके बलिदान दिवस पर मंदिर में सुबह हवन व भजन का आयोजिन किया गया, जिसमें मिर्जापुर सहारनपुर अभिषेक आर्य मुख्य रूप से शामिल हुए। अभिषेक आर्य के भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों के बाद हवन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता सहित आर्य समाज लाडवा के प्रधान अनिल गोयल, जयदेव आर्य, भूषण आर्य, प्रीतम आर्य, हुकुम चंद आर्य, जयदयाल पंजेटा, नीरज आर्य, सुनील आर्य, माता भानमती, अंजू रानी, कविता आदि ने हवन में आहुतियां डाली।

### विहिप लाडवा नगर प्रखंड की विशेष बैठक आयोजित

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** विश्व हिंदू परिषद लाडवा नगर प्रखंड की एक विशेष बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान देवराज राजू द्वारा की गई। बैठक में 25 दिसम्बर को तुलसी दिवस और बाल दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण संदेश देने पर विचार-विर्मश हुआ तथा निर्णय लिया की कोई भी अपने बच्चों को सांता क्लास की ड्रेस में नहीं भेजे। यह हमारी संस्कृति के विरुद्ध है। हम अपने बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के बारे में सिखाना चाहते हैं न कि विदेशी संस्कृति को अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। प्रधान देवराज राजू, नगर प्रखंड मंत्री जितेंद्र कालिया ने सभी से अनुरोध करते हैं कि वे अपने बच्चों को सांता क्लास की ड्रेस में न भेजें अगर आप अपने बच्चों को सांता क्लास की ड्रेस में भेजना चाहते हैं तो कृपया श्रीराम, कृष्ण, कन्हैया के ड्रेस पर डलवा कर भेजें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी स्कूल में सांता क्लास की ड्रेस में बच्चों को प्रमोट किया गया तो हम उसका विरोध करेंगे। इस अवसर पर परिषद के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

### रोजगार मेले का आयोजन हुआ आयोजन

**सफीदों (अप्रस/दीवान)।** सहायक रोजगार अधिकारी कुमारी अनन्या दहिया ने बताया कि मंगलवार को सफीदों उपमंडल रोजगार कार्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन गया, जिसमे पुखराज हेल्थ केयर करनाल द्वारा वैलनेस एडवाइजर के पदों पर भर्ती की गई। उन्होंने बताया कि इसमें 26 प्रार्थियों ने भाग लिया तथा मौके पर ही 11 प्रार्थियों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान कर दिए गए। सहायक रोजगार अधिकारी, कुमारी अनन्या दहिया ने भविष्य में अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मेले में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

### मारपीट व गंभीर चोट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

पानीपत, 23 दिसंबर। सीआईए-टू पुलिस टीम ने निंबरी गांव के अड्डे पर धागा कारोबारी के दो भाइयों व सुपरवाइजर से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान निंबरी निवासी अजय उर्फ बूरा और बलराज उर्फ सन्नी के रूप में हुई है। दोनों को सोमवार सायं कोर्ट परिसर के पार्क से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। सीआईए-टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने वारदात स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि 28 नवंबर की देर शाम शराब पार्टी के लिए जाते समय बाइक को लेकर हुए विवाद में उन्होंने पहले तीन युवकों से मारपीट की। बाद में उन्हें छुड़ाने आए अन्य युवकों पर भी डंडे व टूंटी से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई और फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त डंडा और टूंटी बरामद की है। दोनों को न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, लापरवाही बर्दाश्त नहीं: उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 23 दिसंबर।** जिला उपायुक्त एवं जिला बाल संरक्षण एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जिले में बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्वास सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार की सभी बाल कल्याण योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों तक समय पर पहुँचाया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिला सचिवालय से सभागार में मंगलवार को चाइल्ड वेलफेयर एंड प्रोटेक्शन कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

उपायुक्त डॉ दहिया ने निर्देश दिए कि बाल देखरेख संस्थानों, ओपन शेल्टर होम तथा गैर-संस्थागत योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि पोक्सो मामलों में पुलिस, बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई आपसी समन्वय से त्वरित कार्रवाई करें, ताकि पीड़ित बच्चों को समय पर सहायता व संरक्षण मिल सके।

डॉ. दहिया ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जा रहे जागरूकता शिविरों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर बाल विवाह, बाल श्रम, शोषण और गुमशुदगी जैसी सामाजिक बुराइयों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों, पंचायतों और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाया जाए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि बाल अधिकारों की रक्षा केवल सरकारी दायित्व नहीं बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसमें सभी विभागों और स्वयंसेवी संस्थाओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

# सांसद खेल महोत्सव युवाओं को दे रहा नई दिशा: सुभाष बराला

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 दिसंबर को गांव समैन में समापन समारोह में ऑनलाइन करेंगे संबोधित

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 23 दिसंबर।** राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में शुरू किया गया सांसद खेल महोत्सव युवाओं के लिए एक नई दिशा और नया भविष्य गढ़ने का माध्यम बन रहा है। यह आयोजन खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के साथ-साथ युवाओं को नशे व ऑनलाइन गेम्स जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

मंगलवार को किसान विश्राम गृह, टोहाना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद बराला ने कहा कि भारत वर्ष 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दिशा में अग्रसर है और सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन भावी ओलंपिक खिलाड़ियों को तैयार करने की मजबूत नींव रख रहे हैं।

राज्यसभा सांसद ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का विधिवत समापन 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर गांव समैन के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी खिलाड़ियों को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त से सांसद खेल महोत्सव के लिए पंजीकरण शुरू किया गया था, जिसमें सिरसा लोकसभा क्षेत्र के करीब 45 हजार युवाओं ने विभिन्न खेलों के लिए पंजीकरण करवाया।

सांसद बराला ने बताया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र के खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत 21 सितंबर को टोहाना के दमकौरा स्टेडियम से हुई, जहां भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री सतीश पूनिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके बाद ब्लॉक, विधानसभा और लोकसभा स्तर पर चरणबद्ध ढंग से प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

रतिया में पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, नरवाना में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, कालांवाली में डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिढ़ा, सिरसा में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।उन्होंने स्वयं भी 7 विधानसभाओं के खेलों में पहुंचकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

विधानसभा स्तर की प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ी 13 दिसंबर को एमएम कॉलेज फतेहाबाद के मैदान में आयोजित लोकसभा स्तरीय ग्रैंड फिनाले में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। लोकसभा स्तर पर विभिन्न खेलों में कुल 3604 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# प्रॉपर्टी के नाम पर काले धन का किया जा रहा है भारी निवेश

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 23 दिसंबर।** शहर में हर एक दो महीना में वैध या अवैध कॉलोनी काट दी जाती है यह कॉलोनी लोगों की जरूरत यानी कि निर्माण को लेकर नहीं सिर्फ लोगों का दो नंबर का पैसा निवेश करने के लिए काटी जाती हैं इस कॉलोनी काटने वाले क्लोनाजीरो का यह कहना है कि हम जब भी कोई नई कॉलोनी शहर में काटी जाती है तब उसकी ज्यादातर ग्राहक सिर्फ पुरानी कॉलोनी में लेने वाले प्लांट धारक अधिकतर होते हैं क्योंकि शहर में कुछ लोग जो सिर्फ काले कारोबार से पैसा कमा कर सरकार को टैक्स का चूना लगाकर बेनामी संपत्ति प्लाटो के नाम पर सिर्फ अलॉटमेंट करवा कर लगाते दिखाई देते हैं। इनमें काले धन को सफेद करने के लिए शहर के प्रॉपर्टी डीलरों का बहुत बड़ा हाथ है वह करोड़ों रूपों की रजिस्ट्रियां कुछ लाखों रुपए में तहसील कार्यालय के अधिकारियों से मिलकर रजिस्ट्रियां करवा देते हैं जिससे उनके करोड़ों रुपए निवेश कर सरकार का राजसव के नाम पर लाखों रुपए चपत लगवा देते हैं यह कार्य प्रॉपर्टी डीलर बहुत ही सफाई से कार्य करते हैं सभी विभागों में जैसे नगर परिषद, पटवार कार्यालय और तहसील कार्यालय सब में इनके पैकेज रजिस्ट्रियों के हिसाब से खुले हुए होते हैं शहर में कॉलोनी में रिहाइश की जरूरत की बात करें तो शहर में मॉडल टाउन, मार्बल सिटी, ग्रीन कॉलोनी काटे बरसों हो चुके हैं इनमें अभी भी काफी खाली प्लाट पड़े हैं फिर नई कॉलोनीयों की जरूरत किसे पड़ रही है यह तो सब खेल आप समझते ही हैं खेती कृषि की जमीन बिना किसी आधिकारिक अप्रूवल के 100 200 गज के प्लाट काट कर रजिस्ट्रियां कर दी जा रही हैं। अभी कुछ दिन पहले जमालपुर रोड पर भी अवैध कॉलोनी काटी जा रही है योजना कर अधिकारी को कॉलोनी काटने का नजराना जिले में बैठे बैठे अपने आप ही मिल जाता है उन्हें शहर में आने की जरूरत ही नहीं पड़ती यह सब कॉलोनाइजरों का एक मिनट का खेल है यहां तक की ईडी, सीबीआई, आई टी सबसरकार की एजेंसियों को यह अपने हाथों की कठपुतलियां बनाये हुए दिखाई देते हैं अब लोगों में यह धारणा है कि इन बातों में कितना सच है वह सब सरकार ही प्रमाणित करेगी इस पर कार्यवाही करेगी या ऐसे ही चलने देगी यह सब सरकार के हाथ में है।

### ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत दो आरोपी काबू

**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** सीआईए स्टाफ नरवाना की टीम ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए इंदिरा कॉलोनी नरवाना में हुए हत्याप्रयास के मामले में दो आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा के नेतृत्व में की गई। सीआईए प्रभारी एसआई सुखदेव सिंह की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जानलेवा हमला करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहित उर्फ नोनी और दीपक उर्फ काका, निवासी इंदिरा कॉलोनी नरवाना के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदिरा कॉलोनी नरवाना में दो युवकों ने रंजिश के चलते बिट्टू पुत्र रामपाल, निवासी इंदिरा कॉलोनी नरवाना पर बर्फ फोड़ने वाले सूयों से जानलेवा हमला किया था।

# ग्रामवासियों को दी गई नि:शुल्क दवाइयां व किया गया फ्री चेकअप

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 23 दिसंबर।** सेवा और समर्पण भाव से निस्वार्थ जनसेवा ही मानव कल्याण की असल परिभाषा है। भारतीय संस्कृति के इस अमिट सिद्धांत के साथ कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सुरजेवाला व विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कैथल विधानसभा और नरवाना क्षेत्र में आदित्य सुरजेवाला मोबाइल अस्पताल जनसेवा की एक और अनूठी पहल है। इसी अभियान के तहत नरवाना शहर और क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बीमारियों से बचाव के लिए डॉक्टरों सहित निःशुल्क मैडिकल वैन, दवाइयों से लैस का प्रबंध किया गया है। कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर शुरू की गई आदित्य निःशुल्क मोबाइल अस्पताल वैन आज नरवाना विधानसभा के गांव बेलरखा में पहुंची। इस चलते-फिरते अस्पताल में ग्रामवासियों को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की गई। नरवाना क्षेत्र में इस निःशुल्क आदित्य सुरजेवाला मोबाइल अस्पताल वैन सेवा के संचालन व्यवस्था को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। इस वैन के साथ जयराम अस्पताल नरवाना के विशेषज्ञ डॉक्टर नवनीत घनघस एमबीबीएस, मनदीप ओ टी , ज्योति ए एन एम , करीना की टीम भी इलाके में अपनी सेवाएं दे रही हैं। जो मौके पर ही रोगियों का मैडिकल चेकअप करके दवाइयां द्वारा इलाज कर रही हैं। सुबह से ही गांव बेलरखा की रामदासिया चौपाल में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य बीमारियां और अन्य जांचें कीं तथा मौके पर ही जरूरी दवाइयां मुफ्त प्रदान कीं। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने इस सुविधा की खूब सराहना की।

# होटल के कमरे में अंगीठी जलाकर सोए पांच लोगों की मौत

अर्थ प्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 23 दिसंबर।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां होटल के एक बंद कमरे में कोयले की अंगीठी से निकले जहरीले धुएं के कारण पांच लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में उत्तर प्रदेश के चार मजदूर और एक ठेकेदार शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार सभी मृतक सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले थे और जिला जेल के पास स्थित एक होटल में ठहरे हुए थे। वे कुरुक्षेत्र में पेंटिंग का काम करने आए थे। ठंड से बचने के लिए उन्होंने रात में कमरे के अंदर कोयले की अंगीठी जलाई और सो गए।

मंगलवार सुबह काफी देर तक कमरा बंद रहने पर होटल कर्मचारियों को शक हुआ। कर्मचारियों ने दरवाजा खटखटाकर उन्हें जगाने की कोशिश की, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद होटल प्रबंधन और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा दरवाजा खोले जाने पर कमरे के अंदर सभी पांचों व्यक्ति बेहोशी की हालत में पाए गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी दिनेश राणा ने बताया कि कमरे के अंदर कोयले की अंगीठी मिली है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि अंगीठी से निकली जहरीली गैस (कार्बन मोनोऑक्साइड) के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों की पुष्टि की जाएगी और उसी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# नो एंट्री के विरोध में लाडवा-रादौर मार्ग जाम, सड़कों पर उतरे ट्रांसपोर्टर

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 23 दिसंबर।** लाडवा में प्रशासन द्वारा बड़े वाहनों की सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक लगाई गई नो एंट्री के विरोध में लाडवा सहित आस-पास के ट्रांसपोर्टर व ट्रक ड्राइवर एक जूट हो गए। ट्रांसपोर्टरों ने न केवल मंगलवार को पहले लाडवा अनाज मंडी में अपनी बैठक की। बैठक के बाद नो एंट्री के विरोध में लाडवा-रादौर मार्ग जाम कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। जाम लगाने की सुचना मिलते ही लाडवा पुलिस मौके पर पहुंच गई। लाडवा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर जगदीश चंद ने ट्रांसपोर्टर मालिकों व ट्रक ड्राइवरों को समझाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं थे।

ट्रांसपोर्टर व ट्रक ड्राइवर अपनी मांग पर अड़े हुए थे कि सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक लाडवा में नो एंट्री होने के कारण उनको बहुत परेशानी का समाना करना पड़ रहा है और उनको लाखों रुपए का नुकसान भी हो रहा है। 12-12 घंटे गाड़ियां खड़ी रहने से उनके सामने किस्तों पर लिए गए ट्रकों की किस्तें भरने की समस्या पैदा हो गई है। सड़कों पर उतरे ट्रांसपोर्टरों एवं ट्रक ड्राइवरों ने सरकार व प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि यह मैन सड़क है इसके अलावा ट्रक कहीं और से होकर नही गुजर सकते। यदि इस मार्ग पर भी नो एंट्री लगी रही तो उनको मजबूरन अपने ट्रकों को बेचना पड़ेगा और अपने ट्रांसपोर्टर कार्यालयों को बंद करना पड़ेगा। थानाध्यक्ष जगदीश चंद ने अपनी सुझ-बूझ से सड़क जाम कर रहे ट्रांसपोर्टरों, ट्रक ड्राइवरों व मिस्त्रियों को समझाबूझाकर शांत किया और विश्वास दिलाया की वह उनकी इस समस्या को गंभीरता से लेकर उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर समाधान करवाने का प्रयास करेंगे। थानाध्यक्ष के आश्वासन के बाद ही ट्रांसपोर्टरों, ट्रक ड्राइवरों व मिस्त्रियों ने सड़क पर लगाए गए जाम को खोला। जाम लगाने से कुछ ही मिनटों में सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइने लगनी शुरू हो गई थी। जाम खुलने के बाद भी पुलिस प्रशासन को जाम खुलवाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

लाडवा में सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक बड़े वाहनों की नो एंट्री के विरोध में जाम लगा रहे ट्रांसपोर्टर बंटी शर्मा यमुनानगर, मोहित शर्मा यमुनानगर, लाल जी यमुनानगर बिट्टू कंबोज, धर्मपाल कंबोज, पंकज कंबोज, राजबीर, मोहित शर्मा, इंद्री सहित लाडवा के मिस्त्री राजेश, सुरेंद्र चीमा, जगदीश, लाल ड्क्षसह, संतलाल, सोनू, छोटे लाल, लक्की मित्तल, खुशी पाल, जोगिंद्र ड्क्षसह, लाल ड्क्षसह ने कहा कि लाडवा में बड़े वाहनों की नो एंट्री के बाद से उनको धंधा बिल्कुल चौपट हो गया है। उनके सामने किस्तों पर लिए गए ट्रकों की किस्ते भरनी मुश्किल हो गई। यदि 12-12 घंटे ट्रक खड़े रहे तो उनको मजबूरन ट्रक बेचकर व अपने ट्रांसपोर्ट का कार्य छोड़कर कोई और धंधा करने पर मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि या तो सरकार नो एंट्री में छूट दे या फिर उनको बाइपास की कोई सुविधा दे, ताकि उनको इस मार्ग से होकर न गुजरना पड़े। यह मुख्य मार्ग है और इस मार्ग पर ही नो एंट्री लगा दी ऐसे में वह कहां से अपनी गाड़ियों को लेकर जाए।

# हिंसा के साये में बांग्लादेश: भारत की चिंता व क्षेत्रीय चुनौती

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश को हमेशा भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति का केंद्रीय स्तंभ माना है

दैनिक अर्थ प्रकाश

बांग्लादेश में चल रहा राजनीतिक संकट अब किसी वैचारिक बहस तक सीमित नहीं रहा। हालात जिस दिशा में बढ़ रहे हैं, वह साफ़ तौर पर हिंसा, अराजकता और असुरक्षा की ओर इशारा करता है। बीते कुछ समय में राजनीतिक टकराव के दौरान हुई मौतें, आगज़नी, सरकारी और निजी संपत्तियों को नुकसान, विपक्षी नेताओं की बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां और सड़कों पर पुलिस-प्रदर्शनकारियों की झड़पें यह बताने के लिए काफी हैं कि स्थिति गंभीर हो चुकी है।



चुनावी प्रक्रिया के आसपास बढ़ी हिंसक घटनाओं ने लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर किया है। जब रैलियों पर हमले हों, परिवहन व्यवस्था ठप कर दी जाए और विरोध की हर आवाज़ को सख़्ती से कुचल दिया जाए, तो सरकार की स्थिरता का दावा खुद सवालों के घेरे में आ जाता है। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि सत्ता और विपक्ष के बीच संवाद की जगह अब टकराव और डर ने ले ली है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश को हमेशा भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति का केंद्रीय स्तंभ माना है। उनके दृष्टिकोण की मूल भावना स्पष्ट रही है–स्थिर, लोकतांत्रिक और समृद्ध बांग्लादेश भारत के हित में है और पूरे दक्षिण एशिया की शांति के लिए आवश्यक है।



इस पूरे परिदृश्य में भारत की चिंता स्वाभाविक है। बांग्लादेश में जब-जब राजनीतिक अस्थिरता और हिंसा बढ़ी है, उसका असर भारत तक पहुँचा है। अवैध घुसपैठ, तस्करी और कट्टरपंथी गतिविधियों का खतरा ऐसे माहौल में और बढ़ जाता है। खासकर उत्तर-पूर्व भारत के लिए ढाका में बिगड़ती स्थिति को नज़रअंदाज़ करना किसी भी तरह से समझदारी नहीं होगी।

भारत के लिए अब यह कहना ज़रूरी हो गया है कि हिंसा और दमन के सहारे सत्ता को लंबे समय तक नहीं चलाया जा सकता। लोकतंत्र का मतलब सिर्फ़ चुनाव कराना नहीं होता, बल्कि विपक्ष को बोलने की आज़ादी देना, निष्पक्ष माहौल बनाना और नागरिक अधिकारों की रक्षा करना भी उतना ही ज़रूरी है। जब असहमति को लाठी और जेल से दबाया जाता है, तो असंतोष और ज़्यादा उग्र रूप लेता है–और यही हिंसा को जन्म देता है। बंद, हड़ताल और असुरक्षा के माहौल में न तो निवेश फलता-फूलता है और न ही विकास परियोजनाएँ आगे बढ़ पाती हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच चल रही कनेक्टिविटी और ऊर्जा जैसी अहम परियोजनाएँ तभी सुरक्षित रह सकती हैं, जब बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था मज़बूत हो और राजनीतिक माहौल स्थिर रहे।

बांग्लादेश की सरकार और विपक्ष–दोनों के लिए संदेश साफ़ है। राजनीतिक मतभेदों का हल हिंसा नहीं, बल्कि संवाद से निकलेगा। अगर टकराव की राजनीति इसी तरह जारी रही, तो उसका नुकसान केवल बांग्लादेश को ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र को उठाना पड़ेगा। भारत के लिए भी यह समय दोस्ती के नाम पर चुप रहने का नहीं है। क्षेत्रीय ज़िम्मेदारी के तहत उसे स्पष्ट और संतुलित आवाज़ उठानी होगी। एक मज़बूत भारत-बांग्लादेश साझेदारी तभी संभव है, जब पड़ोसी देश में राजनीति डर और हिंसा से नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और संवाद से चले।

**–दिनेश दिक्षित**
राजनीतिक विश्लेषक

# संत महापुरुष अपने काम करते हुए भी परमात्मा का सिमरन करते हैं

सन्त महापुरुष अपने काम करते हुए भी परमात्मा का सिमरन करते हैं। गुरु नानक देव जी तुलाई करते समय तराजु के पलड़े गिन रहे थे। एका, दोवां आदि कर रहे थे। जब 12 के बाद 13 पर पहुंचे तो 'तेरा ही तेरा' कहना शुरु कर दिया। इस दातार के साथ ध्यान जुड़ गया, इस दातार में ही खो गए। इसी तरह से 'तू ही तू' का सिमरन दिया गया है। 'मैं' सिमरन कहीं नहीं दिया गया है। ज्ञान देने के बाद हमें इस 'तू ही निरंकार' का सिमरन दिया गया है। लेकिन तू को अगर दूर करके हम बीच में 'मैं' को ले आते हैं, अपने आप को अहमियत देना शुरु कर देते हैं, तो वह घड़ी बेचैनी की घड़ी बन जाया करती है। अगर इस तू ही का ध्यान किया, अगर इस तू ही को ही समर्पित हुए, इसको ही समर्पण कर दिया तो जीवन का हर पल सुख में और आनन्द में व्यतीत हुआ करता है। तभी तो कहा है-

सिमिर सिमिर सिमिर सुख पाइआ।

इस दातार इस निराकार का सुमिरन करते हुए जो वास्तव मे अपने मन को लगा देता है, उसका मन हमेशा आनन्द में रहता है, हमेशा उसकी सहज अवस्था रहती है। वे कभी किसी की बातों को ग्रहण नहीं करते।

इस निरंकार प्रभु को जिस जिस ने भी अपना लिया है, उसके मन की ज्योत जग उठी है। जब ज्योति जग उठती है और दायें, बायें या किसी तरफ से भी हवा चलती है तो उस


सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

लौ को चारों तरफ हाथों से ढँक लेते हैं, दोनों हथेलियों से। इस तरह से चारों तरफ उस लौ को एक चादर सी ओढ़ा लेते हैं, जिसके कारण हवा दीपक की उस लौ पर असर नहीं करती और वह बुझ नहीं सकती है। इस तरह से ज्ञान की लौ, ज्ञान की ज्योति को, जो गुरु की कृपा से जगाई जाती है, इसकी भी देखभाल की जाती है, इसको बुझने नहीं दिया जाता। किसके द्वारा साध संगत के द्वारा, सेवा के द्वारा, सिमरन के द्वारा। यह एक ऐसी ढाल है, जो इस ज्ञान की ज्योति को बुझने नहीं देती।

हर समय, उठते-बैठते, सब काम करते हुए जब इसका ध्यान रहता है या एहसास है, तो वही वास्तव में सिमरन होता है। जिस तरह से एक गाय का बछड़ा होता है। हम जानते हैं कि बछड़ा कहीं पर भी हो, गाय का ध्यान बछड़े की तरफ लगा रहता है। जिस प्रकार हमारा अपना बच्चा हो तो हम कहीं पर भी काम करते हैं।




नोकरियां यहां देखें

**बैंक ऑफ़ इंडिया में क्रेडिट ऑफिसर के**
कुल पद: 514
आवेदन की अंतिम तिथि: 5 जनवरी, 2026
योग्यता: आयु सीमा 25 से 40 साल
करें आवेदन:
**bankofindia.cgov.in**

**हरियाणा हेल्थ विभाग में मेडिकल ऑफिसर के**
कुल पद: 450
आवेदन की अंतिम तिथि: 7 जनवरी, 2026
योग्यता: मेडिसिन और सर्जरी, यूजी
आयु सीमा: 22 से 35 साल
आवेदन करें :
**haryanahealth.gov.in**

**महाराष्ट्र प्राधिकरण में जूनियर इंजीनियर व अन्य के**
कुल पद: 290
आवेदन की अंतिम तिथि: 19 जनवरी, 2026
योग्यता:10वीं पास, डिप्लोमा, यूजी
आयु सीमा: अधिकतम 45 साल
आवेदन करें :
**mjp.maharashtra.gov.in**

**केंद्रीय विद्यालय में टीचिंग और नॉन टीचिंग के**
कुल पद: 2499
आवेदन की अंतिम तिथि: 26 दिसंबर, 2025
योग्यता: यूजी ,बीएड
आयु: नियमों के अनुसार
करें आवेदन:
**kvsangathan.nic.in**

**नैनीताल बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर के**
कुल पद:185
आवेदन की अंतिम तिथि: 1 जनवरी, 2026
योग्यता: यूजी,पीजी,सीए
आयु सीमा: 21 से 40 साल
करें आवेदन:
**nanitalbank.co.in**

**राजकोट नगर निगम में फायर ऑपरेटर व अन्य के**
कुल पद: 117
आवेदन की अंतिम तिथि: 29 दिसंबर, 2025
योग्यता: दसवीं, यूजी के साथ अनुभव
आयु सीमा:18 से 35 साल
करें आवेदन: **rmc.gov.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए
**arthparkash.com देखें**

# किसान दिवस पर कृषि क्षेत्र में मशरूम को प्रोत्साहन जरुरी: प्रो. सुरेश मल्होत्रा



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागीी

**सोनीपत।** महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल सोनीपत में किसान दिवस व राष्ट्रीय मशरूम दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने विशेषतौर पर शिरकत की। सेमिनार में पहुंचने पर केंद्र के इंचार्ज डॉ. अजय सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सेमिनार में प्रदेशभर से आए करीब 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि प्रो. सुरेश ने बताया कि किसान हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है, किसानों की आय दोगुनी हो ओर किसान आर्थिक उन्नति की ओर बढ़े। यही नहीं संस्थान के प्रदेशभर के 6 जिलों में क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चल रहे है, जिनमें से एक मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल भी शामिल है। जहां पर किसानों को मशरूम उत्पादन की नवीनतम जानकारियां उपलब्ध करवाई जा रही है, लगातार प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जा रहा है। मौके पर डॉ. हरजोत सिंह, डॉ नितिन सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# प्रकृति की भांति खुद को बनाये सरल: मुनिश्री विनय कुमार जी

चंडीगढ़। आजीविका संस्कारों को कोसों पीछे छोड़ देती है। शिक्षा जीवन निर्माण की कला होना चाहिए जीवन निर्वाह की नहीं। इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है। मनुष्य जितना सहज और सरल होगा, वह उतना ही आनंद पूर्वक जीवन जिएगा। अभाव रहित जीने का भाव ही जीवन का नाश करने वाला है। अभाव है सद्भाव होने के साथ सहज और अच्छा स्वभाव होना चाहिए। सहजता और सरलता में ही जीवन का आनंद छिपा है। जीवन प्रबंधन कैसे करें, संयुक्त परिवार की परिकल्पना कैसे पूरी हो, शिक्षा और संस्कार कैसे अच्छे हों इसके गुर बताए। आज शिक्षा आजीविका का साधन बन गई है, लेकिन जीवन जीने की कला नहीं बन पाइ ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 तुलसी सभागार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा युवाओं को तरक्की पाने के लिए हड़बड़ाहट और जल्दबाजी नहीं करना चाहिए। आत्महत्या का मुख्य कारण सहनशीलता नष्ट होना है। जीवन में उतार -चढ़ाव आते हैं, लेकिन इसके बीच सहनशीलता नहीं खोना चाहिए। दुनिया के कहने में न आकर अपने दिल की बात सुनो। अपनी सुनने से आत्मशक्तिबढ़ती है और दूसरों की सुनने से घटती है। महिलाएं जिद और पुरुष गुस्से पर रखें नियंत्रण- आज का युवा संयुक्त परिवार की ओर झुक रहा है। एकल से क्या खोया इसका अहसास कर लिया है। मनुष्य सामाजिक प्राणी है उसे समूह में रहना चाहिए। अफसोस कि हम परिवार के समूह से दूर अपरिचितों के समूह से जुड़े रहते हैं। महिलाएं जिद और पुरुष गुस्से पर नियंत्रण रख ले, तो परिवार कभी नहीं बिखरेंगे। प्रकृति अत्यंत सरल है। इसकी समस्त क्रियाएं बड़ी सरलता के साथ होती हैं। सूर्य का उदय होना, तारों का टिमटिमाना और नदियों का निरंतर बहना आदि कुदरती क्रियाएं होती रहती हैं।



### चतुमार्स की व्यवस्था संबंधी निरीक्षण करने के लिए केंद्र से पहुंची टीम

चतुमार्स की व्यवस्था संबंधी निरीक्षण करने के लिए केंद्र से टीम आज सैक्टर 24 सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार का दौरा करने के लिए पहुंची। भवन पर व्यवस्थाओं को देखने के लिए केंद्र के पदाधिकारी आये उन्होने पूरी जानकारी एकत्रित की और पुन व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त किया और कुछ कमियो की तरफ भी ध्यान दिलाया। इस दौरान चतुमार्स संबंधी रिपोर्ट को चेक करने के लिए पहुंचे कृष्ण लाल डागरियां संयोजक तेरापंथ प्रभारी ने कहा सभी व्यवस्थाएं बेहद ही संयोजित व सुज्जित है। केंद्र से आई टीम में किशन लाल डागरिया, शुभकरण जी चोरडिया व महेंद्र जी भंडारी भी शामिल हुए। इस दौरान जीएसटी के मैबर श्रीमती सुमन जैन, पंचकूला सभा के अध्यक्ष अरूण डागा के अलावा पी सी सिंगला, अणुव्रत समिति के प्रधान मनोज जैन इत्यादि ने शिकरत की

# पंचांग

मंगलवार, 23 दिसम्बर, 2025, सूर्योदयः 07:11 ए एम, सूर्यास्तः 05:30 पी एम, चन्द्रोदयः 09:41 ए एम, चन्द्रास्तः 08:27 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः मंगलवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः तृतीया - 12:12 पी एम तक, नक्षत्रः श्रवण - 07:07 ए एम, दिसम्बर 24 तक, योगः व्याघात - 04:30 पी एम तक, करणः गर - 12:12 पी एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 12:45 ए एम, दिसम्बर 24 तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः मकर, राहुकालः 02:55 पी एम से 04:13 पी एम, गुलिक कालः 12:20 पी एम से 01:38 पी एम, यमगण्डः 09:45 ए एम से 11:03 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 12:00 पी एम से 12:41 पी एम, दुर्मुहूर्तः 09:15 ए एम से 09:56 ए एम, दुर्मुहूर्तः 10:58 पी एम से 11:53 पी एम, अमृत कालः 08:02 पी एम से 09:44 पी एम, वर्ज्यः 09:48 ए एम से 11:30 ए एम।

# भविष्य फल



**मेष:** प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक नहीं होगा। मामलों को सुलझाने की कोशिश में योजनाओं और मनोभावों में बदलाव आ सकता है।

**वृष:** लंबे समय से रूका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। आज आप अपने काम करने के तरीके में कुछ नयापन लाएंगे, इस बदलाव से आपको लाभ होगा ।

**मिथुन:** ऑफिस में नया काम या नई जिम्मेदारी भी आपको मिल सकती है। रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं।

**कर्क:** गर्भवती महिलाओं के लिए अतिरिक्त सावधान रहने का दिन है। घर का कुछ समय से टलता आ रहा काम-काज आपका थोड़ा वक्त ले सकता है।

**सिंह:** रूका हुआ पैसा वापिस मिलेगा। परिवार के सदस्यों में आपसी अनबन हो सकती है, बैठकर बातचीत करने से सब ठीक हो जाएगा।

**कन्या:** आज बिजनेस और नौकरी के बड़े मामलों पर कुछ फैसले हो सकते हैं या प्लानिंग भी बन सकती हैं। आमदनी बढ़ाने और खर्चों में कटौती करने पर विचार कर सकते हैं।

**तुला :** सड़क पार करते वक्त सावधान रहें, खास तौर पर लाल बत्ती पार करते समय। किसी और की लापरवाही का खामियाजा आपको भुगताना पड़ सकता है।

**वृश्चिक:** अगर आपका बच्चा परीक्षा में बहुत अच्छा न कर सके तो उसे फटकारें नहीं, बल्कि अगली बार बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करें। आप चाहें तो परेशानियों को मुस्कुराकर दरकिनार कर सकते हैं।

**धनु:** नौकरीपेशा लोगों के काम में रुकावटें आ सकती हैं। कानूनी मामले उलझ सकते हैं। फालतू कामों में समय खराब होने के योग हैं।

**मकर:** वित्तीय अनिश्चितता आपको मानसिक तनाव दे सकती है। घरेलू जिम्मेदारियों से किसी भी कीमत पर पल्ला न झाड़ें।

**कुंभ:** आज का दिन आपका रचनात्मक कार्यों में लगेगा। आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा।

**मीन:** पार्टनर भी आपकी मदद करेगा तो धन लाभ हो सकता है। फालतू खर्चों पर कंट्रोल हो सकता है।

# क्रिसमस व न्यू ईयर पर अमेजन बाजार लाया अल्ट्रा-अफोर्डेबल फेस्टिव प्रोडक्ट्स

चंडीगढ़ । छुट्टियों का मौसम नजदीक आते ही देशभर के ग्राहक क्रिसमस और न्यू ईयर के जश्न की खरीदारी में जुट गए हैं। अमेजन बाजार आपकी सभी फेस्टिव जरूरतों के लिए एक भरोसेमंद और किफायती प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है। गिफ्टिंग आइटम्स से लेकर होम डेकोर, पार्टी आउटफिट्स से लेकर जरूरी एक्सेसरीज तक, यहां 2 करोड़ से ज्यादा प्रोडक्ट्स पर बेहद आकर्षक कीमतें मिल रही हैं।इस हॉलिडे सीजन में अमेजन बाजार पर सबसे ज्यादा कार्ट में जोड़े गए कुछ प्रमुख प्रोडक्ट्स इस प्रकार हैं- क्रिसमस कॉफी मग मात्र 188 रुपये में-इस खूबसूरत क्रिसमस थीम वाले सिरेमिक मग के साथ अपनी रोज़ की चाय-कॉफी में फेस्टिव रंग जोड़ें। यह उपयोगी होने के साथ-साथ एक बेहतरीन सीक्रेट सैंटा गिफ्ट भी है। अपने त्योहारों के खास पलों के लिए यह मग हर घूंट के साथ क्रिसमस की गर्माहट महसूस कराता है।बीच थीम पर्ल शेल लैंप- मात्र 170 रुपये में-अपने गिफ्टिंग कलेक्शन में फेस्टिव चमक जोड़ने के लिए यह आकर्षक लैंप एक शानदार विकल्प है। हल्का, स्टाइलिश और देखने में बेहद सुंदर यह लैंप रोज़मर्रा की उपयोगिता के साथ त्योहारों की खुशियां भी लेकर आता है।

# क्रिसमस और न्यू ईयर पर अमेजन बाजार के अल्ट्रा अफोर्डेबल फेस्टिव प्रोडक्ट्स पर बेहद आकर्षक डिस्काउंट

शिमला। छुट्टियों का मौसम नजदीक आते ही देशभर के ग्राहक क्रिसमस और न्यू ईयर के जश्न की खरीदारी में जुट गए हैं। अमेजन बाजार आपकी सभी फेस्टिव जरूरतों के लिए एक भरोसेमंद और किफायती प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है। गिफ्टिंग आइटम्स से लेकर होम डेकोर,पार्टी आउटफिट्स से लेकर जरूरी एक्सेसरीज तक यहां 2 करोड़ से ज्यादा प्रोडक्ट्स पर बेहद आकर्षक कीमतें मिल रही हैं।

इस हॉलिडे सीजन में अमेजन बाजार पर सबसे ज्यादा कार्ट में जोड़े गए कुछ प्रमुख प्रोडक्ट्स इस प्रकार हैं, क्रिसमस कॉफी मगरू मात्र 188 रुपये में, बीच थीम पर्ल शेल लैंप मात्र 170 रुपये में,टेबलटॉप के लिए छोटा क्रिसमस ट्री मात्र 147 रुपये में,मेरी क्रिसमस वुडन टी कोस्टर सेट मात्र 199 रुपये में,एलईडी स्नोफ्लेक फेयरी स्ट्रिंग लाइट मात्र 159 रुपये में,आर्टिफिशियल क्रिसमस रीथ और गारलैंड मात्र 199 रुपये में,टी लाइट डिजाइनर कैंडल होल्डर मात्र 199 रुपये में।अमेजन बाजार अमेजन इंडिया का एक विशेष वैल्यू बेस्ड प्लेटफॉर्म है जिसे बजट का ध्यान रखने वाले ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है।

यहां रोज़मर्रा की जरूरतों के सामान बेहद किफायती दामों पर उपलब्ध हैं। फैशन और होम डेकोर से लेकर किचन टूल्स और वायरलेस एक्सेसरीज तक बाजार में चुने हुए प्रोडक्ट्स की एक विस्तृत रेंज मिलती है जहां शानदार डील्स और आसान शॉपिंग अनुभव एक साथ मिलते हैं। बाय मोर सेव मोर जैसे फीचर्स और बेहद कम शुरुआती कीमतों के साथ अमेजन बाजार सुविधा और भरोसे के साथ बेहतरीन ऑफर्स देता है।

## मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी प्रतिनिधिमंडल ने सोनीपत जिला प्रशासन से की शिष्टाचार भेंट

# सुशासन सहयोगी कार्यक्रम प्रशासन व जनता के बीच सेतु: सुशील सारवान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को सोनीपत जिला प्रशासन के अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली को समझा तथा विभिन्न सरकारी कार्यालयों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।उपायुक्त सुशील सारवान ने सुशासन सहयोगी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। बैठक के दौरान जिला से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक एवं सारगर्भित चर्चा हुई। इस अवसर पर सीटीएम डॉ. अनमोल, जेसी एमसी मीतू धनखड़, एसीयूटी योगेश दिल्हौर सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम राज्य सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच सेतु का कार्य करना है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जमीनी स्तर पर वास्तविक समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं। जिला प्रशासन शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता, जवाबदेही और सेवा भाव के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने सुशासन सहयोगियों को हरियाणा और सोनीपत जिले के विकास से जुड़ी जानकारी देते हुए राज्य के सुदृढ़ सड़क नेटवर्क, शहरीकरण, औद्योगिक विकास और सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया।बैठक के दौरान जिले में किए जा रहे प्रगतिशील कार्यों की भी जानकारी दी गई। सीटीएम डॉ. अनमोल ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न पोर्टलों–जैसे जनसंवाद पोर्टल, सीएम पोर्टल, ग्राम पोर्टल सहित अन्य–के बारे में जानकारी साझा की। साथ ही उन्होंने समाधान शिविरों की कार्यप्रणाली समझाते हुए बताया कि किस प्रकार सप्ताह में दो दिन सभी जिला अधिकारी एकत्र होकर आमजन की समस्याएं सुनते हैं और उनका समाधान करते हैं।



# अभिजय शर्मा का प्रेम गीत 'नूर' हुआ रिलीज, जो होता है बिल्कुल दैवीय महसूस

चंडीगढ़। 'ऑब्सेस्ड' की जबरदस्त सफलता और आई-पॉप स्टार एस1 के बाद अपने सफर को आगे बढ़ाते हुए सिंगर-कंपोजर-प्रोड्यूसर अभिजय शर्मा ने अपना नया प्रेम गीत, 'नूर' पेश किया है। यह बहुत ही दिलकश और भावुक प्रेमगीत है, जिसकी रिलीज ने इंटरनेट और कलाकार समुदाय में खलबली मचा दी है। रियलिटी शो के बाद उनकी पहली रिलीज, 'नूर' एक मौन प्रार्थना की तरह है, जिसमें आधुनिक कव्वाली की भावुकता और अभिजय का सिग्नेचर और समकालीन पॉप स्टाईल है। भक्ति, नियति में लिखे जु?ाव और चाहत की थीम पर आधारित यह ट्रैक प्यार को समर्पण के रूप में देखता है, जिसमें दो लोगों की पहचान मिलकर एक हो जाती है और केवल प्रकाश बाकी रह जाता है। गर्मजोश, बेहतरीन प्रोडक्शन और सरल एवं शुद्ध बोलों के साथ, 'नूर' ऐसा प्रेम प्रदर्शित करता है, जो एक दूसरे में मिल जाता है और सौंदर्य का निर्माण करता है। इस गीत के बोलों, जैसे ''बस इतनी दुआ,मेरी रूह भी तेरी रूह से मिल जाए'' में एक प्रार्थना है, जो गीत को आध्यात्मिक बना देती है, यानी ''आत्मा से आत्मा के मिलन की कामना, जो भौतिक दुनिया से परे है। इस गीत के बारे में अभिजय ने कहा, ''नूर इस साल मुझमें हुए परिवर्तन के बाद मेरा पहला गीत है।

# जिला प्रेस क्लब सोनीपत का वार्षिक समारोह आयोजित

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिला प्रेस क्लब सोनीपत का वार्षिक समारोह एटलस रोड स्थित एक निजी रेस्तरां में गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में विशेष रूप से कोशिश से कामयाबी तक पहुंचने वाली नारी शक्ति को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए संगठन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश कुमार खत्री के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में क्लब के महासचिव सुखबीर सैनी ने जानकारी दी कि पत्रकारों के इस संगठन की स्थापना वर्ष 2002 में संस्थापक अध्यक्ष पवन बंसल के नेतृत्व में हुई थी। यह क्लब सोनीपत जिले का सबसे पुराना पत्रकार संगठन है।

उन्होंने बताया कि ज़िला प्रेस क्लब प्रतिवर्ष 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस समारोह आयोजित करता है। इसके अलावा वर्ष में एक बार अंतरराज्यीय बौद्धिक पत्रकारिता कार्यशाला का आयोजन भी किया जाता है। अब तक दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, पोर्ट ब्लेयर, जम्मू, कश्मीर, कन्याकुमारी (तमिलनाडु) और त्रिवेंद्रम (केरल) सहित विभिन्न राज्यों में सफल आयोजन किए जा चुके हैं।



वार्षिक समारोह के दौरान समाज सेवा से जुड़े हुए विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से उन महिला शक्तियों को सम्मान दिया गया जो समाज के उत्थान के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही हैं। साथ ही समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले व्यक्तित्वों को भी सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर सम्मानित होने वालों में पुनीत राई,जसवीर दोदवा, संदीप कौशिक बड़ौली, अमित बात्रा बिजेंद्र मलिक सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी अनेक विभूतियाँ सम्मानित हुई।




## चंडीगढ़ में आबकारी विभाग का बड़ा अभियान

# कई शराब विक्रय केंद्रों पर कार्रवाई, जब्त की गई 19,000 बोतल शराब

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा


फाइल फोटो

**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में आबकारी विभाग ने आबकारी नीति 2025-26 और पंजाब आबकारी अधिनियम, 1914 के कड़ाई से पालन को सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर निरीक्षण और प्रवर्तन अभियान चलाया। विभाग ने अब तक 66 शराब विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया है और इस दौरान लगभग 19,000 बोतल शराब जब्त की गई है।

**एमआरएसपी उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई:** विभाग ने न्यूनतम खुदरा विक्रय मूल्य से कम दर पर शराब बेचने वाले 7 विक्रय केंद्रों को सील किया। अधिकारियों ने बताया कि यह उल्लंघन बाजार अनुशासन और सरकारी राजस्व दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

18 दिसंबर को 20 विक्रय केंद्रों की जांच की गई, जिसमें सेक्टर 22-सी स्थित एक केंद्र को सील किया गया।

21 दिसंबर को 6 केंद्रों का निरीक्षण किया गया; खुड़ा लाहौरा और धनास में 2 केंद्र एमआरएसपी उल्लंघन के कारण बंद किए गए। 23 दिसंबर को 20 केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जिनमें सभी केंद्र नीति के अनुरूप और एमआरएसपी का पालन कर रहे थे।

आबकारी विभाग ने सभी लाइसेंसधारकों को आबकारी नीति का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने साफ कहा कि किसी भी उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें केंद्र को सील करना, दंडात्मक कार्यवाही और अन्य कानूनी कदम शामिल हैं।

विभाग का कहना है कि वह चंडीगढ़ में पारदर्शी, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित आबकारी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# चंडीगढ़ में 648 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड

## चंडीगढ़ में सबसे ज्यादा बिना हेलमेट के चालान

पिछले साल 270 निलंबित हुए थे, नोटिस के बावजूद लोग चालान नहीं भर रहे थे

आरएलए के नियमों के मुताबिक 3 महीने निलंबन समेत जुर्माने का प्रावधान

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 23 दिसंबर।** चंडीगढ़ में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर वर्ष 2025 में अब तक ट्रैफिक नियम तोडने पर 648 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए जा चुके हैं, जो पिछले साल के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा हैं। रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण (आरएलए) के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट वाहन चलाना लाइसेंस सस्पेंड होने का सबसे बड़ा कारण रहा है। इसके बाद ट्रिपल राइडिंग के मामले सामने आए हैं। शहर के 47 प्रमुख चौराहों पर 225 इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कैमरे लगे हैं। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 19 और केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 21 के तहत नशे में ड्राइविंग, तेज रफ्तार, रेड लाइट जंपिंग और मोबाइल फोन का इस्तेमाल जैसे अपराधों पर 6 महीने तक लाइसेंस निलंबित किया जा सकता है। बिना हेलमेट 3 महीने के निलंबन के साथ जुर्माने का प्रावधान है। नोटिस के बावजूद नहीं भरे चालानजनवरी 2025 में पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण (आरएलए, चंडीगढ़) ने 15 हजार से ज्यादा वाहन चालकों को नोटिस जारी किए थे, जिन पर पांच या उससे अधिक चालान लंबित थे। नोटिस में चेतावनी दी गई थी कि तय समय में भुगतान नहीं करने पर ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन पंजीकरण निलंबित किया जाएगा। पिछले तीन साल में करीब साढ़े सात लाख चालान अब भी लंबित हैं। आरएलए प्रभारी प्रद्युमन सिंह के मुताबिक, बार-बार याद दिलाने के बावजूद ओवरस्पीडिंग, रेड लाइट जंपिंग और खतरनाक ड्राइविंग जैसे मामलों में बड़ी संख्या में लोग जुर्माना नहीं भर रहे। अब अंतिम नोटिस जारी किए जाएंगे, इसके बाद सख्त कार्रवाई होगी।




# जीरकपुर नगर परिषद 31 वार्डों की अधिसूचना जारी, सियासी हलचल तेज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 23 दिसंबर।** नगर परिषद जीरकपुर चुनावों को लेकर लंबे समय से चल रहे इंतजार के बीच मंगलवार देर शाम सियासी गलियारों में अचानक हलचल तेज हो गई। पंजाब सरकार की ओर से वार्डबंदी से संबंधित आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी होते ही राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गईं। हालांकि नोटिफिकेशन पर तारीख 22 दिसंबर अंकित है, लेकिन इसकी प्रति नगर परिषद जीरकपुर कार्यालय में मंगलवार देर शाम ही पहुंची। जैसे ही यह जानकारी बाहर आई, नेताओं और संभावित उम्मीदवारों में अपने-अपने राजनीतिक गणित को लेकर चर्चा शुरू हो गई।

नोटिफिकेशन के मुताबिक नगर परिषद जीरकपुर में पहले की तरह कुल 31 वार्ड ही बनाए गए हैं। संख्या में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन वार्डों की सीमाओं में बड़े स्तर पर फेरबदल किया गया है। इसी अंदरूनी बदलाव ने कई पुराने और कद्दावर नेताओं की रणनीति को झटका दिया है। वर्षों से जिन इलाकों में कुछ नेताओं की मजबूत पकड़ मानी जाती थी, वे क्षेत्र अब दूसरे वार्डों में शामिल हो गए हैं। इससे चुनावी समीकरण पूरी तरह बदलते नजर आ रहे हैं।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह वार्डबंदी आने वाले नगर परिषद चुनावों की दिशा और दशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगी। कई ऐसे नेता, जो अब तक अपने वार्ड को सुरक्षित मानकर चल रहे थे, उन्हें नए सिरे से जमीन पर मेहनत करनी पड़ेगी। वहीं कुछ नए चेहरों के लिए यह बदलाव अवसर बनकर सामने आया है। बदली हुई सीमाओं के चलते कई वार्डों में मतदाताओं की संख्या और सामाजिक समीकरण भी प्रभावित हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार वार्डबंदी में आबादी के आधार पर संतुलन बनाने की कोशिश की गई है। कुछ वार्डों का क्षेत्रफल बढ़ाया गया है तो कुछ को छोटा किया गया है। इसके अलावा रिहायशी कॉलोनियों, अपार्टमेंट्स और नई विकसित हो रही बस्तियों को भी नए सिरे से वार्डों में शामिल किया गया है। इससे शहरी विकास से जुड़े मुद्दे चुनावी बहस का अहम हिस्सा बन सकते हैं।

> वार्डबंदी का आधिकारिक नक्शा हमें देर शाम प्राप्त हुआ है। इसे बुधवार सुबह दफ्तर खुलते ही सार्वजनिक तौर पर नोटिस बोर्ड पर लगा दिया जाएगा। इस नई वार्डबंदी को लेकर शहरवासियों की जो भी आपत्तियां या एतराज होंगे, उन्हें दर्ज कर उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा ताकि समय रहते उनका विधिवत निपटारा किया जा सके।
>
> **–परविंदर सिंह भट्टी**
> **करकारी अधिकारी नगर परिषद जीरकपुर**

नगर परिषद कार्यालय में नोटिफिकेशन की कॉपी पहुंचते ही संभावित उम्मीदवारों और पार्टी कार्यकर्ताओं की आवाजाही बढ़ गई। कई नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। राजनीतिक दलों के भीतर भी टिकट को लेकर मंथन तेज हो गया है। बदली हुई वार्डबंदी के चलते पार्टियों को उम्मीदवार चयन में अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी।

स्थानीय नेताओं का कहना है कि वार्डबंदी का असर सिर्फ चुनावी रणनीति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका प्रभाव आने वाले पांच वर्षों के विकास कार्यों पर भी पड़ेगा। नए वार्डों में शामिल क्षेत्रों की समस्याएं और प्राथमिकताएं अलग हो सकती हैं, जिससे निर्वाचित पार्षदों के सामने नई चुनौतियां खड़ी होंगी। पानी, सड़क, सीवरेज, सफाई और ट्रैफिक जैसे मुद्दे चुनावी एजेंडे में प्रमुखता से शामिल होने की संभावना है।

फिलहाल चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन वार्डबंदी जारी होने के बाद यह साफ हो गया है कि नगर परिषद चुनावों की प्रक्रिया अब तेज हो चुकी है। राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में जीरकपुर की सियासत और ज्यादा गर्म होने के आसार हैं। नई वार्डबंदी ने यह तय कर दिया है कि इस बार का नगर परिषद चुनाव कई पुराने रिकॉर्ड तोड़ सकता है और कई नए चेहरे राजनीति के मंच पर उभर सकते हैं।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)